# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 155 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, गुरुवार 04 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ाया जाएगा सनातन धर्म

अलीगढ़। पाकिस्तान के इस्लामिक स्कॉलर अबुल आला मौदूदी की किताबों को अपने सिलेबस से हटाने के बाद अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का इस्लामिक स्टडीज विभाग अब छात्रों को सनातन धर्म की पढ़ाई करवाएगा. विभाग की ओर से ये कोर्स पोस्ट ग्रेजुएशन में शुरू किया जा रहा है. कोर्स का उद्देश्य सभी मजहबों की बारीकियों को सिखाना है. पिछले दिनों इस्लामिक स्टडीज विभाग में पाकिस्तान के स्कॉलर मौदूदी के विचार पढ़ाने को



लेकर 20 से ज्यादा शिक्षाविदों ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी, जिसके बाद विवादों से बचने के लिए विभाग ने मौदूदी और सैय्यद कुतुब की किताबों को सिलेबस से हटा दिया था।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पीआरओ उमर सलीम पीरजादा ने बताया कि सनातन धर्म को 50 साल से हमारे यहां एएमयू में थियोलॉजी विभाग पढ़ा रहा है. इस बार इस्लामिक स्टडीज विभाग ने भी इस कोर्स को अमल में लाने के लिए कोशिश शुरू कर दी है और बहुत जल्दी एमए के कोर्स में इसको बहुत मुमकिन है कि शुरू कर दिया जाएगा. ये एक अच्छी मिसाल है क्योंकि यहां पर हर धर्म, हर जाति, हर वेश के छात्र पढ़ते हैं और यह एक आवासीय विश्वविद्यालय हैं. सर सैयद अहमद खान ने ये पहल की थी कि आपको दूसरे मजहब का भी इज्जत करनी चाहिए. ये देश के लिए बेहतर चीज होगी।

### कीर्ति कोल का मानक पूरा नहीं तो नामांकन रद्द होना ही था : अनुप्रिया पटेल

लखनऊ।सपा की एमएलसी प्रत्याशी कीर्ति कोल का नामांकन रद्द होने पर अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि उम्र का मानक पूरा नहीं तो नामांकन रद्द होना ही था.



सपा तो कई बार प्रदेश की सत्ता संभाल चुकी हैं, ऐसी भूल कैसे हो गयी उनकी समझ से परे है. अनुप्रिया पटेल पार्टी की मिशन 2024 के मद्देनजर आयोजित बैठक में हिस्सा लेने लखनऊ पहुंची थीं. बैठक के दौरान पार्टी ने सभी 18 मंडल के लिए मंडल प्रभारी की घोषणा की. अनुप्रिया पटेल ने कहा, इन प्रभारियों की संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका होगी. इनकी निगरानी में ही संगठन विस्तार का सारा काम आगे बढ़ेगा।

पार्टी अक्टूबर तक जोन अध्यक्ष से लेकर विधान सभा अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों की घोषणा कर देगी. इस अवसर पर पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं. अनुप्रिया पटेल ने 2024 की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को 24 घंटे मेहनत करने का मंत्र दिया. उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में वृहद रूप से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और सभी जनपदों के तुलनात्मक आंकड़ों के आधार पर जिलाध्यक्षों का परफार्मेंश रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा. अपना दल एस के जिलाध्यक्ष का कार्यकाल 2 साल निर्धारित किया गया है. दो साल बाद जिलाध्यक्ष का कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाएगा।

### इस्लामी चरमपंथ पर होगा फुल एक्शन, सुनक बोले, देश से नफरत करने वालों को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे

नई दिल्ली। भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार ऋषि सनक ने इस्लामिक चरमपंथ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का वादा किया है। सुनक ने मौजूदा आतंकवाद कानून को मजबूत करने के साथ ब्रिटेन के सबसे महत्वपूर्ण आतंकवादी खतरे इस्लामी चरमपंथ पर कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट की रेस में प्रतिद्वंद्वी विदेश सचिव लिज ट्रस के साथ मुकाबले में काफी आगे निकलते दिखाई दे रहे हैं। सुनक ने ब्रिटेन में चरमपंथ को बढ़ावा देने वाले संगठनों को बाहर निकालने इस्लामी चरमपंथ से निपटने के लिए कार्य योजना बनाने की बात कही है। सुनक ने कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों के वोट जीतने के लिए चल रहे अभियान के तहत कहा कि एक प्रधानमंत्री के लिए हमारे देश और हमारे लोगों को सुरक्षित रखने से ज्यादा महत्वपूर्ण कर्तव्य कोई और नहीं है। चाहे इस्लामी चरमपंथ से निपटने के हमारे प्रयासों को फिर से शुरू करना हो या हमारे देश के प्रति घृणा में मुखर लोगों को जड़ से उखाड़ फेंकना हो, मैं उस कर्तव्य को पूरा करने के लिए जो कुछ भी करना होगा वह करूंगा। ब्रिटेन स्वतंत्रता, सहिष्णुता और विविधता का प्रतीक है। हमें उन लोगों को कभी सफल नहीं होने देना चाहिए जो हमारे जीवन के तरीके को कमजोर और नष्ट करना चाहते हैं।

# अब विकास यहां की पहचान है, सीएम योगी ने गोरखपुर को दी 125 करोड़ की योजनाओं की सौगात

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर वासियों को नगर निगम की 125 करोड़ की विकास की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि गोरखपुर का निरंतर विकास हो रहा है. हर मार्ग पर चौड़ीकरण के बाद फोरलेन सड़कें देखने को मिलेगी. पांच साल में गोरखपुर की पहचान बदल गई है. उन्होंने कहा कि पांच साल बाद गोरखपुर आने वाले लोग रात में जगमगाती लाइट और सुंदरता देखकर सोचते होंगे कि क्या ये वही गोरखपुर है. जहां ट्रांसफर होना दंड माना जाता रहा है. पहले गोरखपुर की पहचान माफिया और मच्छर थे लेकिन अब विकास इसकी पहचान है।

सीएम योगी ने गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नगर निगम के विकास की 125 करोड़ रुपये की 422 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया. इस अवसर पर उन्होंने 10 इलेक्ट्रिक सिटी बसें, दो लग्जरी सिटी बसें, कूड़ा उठाने वाले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने कहा कि आज मुझे एक साथ 125 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास –लोकार्पण का अवसर प्राप्त हो रहा है. सभी को बधाई देता हूं.



पांच साल में गोरखपुर ने अपनी तस्वीर बदली है।

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर को लोग माफिया और मच्छर के लिए जाने जाते थे लेकिन अब मुम्बई और दिल्ली जैसी सड़कें अब इसकी पहचान है. यहां एम्स की सुविधा हो गई है. फर्टिलाइजर शुरू हुआ. बीआरडी सुपर स्पेशियलिटी सुविधा के साथ पुनः संचालित है. देश में कहीं शहर के इतने करीब एयरपोर्ट नहीं मिलेगा. सभी सुविधाएं मिली है. गोरखनाथ समेत सभी मार्ग फोरलेन मिलेंगे. सड़कों की लाइट रात में चमकती है, तो 5 साल बाद गोरखपुर आने वाले लोग सोचते हैं कि क्या ये यही गोरखपुर है. जहां ट्रांसफर का मतलब दंड माना जाता था।

सीएम ने कहा कि रामगढ़ताल की अलग पहचान है. पूरे देश में ऐसा ताल कहीं नहीं है. महानगर के इतने करीब देश में किसी भी शहर में एयरपोर्ट नहीं है. पहले यहां पर कार्यक्रम करना होता था, तो बरसात के महीने में सोचना पड़ता था. आज गोरखपुर में बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह है. जहां 1500 लोग एक साथ बैठ सकते हैं. गोरखपुर विकास के पथ पर अग्रसर है. इलेक्ट्रिक बस सेवा को विस्तार दिया गया है. गोरखपुर सिटी, पिपराइच, पीपीगंज, कैम्पियरगंज, सहजनवां, खजनी, बांसगांव और चौरीचौरा समेत अन्य कस्बों के लिए भी सिटी बसें चलेगी।

किसी के साथ नहीं होगा भेदभाव

सीएम ने कहा कि गोड़धोइया नाले के दोनों ओर सड़क बना रहे हैं. उसमें गंदा पानी नहीं गिरेगा. उसके लिए अलग से पाइप बिछेगी. स्ट्रीट वेंडर के पुनर्वास की व्यवस्था हो रही है. नगर निगम, जीडीए के साथ मिलकर उन्हें लोन सस्ते दर पर दिलाकर आर्थिक रूप से स्वावलंबन की ओर अग्रसर करें. विकास का कोई विकल्प नहीं होता है. परिवर्तन का आधार विकास होता है. नगर निगम की 422 परियोजनाओं का लोकार्पण– शिलान्यास यहां हो रहा है. दो ट्रांसजेंडर को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है. भेदभाव किसी के साथ नहीं होना चाहिए. समरसता होनी चाहिए.

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सुविधा और अन्य लाभ के लिए विकास जरूरी है. एक व्यक्ति जिसने कभी पक्का मकान नहीं देखा है, उसके लिए ये सपना पूरा होने जैसा है. कोरोना महामारी में हमने बेहतर काम किया है. धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं. आज राजघाट पर पक्का घाट बन गया है. पहले कितनी गंदगी थी. चौराहे सुंदर बन रहे हैं. आईटीएमएस की सुविधा हो गई है. हमें इसे सुंदर बनाए रखना है. आजादी का अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त तक फहराना है. आजादी के 100 साल का एक संकल्प होना चाहिए कि हम अपने नगर, वार्ड और प्रदेश को कैसे आगे बढ़ाना है।

# कुंडा तहसील में धरने पर बैठे राजा भैया के पिता प्रशासन से की मस्जिद नुमा गेट हटाने की मांग

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में राजा भैया (तं ठींपल) के पिता उदय प्रताप सिंह (न्कंल च्तंजंच ैपदही) अपने समर्थकों के साथ कुंडा तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए है. ये धरना उन्होंने शेखपुर गांव में सड़क के आरपार मस्जिदनुमा गेट को प्रशासन द्वारा न हटाए जाने पर शुरू किया है. इससे पहले एक अगस्त को उन्होंने ट्वीट कर हिंदुओं से इस बात को लेकर मुख्यमंत्री को ट्वीट करने की अपील भी की थी।

कुंडा इलाके का शेखपुर गांव सालों से मोहर्रम के त्योहार को लेकर सुर्खियों में रहता है. इस समय प्रशासन राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह को नजर बन्द




करता है. 31 तारीख से शुरू मोहर्रम की दसवीं जो आगामी 9 अगस्त को पड़ने वाला है. लेकिन उदय प्रताप सिंह के एक ट्वीट से इस मामले को लेकर एक अगस्त से ही बखेड़ा खड़ा हो गया है. बता दें कि इस्लामिक कलेंडर से पहला महीना मोहर्रम का होता है जो कर्बला युध्द की याद में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है जो दस दिन चलता है. इस दौरान कर्बला में शहीद हसन हुसैन की याद में मुस्लिम समुदाय के लोग मातम मनाते हैं. इस दौरान कर्बला जैसी झांकियों को निकाल कर याद को ताजा करते हैं और दसवीं के दिन जगह जगह ताजियों को दफन करते हैं।

इस अवसर पर कुंडा के शेखपुर में लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर सड़क के दोनों किनारों पर पताकाएं लगाई जाती हैं. शेखपुर से भदरी को जाने वाली सड़क पर एक अस्थायी गेट बोर्ड लगाकर लगाया गया है जिसपर उर्दू में कलमा लिखा हुआ है. इसी सड़क से उदय प्रताप भदरी महल को जाते हैं और रास्ते में रो को क्रॉस करता हुआ ये बोर्ड लगाया गया है. उदय प्रताप को इसी को लेकर आपत्ति है।

इस मामले पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि उनके ट्वीट करने के जब कोई असर नहीं पड़ा तो वो खुद आज दिन भर के लिए धरने पर बैठ गए हैं।

उन्होंने कहा कि मेरी प्रशासन से मांग है कि शेखपुर में सड़क के आरपार जो गेट बनाया गया है उसे तत्काल हटवाया जाए. उस गेट पर उनकी भाषा में पता नहीं क्या लिखा गया है, हम हिंदुओं को उसके नीचे से गुजरने को मजबूर किया जा रहा है. यदि प्रशासन इसे नहीं हटवाया तो वो अपना धरना आगे भी करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट इस पर बना सकता है विशेषज्ञ कमिटी कर्ज में डूबे राज्यों में मुफ्त मुफ्त मुफ्त की योजनाओं को कैसे रोकें

प्रयागराज। चुनाव के दौरान मुफ्त की योजनाओं की घोषणा और बाद में उनके अमल से अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है. कोर्ट ने इस समस्या से निपटने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाने पर जोर दिया. कोर्ट ने कहा है कि इस कमिटी में वित्त आयोग नीति आयोग रिजर्व बैंक लॉ कमीशन, राजनीतिक पार्टियों समेत दूसरे पक्षों के प्रतिनिधि होने चाहिए. मामले की अगली सुनवाई गुरुवार 11 अगस्त को होगी।

चीफ जस्टिस एन वी रमना की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, याचिकाकर्ता और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से 7 दिनों में सुझाव मांगे हैं. इन्हें देखने के बाद कोर्ट तय कर सकता है कि विशेषज्ञ कमिटी में कौन लोग होंगे. सुनवाई के दौरान जजों ने कहा कि अगर अब तक चुनाव आयोग ने इस मसले पर कदम उठाए होते, तो शायद ऐसी नौबत नहीं आती. आज शायद कोई भी पार्टी मुफ्त की योजनाओं को छोड़ना नहीं चाहती।

बीजेपी नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने मुफ्त की चीजें बांटने का वादा करने वाली पार्टियों की



मान्यता रद्द करने की मांग की है. उनकी याचिका में कहा गया है कि इस तरह की घोषणाएं एक तरह से मतदाता को रिश्वत देने जैसी बात है. यह न सिर्फ चुनाव में प्रत्याशियों को असमान स्थिति में खड़ा कर देती हैं बल्कि चुनाव के बाद सरकारी खजाने पर भी अनावश्यक बोझ डालती हैं. इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 25 जनवरी को नोटिस जारी किया था।

केंद्र सरकार के लिए पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का खुलकर समर्थन किया. उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेदारी से घोषणाएं करने वाली पार्टियों पर कार्रवाई का मसला चुनाव आयोग पर छोड़ा जाना चाहिए. मेहता ने यह भी कहा कि मुफ्त की घोषणाओं पर अगर लगाम नहीं लगाई गई तो देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी।

याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा, ष्राज्यों पर लाखों करोड़ का कर्ज बकाया है. वह उसे चुकाने की स्थिति में नहीं हैं. सवाल यही है कि कर्ज में डूबा राज्य मुफ्त योजना को कैसे पूरा करेगा? इस पर कोई सवाल नहीं करता. राजनीतिक दल की कोई जिम्मेदारी तय नहीं की जाती. वह कुछ भी घोषणा कर देते हैं।

मामले की पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट में मौजूद वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से उनकी राय पूछी थी. जजों ने कहा था कि सिब्बल वरिष्ठ सांसद भी हैं. इसलिए, उनकी राय अहम हो सकती है. तब सिब्बल ने कहा था कि यह राजनीतिक से ज्यादा वित्तीय मसला है. इस पर वित्त आयोग से पूछना चाहिए कि कर्ज में डूबे राज्यों को मुफ्खोरी की योजनाओं से कैसे रोका जा सकता है. आज सिब्बल ने मसले पर संसद में भी बहस की सलाह दी. इस पर चीफ जस्टिस रमना ने कहा, ष्क्या आपको लगता है कि संसद में चर्चा होगी? आज हर कोई मुफ्त में कुछ पाना चाहता है।

जस्टिस कृष्ण मुरारी और हिमा कोहली के साथ मामले की सुनवाई कर रहे चीफ जस्टिस ने कहा, सिर्फ अमीरों को ही सुविधा नहीं मिलनी चाहिए. अगर बात गरीबों के कल्याण की है, तो इसे समझा जा सकता है. पर इसकी भी एक सीमा होती है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कमिटी का गठन कर समाधान निकालने की बात कहते हुए सुनवाई 11 अगस्त के लिए टाल दी।

### मिड-डे-मील के 11 करोड़ 46 लाख रुपये हजम कर गया प्राइमरी स्कूल का टीचर, बीएसए ने किया निलंबित

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के टूंडला क्षेत्र के गांव जाजपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक चंद्र कांत शर्मा पर आगरा में विजिलेंस टीम ने मुकदमा दर्ज कराया है. चंद्रकांत शर्मा ने मिड–डे–मील का 11 करोड़, 46 लाख, 48 हजार, 500 रुपया का घोटाला कर हजम कर लिया, जिसको लेकर विजिलेंस की टीम इसमें आगे भी जांच कर रही है।



सहायक अध्यापक चंद्रकांत शर्मा ने 2008 से 2014 तक मिड डे मील का काम किया था और प्राथमिक विधालय में भोजन पहुंचाने की व्यवस्था करती रहती थी. शिक्षक चंद्रकांत शर्मा ने इन सारे रुपए गबन के लिये पूरी प्लानिंग की थी और उसने साल 2006 में सबसे पहले सारस्वत आवासीय शिक्षा सेवा समिति बनाई और चिटफंड कार्यालय में फर्जी दस्तावेजों से उसका पंजीकरण कराया. अलग–अलग बैंकों के द्वारा बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से सुनील शर्मा के नाम से फर्जी एकाउंट बनाकर 11 करोड़ 46 लाख 48 हजार 500 रुपये की धनराशि उस खाते में ट्रांसफर कराई. सारस्वत आवासीय शिक्षा सेवा समिती के सदश्य चन्द्र कांत ने अपने जिंदा माता पिता को भी मरा हुआ दिखाया।

विजिलेंस की एफआईआर के मुताबिक, सहायक अध्यापक चंद्रकांत शर्मा इतना शातिर है कि उसने जो सारस्वत आवासीय शिक्षा सेवा समिति बनाई थी उसमें जितने भी मेंबर थे सब उसके परिवार के सदस्य थे इसमें उसके माता–पिता,पत्नी और अन्य लोग थे जिसमें उसने बाकी के लोगों के साथ–साथ अपने माता–पिता को भी मृत घोषित दिखा दिया और अपनी पत्नी बबी शर्मा को समिति का मुख्य कर्ताधर्ता बना दिया। सहायक अध्यापक चंद्रकांत शर्मा ने अकेले ही इतने बड़े घोटाले को अंजाम नहीं दिया उसके साथ 6 अलग अलग बैंक के कर्मचारी हैं उन्होंने उसके रुपये ट्रांसफर करने में पूरी मदद की,वही टोरंटो विभाग और आगरा नगर निगम के लोग भी इसमें शामिल हैं जिन्होंने इतने बड़े घोटाले में चंद्रकांत शर्मा की मदद की है इसलिए इन सभी के खिलाफ विजिलेंस ने एफ आई आर दर्ज कराई है.विजिलेंस के मुताबिक इस घोटाले द्वारा हजम कोई रकम से उसने काफी प्रॉपर्टी भी खरीदी हुई है।

चंद्रकांत शर्मा फिरोजाबाद के शिकोहाबाद के खेड़ा मोहल्ले का रहने वाला हैम लेकिन अब वह आगरा में अपने परिवार के साथ रहता है और टूंडला क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय जाजपुर मैं नौकरी करता है. 11 करोड़ 46 लाख 500 रुपये का गमन करने वाले चंद्रकांत शर्मा पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत ओर अन्य कुल 8 धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

चंद्रकांत शर्मा टुंडला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जाजपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है,लेकिन बैसिक शिक्षा अधिकारी अंजली अग्रवाल ने अभी तक पर कोई चंद्रकांत पर निलंबन जैसी कार्रवाई नहीं की है क्योंकि, विजिलेंस की टीम ने अभी तलक फिरोजाबाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ऑफिस में रिपोर्ट दाखिल नहीं की है,जैसे ही रिपोर्ट आती है तब इस फिरोजाबाद की बेसिक शिक्षा अधिकारी इस पर आदेश पारित करती है.फिलहाल अभी इसमें आगरा से विजिलेंस की टीम ही जांच कर रही है।

### यंग इंडियन आफिस को ईडी ने किया सील, कांग्रेस मुख्यालय और सोनिया गांधी के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

नई दिल्ली। 'नेशनल हेराल्ड' अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई जारी है. मंगलवार को छापेमारी के बाद ईडी ने दिल्ली में यंग इंडियन कंपनी के परिसर को अस्थायी रूप से सील कर दिया. एजेंसी ने कहा कि परिसर को फिलहाल इजाजत लेने के बाद ही खोला जा सकता है।



इस बीच अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय और 10 जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इसकी खबर मिलते ही मल्लिकार्जुन खड़गे, सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम और अन्य नेता कांग्रेस ऑफिस पहुंचे हैं. सलमान खुर्शीद ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि अचानक बैरिकेडिंग की वजह क्या है?

दिल्ली पुलिस स्पेशल ब्रांच ने नई दिल्ली डिस्ट्रिक्ट को एक इनपुट दिया था की कांग्रेस ऑफिस और सोनिया गांधी के घर के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर प्रदर्शन कर सकते है. इनपुट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने 10 जनपद और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑफिस के बाहर एक एक कंपनी पुलिस फोर्स तैनात की थी।

इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने वीडियो ट्वीट कर कहा, दिल्ली पुलिस द्वारा एआईसीसी मुख्यालय का रास्ता रोकना अपवाद के बजाय आदर्श बन गया है! उन्होंने ऐसा क्यों किया यह रहस्यमय है। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के घर को दिल्ली पुलिस ने घेर लिया है. खड़गे एन्टी डोपिंग बिल पर बोलने के लिए खड़े हुए थे. खड़गे इससे ज्यादा कुछ कह पाते इसके पहले ही अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे उपसभापति हरिवंश ने उनसे विषय पर बोलने के लिए कहा।

इसपर खड़गे ने कहा कि वो बिल का समर्थन कर रहे हैं लेकिन अगर सदन में इन मामलों को नहीं उठाएंगे तो कहां उठाएंगे? इसके बाद सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि खड़गे केवल आरोप लगा रहे हैं, जबकि कानून व्यवस्था का मामला कानून का है।

कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट कर कहा, सत्य की आवाज नहीं डरेगी पुलिसिया पहरों से. गांधी के अनुयायी लड़ के जीतेंगे इन अंधेरों से. नेशनल हेराल्ड का ऑफिस सील करना, कांग्रेस मुख्यालय को पुलिस पहरे में कैद करना तानाशाह की डर और बौखलाहट दोनों दिखाता है. पर महंगाई और बेरोजगारी के सवाल तो फिर भी पूछे जाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## जनपद में खरीफ में उगाई जाने वाली खाद्यान्न फसलों में मक्का का प्रमुख स्थानः श्री सलीमुद्दीन



कानपुर नगर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री सलीमुद्दीन ने बताया है कि जनपद में खरीफ में उगाई जाने वाली खाद्यान्न फसलों में मक्का का प्रमुख स्थान है, जिसमें वर्तमान समय में कहीं–कहीं फाल आर्मी वर्म का प्रकोप दिखाई दे रहा है। इसका प्रकोप मुख्यतः देर से बोई जाने वाली मक्का की फसल में दिखाई देता है। इस कीट का लार्वा गहरे धूसर रंग लिये पीठ पर तीन धारियों पर छोटे–छोटे काले रंग के धब्बे दिखाई देते हैं तथा सिर उल्टा V (Λ) का चिन्ह बना होता है। बायो एजेन्ट एग– पैरासिट्वाइड ट्राइकोग्रामा स्पे0 का प्रयोग अण्डे देने की अवस्था में करने से इनकी संख्या की बढोत्तरी में रोक लगायी जा सकती है तथा जैविक कीटनाशी व बवेरिया बैसियाना 2.5 किग्रा0 प्रति0 हे0 की दर से छिडकाव करने से रोकथाम की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बकोठी, गांगूपुर, मकनपुर, बिल्हौर में मक्का की फसल में फाल आर्मी वर्म का प्रकोप देखा गया। रसायनिक नियंत्रण हेतु किसान भाई तत्काल क्लोरोपायरीफास 20प्रतिशत ई0सी0 की 1.25 ली0 या डाइमेथोएट 30 प्रति0 1.5 ली0 व थायोमेथाक्साम 12.6 प्रति0+लैम्बडा साइहैलोथ्रिन 9.5 प्रति जेड0सी0 125 मिली0 की 500 ली0 पानी में मिलाकर छिडकाव करायें। किसी भी स्थिति में विकासखण्ड में स्थिति कृषि रक्षा इकाई से सम्पर्क करें या 9452247111 या 9452257111 पर नियंत्रण हेतु सहायता प्राप्त कर सकते है।

## पुरस्कार हेतु करें आवेदन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चंद्र भूषण ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि 03 दिसम्बर 2022 को ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर 14 विभिन्न श्रेणी के ''राष्ट्रीय पुरस्कार'' भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं– सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित। सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए पुरस्कार। दिव्यांगजनों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था के लिए पुरस्कार। प्रेरणा स्रोत पुरस्कार। दिव्यांगजनों के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या नवप्रवर्तन या उत्पाद विकास के लिए पुरस्कार। दिव्यांजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार। पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिले के लिए पुरस्कार। नैशनल हैंडीकेप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सर्वश्रेष्ठ राज्य चौनेलैजिंग एजेंसी। उत्कृष्ट सृजनशील वयस्क दिव्यांगजनां के लिए पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बच्चे के लिए पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस। सर्वश्रेष्ठ सुगम्य वेबसाइट। (क) दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सर्वश्रेष्ठ राज्य। (ख) सुगम्य भारत अभियान का कार्यान्वयन। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली की वेबसाइट disabilityaffairs.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं। इच्छुक कर्मचारी, व्यक्ति एवं संस्थाएं विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु www.awards.gov.in पर दिनांक 28 अगस्त 2022 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत इच्छुक करे आवेदन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बेरोजगारों को अब नए अवसर मिलेंगे। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बेरोजगार व्यक्तियों के लिये विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख के स्थान पर अब 50 लाख रूपये का ऋण दिलाया जायेगा। इसके साथ ही सेवा क्षेत्र में 10 लाख के स्थान पर 20 लाख रूपये तक बैंकों से आसानी से ऋण मुहैया कराया जाएगा। योजना क अन्तर्गत व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित थी। लेकिन अब उत्पादन से जुड़ी रिटेल षॉप व ट्रेडिंग पर भी बजट का 10 प्रतिशत ऋण की व्यवस्था की गयी है। पूर्व में इकाईयों द्वारा निर्मित उत्पाद, खादी उत्पाद तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित उत्पादों के आउटलेट खोले जाने के लिये धनराषि 20 लाख रू0 की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही पोल्ट्री, मत्स्य पालन, डेयरी, मौन पालन के लिये भी योजना में ऋण की व्यवस्था की गयी है। योजना के अन्तर्गत पब्लिक सेक्टर बैंक कॉपरेटिव बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं आरबीआई द्वारा नियंत्रित सभी बैंको में ऋण सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम स्थापना करने पर सामान्य वर्ग के पुरूश लाभार्थियों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग व महिला उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत व शहरी क्षेत्र में उद्यम स्थापना करने पर सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग व महिला उद्यमियों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिनमनी अनुदान की सुविधा अनुमन्य होगी। योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की वित्तपोशित इकाईयों को पूर्व की ही भांति विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25.00 लाख तक तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10.00 लाख की परियोजना लागत का अधिकतम 13 प्रतिशत तक ब्याज उपादान की सुविधा तीन वर्ष तक दिये जाने का प्राविधान है। योजनान्तर्गत ऑनलाईन आवेदन ही अनुमन्य है। अतः इच्छुक व्यक्ति खादी आयोग की वेबसाइट योजनान्तर्गत ऑनलाईन आवेदन ही अनुमन्य है तथा कोई भी आवेदक खादी आयोग की वेबसाइट https://www-kviconline-gov-in/pmegpeportal पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है साथ ही योजना की सम्पूर्ण जानकारी भी प्राप्त कर सकता हैं। उक्त योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु इच्छुक उद्यमीध्लाभार्थी से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित है। अधिक जानकारी हेतु जनपद के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कानपुर देहात से सम्पर्क भी कर सकते है। उपरोक्त जानकारी सुधीर कुमार जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कानपुर देहात ने दी है।

# नगर विकास मंत्री को दिया माँग पत्र श्रमिक कॉलोनियों के हाउस टैक्स को रोकने की मांग



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय तिवारी वरिष्ठ सवांददाता कानपुर। नगर निगम ने अपने हाउस की कार्यवाही में श्रमिक कालोनियों से हाउस टैक्स की वसूली का फैसला किया है। बरसों से श्रमिक कालोनियों के मालिकाना हक की लड़ाई लड़ रहे श्रमिक बस्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा नेता डॉ शैलेन्द्र दीक्षित ने आज लखनऊ जाकर नगर विकास मंत्री श्री ए.के.शर्मा से श्रमिक कालोनियों के मुद्दे पर चर्चा की और उनको एक माँग पत्र सौंपा। माँग पत्र के माध्यम से डॉ दीक्षित ने नगर विकास मंत्री को अवगत कराया कि पूरे प्रदेश में लगभग 36000 श्रमिक कालोनियां हैं जिनमें से सबसे अधिक 18000 श्रमिक कॉलोनियां कानपुर में ही हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिक बस्तियों के मालिकाना हक की लड़ाई शासन स्तर पर रुकी हुई है, इसके बावजूद कानपुर नगर निगम ने एक प्रस्ताव पारित कर श्रमिक कालोनियों से हाउस टैक्स की वसूली का फैसला किया है। जबकि अभी तक श्रमिक कालोनियों का मालिकाना हक लेबर कमिश्नर के पास है। वहां के निवासी तो सिर्फ किराएदार की हैसियत से रह रहे हैं। किसी किराएदार से हाउस टैक्स की वसूली कैसे की जा सकती है। डा. दीक्षित ने कहा कि सबसे पहले श्रमिक कालोनियों में रहने वालों को दिल्ली और उड़ीसा की तर्ज पर मालिकाना हक दिया जाये। बिना मालिकाना हक के हाउस टैक्स वसूलने का फैसला न्यायसंगत नहीं है। माँग पत्र मिलने के बाद नगर विकास मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर चर्चा कर श्रमिकों के हित में फैसला लिया जाएगा। मांग करने वालों में सुशील द्विवेदी, विनोद सिंह, कुक्कू चंदेल, बिन्नू रावत, हरगोविंद दीक्षित, अमित मिश्रा, हर्षित सिंह, कुणाल सिंह, अनूप भाटिया, मनोज निगम, बउआ केसरवानी, जवाहर शर्मा, मुन्ना सिंह, ओ पी सिंह, सरदार करमजीत सिंह आदि लोग शामिल थे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सिटी ट्रांसपोर्ट की 41वीं बोर्ड बैठक संपन्न



लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में आज लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा निदेशक मण्डल की नियमित 41वीं बैठक आहूत की गयी।

बैठक में श्री सूर्यपाल गंगवार जिलाधिकारी लखनऊ, डा0राजेन्द्र पैसिया, आई0ए0एस0, विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0शासन एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम, संभागीय परिवहन अधिकारी एवं लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारीध्उपाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा बस संचालन के अतिरिक्त अन्य श्रोतों से भी आय अर्जित करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त बैठक में कार्यरत कार्मिकों को सामान्य मृत्यु की दशा में वित्तीय सहायता, संविदा चालकोंध्परिचालको को देय अवकाश स्वरूप प्रोत्साहन, प्रति कि0मी0 देय पारिश्रमिक दरों में नियमों एवं शर्तो सहित वृद्धि एवं प्रोत्साहन योजना को लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।

# केस्को की तबादला नीति में अधिकारियों का बाबूओ से प्रेम आदेश में बाधक बना

राकेश ढंग

कानपुर नगर। केस्को में तबादला नीति मे जारी आदेश का पालन अधिकारियों के भक्ति रस के कारण न ही पूर्व स्थल से कार्यमुक्त किए गए बल्कि कई बाबूओ ने अपने स्थान परिवर्तन पुनः करा लिए जिसमें मंडल तृतीय सबसे आगे रहा जिसमें लिपिक कुंदन सिंह, विजय कुमार ,विकास यादव सहित कई कर्मचारी संदेह के घेरे में है।

**डॉ0 राममनोहर लोहिया (परास्नातक) महाविद्यालय अवन्तीपुरम, जी0टी0 रोड, कल्यानपुर, कानपुर नगर कल्यानपुर मेट्रो स्टेशन (पिलर नं. 33)**

**आवश्यकता है (सहायक-आचार्यों की)**

**प्राचार्य:** 01 पद, **बी०ए०:** हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, **बी०एस०सी०:** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, **बी०काम:** 03 पद, **एम०काम०:** 02 पद, **बी०एड०:** विभागाध्यक्ष एक पद, **प्रवक्ता:** हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, फिजिकल साइन्स, बायोलाजिकल साइंस, कामर्स, फाइन आर्ट, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, संगीत, गृह विज्ञान **एम०ए०:** शिक्षाशास्त्र 02 पद, योग्य अभ्यर्थी 15 दिन के अन्दर अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय में डाक द्वारा या सीधे जमा कर सकते हैं। वेतन व योग्यता राज्य सरकार और यू०जी० सी० द्वारा निर्धारित।

**प्रबन्ध समिति**

**मो. 8953846751, 7007174633**

# जिलाधिकारी ने मड़वाडी आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक

- ग्रामीणों की समस्याओं का समय से किया जाए निस्तारण : जिलाधिकारी
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में आयोजित किये जाए देशभक्ति कार्यक्रम, फहराए जाए सभी घरों में तिरंगे झंडे : जिलाधिकारी





संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मड़वाई में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण एवं विटामिन ए संपूर्ण का बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस मौके पर उपस्थित बच्चियों में नंदिन, परी आदि का वजन कराया तथा विटामिन ए की खुराक पिलाई।

उन्होंने कहा कि कहा की कोई भी बच्चा विटामिन ए की खुराक से छूटने न पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से कहा कि बच्चों के माताओं को स्तनपान की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण समय–समय पर कराया जाए, बच्चों का वजन, लंबाई का भी परीक्षण किया जाए, वहीं उन्होंने प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका से विद्यालय की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत–प्रतिशत करने के निर्देश दिए तथा कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें, बच्चों के माता–पिता को उपलब्ध कराए गए पैसे उनका जूता, मोजा, ड्रेस इत्यादि के लिए समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं, विद्यालय में सभी शिक्षक समय से उपस्थित हो, मिड डे मील की गुणवत्ता सही प्रकार से दी जाए, वहीं जिलाधिकारी ने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया, जहां पर उपस्थित पंचायत सहायक से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की स्थिति, पेंशन इत्यादि की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि गांव में रह कर गांव की समस्याओं को सुने तथा उनका निस्तारण करें, वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को भी निर्देशित किया कि गांव में साफ सफाई विशेष तौर पर की जाए तथा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी घरों में 11 से 17 अगस्त के बीच तिरंगे झंडे अवश्य फहराया जाएं तथा देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाए, वहीं उन्होंने राशन कोटेदार को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को समय से राशन उपलब्ध कराएं, जो सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है इसमें किसी प्रकार की घटतौली इत्यादि ना हो, इस मौके पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उपस्थित अधिकारियों को समय से निस्तारित करने के निर्देशित किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाव ए के सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन आदि अधिकारी व चिकित्सक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उपयोत्ताओं को भूगर्भ जल विभाग से अनापत्तिप्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य, अधिनियम का उलंघन करने पर करें कार्यवाही : जिलाधिकारी

- अनापत्ति प्रमाण–पत्र में प्राप्त भूजल निकासी की अनुमति की मात्रा के अनुसार वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज हेतु क्षमता विकसित करना अनिवार्य : जिलाधिकारी



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आहूत की गयी। भूगर्भ जल के निकासी हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र/नवीनीकरण/पंजीकरण के लिए पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण हेतु चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि अनापत्ति प्रमाण–पत्र के निर्गमन के क्रम में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये एवं उसका अनुश्रवण किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्यमी अपनी उद्योग में जिनता पानी खर्च करते है उसका रिचार्ज भी करे, अपने सीएसआर के माध्यम से तालाब गोद लेकर उसका कायाकल्प अवश्य करें, ज्यादा से ज्यादा सभी लोग पौधरोपण करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अनापत्ति प्रमाण–पत्र में प्राप्त भूजल निकासी की अनुमति की मात्रा के अनुसार वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज हेतु क्षमता विकसित करना अनिवार्य है, जिसके लिए कम्पनी द्वारा रुफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं तालाब के माध्यम से भूजल रिचार्ज किया जाये। जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद, कानपुर देहात के नोडल अधिकारी अविरल कुमार सिंह, हाइड्रोलाजिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम–2019 एवं नियमावली–2020 के अर्न्तगत समस्त वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, सामूहिक उपयोक्ताओं को भूगर्भ जल विभाग से अनापत्तिप्रमाण–पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। अधिनियम का उलंघन करने पर प्रथम अपराध हेतु रु0 02 लाख से 05 लाख अर्थ दण्ड अथवा 06 माह से 01 वर्ष का कारावास अथवा दोनों एव अपराध की पुनरावृत्ति पर प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए उपरोक्त दण्ड को दोगुना किये जाने का प्राविधान है। जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों से कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 के मध्य चलाया जा रहा है जिसमें सभी लोग अपना सहयोग अवश्य करें तथा अपने प्रतिष्ठानों में खादी के बडे तिरंगा झंडा अवश्य लगाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों के तालाबों का उद्यमियों के माध्यम से सौन्दरीकरण अवश्य कराये। बैठक में जिला वनाधिकारी एके द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

# त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से महिला जन सुनवाई एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ



कानपुर नगर। उ0प्र0, राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या, श्रीमती पूनम कपूर एवं श्रीमती रंजना शुक्ला की अध्यक्षता में आज सर्किट हाउस में मिशन शक्ति फेस–4 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं की समस्याओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से महिला जन सुनवाई एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में महिलाओं के उत्पीडन, घरेलू हिंसा, दहेज संबंधी मामले एवं महिलाओं से संबंधित कुल 45 मामले आये, जिन पर प्रत्येक मामले को गम्भीरता से सुनते हुये उक्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को मा0 महिला आयोग की सदस्या द्वारा निर्देशित किया गया।

महिला जागरुकता शिविर व महिला जन सुनवाई में श्रीमती शिवांगी दीक्षित ने नन्द द्वारा प्रताडित किये जाने की शिकायत की गयी, जिस पर सुनवाई करते हुये वन स्टाप सेन्टर में दोनो पक्षों को बुलाकर सुनवाई कराते हुये प्रकरण को निस्तारित कराने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार श्रीमती प्रीती वर्मा द्वारा ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दहेज उत्पीडन, श्रीमती ज्योति द्वारा पति व ससुराल पक्ष द्वारा घरेलू हिंसा, श्रीमती राबिया बेगम व श्रीमती अनीता पाल द्वारा ससुराल पक्ष द्वारा घरेलू हिंसा किये जाने की शिकायत की गयी, जिसको संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जागरुकता चौपाल एवं महिला जन सुनवाई में उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुये बताया गया कि महिलाओं के किसी भी प्रकार के उत्पीडन, घरेलू हिंसा में सहायता के लिये तत्काल 112 नम्बर डायल करें तथा अपना इस नम्बर पर पंजीकरण कराकर तत्काल पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते है। महिला हेल्प लाइन 1090 व 181 में भी काल करके महिलाओं की समस्या व सहायता हेतु काल करने के संबंध में जानकारी दी गयी।

महिला जन सुनवाई में अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) श्री जे0एल0 सरोज, डीपीओ श्री जयदीप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे से ही पार्क का स्वरूप दिखे, इसके लिए पार्क के चारों तरफ ग्रीनरी स्थापित कराते हुए मार्निग वाकर के लिए और बेहतर सुविधाएं की जाए



कानपुर नगर। सड़क किनारे से ही पार्क का स्वरूप दिखे, इसके लिए पार्क के चारों तरफ ग्रीनरी स्थापित कराते हुए मॉर्निंग वॉकर के लिए और बेहतर सुविधाएं की जाए। नाना राव पार्क में अलग–अलग स्थल विकसित किए जाए जिससे आने वाले लोगो को और सुविधा मिले तथा पार्क में विशेष रुप से बैडमिंटन स्थल, योग स्थल , आदि अन्य स्थलों का चयन करते हुए पार्क को और बेहतर स्वरूप देते हुए विकसित किया जाए। पार्क में तीन और शौचालय बनाए जाए तथा बैठक के लिए हर 100 मीटर पर बैंच लगाई जाए पुलिस,आर्मी आदि अन्य सेवाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए पार्क के एक हिस्से में क्लाइंबिंग रोप, वाल क्लाइंबिंग ओबसटक्ल कोर्स आदि अन्य तैयारी करने के लिए विकसित की जाए । पार्क में औषधि वाटिका, अलग–अलग प्रजाति के फूलों की वाटिका, हर्बल वाटिका को विकसित किया जाए।

उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने नाना राव पार्क के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री शिव शरणप्पा को दिए। उन्होंने कहा कि पार्क को इस तरह से अलग–अलग हिस्सों में विकसित किया जाए कि आने वाले मॉर्निंग वकर्स को योगा स्थल, बैडमिंटन स्थल आदि अन्य स्थलों का बेहतरीन सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि पाक को इस तरह से विकसित किया जाए कि सड़क से भी पार्क का बेहतर स्वरूप लोगों को देखे तथा आने वाले लोगों को और बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हो। पार्क के अलग–अलग क्षेत्र में अव्यवस्थित तरीके से पड़े बिजली के खंबे, ईट पत्थर आदि वस्तुओं को हटाते हुए पार्क को पूर्ण रूप से पार्क का स्वरूप दिया जाए।

बैठने की बेहतर सुविधाओं के साथ हर 100 मीटर पर बैंच लगाई जाए तथा पार्थ के पांचवे के दोनों ओर घास लगाते हुए पार्क का स्वरूप बदला जाए। उन्होंने कहा कि पार्क में वबपंस वितमेजतल हेतु एक ऐसा स्थल बनाया जाए जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा वृक्षारोपण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल तथा नौका विहार का भी निरीक्षण किया।

## 20 साल से नहीं हुई कंचौसी घसा का पुरवा मार्ग की मरम्मत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- कंचौसी–ढिकियापुर वाया घसा का पुरवा उखड़ा पीडब्ल्यूडी मार्ग
- पूरा रास्ता उखड़ा जगह–जगह भरा पानी राहगीर परेशान



जनपद औरेया तहसील बिधूना विकासखण्ड सहार कस्बा कंचौसी मुख्य–मार्ग से जुड़ा तीन किलोमीटर कंचौसी ढिकियापुर वाया घसा का पुरवा सम्पर्क मार्ग सन् दो हजार के शुरू में पीडब्ल्यूडी प्रान्तीय खंड औरैया ने डामरीकरण करने के बाद आज तक इस मार्ग के तरफ देखा ही नहीं और न ही इसकी किसी तरह की मरम्मत कराई गई है। इससे आने–जाने वाले पांच गांव ढिकियापुर, घसा का पुरवा सूखमपुर, करौधा, बिझाई के साथ–साथ नगर व कस्बा के हजारों लोगों का बाजार, स्कूल, बैंक, अस्पताल के साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए कंचौसी आना–जाना लगा रहता है। जो पूरा उखड़ने के साथ गहरे गढढो में तब्दील हो चुका है। और कीचड़ युक्त पानी भरा रहने से पैदल चलना मुश्किल है। जिस पर अक्सर स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं आदि गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इसकी मरम्मत कराये जाने के लिए गांव के बलराम सिंह, शीकृषण, शिवप्रताप, सुदामा प्रसाद, ललित यादव, श्याम सिंह, पूर्व प्रधान अजय कठेरिया, अशोक मुनी, ग्राम पंचायत ढिकियापुर प्रधान दिनेश राठौर (राजू), ग्राम पंचायत सूखमपुर प्रधान सुनील राठौर, पूर्व प्रधान रबींद्र कुमार, सूरज नाथ सपेरा आदि लोगों द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी व सीएम पोर्टल पर शिकायती पत्र देकर कई बार मार्ग बनाये जाने की मांग की गई। लेकिन आज तक इस जर्जर व उखड़े मार्ग को देखने के किसी अधिकारियों ने जरूरत नहीं समझी। जिससे यहां के निवासी मायूस व निराश होकर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। इस सम्बंध में विभागीय अधिशाषी अभियंता अभिषेक यादव का कहना है कि वह इस मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर कार्य योजना तैयार कर निर्माण कराने का प्रयास करेंगे।

## बरसात में गौशालाओं में गोवंशों की हो रही दुर्दशा आवास विकास गौशाला में दो गाय मरी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- गोवंश आश्रय केंद्र मिर्जापुर में गंदगी व कीचड़ की भरमार सेवादार परेशान

औरैया। बरसात के मौसम में गौशालाओं में गायों की दुर्दशा देखी जा सकती है। स्थानीय आवास विकास में स्थित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। उक्त गौशाला में बुधवार को दो गाय मरी पड़ी देखी गई। जिसे उठाने की सुध न तो गौशाला संचालक ने ही ली और ना ही प्रशासन ने। इसी तरह से विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतापुर के मजरा मिर्जापुर बेरमशाह में भी गंदगी एवं कीचड़ के चलते गोवंशों की दुर्दशा है। गोवंश को चारा आदि देने के लिए सेवादारों को कीचड़ में घुसकर चारा दाना पानी देना पड़ता है। जिससे सेवादारों में आक्रोश व्याप्त है। वही समय से वेतन भुगतान नहीं होने पर सेवादारों ने नाराजगी व्यक्त की है। सेवादारों ने समय से भुगतान कराए जाने के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगाई है।

बुधवार को जब संवाददाता गौशालाओं का जायजा लेने के लिए स्थानीय आवास विकास में स्थित गौशाला पहुंचा तो वहां पर गोवंश इधर–उधर घूमते देखे गये। इसके अलावा गौशाला के अंदर ही दो गाय मरी पड़ी हुई देखी गई। गायों की सुरक्षा के लिए बरसात के मौसम में छाया





का भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है। जिससे गोवंश बरसात में भीगते रहते हैं। गौशाला के अंदर मरी पड़ी दो गायों को ना तो गौशाला संचालक ने ही उठवाया और ना ही पालिका परिषद ने। इस संबंध में जब गौशाला संचालक से बात करनी चाही तो वह गौशाला में उपस्थित नहीं थे और ना ही कोई कर्मचारी था। इसी तरह से संवाददाता जब औरैया विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतापुर के मजरा बेरमशाह स्थित गोवंश आश्रय स्थल गौशाला में पहुंचा तो वहां पर पाया कि गोवंश दलदली जमीन पर कीचड़ में अपनी दुर्दशा बयां कर रहे हैं। इस संबंध में जब गोवंश आश्रय स्थल के प्रमुख सेवादार देवेंद्र सिंह से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि गौशाला में इस समय कमोवेश 475 गोवंश हैं। आगे कहा कि गोवंशो की देखरेख के लिए 11 सेवादार कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें से 9 कर्मचारी दिन के समय गोवंशों को अपनी सेवा देते हैं , वही रात के समय 2 सेवादार मौजूद रहते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय गौशाला में करीब 75 कुंटल भूसा उपलब्ध है। इसके अलावा प्रतिदिन तीन ट्रैक्टर ट्राली हरा चारा (कटिया) मशीन से कटकर आता है, जो गोवंशों खिलाया जाता है। इसके अलावा पास के गांव कुम्हापुर में भूसे का स्टाक है। सेवादार ने कहा कि बरसात के मौसम के चलते गौशाला की जमीन दलदली कीचड़ युक्त हो गई है, जिससे गोवंशों को भी परेशानी हो रही है। वही सेवादारों को भी गोवंशों को चारा खिलाने व पानी पिलाने में कीचड़ में घुसकर जाना पड़ता है, जिससे उनके पैरों में खरवा हो गये हैं। यदि प्रशासन द्वारा गोवंश आश्रय केंद्र में राविश प्रशासन द्वारा डलवा दी जाए तो समस्या से हद तक निजात मिल सकती है। सेवादारों ने बताया कि वह अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी के साथ करते हैं। इसके बावजूद उन्हें दैनिक रूप में 160 रुपये पारिश्रमिक के रूप में मिलते हैं जो पर्याप्त नहीं हैं। यह धनराशि भी समय से उपलब्ध नहीं होती है। जिससे उनके सामने विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। जो भी पारिश्रमिक मिलता है , वह समय से मिले इसके लिए वह लोग जिला प्रशासन से मांग करते हैं , कि उनका भुगतान समय से कराया जाए , जिससे उन्हें व उनके परिवार को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। शहर के संभ्रांत , बुद्धिजीवी एवं वरिष्ठ नागरिको ने कहा है कि यहां यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि यदि कीचड़ युक्त दलदली भूमि से गोवंशो को मुक्त नहीं किया गया तो गोवंशों में बीमारियां फैलने व खुरपका रोग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। देखना है कि प्रशासन इस ओर क्या कदम उठाता है?

## बच्चों को रतौंधी रोग से बचाएगी विटामिन ए की खुराक : योगेश वर्मा

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। बाल स्वास्थ्य पोषण माह के अंतर्गत बच्चों को रतौंधी रोग से बचाने के लिए विटामिन ए की खुराक देने के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ फीता काटकर सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा जिला महिला अस्पताल में किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी व सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ. ज्योति मेहरोत्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बाल स्वास्थ्य पोषण माह के शुभारंभ अवसर पर अपने संबोधन में सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आम जनमानस के साथ–साथ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद गंभीर है। डबल इंजन की सरकार आज स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर करने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को रतौंधी रोग से बचाने के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके अंतर्गत सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। यह सिर्फ रतौंधी से ही नहीं बचाएगी बल्कि बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाने का काम करेगी। सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बुधवार से ही पूरे जिले में बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरुआत हो गई है। समस्त उपकेंद्र पर सत्र के दौरान विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। वहीं आवश्यकता अनुसार विशेष स्थानों पर भी टीकाकरण सत्र लगाए जाएंगे। इस दौरान आयरन की सिरप भी दी जाएगी। जिससे बच्चों को एनीमिया से बचाया जा सके। इस दौरान सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय द्वारा



बताया गया कि जिला महिला चिकित्सालय में सोमवार से शनिवार तक टीकाकरण किया जाता है। इसी दौरान आने वाले बच्चों को विटामिन ए की खुराक भी लगातार पिलाई जाएगी। शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा सहित सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी, सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत और डिप्टी सीएमओ लाल जी पासी द्वारा बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई। इस दौरान डीपीएम अनिल कुमार यादव, देवनंदन श्रीवास्तव व अनुज प्रताप सहित डीआईओ ऑफिस से डॉ. उज्जवल, संजय गुप्ता, अनिकेत सहित जिला महिला अस्पताल से डॉ. अभिषेक साहू, अशोक कुमार पांडे, लोकेश सिंह, इंद्र अवस्थी, शिप्रा वर्मा, अजीत वर्मा, जोगेंद्र कुमार, सुष्मिता वर्मा, वेद प्रकाश, सौम्या दीक्षित व अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाल तस्करी से आजादी विषय पर आयोजित हुई प्रशिक्षण कार्यशाला



- डीएम व आयोग सदस्य ने संयुक्त रुप से किया कार्यशाला का शुभारंभ

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कलेक्ट्रेट में बाल तस्करी से आजादी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का सफल संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल, अपर जिला जज मोहन कुमार ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के रिसोर्ट पर्सन प्रशांत त्रिवेदी व विजय जाधव की मौजूदगी में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि शासन बाल तस्करी विषय पर बेहद गंभीर है। इसकी रोकथाम के लिए नित नए कदम उठा रही है। आमजन में जागरूकता एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बाल तस्करी से आजादी मुहिम भी चल रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के सीमावर्ती जिलों में बाल तस्करी से निपटने के लिए जोखिम के दायरे में आने वाले बच्चों, असुरक्षित बच्चों की पहचान करने और रोकथाम के लिए बुनियादी संकेतकों को लेकर प्रमुख हितधारकों को संवेदनशील बनाना है। उप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल ने बाल तस्करी से आजादी एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बाल तस्करी को रोकने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे। सरकार की ओर से बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, महिला तस्करी आदि समस्याओं पर रोक लगाई जा सके। आज भी ऐसे बच्चे हैं जिन्हें मदद की आवश्यकता है। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर सरकार की योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। अपर जिला जज मोहन कुमार ने भी कार्यशाला में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में बाल तस्करी से आजादी विषय पर बच्चों की तस्करी, उत्पीड़न, बाल मजदूरी, बाल विवाह, लैंगिक उत्पीड़न आदि विषयों पर आयोग से नामित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें बाल तस्करी से आजादी विषय पर बच्चों की तस्करी, उत्पीड़न, बाल मजदूरी, बाल विवाह, लैंगिक उत्पीड़न आदि की रोकथाम व नियंत्रण के तरीके बताये गये। कार्यशाला में एडीजे मोहन कुमार, डिप्टी कलेक्टर विधेश, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, सीडब्ल्यूसी के मेंबर सुरेंद्र पाल सिंह, राम चरण सिंह, रचना सरवही, सुमन सिंह, सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र, वन स्टाप सेण्टर, समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, चाइल्ड लाइन सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर कराई प्लाटिंग

लखीमपुर,खीरी। नवीन निर्माणाधीन तहसील परिसर के निकट स्थित ग्राम समाज की भूमि पर भू–माफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर भूमि की प्लाटिंग कर अवैध रूप से कमाई करने में जुटे हुए है। ज्ञात हो कि मितौली नवीन निर्माणाधीन तहसील परिसर लखीमपुर–मैगलगंज मार्ग से मोहम्मदपुर (डहका) मार्ग पर स्थित है। मितौली तहसील निर्माण प्रारंभ होने से पूर्व ही भू माफियाओं द्वारा फर्जी तरीके से अज्ञात भूमि का बैनामा कराकर क्षेत्रीय लेखपाल से दुरभि संधि कर करोड़ों रुपया कमाया गया। बताया जाता है कि भू–माफियाओं द्वारा भूमि का बैनामा किसी अन्य भूमि का कराकर तहसील परिसर के निकट भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग कराई गई है, यहां तक कि चरागाह की भूमि पर प्लाटिंग कराकर बैनामा धारकों को कब्जा दे दिया गया है। ग्राम पंचायत बबौना के मजरा मोहम्मदपुर के निकट एक गौशाला का निर्माण कराया गया है। गौशाला में गायों के चारे के लिए ग्राम समाज की भूमि पर ग्राम प्रधान एवं गौशाला संचालित करने वाली समिति द्वारा चारे की व्यवस्था के क्रम में भूमि को चारा बोने के लिए जोता गया था। भू माफिया अब्दुल हमीद, राजेंद्र प्रसाद, रामू द्वारा अवैध कब्जा कर जान से मार देने की धमकी देते हुए समिति संचालक एवं कर्मचारियों को धमकाया। तदोपरांत गौशाला संचालक समिति पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण संस्थान उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद द्वारा जिलाधिकारी खीरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से ग्राम समाज की भूमि भू माफियाओं के चुंगल से बचाए जाने की गुहार लगाई है। अगर शासन व प्रशासन द्वारा मितौली निर्माणाधीन तहसील परिसर की परिधि से 1 किलोमीटर दूरी तक जांच कराई जाए तो कई मामले इन्हीं भू माफियाओ द्वारा जुगलबंदी कर अवैध रूप से कब्जा कर बेचा गया है। यहां तक की चरागाह की भूमि को भी अवैध कब्जा कर बैनामा करा दिया गया है। इस बाबत जब उपजिलाधिकारी मितौली से दूरभाष पर वार्ता की गई तब उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर भू–माफयाओं तथा अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही की जाएगी।

## अटेंडेंस पर करें फोकस, विद्यालयों को बनाएं बेहतर : डीएम

- डीएम ने किया चार दिवसीय संदर्भदाताओं के प्रशिक्षण का शुभारंभ

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। निपुण भारत मिशन के तहत बुधवार को डाइट में चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाता प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डाइट प्राचार्य जेपी मिश्रा, बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय की मौजूदगी में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। डीएम ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति पर फोकस करें। शिक्षक विद्यालयों में नित नए प्रयास करते हुए अच्छा करने की कोशिश जारी रखें। पठन–पाठन के जरिए बच्चों को होनहार बनाएं, ताकि वह गांव, मोहल्ले, जिले का नाम प्रदेश व देश में रोशन करे। निपुण भारत मिशन के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप गतिविधियों को विद्यालयों में लागू कराए। उन्होंने मौजूद लोगों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने पर बेहद फोकस कर रही है। ऐसे में प्राथमिक कक्षाओं में नामांकित कक्षा तीन तक के सभी छात्र–छात्राओं को पढ़ने–लिखने व संख्या ज्ञान कराने के लिए निपुण भारत मिशन शुरू हुआ है। बच्चों में भाषा व गणित का कौशल विकास करने के लिए परिषदीय विद्यालयों के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्राचार्य जेपी मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण को स्तरीय एवं उच्च कोटि का बनाने का पूरा प्रयास किया गया है। शिक्षकों को प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया जा रहा है। बीएसए डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय ने निपुण भारत मिशन, चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता प्रशिक्षण कार्यशाला की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। आधारभूत



साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को छात्रों के अंदर विकसित करने के लिए राज्य संदर्भदाता समूह के सदस्य पंकज वर्मा, डॉ. अनुपम मिश्र, पूनम सिंह तोमर ने एआरपी (ऐकेडमिक रिसोर्स पर्सन) और केआरपी (की रिसोर्स पर्सन) को प्रशिक्षित किया। सभी शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्कूलों में जाकर बताई, गतिविधियों को बच्चों पर सप्ताह वार लागू करेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला में भाषा शिक्षण सामग्री बिग बुक, चित्र चार्ट, कहानी व कार्यपुस्तिका की रणनीतियों पर चर्चा हुई। साथ ही शिक्षण प्रक्रिया के दौरान दैनिक शिक्षण योजना की संरचना समूह कार्य करवाया। मौखिक भाषा विकास पर डिकोडिंग व डिकोडिंग के लिए बुनियादी कौशल पर संबंधित वीडियो दिखाया। कक्षा पठन संबंधित गतिविधियां बिग बुक से पठन लोगोग्रफिक, पठन एवं स्वतंत्र पठन पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में डाइट के सभी प्रवक्ता, एवं बेसिक शिक्षा से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

- स्वास्थ्य विभाग के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, सीएमओ बोले कार्यकाल रहा सराहनीय

विमलेश भदौरिया लखीमपुर,खीरी। आप लोगों का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। आपके सेवाकाल के दौरान दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। यह बात मंगलवार शाम को स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारियों के विदाई समारोह के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहीं। उन्होंने कहा कि नौकरी में सेवानिवृत्त होना एक शाशकीय प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने कार्यकाल में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस मौके पर सीएमओ ने रिटायर्ड हुए प्रशासनिक अधिकारी



एसपी सिंह, प्रधान सहायक कुलदीप मिश्रा व लिपिक कमल सक्सेना को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. लालजी पासी, डॉ. राकेश गुप्ता, प्रधान सहायक अवधेश वर्मा, स्टेनो कर्तिकेय मिश्रा, सौरभ शुक्ला, संजय गुप्ता, विजय वर्मा, परमानंद वर्मा, महंत सिंह, दीपक प्रशांत शुक्ला, अनिल कुमार यादव, सतपाल सिंह, देवनंदन श्रीवास्तव, रामकुमार, राणा बाबू, अतुल पटेल, अनुज श्रीवास्तव, संतोष आनंद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 14 घटे में पुलिस ने गुमशुदा बालक सकुशल किया बरामद

नवीन भसीन सम्पूर्णानगर,खीरी। थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्र के एक गांव का 14 वर्षीय बालक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर लखनऊ से सकुशल बरामद किया। एसएचओ बलवंत शाही ने जानकारी दी कि थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर




मझरा पश्चिम का 14 वर्षीय बालक अखंड प्रताप पुत्र राजपाल कई दिन पूर्व घर से बिना बताए गायब हो गया था। परिजनों के काफी खोजबीन करने के बाद जब बालक नहीं मिला, तो बालक के पिता राजपाल ने मंगलवार की शाम अपने पुत्र की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आनन–फानन में खोजबीन शुरू की। 14 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना के आधार से लखनऊ के कैसरबाग बसअड्डे के पास से बालक को सकुशल बरामद किया। पुलिस द्वारा बालक से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बड़े भाई से मोबाइल चलाने को लेकर विवाद हो गया था, तभी वह घर से बिना बताए लखनऊ चला गया था। पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बरामद करने वाली टीम में उप निरीक्षक आशीष सहरावत, हेड कांस्टेबल रामनरेश व कांस्टेबल अंचल वर्मा रहे।

### चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी व जेवर किये पार

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। थाना मितौली क्षेत्र के अन्तर्गत चौकी मढिया बाजार क्षेत्र के ग्राम दतेली निवासी शोभित कुमार पुत्र वीरेंद्र दीक्षित के घर में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर घर का सारा जेवर एवं नगदी चोरी करने में सफल हो गये। ज्ञात हो कि गत रात्रि जब गृह स्वामी तेज गर्मी होने के कारण घर में ही आंगन में सो रहा था। अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर दूसरी मंजिल पर कमरे का ताला व लाक काटकर लगभग लाखों रुपए का जेवर मांग बेंदी, सोने का हार, चांदी के सिक्के, गोला, सुपारी, चांदी की पायल सहित जेवरात, सोलह हजार रुपये



चुराकर ले गए। गृह स्वामी द्वारा मढ़िया पुलिस चौकी को घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अवगत करा दिया है। पुलिस चौकी मढ़िया पुलिस ने घटनास्थल का जायजा भी लिया गया। पुलिस चोरों की तलाश सरगर्मी के साथ कर रही है। यह घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### खाताधारकों ने बैंक का घेराव कर की रुपये वापस करने की मांग

ब्रजेश सिंह बेहजम,खीरी। इंडियन / इलाहाबाद बैंक के बीसी संचालक ने करीब 70 ग्राहकों का लाखों रुपए हजम कर फरार बताया जाता था, जिसको लेकर बैंक के सामने सड़क पर सैकड़ों लोगों के साथ उपभोक्ताओं ने उतर कर अपनी आवाज उठायी थी। जिस पर बीसी संचालक संदीप कुमार और बैंक अधिकारी व सम्भ्रान्त लोगों की मध्यस्थता से गबन किया गया पैसा 30 जुलाई तक लौटाने की सहमति पर ग्राहकों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इधर चर्चा यह भी कि उक्त बीसी संचालक संदीप कुमार ने बैंक प्रबंधक के पास गबन किया पैसा जमा कर दिया है लेकिन इन बैंक के ग्रामीण ग्राहकों को पैसा वापस नहीं किया गया। जिस पर अगस्त माह के तीन दिन बीत जाने पर बुधवार को सुबह पुनः बैंक ग्राहकों ने बैंक पहुंच कर घेराव कर बैंक प्रबंधक से अपना पैसा वापस करने की बात करते हुए प्रदर्शन करने लगे। बैंक प्रबंधक रिंकी वर्मा ने स्थिति बिगड़ते देख नीमगांव पुलिस को सूचना दी।

एसआई गौरव सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया लेकिन बैंक के ग्राहकों को अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है कि कब तक उनको उनका पैसा वापस मिलेगा अधिकारियों के हस्तक्षेप पर मामला फिलहाल शांत नजर आ रहा है।

## सम्पादकीय....

# जाति क्यों नहीं जाती

सच मानिए इस समय ऐसा माहौल बन गया या बना दिया गया है कि यदि कोई भी अटपटी खबर आती है तो महीनों तक बहस जारी रहती है।ब्रेकिंग न्यूज चलती रहती है।खासकर धर्म से संबंधित कुछ भी ऐसा हो या वैसा हो,खबरें जारी रहती हैं।इसके साथ ही यदि कोई ऐसी खबर या ब्यानबाजी आ जाए जो सच में सामाजिक हो,जनमुद्दों की हो,समाज के एक बड़े तबके के हित की बात हो या फिर देश हित की कोई बात हो,तो वह ब्यान या खबर प्रिंट मीडिया में कहीं कोने में पड़ी सिसक रही होती है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में वह मात्र एक दिन भी नहीं पकड़ती।डिजिटल मीडिया में तो उसका चर्चा ही नहीं हो पाता।मगर धर्म,जात,मजहब की खबरें या ब्यान तीनों जगह सिर चढ़कर बोलती हैं।दो खबरें याद कीजिए,हाल की।पहली जो देश के मुख्य न्यायधीश एनवी रमणा ने कहा है कि बहुत लोग न्याय के दरवाजे तक नहीं पहुँच पाते और मौन रहकर पीड़ा सहने को विवश होते हैं।दूसरी खबर देखिए देश के पूर्व आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि यदि विकास चाहते हैं तो सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठना होगा,बहुसंख्यक अधिनायकवाद को खत्म करना होगा वरना हालात कुछ भी हो सकते हैं।क्या इन खबरों को वो स्पेस मिला जो अक्सर ऐसी–वैसी खबरों को मिल पाता है?क्या इन पर वैसी चर्चा हुई जैसी गैर–जरूरी मुद्दों पर होती रहती है।जिसे देखकर कई बार तो ऐसा लगता है कि अखबार ना ही पढ़ा,देखा जाए तो बेहतर होगा।टीवी देखना ही बंद कर दिया जाए तो ठीक रहेगा और डिजिटल मीडिया की तरफ ना ही जाया जाए तो सम्भवतः अच्छा रहेगा और यकीन मानिए बहुत लोग ऐसा कर रहे हैं और करने लग रहे हैं?क्योंकि तीनों ही मीडिया और लगभग–लगभग सरकार और विपक्ष भी रोटी,कपड़ा,मकान,शिक्षा,स्वास्थ्य और सुरक्षा की तरफ से पूर्णतया विमुख हो चुके हैं।खैर,मुद्दा यह है कि जो मुख्य न्यायाधीश महोदय ने कहा है वह अति–महत्वपूर्ण है कि अधिकतर लोग मौन रहकर पीड़ा सहन करते हैं और न्याय जिसको ष्सामाजिक उद्धार का द्वारष कहा जाता है,वहाँ तक पहुँच ही नहीं पाते।सच है यह और कड़वा सच है।पर इसमें यह जोड़ना जरूरी होगा कि उस द्वार तक पहुँचने के लिए एक ब्रेकर है और वह है पुलिसिया सिस्टम जो उस द्वार तक जाने से पहले ही किसी को इस हद तक तोड़ देता है कि आदमी सिहर उठता है और उस द्वार तक जाने का नाम ही नहीं लेता,साथ ही जो व्यवस्था हमारे यहाँ है,उसका तो कोई जबाब ही नहीं क्योंकि वो व्यवस्था केवल और केवल पैसे की है,सिफारिश की है,दंगाई की है,गुंडागर्दी की है,तथाकथित सत्ताधारी दल के नेताओं,कार्यकर्ताओं की है,अफसरशाही की है क्योंकि यदि ये सब आपके पास है तो आपका कोई काम नहीं रुकेगा?आपको कोई कुछ कहने की हिम्मत नहीं करेगा?आपके हकों पर कुठाराघात नहीं होगा?आपकी हर बात सुनी जाएगी और यदि आपके पास ये सब कुछ नहीं है तो फिर आप प्लीज!मौन रहकर पीड़ा सहन करते रहिए।कोई चारा नहीं है?इससे थोड़ा–सा आगे बढ़ते हैं माननीय मुख्य न्यायधीश महोदय आपके ब्यान को आगे बढ़ाते हुए यह बात भी है कि न केवल लोग मौन रहकर पीड़ा सहन कर रहे हैं बल्कि इस देश में लोग घुट–घुटकर, तिल–तिल मरने को विवश हैं मगर जिए जा रहे हैं और इसका कारण है––जाति,जो कभी भी नहीं जाती और देश के करोड़ों–करोड़ लोगों को घुट–घुटकर जीने को विवश कर रही है।जाति का दंश जो झेलता है,ये उसे ही पता है कि वो कितना जहरीला होता है और हरपल उसे मारता रहता है।जाति का ठप्पा एक ऐसा ठप्पा है जो कभी भी आपकी पीठ से उतरेगा नहीं।वैसे कहने वाले यह बोल देते हैं कि आजकल तो ऐसा नहीं है क्योंकि वो जानते हैं कि कैसे और कब,क्या बोलना है?मगर यह कड़वी सच्चाई है कि आज के दौर में जाति के नाम पर नफरत पहले की अपेक्षा बढ़ी है।पहले इसका रुप खुला था पर आज इसका रूप खुला नहीं है,शराफत वाला लेबल लगाकर नए तौर–तरीकों से हमारे सामने है।वरना क्या बात है कि एक ही बात जब निम्न जाति वाला बोले तो वो बात गलत और बिल्कुल वही एकसमान बात,वही शब्द,वही भाव,वही बोल उच्च जाति वाला बोले तो एकदम सही,आखिर ऐसा कैसे हो सकता है?यह केवल जाति के कारण होता है।हथकंडे ऐसे अपनाए जाते हैं संस्कृति का लबादा ओढ़ाकर कि किसी को पता तक न चले और सिर भी ऊँची जाति वालों का ही ऊँचा रहे।ऐसी–ऐसी जुगत भिड़ाई जाती हैं कि निम्न जाति वालों को कार्यालय तक में ना बैठने दिया जाए,बेशक खुद कुछ भी करें।कमाल तो तब होता है जब कोई निम्न जाति का व्यक्ति उच्च जाति वाले के साथ तर्क पर बात करें तो देखिए कितना सुंदर जबाब ये ऊँची जाति वाले लोग बोलते हैं कि आपसे तर्कों में तो कोई जीत नहीं सकता,इसलिए बात हमारी ही सही है।ये हाल तो मध्यम वर्ग के निम्न जाति के लोगों का है।फिर सोचिए कि जो दिहाड़ी–मजदूरी करते हैं,उनका क्या हाल होगा?वैसे कहने को हम इस देश को एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहते हैं जो एक विशेष नाम से पुकारा जाएगा और हम अपना आंकड़ा बताते हैं कि हम अस्सी करोड़ से ज्यादा हैं लेकिन सामाजिकता की जब बात आती है,अधिकारों की जब बात आती है,सम्मान की बात जब आती है,समानता की जब बात आती है तब हमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और आदिवासी याद नहीं आते फिर काहे को हम अस्सी करोड़ से ज्यादा हुए जब हम अपने ही लोगों को अपना मानने को तैयार नहीं है।आखिर क्यों और कब तक?कब होगी इन सवालों पर बहस?कब बोलेगा इंडिया इन पर?कब लब खोलेंगे सब लोग इन सवालों पर?आखिर कब?या फिर मुख्य न्यायाधीश द्वारा कही गई बात और रघुराम राजन द्वारा कही गई बात यों ही छिपी हुई खबर भर बनकर रह जाएगी।एक बात हमेशा याद रखिए कि नफरत और भेदभाव के रहते कभी भी विकास और उन्नति की कल्पना करना भी बेमानी होगा।आइए!सबसे पहले जाति को जड़ से खत्म करें और इसके लिए जरूरी सोच का बदलना,सोच बदलें और अपने ही लोगों के साथ किसी भी किस्म का भेदभाव ना करें।साथ ही नफरत को त्याग दें और बहुसंख्यक अधिनायकवाद को छोड़ दे,देश तभी आगे बढ़ेगा जब देश में रहने वाली जनता आगे बढ़ेगी।यह जरूरी है,बहुत जरूरी है।

कृष्ण कुमार निर्माण
करनाल,हरियाणा

# यदि चाहे हम हर घर जल, बचत-प्रबंधन इसके हल

हम यह भूल जाते हैं कि पानी के बिना वे सब बेकार हैं। हम अपनी जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते रहते हैं। कम से कम हममें से हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि सड़क किनारे लगे हुए नलों से पानी बह रहा है और बेकार जा रहा है, लेकिन हम वहां से गुजर जाते हैं और नल को बंद करने की चिंता नहीं करते। हमें इन विषयों पर सोचना चाहिए और अपने रोज के जीवन में जहां तक संभव हो पानी बचाने की कोशिश करनी चाहिए। इस समय पृथ्वी ग्रह पर जीवन को बचाये रखने के लिए सबसे बड़ी जरूरत पानी को बचाने की हैय यह सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधनों का प्रबंधन कैसे किया जाएगा कि देश में सभी को समान मात्रा में पानी मिले।

जैसे–जैसे जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है, वैसे–वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ, पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। अन्य कठिनाइयाँ, जैसे भूजल की कमी और अनियमित वर्षा। इन कठिनाइयों ने ग्रामीण आबादी को तनाव में डाल दिया है, जो पारंपरिक ज्ञान और जल ज्ञान के साथ अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करती है। जब स्वास्थ्य की बात आती है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पाइप से पानी की आवश्यकता होती है। पानी और ऊर्जा के संबंध को बनाये रखने के लिए जल संरक्षण को बढ़ाने और प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि यह भावी ऊर्जा उत्पादन के लिए भी बहुत जरूरी हैं। हममें से ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि पानी बचाने के लिए एक अकेला आदमी क्या कर सकता है। इस तरह के विचार से हम लोग रोज पानी नष्ट कर देते हैं। आज की दुनिया में सभी लोग इस दौड़ में लगे हैं कि हम अपने घरों में बड़े–बड़े गुसलखाने बनाये, लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि पानी के बिना वे सब बेकार हैं। हम अपनी जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते रहते हैं। कम से कम हममें से हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि सड़क किनारे लगे हुए नलों से पानी बह रहा है और बेकार जा रहा है, लेकिन हम वहां से गुजर जाते हैं और नल को बंद करने की चिंता नहीं करते। हमें इन विषयों पर सोचना चाहिए और अपने रोज के जीवन में जहां तक संभव हो पानी बचाने की कोशिश करनी चाहिए। भारत की बात की जाए तो यहां प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। आबादी बढ़ने के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अधिक इस्तेमाल होता है। जल स्रोत, स्थानीय तालाब, ताल–तलैया, नदियां और जलाशय प्रदूषित हो रहे हैं और उनका पानी कम हो रहा है। इस समय देश की बढ़ती आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा भारत में खेती भी बारिश के भरोसे ही होती है। भारत में खेती की सफलता पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। अच्छी वर्षा का मतलब अच्छी फसल होता है। वर्षा जल को बचाने की बहुत जरूरत है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसमें कोई तेजाबी तत्व न मिलने पाये क्योंकि इससे पानी और उसके स्रोत प्रदूषित हो जाएंगे। तभी तो जल जीवन मिशन राष्ट्रीय जल जीवन कोष की नींव है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने एक सरकारी कार्यक्रम के बारे में एक बड़ी घोषणा की। जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। पुनर्नवीनीकरण पानी और रिचार्जिंग संरचनाओं का उपयोग करना, जलमार्ग का विकास,पेड़ लगाने पर ध्यान दे रहे हैं। पारंपरिक और अन्य जल निकायों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यह मिशन नल कनेक्शनों को काम में लाकर नल के पानी के कनेक्शन की कमी को दूर करेगा। यह स्थानीय प्रबंधन पर आधारित है कि कितना पानी उपयोग किया जाता है और कितना उपलब्ध है। यह मिशन पानी की कटाई, पानी को सीधे धरती में डालने और घरेलू अपशिष्ट जल का प्रबंधन करने जैसी चीजों के लिए स्थानीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा ताकि इसे फिर से इस्तेमाल किया जा सके। 2024 तक ग्रामीण घर के प्रत्येक व्यक्ति को एक नल कनेक्शन से प्रतिदिन 55 लीटर पानी मिल सकेगा। मिशन समुदाय को पानी के लिए एक योजना के साथ आने में मदद करता है जिसमें बहुत सारी जानकारी, शिक्षा और संचार शामिल है। इस योजना में 3 लाख करोड़ रुपये की राशि दी गई। इस मिशन में हर कोई पानी के लिए जन आंदोलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने में मदद करता है। हिमालयी और उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए, फंड को केंद्र और राज्य के बीच 90:10, बाकी राज्यों के लिए 50:50 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100: विभाजित किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के एससीध्एसटी बहुल गांवों में भी हर ग्रामीण परिवार को नल का पानी दिया जाता है, ताकि ष्कोई भी छूट न जाए।ष साथ ही, उन जगहों पर नल के पानी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है, जहां पानी की गुणवत्ता खराब है, जैसे मरुस्थल और सूखा प्रभावित क्षेत्र, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति बहुसंख्यक गाँव, सांसद आदर्श ग्रामीण योजना गांव, इत्यादि। पानी समितियों की योजना में गाँव की जलापूर्ति प्रणाली भी अच्छी स्थिति में है, जिसमें वे व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से संचालित करते हैं।

इनमें से कम से कम आधे संघों में 10 से 15 सदस्य हैं, जिनमें से कम से कम आधी महिलाएं हैं। अन्य सदस्य स्वयं सहायता समूहों, मान्यता प्राप्त सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी शिक्षकों और अन्य स्थानों से आते हैं। समितियों ने अपने सभी संसाधनों का उपयोग करने वाले गाँव के लिए एकमुश्त कार्य योजना तैयार की हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छता मिशन को अमल में लाने में कुछ समस्याएं है जिसमें प्रमुख विश्वसनीय पेयजल स्रोतों की कमी हैं। जल–तनावग्रस्त, सूखा–प्रवण और उपोष्णकटिबंधीय जैसे क्षेत्रों में, भूजल, असमान इलाके और बिखरी हुई ग्रामीण बस्तियों में स्थान–विशिष्ट संदूषकों की उपस्थिति है तो साथ ही, गांव में जलापूर्ति के बुनियादी ढांचे के प्रबंधन और संचालन के लिए स्थानीय ग्राम समुदायों की अक्षमता आड़े आती है। कुछ राज्यों में, विशेष रूप से कोविड –19 महामारी के बाद, मैचिंग स्टेट शेयर जारी करने में देरी भी इस मिशन की सफलता के रास्ते में बाधा बन रही है। जल जीवन मिशन में अब तक की प्रगति देखे तो जिस समय जल जीवन मिशन की घोषणा की गई थी, उस समय 18.93 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 17.1: के पास नल के पानी के कनेक्शन थे। इसका मतलब यह हुआ कि 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। जेजेएम के तहत अब तक 5.38 करोड़ (28:) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं। इसलिए, देश के 19.22 बिलियन ग्रामीण परिवारों में से 8.62 बिलियन (या 44.84 प्रतिशत) पीने योग्य नल का पानी है। गोवा, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पुडुचेरी जैसे राज्यों के ग्रामीण इलाकों में नल से बहते पानी वाले घरों की संख्या 100: तक पहुंच गई है। ष्हर घर जलष हर किसी की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है। मिशन का प्राथमिक उद्देश्य जितना हो सके कम से कम बर्बाद करते हुए पानी की बचत करना है। इस समय पृथ्वी ग्रह पर जीवन को बचाये रखने के लिए सबसे बड़ी जरूरत पानी को बचाने की हैय यह सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधनों का प्रबंधन करके किया जाएगा कि देश में सभी को समान मात्रा में पानी मिले।

– सत्यवान 'सौरभ'

# ताइवान को दूसरा यूक्रेन बनाने की अमरीकी तैयारी

(नैंसी पेलोसी की ताइपे यात्रा, चीन की अमेरिका को धमकी)

इस बात में दो मत नहीं कि अमेरिका जिस देश का समर्थन करता है वह निश्चित तौर पर मुसीबत में आ जाता है। दो बड़े उदाहरण अफगानिस्तान और यूक्रेन हमारे सामने हमें दिखाई देते हैं। जब अफगानिस्तान को तालिबानी आतंकवादियों के खिलाफ अमेरिका की सख्त जरूरत थी तब अमेरिका ने पीठ दिखाकर एक हफ्ते में अपनी सेना को अमेरिका वापस बुला लिया और अफगानिस्तान को मुसीबत में छोड़ दिया था।इसी तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ भड़का कर उसे युद्ध की विभीषिका में ढकेल कर यूक्रेन को रूस के हाथों नेस्तनाबूद करा दिया। युद्ध अभी भी जारी है हालांकि रूस और यूक्रेन को इस युद्ध में भारी जनहानि और अरबों रुपयों का नुकसान हुआ है पर अमेरिका तथा नाटो देश बाहर बैठकर सिर्फ तमाशा ही देख रहे हैं। इसी तरह अमेरिका ताइवान को चीन के खिलाफ लगभग दो दशक से भड़का रहा है और उसे स्वतंत्र संप्रभुता वाला देश बनने की मान्यता दे दी है और अमेरिका के राष्ट्रपति खुले तौर पर ताइवान का चीन के खिलाफ साथ देने का बयान देते आ रहे हैं। चीन ताइवान को अपनी राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा मानता है और अमेरिका के किसी तरह भी ताइवान में हस्तक्षेप के खिलाफ उसने लगातार अमेरिका चेतावनी दी है। चीन के ग्लोबल समाचार के अनुसार अमेरिका की हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की स्पीकर नैंसी पेलोसी ताइवान की राजधानी ताइपे पहुंच ही गई हैं। चीन की लगातार चेतावनी के बावजूद नैंसी ताइवान एडवांस फाइटर जेट के 24 में सवार होकर ताइवान की राजधानी ताइपे में विगत रात उतर गई। नैंसी के ताइवान पहुंचने के बाद चीन ने स्पष्ट रूप से अमेरिका को धमकी दी है कि हम टारगेट मिलट्री एक्शन लेंगे ,हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया है किन किन टारगेट पर कार्रवाई की धमकी दे रहा है। इसके पहले हमेशा ताइवान और चीन तीनों ने अपनी मिलिट्री फोर्सेज को जंग के लिए तैयार रहने को कहा गया है तीनों देशों ने अपनी फौज को हाई अलर्ट पर रखा है। नैंसी पेलोसी ने ताइवान पहुंचने के बाद ताइवान के लिए अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा की यह यात्रा अमेरिकी नीति के अनुरूप ही है किसी भी तरह विपरीत नहीं है उन्होंने आगे कहा की हमारे कांग्रेसी प्रतिनिधि मंडल कि ताइवान यात्रा यहां के जीवंत लोकतंत्र का समर्थन करने के लिए अमेरिका की अटूट दोस्ती का सम्मान करने हेतु आई हैं। उधर चीन की सेना के प्रवक्ता ने ऐलान किया है कि वह आगामी दो दिनों में दीवान के आसपास 6 से 10 क्षेत्रों में लाइव फायर एक्सरसाइज और सैन्य अभ्यास तथा प्रशिक्षण करेगा। चीन ने अमेरिका को स्पष्ट रूप से धमकी देते हुए कहा है इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उधर नैंसी ने अपने अधिकारी ट्विटर पर कहा है कि ताइवान के 23 मिलियन लोगों के साथ अमेरिका की एकजुटता ज्यादा मायने रखने वाली एवं महत्वपूर्ण है उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी अब अमेरिका की है। नैंसी की यह यात्रा उनके आधिकारिक बयानों के अनुसार अमेरिका की 1979 ताइवान संबंध अधिनियम के किसी भी तरह से विपरीत नहीं है यह यात्रा उसके अनुपालन में की गई है। चीन के आधिकारिक समाचार पत्र ग्लोबल समाचार ने पहले कहा था यदि नैंसी का प्लेन ताइवान की तरफ आएगा तो उसे उड़ा दिया जाएगा पर ऐसा कुछ हुआ नहीं या तो अमेरिका चीन की धमकियों को बहुत हल्के से ले रहा है या वह चीन से युद्ध करने के लिए पूरी तरह से सैन्य रूप से सक्षम एवं तैयार है। गौरतलब है की यूक्रेन को भी अमेरिका द्वारा लगातार भड़काने के समय रूस ने ऐसे ही यूक्रेन को लगातार युद्ध के लिए धमकाया था फिर अंततः उसने आक्रमण ही कर दिया और आज स्थिति आपके सामने है यूक्रेन बर्बादी के कगार पर है। अमेरिका को भी यह बात समझ लेना चाहिए कि चीन अब दो दशक पुराना देश नहीं रहा अब वह सामरिक, आर्थिक, तथा अन्य क्षेत्र में बहुत मजबूत है और विश्व की तीसरी शक्ति भी है। ताइवान को लगातार चीन के खिलाफ भड़काने मैं अमेरिका पिछले दो दशक से लगा हुआ है। ताइवान की सैन्य शक्ति ईतनी मजबूत नहीं है कि वह चीन के सामने किसी तरह भी टिक पाए। चीन ने रूस यूक्रेन युद्ध में रूस का साथ दिया था अब यदि चीन और ताइवान का अमेरिका के हस्तक्षेप से विवाद और युद्ध होता है तो ताइवान पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। अमेरिका का पूर्व का इतिहास रहा है कि उसने कभी किसी देश का खुलकर समर्थन नहीं किया एवं सैन्य मदद नहीं की है। ऐसे में यदि चीन रूप के समर्थन से ताइवान के साथ युद्ध करता है और यदि ताइवान के साथ अमेरिका और यूरोपीय देश खड़े होते हैं तो विश्व युद्ध होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ताईवान को दूसरा यूक्रेन होने से बचाया भी नहीं जा सकता है। क्योंकि चीन के प्रवक्ता ने स्पष्ट रूप से बता दिया है नैंसी की ताइवान यात्रा चीन की की संप्रभुता पर खुला हस्तक्षेप है और यह बात चीन किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि चीन और रूस के प्रशासक शी जिनपिंग और पुतिन विस्तार वादी नीति के बड़े पोषक हैं और अपने देश को किसी भी युद्ध की परिस्थिति में झोंकने से परहेज नहीं करने वालों में से हैं। यदि अमेरिका लगातार ताइवान में इसी तरह चीन की नीतियों के विरुद्ध हस्तक्षेप करता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब चीन और रूस मिलकर अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के खिलाफ विश्व युद्ध करने से भी नहीं रुकेंगे। ऐसे में वैश्विक अशांति का खतरा सभी देशों पर मंडराने लगेगा।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक,
स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़

# रक्षाबंधन

जब जब रक्षाबंधन का त्योहार आता सुनयना बड़ी उदास हो जाती थी । क्योंकि रक्षाबंधन के पहले उसकी सभी सहेलियॉ राखी की बनाने और बांधने की तैयारी के बारे में इकट्ठी होकर बात करती थी और दूसरे दिन राखी पर मिले उपहारों की चर्चा करती थी ।वह इन सब में कभी शामिल नहीं हो पाती थी। सच मानो तो राखी के त्योहार और नाम से ही चिढ़ने लगी थी ।वह इन सबसे अलग उदास होकर बैठ जाती थी ।बचपन में जब वह छोटी थी तब ही उसकी मम्मी शालिनी किसी सड़क दुर्घटना में असामयिक काल का शिकार हो गई थी। सुनयना के पापा सौरभ अपनी पत्नी शालीनी और बेटी सुनयना को बहुत चाहता था। शालीनी की यादों में ही अपनी पूरी जिंदगी गुजार दी। परिवार वालों की लाख कोशिशों के बाद दूसरे रिश्ते के लिए हॉ नहीं करके यह कहकर मना कर देता कि ष्मैने पत्नी को तो खो दिया है। दुबारा विवाह कर बेटी को नहीं खोना चाहता हूँष।

हर वर्ष एक व्यक्ति सुनयना के मोहल्ले में घर घर में जाकर आवाज लगाता और राखी बेचता था। वह पिछले पॉच वर्षों से देख रहा था कि जब जब वह सुनयना के घर राखी खरीदने के लिए पूछता तो वह पहले गुस्से में चिखती हुई कहती कि मुझे नहीं लेनी है राखी और सुबक कर रोती हुई तेजी से धड़ाम से दरवाजा बंद कर लेती थी ।वह कभी समझ नहीं पाया कि ऐसा क्यों हो रहा है,पर इस बार राखी वाला घर से ही निर्णय लेकर आया था कि मैं कारण जानकर ही रहूँगा। आज उसने आवाज नहीं लगायी और डोर बेल को बजाया और दरवाजा खुलते ही प्यार से कहा ष्दीदी राखी ले लिजिए ना ये शब्द सुनकर सुनयना



की ऑखे भर आई और कहा कि ष्मेरे कान किसी भाई से दीदी सुनने को तरसते रहे है। मेरे कोई भाई नहीं है मैं किसको बॉधु राखी? पर आपने आज राखी के दिन मुझे दीदी कहा है तो........ मैं सबकी कलाई राखी से सजवा देता हूॅ पर मेरी कलाई सूनी ही रह जाती है। मेरे भी कोई बहन नहीं है। राखी बांधकर इस भाई की सुनी कलाई को सजा दीजिए। सुनयना अपना वाक्य पूरा करती इससे पहले ही राखी वाले ने अपनी कलाई आगे बढाकर आगे का वाक्य पूरा कर दिया।

सुनयना और राखी वाले दोनों के लिए जैसे आज भाई बहन के रिश्ते का नया जन्म हुआ।सुनयना दौड़कर थाल सजा लाई और राखी वाले भाई से राखी खरीदकर उसकी सुनी कलाई को सजा दिया।अब दोनों की ऑखो में इस नये रिश्ते को पाकर खुशी के ऑसू थे।

सीमा लोहिया
झुंझुनू (राजस्थान )

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक


## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## समय से पहले विद्यालय मिला बंद

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर(मौदहा)। शिक्षा विभाग की बडी लापरवाही देखने को मिली है। विद्यालय प्रधानाचार्य सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए नजर आए हैं। जिसका विडियो स्टांप कैमरे के साथ वायरल हुआ है। मौदहा विकास खण्ड के ग्राम हिमौली में स्थिति प्राथमिक विद्यालय समय से पहले ही बंद पाया गया, वही बच्चों का कहना है कि एक दिन नहीं कई दिनों से इसी समय बंद कर दिया जाता है।जो जिला प्रशासन के तमाम आदेशों की अवेहलना कहताला है। वहीं समय के पहले



विद्यालय बंद होने का वीडियो किसी न स्टांप कैमरे में कैद कर लिया जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा पर जोर देने का प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ विद्यालय अध्यापक आदेशों को दरकिनार करते हुऐ दिखाई दे रहे है। मामले की जानकारी देते हुऐ खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा ने बताया कि कल विद्यालय जाकर संबधित वीडियो की जांच की जाएगी, मामला सही पाए जानें पर विद्यालय को नोटिस दिया जाएगा।

## आखिर क्यों गायब हो रहे हैं स्मारकों से स्वतंत्रता सेनानियों के नाम

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। कस्बा हसेरन के प्राइमरी पाठशाला के पास बने सेनानियों के नाम से अंकित स्मारक चिन्ह अपने आप मे विलुप्त की श्रेणी में नजर आ रहा है। धीरे–धीरे लोग भूल रहे हैं। भारत की आजादी के लिए जिन्होंने



लड़ाइयां लड़ी भारत को आजाद कराया। ऐसे स्वतंत्रा सेनानियों के नाम लाल पत्थर से बने स्मारक चिन्ह पर आज भी अंकित है। हसेरन विकासखंड से करीब 17 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शिला पट पर आज भी लिखे है। भारत आजाद होने के 25 वर्ष पूर्ण होने के बाद इस स्मारक चिन्ह का शिलान्यास सन 1972 में स्मारक चिन्ह लगाया गया था। सन 2002 में लल्लू लाल प्रधान द्वारा स्मारक प्रतीक का जीर्णोद्धार भी करवाया गया था। उनके कार्यकाल के बाद आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। लाल पत्थर से बने स्मारक पर संविधान की परिभाषा भी लिखी है। लाल पत्थर से बनी स्मारक आज भी अपने आप में महत्वपूर्ण रखती है। हसेरन क्षेत्र के स्वतंत्र सेनानियों के नाम आज भी सिलावट पर लिखे हुए है। ब्लॉक के आला अधिकारी सहित जनपद का कोई भी अधिकारी ऐसे प्रतीक स्थल को भूलता जा रहा है।

## आधा दर्जन वांछितों पर पुलिस ने की कार्रवाई

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कार्रवाई की। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक



लोगों पर कार्रवाई की। थाना अध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन पर इंदरगढ़ पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। वांछित अभियुक्त दीवान पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम पट्टी , राजेंद्र पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम जसपुरा , बदन पुत्र गेदनलाल निवासी ग्राम सरगौली , जगपाल पुत्र स्वर्गीय मलखान सिंह निवासी ग्राम नई बस्ती , प्रहलाद पुत्र गौरीशंकर , योगेंद्र वर्मा पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम रत्नापुर , धीरेंद्र पुत्र महाराज , महाराज पुत्र मौजीलाल, साधना देवी पत्नी महाराज निवासी ग्राम जिनौठी इंदरगढ़ कन्नौज को गिरफ्तार कर वांछित अभियुक्तों पर पुलिस ने कार्रवाई की ।

## कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सरायमीरा में चलाया गया एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। कोतवाली में तैनात महिला इंचार्ज हेमलता ने चलाया एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को उनके अधिकार और हेल्प लाइन की जानकरी दी.कन्नौज के सरायमीरा में रेलवे स्टेशन पर बस स्टॉप पर लोगों को एंटी रोमियो के बारे में बताया कोई




भी का समस्या आती है तो तुरंत 1090 पर कॉल करें महिला सुरक्षा तुरंत मिलेगी उन्होंने बताया किसी तरह की कोई घटना होती है तो आप 1090 पर लगाए कॉल कोई लड़का अगर किसी लड़की के साथ छेड़छाड़ करता है या टप्पेबाजी करता है तो 1090 पर जानकारी दें।

## महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण जागरूकता शिविर के लाभार्थियों को प्रशिक्षण

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। सर्वेश चंद्र त्रिपाठी प्रभारी राजकीय फल सरंक्षण केंद्र कन्नौज ने बताया कि वर्ष 2021–22 व 2022–23 तक जिन ग्रामीण लोगों ने महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण जागरूकता शिविर में प्रशिक्षण लिया है, जो लाभार्थी लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाना चाहते वो एक माह की ट्रेनिंग के लिए राजकीय फल सरंक्षण केंद्र डाक बंगला रोड कन्नौज में 10 अगस्त तक अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। प्रशिक्षण के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

## बीडीओ की दबंगई अपने कार्यालय पर समूह की महिलाओं से की अभद्रता एवं समूहों को बंद कराए जाने की धमकी

भाग्यनगर,औरैया। ब्लॉक भाग्यनगर के बीडीओ की दबंगई के सामने आई। सूबे की सरकार महिलाओं को समूह के द्वारा कार्य करा कर महिलाओं की मान मर्यादा को बढ़ाया जा रहा है। तो वही योगी सरकार के कानून को ठेंगा दिखाते दिखे भाग्यनगर के बीडीओ साहब। जहां बीडीओ भाग्यनगर समूह की महिलाओं को अभद्रता करते हुए एनआरएलएम को भी बंद कराने की भी धमकी दे डाली। और अपने कार्यालय से महिलाओं को जबरन निकालने पर उतारू हो गए। तथा यह सब देख ब्लॉक के अन्य कर्म चारी एकत्रित हो गए और महिलाओं को धमकाने लगे जिस से महिलाओं में दर उत्पन्न हो जानें से महिलाए सहम गई। जहां महिलाओं से माफी तक मांगने पर मजबूर कर दिया बीडीओ साहब ने अपने कार्यालय भाग्यनगर में



जहां आज समूह की महिलाएं एकत्रित हो कर जिलाधिकारी महोदय औरैया से मिलकर एक शिकायती पत्र देकर अपने साथ हुई अभद्रता की बात कही व जिलाधिकारी महोदय ने महिलाओं से आश्वाशन दिया की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही। एवं समूह की महिलाओं ने मीडिया से बात करते हुए कहा अगर जिलाधिकारी महोदय ने हम लोगों को न्याय नहीं दिया गया तो हम सभी समूह की महिलाएं एक जुट होकर पहले ककोर मुख्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे और ब्लॉक की ओर से सारे समूह बंद कर देंगे।

## डीएम ने बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर "विटामिन 'ए' सम्पूरक" कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक आच्छादन हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विटामिन 'ए' सम्पूरक कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया। उन्होने बताया है कि प्रत्येक वर्ष दो चरणों में छः माह के अन्तराल पर विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाता है। विटामिन 'ए' एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की 9 खुराक दिये जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है और वे स्वस्थ व पोषित रहते हैं। उन्होने बताया कि 03 अगस्त, 2022 से आगामी एक माह तक माइकोप्लान के अनुसार छाया वी.एच. एन.डी.



ध्यू.एच.एन.डी. सत्रों के माध्यम से 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को नियमानुसार विटामिन "ए" से आच्छादित किया जाना है। उन्होने सम्बन्धिा अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्ययोजना बनाकर सभी लक्षित लाभार्थियों को छाया वी.एच.एन.डी.ध्यू.एच.एन.डी. सत्र पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित किया जाय। प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को आच्छादित करने हेतु सत्र पर एक समय में 10 से अधिक बच्चे एकत्र न हो। आशा द्वारा उन्हें कुछ अन्तराल पर ही सत्र पर बुलाया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बाल श्रम उन्मूलन प्रशिक्षण की कार्यशाला का हुआ आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी बहराइच। जनपद बहराइच नया सवेरा योजना के अंतर्गत बाल श्रम से प्रभावित ग्रामोंध शहरी वालों के प्रभावशाली व्यक्तियों/स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सभागार विकासखंड चित्तौरा जनपद बहराइच में सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को पुष्पगुच्छ देकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान द्वारा सभी का स्वागत किया गया प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य चयनित प्रभावशाली व्यक्ति की क्षमता वृद्धि कर उनको प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षण के प्रारंभ में सिद्धार्थ मोदियानी कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बाल श्रमिक एवं अन्य परिवार को बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु पंजीयन कराए जाने के संबंध में जानकारी दी गई जिससे कोई भी बच्चा बाल श्रम की तरफ ना जाकर शिक्षा प्राप्त करता रहे।

बहराइच में बाल श्रम जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा की गई। बाल श्रम कराना कानून अपराध है कृपया इसे रोकने में प्रशासन का सहयोग करे अगर कोई बच्चा बाल श्रम करता हुआ दिखाई तो संबंधित अधिकारी को सूचना दे मंडलीय रिसोर्स पर्सन यूनिसेफ अनिल कुमार के द्वारा बच्चे की परिभाषा पर चर्चा करते हुए बाल अधिकारों जैसे जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला ने बताया कि बाल संरक्षण बाल



श्रम बच्चों की सुरक्षा बाल संरक्षण की ग्राम व ब्लॉक स्तर की समितियों व उनके कार्य के बारे में अवगतकराया गया श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान ने नया सवेरा योजना के बारे में बताया कि हॉटस्पॉट में बाल श्रमिकों का चिन्हांकन व उनके पुनर्वासन, स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठकें और उनके कार्यों के बारे में बताया गया।

आये हुये सभी प्रतिभागियों से बारी बारी वार्तालाप की गई और उनको जरूरतमंद बच्चो को योजनाओ से जोडने के लिए प्रेरित किया गया और यह सपथ दिलवाया गया कि न हम बाल श्रम करवाएंगे और न ही होने देंगे प्रशिक्षण में ब्लॉक चित्तौरा के 25 ग्रामों पंचायत के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक संचालन टेक्निकल रिसोर्स पर्सन नया सवेरा चंद्रेश यादव ने किया एवम श्रम विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओ के बारे में जानकारी दिया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन गोण्डा कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा ने एवम समाजसेविका इन्दू ने बाल संरक्षण के मुद्दे पर अपने विचार रखे प्रथम संस्था से राकेश चौबे, चाइल्ड लाइन बहराइच से मनीष यादव एवम अर्जुन एक्सन ऐड से रजिया, विजय शुक्ला, अमान आदि लोग मौजूद रहे।

## शिवानी गांव के वाशिंदे नारकीय जीवन जीने पर मजबूर

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। कुरारा क्षेत्र के शिवनी गांव के वाशिंदे नारकीय जीवन जीने को मजबूर , मुख्य सड़क में भरा एक फीट गन्दा नालियों का पानी , ग्रामीणों , बुजुर्ग व स्कूली बच्चों को निकलने में हो रही भारी परेशानी , ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही के चलते समस्या जस की तस , ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की बात कही है ,

विकासखण्ड क्षेत्र के शिवनी गांव में वार्ड नम्बर 08 व 09 में लक्के भगत के दरवाजे से लेकर प्रभु गुप्ता के दरवाजे तक तथा रामपाल पाल के दरवाजे से लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा के दरवाजे तक वही रहीस पूर्व प्रधान के दरवाजे से लेकर नन्द किशोर धोबी के मकान तक लगभग 100 मीटर लम्बी सड़क में नालियों का गंदा पानी भरा रहता है।

जिससे वहां से निकलने वाले जवान , बूढ़े बुजुर्ग , स्कूली छात्र छात्राएं आदि लोगों को इस सड़क से गन्दे कीचड़ युक्त पानी से घुसकर निकलना पड़ता है जिस वजह से गम्भीर बीमारियों का खतरा रहता है वही कई बार सांप , बिच्छु आदि कीड़ों ने लोगों को काट दिया है जिस वजह आए जान का खतरा हमेशा रहता है , वही ग्रामीण लक्के भगत , रहीस , रामपाल , लक्ष्मी विश्वकर्मा आदि ने बताया कि गांव की इन गलियों में बहुत ज्यादा समस्या रहती है , आएदिन लोग चुटैल हो जाते है और जिस वजह से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है , ग्रामीणों ने बताया कि यहां सफाई कर्मी भी नही आते है।

गांव की ज्यादातर गलियों में कीचड़ लबालब भर गया है जिसे साफ नही किया गया है , वही बताया कि कई बार सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है । वही जब इस बावत में ग्राम प्रधान संजय खान से बात की तो उन्होंने बताया कि सड़क में पानी भरने की मुख्य समस्या है कि नाली नही बनी है जिस वजह से पानी का भराव हो रहा है ।वही बताया कि लेखपाल आकर जगह चिन्हित कर नाली के लिए रास्ता निकालेगे इसके बाद ही कुछ हल निकलेगा ।

## मा0 सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षता में मानव तस्करी को रोकने के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

- कार्यशाला में संबंधित विभागों के अधिकारियों को मानव तस्करी को रोकने के लिए रिसोर्स पर्सन द्वारा संबंधित अधिकारियों को दी गई कानून एवं पीड़ितों के पुनर्वास संबंधी जानकारी

ओंकार नाथ चौधरी बलरामपुर। जनपद बलरामपुर वर्ल्ड डे अगेंस्ट हुमन ट्रैफकिंग पर जनपद में माननीय सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग निर्मला सिंह पटेल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मानव तस्करी को रोकने एवं पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में एक्सपर्ट रिसोर्स पर्सन पायल शर्मा द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को विस्तारपूर्वक मानव तस्करी रोकथाम संरक्षण एवं पुनर्वास विधेयक 2016 की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी संबंधी मामलों में सुनवाई हेतु विशेष अदालत बनाई गई है। मानव तस्करी में सबसे ज्यादा महिला एवं नाबालिक बच्चों की खरीद–फरोख्त होती है। किसी व्यक्ति को डराकर, बल प्रयोग कर, दोषपूर्ण तरीके से भर्ती करने, परिवहन करके शरण में रखने की गतिविधि मानव तस्करी की श्रेणी में आती है जिसमें अधिकतर बच्चे होते हैं। कई जगह बच्चों का अपहरण कर उनसे बधुआ मजदूरी कराना, भीख मगवाना आदि कामों में लगाकर उनका शोषण किया जाता है , अगर कहीं भी यात्रा के दौरान या किसी भी शहर में फैक्ट्री में जोखिम भरे स्थल पर किसी भी जगह कोई बालक या बालिका दिखे तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर पर सूचना प्रदान करें। मानव तस्करी रोकने के लिए पंचायत लेवल पर कमेटी, ब्लॉक लेवल पर कमेटी का गठन किया गया है। जिसके द्वारा मानव तस्करी के मामलों पर नजर रखी जाती है।

एक्सपर्ट रिसोर्स पर्सन द्वारा मानव तस्करी से छुड़ाए गए पीड़ित के पुनर्वास के लिए चलाई जा रही स्कीम चाइल्ड प्रोटक्शन स्कीम, जेजे एक्ट 2015, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप ऑफ चिल्ड्रन, प्रोडक्शन बीफोर चाइल्ड वेलफेयर, नालसा एक्ट आदि जानकारी दी गई।






इस अवसर पर मा० सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण अयोग ने कहा कि मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस की भूमिका अति महत्वपूर्ण है, सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा स्पेशल टीम का गठन किया जाए। मानव तस्करी से छुड़ाए गए पीड़ितों के पुनर्वास के लिए श्रम विभाग, प्रोबेशन भाग द्वारा चलाई जा रही इस स्कीम का लाभ दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योति गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी,कमांडेंट नवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह,जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, महिला कल्याण अधिकारी रागनी मिश्रा, जिला समन्वयक राधिका मिश्रा, दीपिका तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संयुक्तजिला चिकित्सालय भिनगा में तीन नवजात शिशुओं की मृत्यु का मामला प्रकाश में आया है

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी ने बताया है कि दिनांक 02 अगस्त, 2022 को संयुक्त जिला चिकित्सालय, भिनगा में 03 नवजात शिशुओं की मृत्यु का मामला प्रकाश में आया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय द्वारा यह जानकारी दी गयी कि आज प्रातः 7:00 बजे से चिकित्सालय मे विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिस कारण जेनसेट से चिकित्सालय एवं एस0एन0 सी0यू0 वार्ड मे निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जा रही थी, परन्तु सायः 4:00 बजे के आस–पास जेनसेट को रेस्ट देने के कारण 10–20 मिनट हेतु बन्द किया गया था। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के विषय में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, श्रावस्ती, डी0पी0 सिंह से जानकारी करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बारिश के समय मीटर एवं वी0सी0बी0 रूम मे शीलन के कारण सर्किट ब्रेक हुआ था, जिसे ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गयी। वर्तमान में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो चुकी है।

एस0एन0सी0यू0 वार्ड में जिन नवजात शिशुओं की मृत्यु हुई है, उनके विषय में स्थिति निम्नवत हैः– 1. नवजात शिशु (बेबी आफ पिंकी), जिसे दिनांक 02.08.2022 की प्रातः 6:00 बजे Gasping की अवस्था में भर्ती किया गया था, जिसका वजन 1.800 ग्राम था, जो लो–बर्थ वेट भी थी, की मृत्यु दिनांक 02.08.2022 को प्रातः 12:00 बजे हुआ था। 2. नवजात शिशु (बेबी आफ शीला), जिसे दिनांक 31.07.2022 की दोपहर 3:15 बजे भर्ती किया गया था जो सामान्य प्रसव से हुआ था, बच्चा रोया नही था एवं Birth Asphyxia था, की मृत्यु दिनांक 02.08.2022 को दोपहर 2:05 बजे हुआ था।

3. नवजात शिशु (बेबी आफ सोनू) जिसे दिनांक 31.07.2022 की प्रातः 4:00 बजे भर्ती किया गया था, जिसकी डिलीवरी उपकेन्द्र सिरसिया अन्तर्गत सामु0स्वा0केन्द्र सिरसिया पर दिनांक 31.07.2022 की रात्रि 1:30 बजे हुआ था। Meconium aspiration (डिलीवरी के दौरान गन्दा पानी पी लिया था) के कारण सांस लेने मे कठिनाई हो रही थी, रात्रि में बच्चे को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा मे सन्दर्भित करते हुये भर्ती कराया गया था। बच्चे की मृत्यु दिनांक 02.08.2022 को दोपहर 1:00 बजे हुआ था।

इस प्रकार किसी भी नवजात शिशु की मृत्यु आक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण नही होना पाया गया। चिकित्सालय मे आक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि एस0एन0सी0यू0 वार्ड मे आक्सीजन गैस पाइप लाइन के माध्यम से नवजात शिशुओ को आक्सीजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

आवश्यकता पडने पर आक्सीजन कन्सेनट्रेटर एवं आक्सीजन सिलेण्डर के माध्यम से भी आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 10 आक्सीजन सिलेण्डर भरे हुये थे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि एस0एन0सी0यू0 वार्ड मे जेनसेट के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। यह भी जानकारी दी गयी कि मीटर रूम एवं वी0सी0बी0 रूम (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) मे विद्युत विभाग के अभियन्ता और अन्य कर्मचारी गण द्वारा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये मीटर को ठीक कर आपूर्ति बहाल करा दी गयी है।

## बच्चों को विटामिन ए खुराक पिलाने का अभियान शुरू

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बुधवार को अस्पताल में फीता काटकर व बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर संपूर्ण अभियान की शुरुआत की।इसके तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, रतौंधी समेत अन्य बीमारियों से बचाने के लिए विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है। सीएमओ ने कहा कि कोरोना काल से लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ–साथ विटामिन ए की खुराक लेना अति महत्वपूर्ण है। नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और कुपोषण में भी कमी आती है। बच्चों में विटामिन ए की कमी से वह लगातार बीमार पड़ते हैं। आंखें कमजोर पड़ती है। वहीं इसकी कमी से संक्रमण वृद्धि व त्वचा में रूखापन भी शामिल है

जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डा.शक्ति वसु ने कहा कि विटामिन ए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। इसकी महत्ता को देखते हुए यह अभियान छ माह के अंतराल पर चलाया जाता है ताकि कोई बच्चा विटामिन ए की कमी से बीमार न रहे। विटामिन ए बच्चों का सुरक्षा कवच है।यह आंखों की बीमारियों जैसे रतौंधी,अंधता से बचाव के साथ साथ शारीरिक विकास के लिए भी आवश्यक है। विटामिन ए बच्चों में दस्त , निमोनिया जैसी घातक बीमारियों के प्रभाव से भी सुरक्षा करती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद में नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को प्रत्येक बुधवार व शनिवार को



नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी ।जनपद में करीब 1,86,995 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसमें 9 से 12 माह के 10,995 , एक से दो वर्ष के 41,242 एवं दो से पांच वर्ष तक के करीब 1,34,806 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन ए की खुराक देने के लिए हर बच्चे के लिए अलग डिस्पोजेबल चम्मच का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है । इसलिए लक्ष्य को पूरा करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। इस दौरान जिला शोध अधिकारी यतीन्द्र कुमार मंजुल, चिकित्साधिकारी डा.सुधान्शु द्विवेदी,डा.रावेन्द्र शाहू जिला कोल्ड चेन मैनेजर इरशाद वेग चिकित्सा अधिकारी डा.महेन्द्र भान सिंह, सर्विलांस मेडिकल डीएमसी आशुतोष बाजपेई सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जनपद के 3 लोगों को और मिला स्काउट का हिमालय उड बैज प्रमाण पत्र, लोगों में खुशी की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय गोल मार्केट महानगर लखनऊ मे हमारे मार्गदर्शक श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट के द्वारा हिमालय उड बैज का प्रमाण पत्र एवं बीट्स प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 1. दयाराम सरोज 2. महेंद्र कुमार वर्मा 3. इंद्र कुमार पाल यह जानकर डॉ आरवजेव मौर्य ( प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक), डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह जिला कमिश्नर स्काउट, अनुपम श्रीवास्तव जिला कमिश्नर गाइड, डॉक्टर गुलाब सिंह जिला सचिव, सुभाष चंद्र यादव सहायक कमिश्नर स्काउट कादीपुर,धर्मेंद्र प्रताप सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, ज्योति सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, गौरव सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट, कांति सिंह जिला संगठन आयुक्त गाइड सभी पदाधिकारियों ने प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## पीड़िता के घर पहुंची चिकित्सीय टीम, किया गया इलाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो रिपोर्ट सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित के एक गांव में बुधवार को विभाग



को महिला के तवियत खराब होने की जानकारी मिली।और उसके परिजन घर पर मौजूद नहीं है। जानकारी मिलते ही चिकित्सीय टीम पीड़ित महिला के घर पहुंची और पीड़िता का जरूरी उपचार करते हुए वर्तमान समय में चल रही बीमारियों के प्रति जागरूक किया। मामला जयसिंहपुर विकास क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।जहां बुधवार को क्षेत्र के बरसोमा गांव से एक व्यक्ति द्वारा नोडल चिकित्सा अधिकारी को दूरभाष पर जानकारी दी गई कि गांव में उर्मिला पत्नी राजेंद्र उम्र(52)वर्ष की तबीयत बेहद खराब है।और उसके परिजन मौके पर नहीं है। जानकारी मिलते ही चिकित्सक डा. दिग्विजय सिंह सुपरवाइजर देवी प्रसाद तिवारी के साथ पीड़िता के घर पहुंचे।वहां पहुंचकर चिकित्सक डॉ. दिग्विजय सिंह ने महिला स्वास्थ के संबंध में जानकारी ली और उसे जरूरी दवाएं देकर वर्तमान समय में चल रही बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

## कोतवाली देहात की कमान मिलते ही बैंक फ्रेंचाइजी संचालक के हत्यारों का हुआ खुलासा, भेजे गए जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवागत कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने आखिरकार कमान संभालते ही बैंक फ्रेंचाइजी संचालक के हत्यारों का खुलासा करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की वहीं दूसरी तरफ बैंक फ्रेंचाइजी संचालक राहुल शर्मा की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया राहुल की हत्या नौ हजार रुपए के लिए हुई थी। हत्यारोपियों ने लखनऊ वाराणसी फोरलेन के असरोगा टोल पर मृतक की बाइक खड़ी की थी। जबकि उसका शव चांदा कोतवाली के छतौना के पास मिला।बता दें कि थाना कोतवाली देहात के भरंईपुर गांव निवासी राहुल शर्मा (30) वाराणसी हाईवे किनारे स्थित कामतागंज बाजार में जनसुविधा केंद्र चलाता था। मंगलवार 26 जुलाई की शाम 6 बजे दुकान बंद करने के बाद घर के लिए निकला लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी दुकान से एक किलोमीटर दूर घर तक नहीं पहुंच सका था। बुधवार देर शाम घर से 30 किमी दूर लखनऊ हाईवे पर स्थित असरोगा टोल प्लाजा के पास गायब युवक की बाइक चाबी लगी और मोबाइल लावारिस हालत में मिला था। 28 जुलाई को चांद थाना क्षेत्र में लाश मिली थी। कुछ देर बाद उसकी पहचान राहुल शर्मा के रूप में हुई थी।पुलिस ने रेलवे क्रासिंग बरसड़ा के पास से आज आरोपी पिंटू उर्फ तेजबहादुर तिवारी पुत्र मुनिराज तिवारी निवासी ग्राम गौरा थाना चांदा व नन्दलाल निषाद पुत्र रामअवध निषाद निवासी ग्राम छतौना कला थाना चांदा को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पिंटू उर्फ तेजबहादुर तिवारी ने बताया कि भरथीपुर का रहने वाला राहुल शर्मा जो कि कामतागंज बाजार में बभनगवां रोड पर बैंकिंग सेवा केंद्र का संचालन करता था उससे मेरी कुछ दिनों से दोस्ती हो गयी थी। राहुल शर्मा अक्सर मेरे साथ मेरी बहन के यहां आया जाया करता था तथा रुकता भी था। उसके द्वारा बैंकिंग सेवा केंद्र पर रोजाना किये जा रहे रुपयों के लेनदेन से मेरी नीयत खराब होने लगी। आरोपियों को इस ताबड़तोड़ कार्यवाही को देखते हुए क्षेत्र में हड़कंप मच गया है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के दिशा निर्देशन पर अपराधियों एवं अपराधी की रोकथाम के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि क्षेत्र में किसी भी तरह का कहीं पर अपनी घटना ना होने पाए जिसको लेकर स्थानीय थाने की पुलिस टीम व कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में लंबा खुलासा करती हुई आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की।

## KNIPSS में एनएसएस के बैनर तले छात्र छात्राओं को हर घर तिरंगा लगाने के लिये किया गया प्रेरित

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थानमें आज राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले उपस्थित छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया गया । इस कार्यक्रम में एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० आर पी मिश्र नें उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष सम्पूर्ण देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। डॉ० मिश्र नें इस वर्ष के स्वतंत्रता उत्सव पर सभी छात्र छात्राओं को राष्ट्र के सम्मान में अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नें अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इस वर्ष के स्वतंत्रता उत्सव पर राष्ट्र के प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराने के लिए आह्वान किया है। इसी को रेखांकित करते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ० एस एन



त्रिपाठी नें उपस्थित छात्र छात्राओं को राष्ट्रध्वज का इतिहास व इसके महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला तथा बताया कि सभी छात्र छात्राएं, अपने परिवार के साथ साथ अपने ग्राम व मुहल्ले वासियों को भी स्वतंत्रता उत्सव के उपलक्ष्य में घर पर तिरंगा अवश्य फहराने हेतु जागरूक करे व राष्ट्रीय मान– सम्मान में अभिवृद्धि करें। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रोफेसर पी के सिंह, प्रोफेसर वाई बी सिंह, डॉ० ए के वर्मा, डॉ० शक्ति सिंह, डॉ० पी के रावत, डॉ० ओबैद, डॉ० वी के श्रीवास्तव, डॉ० पी सी तिवारी, डॉ० सुरेश यादव, अतुल कुमार वर्मा व रामशब्द आदि उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या के आरोप में पति,ससुर, सास को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई(जालौन)। पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार के निर्देशन में थाना रामपुरा पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप वांछित पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दहेज हत्या में आरोपित पति, सास व ससुर के खिलाफ रामपुरा थाने में मु. अ. सं. 84/22 धारा 498ए/304बी भादवि 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त गणों में योगेश कुमार व उसका पिता हरी सिंह पुत्र खचेरे निवासी गण मोहल्ला सुभाष नगर कस्बा व थाना रामपुरा एवं 1 अभियुक्ता सहित तीन को



गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## नाग पंचमी मेला में पुलिस प्रशासन के साथ मेला सुरक्षा में लगी रही उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की टीम



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट ब्यूरो चीफ। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति सुल्तानपुर के जिला सचिव ध्जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य पुलिस प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर मेला सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही।

नागपंचमी मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक विनोद सिंह ने शिवजी एवं शेष नाग देवता की पूजा अर्चना कर की द्यउनके साथ पूजा–अर्चना उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिवध् जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह पूर्व नगर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल एवं सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष बलदेव सिंह ने किया। नवज्योति समिति एवं कामाख्या सेवा दल के द्वारा इनका सम्मान अंग वस्त्र देकर एवं माला पहनाकर की गई। जिला सचिव अपनी टीम के साथ मेला क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लियाद्य उनके साथ समिति के कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रहरी, जिला सह सचिव आशीष तिवारी , लक्ष्मणपुर चौकी सचिव डॉक्टर संतोष पाठक, मीडिया प्रभारी विनय सेन, मीडिया सह प्रभारी गंगा शरण पांडे, कंप्यूटर प्रभारी मोहम्मद इस्माइल जमाल गेट वार्ड सचिव सुशील कनौजिया एवं कोतवाली देहात थाना सचिव अशोक सिंह आदि थे।

## डीएम चांदनी सिंह ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- कारागार के बैरक व भोजनालय, जिला जेल परिसर में बने अस्पताल का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला कारागार के बैरक व भोजनालय, जिला जेल परिसर में बने अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नही पाया गया। उन्होंने बैरक व परिसर में बने अस्पताल आदि का निरीक्षण कर बंदियो से वार्ता की। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्या के निदान हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाना है जिसके



लिए परिषद के अंदर ही 5 मशीनों के माध्यम से अच्छे झंडे बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला कारागार परिसर के अंदर ही बनाए जा रहे झंडा का कारागार स्टॉप व सरकारी कार्यालयों में लगाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार भी आ रहा है इसके लिए जिला कारागार की तरफ से बहुत अच्छी तैयारी की जा रही है जिला कारागार में ही अच्छी राखियां बनाई जा रही हैं महिलाएं अपने भाई को राखी बांधने जरूर आएं।

## जिसके हुजूर मौला उसके अली भी मौला मुफ्ती नईम मिस्बाही

- आए हुए लोगों का इंतजामियां कमेटी ने किया इस्तकबाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। तिलक नगर स्थित बरकाती ग्राउंड में 46वां सालाना प्रोग्राम पैगामे शहीद ए आजम का आयोजन मुस्लिम वैल्फेयर एसोसिएशन कमेटी की जानिब से किया गया है जिसकी मंगलवार को तीसरी महफिल थी। प्रोग्राम का आगाज हाफिज फजले अजीम रहमानी ने किया संचालन तालिब बेग बरकाती ने किया।उन्नाव से आये मौलाना नईम खान मिस्बाही साहब ने तकरीर की और हजरत अली की शान ब्यान फरमाई।मौलाना साहब ने बताया हजरत अली का जन्म सऊदी अरब में स्थित मक्का शहर में हुआ था, जो कि इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल हैं। यह पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के चचेरे भाई और दामाद थे। उनके माता का नाम फातिमा बिन्त असद और पिता का नाम अबु तालिब था। हजरत अली को पहला मुस्लिम वैज्ञानिक भी माना जाता है, क्योंकि वह आम लोगों में विज्ञान से जुड़ी जानकारियों को बहुत ही अलग और रोचक ढंग से पहुंचाते थे। हजरत अली को मुसलमानों के चौथे खलीफा के रूप में जाना जाता हैं।

हजरत अली लोगों को अमन और शांति का पैगाम दिया करते थे। वो कहते थे कि इस्लाम कत्ल और भेदभाव करने के पक्ष में नहीं हैं अपने दुश्मनो से प्रेम करो इससे वो एक दिन आपका मित्र बन जाएगा। उनका मानना था कि अत्याचार करने वाले के साथ–साथ उसकी सहायता करने वाला और अत्याचार को देखकर खुश होने वाला भी अत्याचारी होता हैं।

आगे मिस्बाही साहब ने कहा कि नेक लोगों की सोहबत से हमेशा भलाई ही मिलती हैं क्योकि हवा जब फूलो से गुजरती हैं तो वो भी खुशबूदार हो जाती हैं। इस तरह अपनी ऊंची सोच से दुनिया को अहिंसा का पैगाम देने वाले हजरत अली की रमजान महीने की 21वीं तारीख को कूफे की मस्जिद में सुबह की नमाज के दौरान हत्या कर गई थी। उसके बावजूद उन्होंने अपने कातिल को माफ करने की बात कही। कहा जाता है कि हजरत अली अपने कातिल को जानते थे उसके बावजूद उन्होंने सुबह की नमाज के लिए उसे उठाया और नमाज में शामिल किया



था। इसके बाद कानपुर की सरजमी से चलकर आए मौलाना मुस्ताक अहमद मुशाहिदी ने तकरीर की और हजरत इमाम हुसैन को ईमान पर चलने वाला बताया इसके बाद सलातो सलाम व मुल्क की सलामती के लिए दुआ की गई,रजा ए मुस्तफा कमेटी की जानिब से आये हुये सभी अकीदतमंदो को चाय पिलाई गई। मुख्य रूप से शारिक बेग, सैय्यद इस्राफील,अब्दुल वहाब, कामरेड रज्जाक, आकिल बेग,आसिफ बेग, मसरुर, अजमल बेग, रईस अहमद, वासिक बेग, जिया, रुमान, वामिक, दानिश, आदि लोग मौजूद रहे।

## विटामिन की कमी से शारीरिक और मानसिक विकास में आती है बाधा : जिलाधिकारी जालौन

- 1.83 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने के अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। शासन के निर्देश पर जिले के 183718 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने के अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बुधवार को जिला महिला अस्पताल से किया। उन्होंने पांच बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई। डीएम ने कहा कि विटामिन की कमी से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा पहुंचती है। विटामिन की कमी सीधे नहीं उभरती है लेकिन धीरे धीरे इसका असर दिखाई देता है। बच्चों में नजर के चश्मे लगना भी विटामिन ए की कमी का एक मुख्य लक्षण है। इसलिए जरूरी है कि विटामिन ए की कमी को दूर किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि उनके पोषण पर ध्यान दिया जाए। माता और बच्चों को विटामिन एवं अन्य पोषक तत्वो से युक्त भोजन करना चाहिए क्योंकि स्वस्थ शरीर ही आगे का भविष्य तय करता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण की खुराक दी जा रही है। उसका उपयोग करें। शरीर को जिन चीजों की जरूरत है, उनका सेवन जरूर करें। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे में किसी चीज की कमी होती है तो उसके स्वभाव में परिवर्तन आ जाता है। इसे माताओं को गौर करने की जरूरत है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने कहा कि नौ से बारह माह के बच्चों को आधा चम्मच, 13 माह से पांच साल तक के बच्चों को पूरा चम्मच दवा पिलाई जानी है। दवा पिलाने का अभियान आज से शुरू हो गया है और यह पूरे एक माह चलेगा। विटामिन ए की खुराक से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है । कोविड काल में इसका महत्व



और बढ़ जाता है। इसके लिए छाया वीएचएनडी और यूएचएनडी सत्र में कोविड प्रोटाकाल का पालन करते हुए दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम की ब्लाकवार टीमें बनाकर लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। टीमों से कहा गया है कि डिस्पोजल चम्मच का इस्तेमाल करें। अभियान की रोजाना मॉनिटरिंग होगी। टीम को यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि कोई बच्चा गम्भीर बीमार है तो उसे दवा न पिलाए, बल्कि इसकी सूचना स्थानीय चिकित्सक को दें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए 1663 टीमें बनाई गई है। जो प्रत्येक बुधवार और शनिवार को दवा पिलाने का काम करेगी। इस दौरान एसीएमओ डा. अरविंद भूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद, बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार, जिला अस्पताल के सीएमएस डा. अविनेश कुमार, महिला अस्पताल के सीएमएस डा. एनआर वर्मा, डा.संजीव प्रभाकर, संजीव चंदेरिया, डा. पवन कुमार, आरपी विश्वकर्मा, रोहित विनायक आदि मौजूद रहे।

## डीएम चाँदनी सिंह ने अवैध मौरम, बालू एवं परिवहन की शिकायतें मिलने पर किया समिति का गठन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने अवैध मौरमध्बालू एवं परिवहन की शिकायतें मिलने पर समिति गठित का गठन किया। उन्होंने बताया कि जनपद जालौन की सीमायें तीन ओर नदियों (बेतवा, यमुना, पहूज एवं सिंध) से घिरी हुई हैं। विभिन्न श्रोतों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि नदी किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों के कतिपय व्यक्तियों या उस ग्राम के प्रभावशाली व्यक्तियों की संलिप्ता के कारण इन नदियों में मौरमध्बालू का अवैध खनन एवं परिवहन कराया जा रहा है, जिससे राजस्व की क्षति हो रही है। उन्होंने नदी किनारे की ग्राम पंचायतों में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने एवं अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों व माफियाओं की सूचना प्रशासन व पुलिस को उपलब्ध कराये जाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी समितियों गठित की गई। संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, संबंधित ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम प्रधान, संबंधित ग्राम का चौकीदार। उन्होंने बताया कि यह निगरानी समिति सुनिश्चित करेगी कि पंचायती राज अधिनियम में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की सम्पत्ति को किसी प्रकार की क्षति की रोकथाम हेतु ग्राम समाज की भूमि पर किसी प्रकार का अवैध खनन व परिवहन न होने पाए। साथ ही यह समिति समीपस्थ नदी के घाटों से अथवा अन्य स्थानों व प्राकृतिक नालों से मौरम/बालू/बजरा का अवैध खनन पाये जाने की स्थिति में प्रभावी नियंत्रण निगरानी रखेगी तथा अवैध खनन व परिवहन की सूचना संबंधित उप डीएम व थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराना सुनिश्चत करेगी। साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उनकी ग्राम पंचायत में मौरम का अवैध खनन व परिवहन होने की बात संज्ञान में आती है तो इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायत की उक्त निगरानी समिति को उत्तरदायी माना जाना प्रशासनिक बाध्यता होगी। संबंधित ग्राम पंचायत



चाहे तो ग्राम पंचायत की सम्पत्ति को क्षति से बचाये जाने हेतु उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम 1947 एवं नियम एवं नियमा वलियाँ (अद्यतन संशोधित यथा विद्यमान) की धारा 112 ग में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उप विधि बना सकती है।

## उरई कोतवाली का एसपी रवि कुमार ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने मंगलवार को उरई कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने दस्तावेजों का निरीक्षण कर गस्त आदि बढ़ाने व लंबित मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए । मंगलवार की शाम थाने पहुंचे एसपी को पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की गहनता से निरीक्षण किया। एसपी ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई का भी अवलोकन किया।कोतवाली प्रभारी शिव कुमार सिंह से कोतवाली के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान थाने में दर्ज विभिन्न मामलों के जांचकर्ताओं से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। एसपी ने डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गस्त तेज करने का निर्देश भी दिये।इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एसएसआई अशोक कुमार सिंह, एसएसआई अनिल कुमार सिंह,जेल चौकी इंचार्ज कुलदीप तिवारी, फैक्ट्री चौकी



इंचार्ज वरुण प्रताप सिंह,हाईवे चौकी इंचार्ज अमर सिंह, राजेंद्र नगर चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, वल्लभनगर चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेला आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगों पर महिला ने लगाया जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप अतिरिक्त एसडीएम को सौपा शिकायती पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम खरूसा निवासी एक वृद्ध महिला ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर शिकायती पत्र देते हुए दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।



तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम खरूसा निवासी श्रीमती विमला पत्नी स्व. राजेंद्र प्रसाद ने आज बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 13 अगस्त 2007 मौजा हरदोई गूजर तहसील उरई स्थित जमीन संख्या 1110 रकवा 1.3800हे. के मालिक नवलकिशोर पुत्र गोकुल प्रसाद से पूरण प्रतिफल प्राप्त करने के उपरांत बैनामा कराया था जिसका अब नामांतरण भी हो चुका है तथा प्रार्थनी का नाम खतौनी में अंकित है लेकिन ग्राम हरदोई गूजर का दबंग ब्यक्ति जो कहता है कि कानून मेरे ठेगे पर है कानून मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।पीड़ित महिला ने बताया कि विश्वनाथ सिंह पुत्र विजय पाल सिंह ग्राम हरदोई गूजर जो दबंग व अपराधी ब्यक्ति है जिसका पेशा अवैध रूप से जमीनों पर कब्जा करना है। पीड़ित महिला का आरोप है कि मामले की शिकायत थाने में की गयी मगर पुलिस द्वारा दबंग के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गयी। पीड़ित महिला ने प्रशासन से दबंग के खिलाफ कार्यवाही कर उसकी जमीन पर कब्जा करने से रोका जाये।

# संक्षिप्त समाचार

## महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के दीक्षांत समारोह के शुभ अवसर पर अवलोकन करने के लिए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने दिया निमंत्रण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के दीक्षांत समारोह के शुभ अवसर पर अवलोकन करने के लिए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने दिया निमंत्रण। सत्याग्रह के चंपारण के मुख्यालय मोतिहारी के ऐतिहासिक धरती पर आने के लिए महामहिम राष्ट्रपति महोदया, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से मिलकर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के दीक्षांत समारोह के शुभ अवसर पर बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन, गांधी आश्रम, चंद्रहिया, पिपराकोठी किसान तीर्थ स्थल का अवलोकन करने हेतु आमंत्रित किया मोतिहारी विधायक – मंत्री प्रमोद कुमार ने।

## डीएम ने उर्वरक प्रतिष्ठान का किया औचक निरीक्षण

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा पिपराही प्रखंड स्थित उर्वरक प्रतिष्ठान में किसान समाधान केंद्र की



पिपराही का औचक निरीक्षण किया गया है निरीक्षण क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी कमलेश कुमार तथा कृषि विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी श्री गुप्ता द्वारा उर्वरक विक्रेता के स्टॉक पंजी, बिक्री पंजी तथा उर्वरक की उपलब्धता का जायजा लिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को सख्त निर्देशित किया गया है कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही सभी तरह के खाद की बिक्री करवाना सुनिश्चित करें तथा इसकी गहन छापेमारी कर दोषी उर्वरक विक्रेताओं पर कानूनी कार्रवाई करें।

## सिवान की बेटी ने पीजी इन फैशन डिजाइनिंग में लहराया परचम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय सीवान। सिवान की बेटी संदली ने पटना वूमेंस कॉलेज में पीजी इन फैशन डिजाइनिंग में पूरे कॉलेज में पहला रैंक ला कर सिवान को गौरवान्वित किया, रिजल्ट देखने के बाद संदली को लोगों ने फोन कॉल करके बधाई दी एवं घर पर खुशियों का माहौल छा गया, संदली के पिता श्री कृष्ण प्रसाद माता श्रीमती माधुरी देवी ने कुमारी को मिठाई खिलाकर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया साथ ही कुमारी के भाई युवा चित्रकार रजनीश कुमार एवं संजू मौर्या ने भी संदली को



शुभकामनाएं दी कि वह आगे बढ़े और ऐसे ही जिले का नाम रोशन करें। संदली का कहना है कि मुझे फैशन डिजाइनिंग में अव्वल आने का पूरा श्रेय मेरे अभिभावक, शिक्षक गण का है जिन्होंने आसान तरीके से मुझे डिजाइनिंग के वे तमाम पहलुओं को सीखलाएं मैं एच.ओ.डी सेमोसी मधुइत्यालियम मैम, प्रियंका मैम, आशा मैम, गीतांजलि मैम, पूर्णिमा मैम, वंदना मैम को कोटि कोटि प्रणाम करती हूं कि उन्होंने मुझपर अपना आशीर्वाद बनाए रखा, कुमारी ने बताया कि मैं आगे इसी फील्ड से कार्य करना चाहती हूं इसके अलावा मैं रिसेबल क्लॉथेज , वेस्ट मटेरियल का ज्यादातर यूज करके आज के दौर को देखते हुए नए–नए डिजाइन लोगों के लिए बनाना चाहती हु।

## कोशी नदी में मछुआरों के जाल में फंसा मगरमच्छ लोगों की उमरी भीड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिले के सलखुआ प्रखंड अंतर्गत चानन पंचायत के खजुरदेवा गांव में कोशी नदी में मछुआरों के जाल में फंसा गया मगरमच्छ ।मगरमच्छ को देखने को लेकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी भीर बताते चलें कि कोशी नदी में मछली को लेकर मछवारा जाल



लगाया हुआ था। उसी दौरान जब मछवारा अपना जाल खोलने अगस्त को कोशी नदी में घुसा तो जाल में मगरमछ फंसा हुआ था,जो जाल में फंसने के दौरान मर गया। फिर जाल से मगरमच्छ को लेकर पानी से ऊपर आया ।जैसे ही ग्रामीणों को भनक लगी कि मगरमच्छ पकड़ाया है तो देखने को लेकर ग्रामीणों की लंबी भीर लग गयी। वहीं ग्रामीण मुखिया प्रतिनिधि मंटू पासवान ने बताया की हमलोग कोशी नदी में मछली को लेकर जाल लगाए हुए थे।आज जब सुबह को कोशी नदी में जाल खोलने गए तो देखे मगरमच्छ फंसा हुआ था जो मरा हुआ था।उसके बाद जैसे ही लोगों को सूचना मिली कि मगरमच्छ पकड़ाया है तो लोगों की भीड़ जुटने लगी।

## युवा जदयू जिला महासचिव ने अंग वस्त्र देकर किया केसरिया थानाध्यक्ष को सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। पूर्वी चम्पारण,केसरिया युवा जदयू जिला महासचिव मोहित कुमार ने केसरिया के नए थानाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।



थाना प्रभारी ने बातचीत के दौरान श्री कुमार से कहा कि हम अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की अपराधिक मामला पर हर संभव लगाम लगाएंगे और दोषी किसी भी सूरत पर नहीं बच पाएंगे,वही एक अभियान चलाकर शराब माफिया को पकड़ा जाएगा और अपने क्षेत्र में हर संभव शांति व्यवस्था कायम रखेंगे।


# समस्याओं को लेकर चरणबद्ध तरीके से कॉन्ग्रेस का प्रदर्शन कार्यक्रम तय

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के आदेश पर एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा के निर्देश पर निम्नांकित देशव्यापी प्रदर्शन




जिलाध्यक्ष मोहम्मद असद ने बताया है कि आज देश मे महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल एलपीजी से लेकर दाल कुकिंग ऑयल जैसी जरूरत की चीजे की बढ़ी कीमतों ने आम जनता को जीना मुहाल कर रखा। प्री पैकेज्ड अनाज, आंटा, शहद, दही जैसी आवश्यक वस्तुओं पर अतार्किक ढंग से ळैज लगाने के कारण महंगाई और बढ़ी है। साथ ही देश मे बेरोजगारी भी अप्रत्याशित रूप से आसमान छू रही है। गांवो में, शहरों में, संगठित क्षेत्र में, असंगठित क्षेत्र में हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप कर रखा है।
उपरोक्त समस्याओं के सम्बंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि की अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के किया जाएगा। इसी कड़ी में शिवहर जिला कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष मो असद के नेतृत्व में शिवहर कांग्रेस भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेगी। 05/08/2022 महंगाई एवं अतार्किक ढंग से GST लगाने के खिलाफ प्रदर्शन। 07/08/2022 को भीषण महंगाई के खिलाफ महागठबंधन का केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शिवहर कांग्रेस भी शामिल रहेगी। 09 अगस्त से 14 अगस्त के बीच आजादी के 75वी वर्षगांठ पर जनजागरण अभियान के तहत पदयात्रा किया जाएगा।
मौके पर, प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, अफरोज आलम, आदि मौजूद थे।

# मशरक के युवक की गुरुग्राम में 17 वी मंजिल से गिरकर मौत



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। मशरक थाना क्षेत्र के सोनौली गांव निवासी युवक की हरियाणा के गुरूग्राम में निर्माणाधीन इमारत की 17 वीं बिल्डिंग से क्रेन टूटने से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर मंगलवार की रात सोनौली गांव में परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया वही परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृत युवक सोनौली गांव निवासी विनय तिवारी का 24 वर्षीय पुत्र नवीन तिवारी हैं। परिजनों ने बताया कि वह चार महीने पहले ही बहन की शादी कर रोजगार के लिए हरियाणा के गुरूग्राम में जाकर वेल्डर का काम कर रहा था। मृतक दो भाईयों और एक बहन में सबसे बड़ा है और अविवाहित हैं। वही उसकी ही कमाई से परिवार का भरण–पोषण चलता था।मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरूग्राम में सेक्टर 77 मे अपार्टमेंट निर्माण कार्य के लिए 17वीं मंजिल पर क्रेन बांधी गई थी जो सामान ऊपर–नीचे लाने ले–जाने का काम करती थी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोहे की एंगल से बनी इस क्रेन को वह मजदूर के साथ खोल रहा था। एक एंगल को ये खोल चुके थे। जबकि बाकी एंगल खोल रहे थे। इस दौरान जिस एंगल पर वह खड़ा था, अचानक वो एंगल टूट गया जिससे वह नीचे गिर गए। जिसमें उसकी मौत हो गई। शव को गांव लाने के लिए परिजन गुरूग्राम चले गए।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में आयकर विभाग की टीम ने तीन बड़े पान मसाला और जर्दा कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार के मुजफ्फरपुर में आयकर विभाग की टीम ने तीन बड़े पान मसाला और जर्दा कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। इससे शहर के बड़े व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। मुजफ्फरपुर के कई व्यापारियों ने बुधवार को अपनी दुकानें नहीं खोलीं। आयकर विभाग की चार टीमें बुधवार सुबह करीब 6 बजे तीन बड़े कारोबारियों के घर और गोदामों पर छापा मारने पहुंचीं। इन पर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का मामला है। तीनों व्यापारी का उत्तर बिहार से नेपाल तक कारोबार फैला हुआ है।



जानकारी के मुताबिक इनकम टैक्स की टीम ने कृष्णा टाकिज के सामने गली राजेश अग्रवाल उर्फ बाबु भाई, आमगोला माली गली में प्रदीप शर्मा, छोटी कल्याणी में ग्रीन केसरी और दिलीप केसरी के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सुबह जैसे ही पान मसाला कारोबारी उठे उन्हें अपने घर में इनकम टैक्स अधिकारियों को पाया। फिलहाल आयकर विभाग की कार्यवाही जारी है। ग्रीन केसरी और दिलीप केसरी आपस में चाचा–भतीजा हैं। दिलीप केसरी नगर निकाय का चुनाव लड़ चुके है। जबकि प्रदीप शर्मा जर्दा कारोबारी राजेश अग्रवाल से जुड़ा हुआ है। दिलीप और ग्रीन केसरी का कल्याणी चौक पर घर और पान मंडी में गोदाम है। जहां आज सुबह सबसे पहले टीम पहुंची। इनकम टैक्स की टीम आज सुबह करीब 6 बजे एक साथ करीब 30 गाड़ियों से अलग अलग पान मसाला कारोबारियों के घर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब सुबह इनकम टैक्स का काफिला कॉलोनी में पहुंचा तो ऐसा लगा कि मानो किसी आतंकवादी को पकड़ने के लिए गाड़ियां सायरन बजाते हुए आई हैं। पिछले कई माह से पान मसाला और जर्दा कारोबारियों के सिंडिकेट के लेनदेन और नकदी की आवाजाही पर आयकर विभाग की नजर थी। आयकर विभाग ने पाया कि पान मसाला समूह अपनी नकदी को रियल एस्टेट कारोबार में लगा रहा है। लंबी निगरानी के बाद बुधवार को इनकम टैक्स की टीम ने पान मसाला कारोबारियों के घर, दुकान और गोदाम में छापेमारी की है। टीम ने कई दस्तावेज कब्जे में लिए है। हालांकि कागजातों के संबंध में छापेमारी टीम जानकारी नहीं दे रही है।

# नवनियुक्त पंचायत सचिवों के प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा समाहरणालय सभागार में नवनियुक्त पंचायत सचिवों के लिए जिला पंचायत राज शाखा के तत्वावधान में 1 सप्ताह के लिए आयोजित प्रशिक्षण का आज दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी के द्वारा उपस्थित 92 पंचायत सचिवों को शुभकामना दी गई और अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी लोगों को महत्वपूर्ण डाल दिया जा रहा है। सभी तरह के नियमों की अच्छे से जानकारी प्राप्त करें तथा पंचायत के माध्यम से किए जाने वाले सभी कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी रखें। सरकारी राशि का उपयोग और उसका लेकर संधारण इन सब चीजों को बारीकी से सीखे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान लेखा संधारण का व्यावहारिक जानकारी देने के लिए इन लोगों को पूर्व में संधारित लेकर के प्रति भी दिखाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी योजना का प्रस्ताव कैसे लेना है,, वार्डों को राशि कैसे हस्तांतरित की जानी है, वित्त आयोग से प्राप्त राशि



का कैसे उपयोग करना है इन सभी चीजों को ठीक से समझने तथा जहां भी जरूरी हो उसे पूछ ले। जिला अधिकारी के द्वारा ग्राम सभा के आयोजन एवं अविश्वास प्रस्ताव के बारे में खूद जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्री हरेंद्र राम प्रशिक्षक श्री राजकुमार पासवान अनिता कुमारी कार्तिक कुमार एवं अभय कुमार उपस्थित थे।

# रेड क्रॉस ने गुर्दा एवं मूत्र रोग की जांच शिविर का किया आयोजन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। रोटरी क्लब मोतिहारी रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी चंपारण और पारस हॉस्पिटल पटना के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस मोतिहारी के प्रांगण में गुर्दा एवं मूत्र रोगों की जांच तथा इलाज का शिविर का आयोजन किया गया. इंजीनियर विभूति नारायण सिंह ने शिविर में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को पारस हॉस्पिटल के सहयोग से गुदा रोग और मूत्र रोग संबंधित बीमारियों का मुफ्त इलाज का चिकित्सा शिविर मोतिहारी में लगाया जा रहा है और इस शिविर में पारस अस्पताल के प्रख्यात डॉक्टर अंशुमान कुमार और डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा मुफ्त चिकित्सीय जांच की जा रही है।इस शिविर में आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला के नामी रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर हलदर प्रसाद सम्मिलित हुए और उन्होंने अपने संबोधन में कहा की रेड क्रॉस और इस शिविर में जितने भी मरीजों को देखा जा रहा है उनके जांच अल्ट्रासाउंड सिटी स्कैन में काफी रियायती दर में उनके यहां जांच की जाएगी.साथ ही आदर्श पैथोलॉजी के प्रमोद कुमार ने भी कहा कि इस शिविर में जो भी जांच होगी उसका आधे दर पर उनके यहाँ जांच होगी। पारस हॉस्पिटल के सहयोग से प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को कैंसर जांच शिविर की आयोजन की जाएगी। पारस हॉस्पिटल के आए हुए विश्व स्तरीय गुर्दा एवं मूत्र रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष कुमार और डॉक्टर अंशुमान अंशु जी के द्वारा गुर्दा रोग एवं मूत्र रोग के साथ मरीजों का जांच एवं इलाज के लिए दिशा निर्देश दिया गया डॉ अंशुमान अंशु जी ने कहा कि वह रोटरी क्लब मोतिहारी और रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी चंपारण की सेवा भावना से अभिभूत है और भविष्य में जब भी मेरी जरूरत होगी मैं अवश्य शिविर में भाग लूंगा ।रोटरी क्लब मोतिहारी के अध्यक्ष में आए हुए सभी रोगियों नागरिक को पत्रकारों एवं अन्य सहयोगी को धन्यवाद ज्ञापन किया।
कार्यक्रम में रोटरी क्लब के डायरेक्टर महेश प्रसाद सिन्हा जी रेड क्रॉस सोसाइटी की उपाध्यक्ष रोटेरियन डॉ पुष्पा किशोर जी, राकेश कुमार, अशेष कुमार, रोटेरियन मीना मिश्रा डॉक्टर ओम प्रकाश ,डॉ प्रिया हलधर उपस्थित रहे। आज के शिविर में पुराने मरीजों में 28 और नए लगभग 42 मरीजों का मुफ्त चिकित्सा किया गया। उक्त आशय की जानकारी हर्ष नारायण सिंह ने दी।

# जिलाधिकारी ने की धान की रोपनी के प्रगति की समीक्षा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक कर जिले में चल रहे धान के रोपनी के प्रगति की समीक्षा की गई। कल दिनांक 2 अगस्त को किए गए समीक्षा में चारों अपनी 42ः बताई गई थी वहीं आज की समीक्षा में रोपनी 56ः बताई गई है। कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि 2 दिनों की बारिश के बाद रोपनी में तेजी आई है। सबसे अधिक रोपनी बौरोल प्रखंड में 77ः चेहरा कला में 69ः तथा सहदेई बुजुर्ग में 68ः दर्ज की गई है। अन्य प्रखंडों में वैशाली में 61ः पातेपुर में 58ः राघोपुर में 56ः रोशनी कर ली गई है।
आंखों के अनुसार सबसे कम रोपनी हाजीपुर में 49ः तथा लालगंज में 49.74ः रोपनी हुई। जिला में कुल 54000 हेक्टेयर में रोशनी का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध हुआ व्यस्त 30,000 से ज्यादा में रोपनी का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सलाहकार कृषि समन्वयक लगातार क्षेत्र भ्रमण करें और किसानों के संपर्क में रहे। किसानों को डीजल अनुदान के विषय में बताएं और उन से अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करें तथा डेली बेसिस में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करें। इस विषय में पूछने पर बताया गया कि अभी तक कुल 400 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और इससे भी तेजी आई है।
जिलाधिकारी ने कहा कम बारिश के कारण सुखार की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार के द्वारा कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। किसान इसका लाभ उठायें। इसके अतिरिक्त डीजल अनुदान के लिए 29 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था कराई गई है। जिसके अनुसार डीजल पंप सेट से सिंचाई के लिए कॉल करें कि 1 या डीजल पर 60 प्रति लीटर की दर से 600 तक प्रति एकड़ डीजल अनुदान दिया जाएगा। यह



अनुदान अधिकतम 8 एकड़ के लिए प्रति किसान के लिए देय हैं। या सुविधा गैर रैयत के लिए भी देय है। इस योजना का लाभ ऑनलाइन पंजीकृत किसान खा सकते हैं।
जिलाधिकारी के पूछने पर कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई ने बताया कि 4 नलकूप को ठीक करा दिया गया है और आज संध्या तक और नलकूप ठीक करा लिया जाएगा। जिससे 134 नरकुल कारशील हो जाएंगे। जिला अधिकारी के द्वारा तिरहुत नहर परियोजना के कार्यपालक अभियंता को आज ही विकास से मिलकर नहरों से गाद निकालने के लिए मनरेगा के तहत कार्य कराने का निर्देश दिया गया। इसके लिए बैठक में जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त से फोन पर वार्ता भी की। बताया गया कि नारों से वैशाली जिला के 10 प्रखंडों में पटवन का कार्य किया जाता है। बैठक में उपस्थित एलडीएम को किसानों के लिए केसीसी का लाभ दिलाने की बात कही गई। समीक्षा में पाया गया कि 10000 से अधिक किसान केसीसी के तहत ऋण के लिए आवेदन किए हुए हैं।

# जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सचिव कृषि विभाग बिहार पटना के आदेशानुसार जिले में संभावित सुखाड़ एवं उससे निपटने की तैयारियों को लेकर जिले के प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर संभावित सुखाड़ से निपटने की तैयारियों का सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन को लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर प्रखंडवार सर्वेक्षण टीम का गठन करते हुए सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन तथा सर्वेक्षण जांच प्रतिवेदन को लेकर जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु संबंधित प्रखंडों के प्रखंड कृषि समन्वयक एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में धान रोपनी की स्थिति, कृषि विद्युत फीडर में 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मर की स्थिति, कार्यरत राजकीय नलकूप की स्थिति, उर्वरक की उपलब्धता एवं विक्रय मूल्य की स्थिति, वर्षा मापक गेज और रिकॉर्डिंग की क्षमता का निरीक्षण किया गया।
उर्वरक निरीक्षण के क्रम में पॉस मशीन में उर्वरक का भंडार, वास्तविक गोदाम में उर्वरक का भंडार, उर्वरक स्थान पर सूचना पट्ट है या नहीं, क्या यूरिया के साथ अन्य उपादान की बिक्री की जा रही है, उर्वरक बिक्री का दर सूचना पट्ट के अनुसार एवं आमजन के अनुसार दर का फीडबैक लेकर जांच की गई। 3 अगस्त 2022 को प्रखंड वार उपलब्ध यूरिया उर्वरक की मात्रा बैरगनिया 21.555, बाजपट्टी 46.62, बथनाहा 31.832, बेलसंड, 14.535 बोखरा 7.335, चोरौत 109.035, डुमरा 39.33, मेजरगंज 23, नानपुर 82.8, परिहार 50.175, परसौनी 24.975, पुपरी 137.25, रीगा 35.51, रुनीसैदपुर 92.06, सोनबरसा 31.444, सुप्पी 6.795, सुरसंड 124.65 कुल 878.896 टन उर्वरक जिले में उपलब्ध है। किसी भी आम जनता को उर्वरक मिलने में परेशानी या कठिनाई हो रही है तो पैनिक ना हो। उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनिमियता की शिकायत मिलती है तो जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 06526–250316 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। या उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की शिकायत। दूरभाष संख्या– 0612–2233555 पर प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक। डी.ए.पी. का निर्धारित मूल्य–1350 रुपये प्रति बोरा (50 किलोग्राम। 'यूरिया का निर्धारित मूल्य–266.50 प्रति बोरा ( 45 किलोग्राम) 'कृषि फीडर में बिजली आपूर्ति को लेकर प्राप्त सूची के अनुसार सीतामढ़ी क्षेत्र में बैरगनिया, बेलसंड, मेजरगंज, पुनौरा, रीगा, रुनीसैदपुर, सुंदरगामा एवं सुप्पी तथा पुपरी क्षेत्र में बथनाहा (न्यू) बथनाहा (पुराना) चोरौत, मधेसरा, महुआगाछी (नानपुर), सिरसिया (परिहार) पिपराही (बाजपट्टी) पुपरी राधअउर (सुरसंड) परछाइया (सोनबरसा) एवं सुरसंड में बिजली की आपूर्ति घंटेवार, ट्रांसफार्मर की स्थिति की जांच के साथ उपस्थित किसानों से सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति को लेकर फीडबैक लिया गया। कार्यरत राजकीय नलकूपों की स्थिति के निरीक्षण के क्रम में प्राप्त सूची के अनुसार नलकूप का स्थान, नलकूप कार्यरत है या नहीं एवं सिंचाई हो रही है या नहीं की स्थिति की जांच की गई। धान रोपनी की स्थिति में



कृषि विभाग के अनुसार धान रोपनी का प्रतिशत एवं वास्तविक धान रोपनी का प्रतिशत की जांच की गई। साथ ही वर्षा मापक यंत्र की स्थिति के निरीक्षण के क्रम में वर्षामापी यंत्र की संख्या, कार्यरत वर्षा मापक यंत्र की संख्या और अकार्यरत वर्षा मापक यंत्र की संख्या एवं स्थान का निरीक्षण किया गया। एवं सभी जगहों पर किसानों द्वारा मामले से संबंधित मुद्दे पर कोई शिकायत के साथ सरकार के अन्य विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण के साथ संबंधित स्थलों पर लोगों से फीडबैक भी लिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## बाल संरक्षण एवम बच्चों का हित सरवोपरि है हम सबो को बाल हित मे अपनी अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल)। समाहरणालय सुपौल टी.सी.पी भवन, सुपौल में जिला बाल संरक्षण इकाई, सुपौल के तत्वावधान में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली से आए हुए प्रशिक्षक श्री पुरुषोत्तम द्वारा बॉर्डर क्षेत्र में बच्चों की तस्करी के संबंध में प्रकाश डाला गया तथा बच्चों की तस्करी के मूल कारण तथा अन्य मुद्दा पर प्रकाश डाला गया बैठक में उपस्थित। एस.एस.बी कमांडेंट श्री अजय कुमार के द्वारा बॉर्डर एरिया में तस्करों



के चंगुल से मुक्त कराए गए बच्चों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अपना अनुभव साझा किया गया प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति में सहायक निदेशक शशि कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई सुपौल के द्वाराधन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी पदाधिकारी को शुभकामना दी गई तथा बताया गया कि हम आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहेंगे ताकि बाल संरक्षण से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर अधिक से अधिक जिले में कार्य हो सके। इस मौके पर बाल संरक्षण पदाधिकारी भास्कर कश्यप ने कहा कि बाल संरक्षण एवम बच्चों का हित सरवोपरि है हम सबो को बाल हित मे अपनी अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी। इस कार्यशाला में श्रवण, कुणाल, ओम प्रकाश पांडे,संतोष कुमार, बबलू ,सतीश के अलावे सभी थाने के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मोहर्रम को लेकर पिपराही थाने में हुई शांति समिति की बैठक

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। पिपराही थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान



, अंचल अधिकारी पुष्पलता कुमारी, थानाध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने आपसी समरसता से पर्व मनाने का लिया गया निर्णय। वही पूरनहिया थाना क्षेत्र में कई जगहों पर थाना प्रभारी की मौजूदगी में मुहर्रम पर्व पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

## बिजली की आंख मिचौली से किसान परेशान

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स
पंडारक प्रखंड के कोंदी पंचायत के किसान इन दिनों बिजली की आंख मिचौली से खासे परेशान है। किसानों को यह चिंता सताने लगी है कि खेतों में धान की पैदावार यदि प्रभावित हो गई, तो उनका पूंजी बेकार चला जाएगा। चिंता का कारण पर्याप्त मात्रा में वर्षा का नहीं होना है। इसलिए यहां के किसानों का एकमात्र सहारा बिजली का उपयोग कर बोरिंग के माध्यम से खेतों को पटाना रह गया है। स्थानीय किसान महेश प्रसाद ने बताया कि बिजली लगातार नही मिलने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। बिजली आते ही पुनः चली जाती है और बोरिंग बंद हो जाता है, जिससे पटवन में काफी दिक्कतें आ



रही है। धान के पौधे मुरझा रहे हैं और सूखे की चपेट में आने का खतरा मंडराने लगा है। गांव के बहुत से किसानों की घरेलू अर्थव्यवस्था धान की खेती पर ही निर्भर है। कोंदी पंचायत के मुखिया मनोज राम ने बताया कि हाल के कुछ दिनों में बिजली की स्थिति काफी दयनीय है। लगातार आधे घंटे तक ही बिजली रह पाती है और फिर चली जाती है। फिर आती है और फिर चली जाती है। इससे किसान और गांववाले दोनो परेशान है। चूकि बिजली के लगातार नही रहने से एक और जहां गांववालों को गर्मी की मार झेलनी पड़ती है, वहीं दूसरी ओर किसानों को बोरिंग से खेतों की सिंचाई करने में भी बाधा पहुंच रही है। अतः विद्युत विभाग एवं ऊर्जा मंत्रालय को नियमित विद्युत आपूर्ति की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही साथ गंदी पंचायत के मुखिया मनोज राम ने बिजली विभाग पर गम्भीर आरोप भी लगाया है।

## श्रम अधीक्षक बाढ़ के समक्ष एनटीपीसी बाढ़ के निजी कंपनी के ठेकेदार हरी कंस्ट्रक्शन मुनेश्वर नवीन तथा हिंद मजदूर किसान पंचायत के बीच वार्ता

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स
हिंद मजदूर किसान पंचायत एवं एनटीपीसी संविदा मजदूर मोर्चा के आवेदन पर सुनवाई करते हुए श्रम अधीक्षक बाढ़ के समक्ष एनटीपीसी बाढ़ के निजी कंपनी के ठेकेदार हरी कंस्ट्रक्शन मुनेश्वर नवीन तथा हिंद मजदूर किसान पंचायत के बीच वार्ता आहूत की गई, जिसमें कंपनी के ठेकेदारों से कई



सवाल पूछे गए, जिसका कंपनी के अधिकारियों ने सही जवाब नही दिया तथा ठेका मजदूरों पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाया, जिसका हिंद मजदूर किसान पंचायत एवं संविदा मजदूर मोर्चा ने विरोध किया। ठेका मजदूरों को कंपनी से निकाले जाने की प्रक्रिया के बारे में पूछा गया तथा कंपनी से श्रम अधिकारी ने लिखित नोटिस मांगा। इसके लिए अब वार्ता की अगली तारीख 25 अगस्त को रखा गया है। श्रम अधिकारी ने कंपनी को ठेका मजदूरों से संबंधित सभी कागजात लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया। मंगलवार की वार्ता की सारी जानकारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजू प्रसाद ने संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव को फोन पर दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने ठेका मजदूरों को हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया एवं संघर्ष को तेज करने की अपील की।

# पटना के 6,स्ट्रैंड रोड स्थित जुब्बा सहनी सभागार में पार्टी के मुजफ्फरपुर जिला कमिटी के साथ समीक्षा बैठक किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना के 6, स्ट्रैंड रोड स्थित जुब्बा सहनी सभागार में पार्टी के मुजफ्फरपुर जिला कमिटी के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में विभिन्न



राजनीतिक, सामाजिक सांगठनिक एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री उमेश सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बैधनाथ सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ब्रह्मदेव चौधरी निषाद, श्री महावीर सहनी, जिलाध्यक्ष प्रो. जयनंदन सहनी, श्री संजय सहनी, साहेबगंज विधानसभा प्रभारी श्री ललन सहनी, श्री सुमंगल सहनी, श्री लालबाबु सहनी, श्री कंचन सहनी, श्री मनोज सहनी, श्री आलोक पासवान, श्री बालकनाथ सहनी, श्री राजदेव सहनी, श्री पुकार सहनी, श्री फूलदेव सहनी, श्री रामपूजन सहनी, श्री नारायण सहनी, श्रीमती उषा देवी, श्रीमती संगीता सहनी, श्री दया शंकर बिन्द, श्री गरीबन सहनी, श्री मोतिलाल सहनी एवं पार्टी के कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

# लाइन होटल में घुसा तेज रफ्तार ट्रक हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घटना पातेपुर थाना क्षेत्र के बहुआरा चौक की है। इस भीषण सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई है। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम हालात को नियंत्रित करने में जुट गई है। बताया जा रहा है कि तेज गति से आ रही अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित लाइन होटल में जा घुसी, जिससे वहां खाना खा रहे कई लोग ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। घटना से गुस्साए लोगों ने ट्रक ड्राइवर की बेरहमी से पिटाई कर दी है। हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई है। इस हादसे में सड़क किनारे खड़ी कई अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इधर, घटना की



जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने हादसे के शिकार हुए चारों मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है वहीं सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया है और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा कर रहे हैं।

# दस दिनों का कोविड टीकाकरण महाभियान आज से 13 अगस्त तक वैशाली जिले के सभी प्रखंडों में चलेगा कोविड टीकाकरण महाअभियान

- कोविड के दो डोज लिए लोग प्रीकॉशन डोज के लिए आएं आगे : जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी।

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। कोविड टीकाकरण में दोनों डोज के साथ प्रीकॉशन डोज बेहद महत्वपूर्ण है। अगर कोई व्यक्ति दो डोज के साथ प्रीकॉशन डोज भी लिया है, तब भी यदि वह कोविड संक्रमण की चपेट में आता है तो उसका प्रभाव गहरा और गंभीर नहीं होगा। ये जानकारी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ उदय नारायण सिन्हा ने बुधवार को दी। डॉ सिन्हा ने कोविड टीकाकरण से जुडी भ्रांतियों के बारे में बताया कि लोगों में अभी भी यह धारणा है कि गंभीर रोगों से ग्रसित लोगों को यह टीकाकरण नहीं लेना चाहिए, यह बातें निराधार है। इसके विपरीत 60 प्लस के व्यक्तियों में प्रीकॉशन डोज लेने के बाद उनकी रोग प्रतिरोधक



क्षमता बढ़ जाती है, जिससे वह कोविड संक्रमण के दौरान भी कोविड के गंभीर परिणामों से बच जाते हैं। पहले प्रीकॉशन डोज सेकंड डोज के 9 महीने बाद दिया जाता था अब उसे घटसकर छह महीने कर दिया गया है। डीआइओ डॉ उदय नारायण सिन्हा ने लोगों से अपील की कि लोगों को कोविड टीकाकरण के तीनों डोज अवश्य लेना चाहिए। खासकर कोविड के दो डोज लिए व्यक्तियों में प्रीकॉशन डोज का महत्व और बढ़ जाता है। तीनों डोजों के बाद ही उनका कोविड से सुरक्षा चक्र और मजबूत हो पाता है। कोविड टीकाकरण का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। गंभीर रोग के लोगों को भी कोविड टीकाकरण का प्रत्येक डोज अवश्य लेना चाहिए। लोग टीकाकरण के दुष्प्रभाव से जुड़े किसी भी भ्रांति के चक्कर में न आएं। डॉ सिन्हा ने बताया कि स्कूलों में 12 से 17 आयु वर्ग के लोगों में शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ समन्वय स्थापित कर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ उदय नारायण सिन्हा ने बताया कि कोविड टीकाकरण के तीनों डोजों के शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गुरुवार से 13 अगस्त तक कोविड टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश भी किया गया है। आशा के द्वारा लोगों को प्रीकॉशन डोज के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं आरबीएसके के वाहन द्वारा भी प्रीकॉशन डोज के लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिले में 1 अगस्त तक डोज 1 में लक्ष्य के विरुद्ध 81 प्रतिशत, डोज 2 में 87 प्रतिशत तथा प्रीकॉशन डोज में 18 प्लस वालों का 11 प्रतिशत तथा 60 प्लस के लोगों में 20 प्रतिशत टीकाकरण हुआ है।

# डीएम ने शंकरपुर बिंदी पुल तथा छतौना मोहनपुर पथ का किया निरीक्षण

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल शिवहर के नलकूप एवं उद्‌बवह् सिंचाई योजना का निरीक्षण किया गया है। पूरनहिया प्रखंड क्षेत्र के नलकूप योजना बेरिया का निरीक्षण किया है वही तथा पिपराही के मोहनपुर पंचायत के शंकरपुर बिंदी पुल तथा छतौना मोहनपुर आरईओ पथ का भी निरीक्षण किया है। डीएम ने उद्‌बवह् सिंचाई योजना हर खेत को पानी कार्यक्रम के तहत मोहनपुर में वित्तीय वर्ष 2021 22 मई जीर्णोद्धार कार्य कराया गया था यह योजना का कार्य पूर्ण है विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण यह योजना बंद है जिसे 3 दिनों के अंदर विद्युत कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बहाल करें।

मोहनपुर पंचायत में उद्‌बवह सिंचाई योजना हर खेत को पानी कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2021– 22 में जीर्णोद्धार कार्य कराया गया था यह चालू था एवं किसानों को पटवन प्राप्त हो रहा था। नलकूप योजना बैरिया पंचायत का निरीक्षण किया गया। चालू अवस्था में था एवं किसानों को पटवन प्राप्त हो रहा था, जिला



कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि मनरेगा के तहत नाला का जीर्णोधार कार्य कराएंगे।

छतौना मोहनपुर पथ के निरीक्षण के क्रम में मुखिया संजू देवी के प्रतिनिधि व पति मनोज कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्ण नंदन प्रसाद ,मनोज ठाकुर, सरोज कुमार, लालबाबू पटेल आदि मौजूद थे।

# धान की रोपनी का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए करें कार्य : जिलाधिकारी वैशाली



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। वैशाली समाहरणालय सभागार में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हाल में हुई बारिश का किसान अधिक से अधिक लाभ उठाएं इसके लिए कृषि विभाग कार्य करें। प्रतिदिन रोपनी आच्छादन की समीक्षा की जाए एवं इससे संबंधित डेटा को अद्यतन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 अगस्त तक जिला में रोपनी का कार्य होती है। जिला में अभी तक हुए 42: रोशनी पर जिलाधिकारी ने कहा किया और चढ़ा कुछ कम लगता है। हम लोग भी क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और देखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि रोपनी में 50: से कम नहीं हुई होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला में जिन क्षेत्रों में धान की खेती होती है उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान दिया जाए। डीजल अनुदान की संख्या में पाया गया कि अभी तक जिला में 175 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें सबसे अधिक पातेपुर में 73 महुआ में 46 एवं जनदाहा में 33 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला अधिकारी के द्वारा इन सभी आवेदन को निष्पादन करते हुए प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों का उसी दिन निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार जिला में 1 अगस्त तक औसत वर्षा पात में 46: की कमी पाई गई है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि 15 अगस्त तक रोपनी की स्थिति का आकलन करें साथ ही वैकल्पिक फसलों की आकलन कर जरूरत के अनुसार समग्र तैयारी रखें। जिला में पंपसेट की उपलब्धता के विषय में बताया कि कुल 24296 सीट उपलब्ध है जिसमें लगभग 18000 कार्यशील है। जिला अधिकारी के द्वारा और कार्यशील पंपसेट टू की जांच करा लेने और कार सेल बनाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा बताया गया कि जिला में 344 नलकूपों में 124 नलकूप कार्यशील है। जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया क्यों उर्वरकों की उपलब्धता पर नजर रखी जाए। उर्वरकों की कमी नहीं है। जिले में उर्वरक के 34 थोक विक्रेता एवं 600 खुदरा विक्रेता है।। जिलाधिकारी के निर्देश पर पिछले सप्ताह सभी की जांच कराई गई थी। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जांच के दौरान एक सौ दुकान बनती पाई गई। जिलाधिकारी ने पूछा इस पर क्या कार्रवाई हुई। क्षेत्र में अगर मिली–जुली चल रही है तो संज्ञान में लाएं नहीं तो करवाई चलने के लिए तैयार रहें।

जिला अधिकारी के द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करने और इसमें और बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि समन्वयक किसान सलाहकारों के साथ नियमित रूप से बैठक करें और उनके कार्यों की जानकारी लें। किसान सलाहकार किसानों को प्रोत्साहित करने का कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले 10 दिनों तक कृषि टास्क फोर्स की बैठक प्रतिदिन की जाएगी और इस बैठक में जो निर्देश दिए जा रहे हैं उसे नीचे तक पहुंचाएं ताकि क्षेत्र में कार्यरत कर्मी भी जान सके। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृषि समन्वयक जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी सहायक निदेशक उद्यान जिला मत्स्य पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का हुआ आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। रेडक्रॉस सोसाइटी मोतिहारी में बुधवार को गुर्दा और मूत्र रोग से संबंधित रोगियों को डॉ. अंशुमन आशु व डॉ. संतोष कुमार द्वारा निरूशुल्क परामर्श दिया गया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बताया गया कि पैथोलॉजिकल जांच भी किफायती दर पर मरीजों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। बताया गया कि पेशाब से जुडी समस्या होने पर अपनी गुर्दा की जांच अवश्य कराएं। चिकित्सकों ने बताया कि असामान्य खान–पान के कारण लोगों में गुर्दे की बीमारी बढ़ रही है। इसकी समय से जांच की जानी जरूरी है। आज मौके पर लगभग 40 मरीजों की जाँच की गई। किडनी के रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। उन्हें शराब व धूम्रपान से परहेज करना चाहिए। साथ ही भोजन में ज्यादा नमक का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। डायबिटीज व हाई बीपी से ग्रसित लोगों की किडनी की सेहत का विशेष ध्यान रखनी चाहिए। डॉ. अंशुमन आशु व डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि किडनी रोग के विभिन्न लक्षण है, जैसे चेहरे और पैरों में सूजन, खाने की इच्छा न होना, उल्टी व उबकाई आना, बहुत अधिक थका महसूस होना, रात में पेशाब का अधिक होना, पेशाब होने में तकलीफ आदि होने पर चिकित्सीय परामर्श जरूर लें। पेशाब में प्रोटीन बढ़ना किडनी रोग की समस्या की ओर इशारा करता है। वहीं पेशाब में खून आना, बुखार रहना, पेशाब में जलन के लक्षण को भी नजरअंदाज नहीं किया



जाना चाहिए। किडनी रोग से पीड़ित लोगों को खानपान की सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है। किडनी में पत्थर बनने का मुख्य कारण सही मात्रा में में पानी नहीं पीना है। इसके अतिरिक्त किडनी में पत्थर बनने से किडनी की बीमारी बढ़ने के चांस रहते हैं। मानव शरीर में इलेक्ट्रोलाइट जैसे पोटेशियम, सोडियम एवं फॉस्फेट आदि का संतुलन बिगड़ जाता है। जिनको फिल्टर करने का काम किडनी ही करती है। ऐसे में इनका संतुलन बिगड़ जाने पर किडनी सही से इनको फिल्टर नहीं कर पाती, जिसके कारण किडनी फेल हो सकती है। अतरू किडनी के सही रूप से कार्य करने के लिए सही मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। मौके पर डॉ ओमप्रकाश, डॉ हलधर प्रसाद व रेडक्रॉस के विभूति नारायण सिंह मौजूद थे।

# जिले में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के केस घटे, 65 मामले ही मिले जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हो रहा कारगर साबित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। बहू के गर्भवती होने की खबर पूरे परिवार को खुशियों से सराबोर कर देती है। खुशियों के इन पलों को गर्भावस्था के दौरान संजोये रखने और जच्चा–बच्चा को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग सुरक्षित प्रसव का प्रबंध करने में सफल हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कारगर साबित हो रहा है। इस अभियान की वजह से जिले में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या में भारी कमी आयी है। सीतामढ़ी में स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान मात्र 65 महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामले मिले हैं। अप्रैल 2022 से लेकर जुलाई 2022 तक जिले में 8024 महिलाओं ने इस अभियान के तहत चेकअप करवाया। जिनमें से मात्र 0.81 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी, शुगर, एचआईवी संक्रमण, थैलेसीमिया और अन्य कारणों से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के केस मिले हैं। सबसे कम हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामले में सीतामढ़ी बिहार में दूसरे स्थान पर है। शिवहर में मात्र 0.64 प्रतिशत महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामले मिले हैं। ये आंकड़े राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से जारी किये गए हैं। लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इसे एएनसी यानी एंटी नेटल केयर भी कहते हैं। मां और बच्चे कितने स्वस्थ हैं, इसका पता लगाने के लिए जांच जरूरी है। इससे गर्भावस्था के समय होने वाले जोखिमों की पहचान, संबंधित अन्य रोगों की पहचान व उपचार आसान हो जाती है। जांच के जरिये हाई रिस्क प्रेग्नेंसी यानी (एचआरपी) को चिह्नित करते हुए उसकी उचित देखभाल की जाती है। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दी जाती है। जिसमें रहन–सहन, साफ–सफाई, खान–पान, गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां सहित कई अन्य चिकित्सकीय परामर्श शामिल हैं। ताकि सुरक्षित और सामान्य प्रसव को बढ़ावा मिल सके। एएनसी जांच से प्रसव संबंधी जटिलताओं का पहले ही पता चल जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में महिलाएं अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सजग हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है कि समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। हर माह की नौ तारीख और 21 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन इस बार 10 अगस्त और 22 अगस्त को होगा। नौ तारीख को सामान्य अवकाश (मुहर्रम) और 21 तारीख को साप्ताहिक अवकाश (रविवार) की वजह से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की तिथि एक–एक दिन बढ़ाई गई है।

# हाइवे पर तमंचे दिखाकर व्यापारियों से लूट

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- डीसीएम पर आलू लादकर आगरा से औरैया आ रहे थे पीड़ित
- कार सवार बदमाशों ने की वारदात

अजीतमल,औरैया। नेशनल हाईवे पर बुधवार को कार सवार बदमाशों ने डीसीएम से आलू लेकर जा रहे व्यापारियों को तमंचे के बल पर लूट लिया। इसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




नींद आने पर गाड़ी रोककर सड़क किनारे कर रहे थे आराम। आगरा के बाह थाना क्षेत्र के ग्राम बरकापुरा निवासी नेमीचंद पुत्र रतन सिंह अपने पड़ोसी गांव जरार निवासी खलासी बॉबी पुत्र गोपीचंद के साथ डीसीएम में आलू लोड कर औरैया जा रहे थे। बुधवार दोपहर दो बजे मुरादगंज कस्बे के पास नींद आने के कारण हाइवे की सर्विस रोड पर डीसीएम रोककर आराम करने लगे। आरोप है तभी सफेद रंग की कार आकर रुकी। उस पर सवार बदमाशों ने तमंचे की बट मारकर नेमीचंद को घायल कर दिया। तीन हजार रुपये और मोबाइल लूट कर कार से भाग गए। पीड़ित ने 112 नम्बर पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी नहीं कर रहे थे काम

पीड़ितों के साथ टोल प्लाजा पहुंचकर एसपी चारू निगम ने सीसीटीवी फुटेज चेक किये। उनके साथ सीओ प्रदीप कुमार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह भी मौजूद थे। एसपी को बताया गया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे निर्माण के चलते वायर आदि कट जाने के कारण सीसीटीवी काम नहीं कर रहा है। सीओ ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# वाहन चेकिंग अभियान के चलते वाहन स्वामियों में मचा हड़कंप

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । यातायात के नियमों को ताक पर रखकर मोटर व्हीकल संचालन करने के चलते होने वाली सुविधाओं और मार्ग दुर्घटनाओं पर



अंकुश लगाने के चलते नवरंगपुर चौकीक्षेत्र के गौरी बांगर पर चौकी प्रभारी द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया ।

गुरसहायगंज कोतवाली की नौरंगपुर चौकी क्षेत्र के गौरी बांगर तिराहे पर चौकी प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने अपने हमराहियों के साथ चलाया सघन बाइक चेकिंग अभियान। बाइक चेकिंग अभियान में बिना हेलमेट के 8 ऑनलाइन चालान किए। और कुछ बाइक सवारों को हिदायत भी दी।

बाइक चेकिंग अभियान के दौरान कांस्टेबल राघव यादव, वरुण राणा भी उपस्थित रहे।

# 10 अगस्त तक अब्बास अंसारी को पकड़कर लखनऊ कोर्ट में लाने का आदेश

लखनऊ। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के फरार बेटे अब्बास अंसारी की जमानत अर्जी पर एमपी एमएलए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है. एमपी एमएलए कोर्ट विधायक अब्बास अंसारी की जमानत पर गुरुवार को फैसला सुनाएगी. बता दें कि अब्बास अंसारी महानगर कोतवाली में अवैध तरीके से शस्त्र अब्बास अंसारी के खिलाफ बीते दिनों लखनऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट ने गैर–जमानती वारंट जारी किया था. उनके खिलाफ शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग के मामले में लखनऊ स्थित महानगर थाने में दर्ज हुआ था. ये केस विधायक के खिलाफ सितंबर 2019 में दर्ज किया गया था।




लाइसेंस ट्रांसफर करने के केस में फरार चल रहा है. एमपी एमएलए कोर्ट ने महानगर पुलिस को 10 अगस्त तक अब्बास को पकड़कर पेश करने का आदेश दिया है. इससे पहले अब्बास अंसारी ने एमपी एमएलए कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी।

2019 में दर्ज हुआ था केस

ब्बास अंसारी की तलाश के लिए एडीसीपी नार्थ और डीसीपी नार्थ के नेतृत्व में दो टीमें बनाई गई थीं. विधायक की तलाश में लखनऊ के तीन ठिकानों पर, गाजीपुर और मऊ के अलावा दिल्ली में भी कई जगहों पर छापेमारी की गई. हालांकि अभी तक पुसिल के हाथ इस मामले में खाली बताए जा रहे है।

# सी0बी0सी0 बजट के अन्तर्गत वित्तपोशित इच्छुक पात्र इकाईयां सम्पर्क कर योजना का उठाए लाभ

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। सी0बी0सी0 बजट अन्तर्गत वित्तपोषित इकाईयों को ब्याज एंव दण्ड ब्याज माफ कर मात्र मूलधन जमा करके ऋण से मुक्त होने का अन्तिम सुनहरा अवसर।

परम पूज्य महात्मा गांधी जी के 150वें जन्म दिवस के अवसर पर खादी आयोग मुम्बई एवं उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा दिये गये दिषा निर्देशों के अन्तर्गत सी0बी0सी0 बजट योजना में अन्तर्गत वित्तपोशित इकाईयों द्वारा लिये गये ऋण में प्रस्तावित दण्ड ब्याज माफी योजना लागू की गयी थी। उक्त के क्रम में वर्तमान में सी.बी.सी. बजट की ''एकमुश्त समाधान योजना'' में उद्यमियों/इकाईयों द्वारा ऋण एवं ब्याज जमा करने में समर्थ न हो पाने के कारण विभाग द्वारा ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफ कर केवल मूलधन 31.12.2022 तक वसूल करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त के तारतम्य में कोविड–19 की द्वितीय लहर का संक्रमण फैलने के कारण उक्त योजना 31 दिसम्बर 2022 तक का समय बढाया गया है। अतः आप 31.12.2022 तक बकाया मूलधन जमा कर सकते है। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुधीर कुमार ने देते हुए बताया कि सी0बी0सी0 बजट के अन्तर्गत वित्तपोशित इच्छुक पात्र इकाईयां किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ उठायें, तथा बकाया ऋण से मुक्ति पायें।

# करंट लगने से 2 युवक, हालत गंभीर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- घर के ऊपर से निकला तार टूटकर दुकान की टीनशैड में गिरा, पाइप की चपेट में आ गए

बिधूना,औरैया। कस्बा में करंट की चपेट में आने से 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यहां दिबियापुर रोड तिराहे पर घरों व दुकानों के ऊपर से निकली एलटी लाइन के तार टूटे हैं। इसकी चपेट में आकर हादसे हुए। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया है। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। दिबियापुर रोड तिराहे पर मकानों व दुकानों के ऊपर से निकली एलटी लाइन का तार टूटकर दुकान पर रखे टीनशैड से टकराने लगा। सुबह स्वास्तिक दुबे व हार्दिक दुबे



अपनी दुकान खोल रह थे। तभी वह तार के टीनशैड में टकराने के कारण पाइप में आ रहे करंट की चपेट में आ गए। इससे दोनों युवक करंट लगने के बाद गंभीर घायल हो बेहोश हो गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिधूना में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों युवकों के शरीर को ठोंकना चालू कर दिया। 20 मिनट बाद युवकों को होश आया। इसके बाद दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिधूना में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।दिबियापुर तिराहे पर निकली एलटी लाइन का तार बीती रात 11 बजे टूट गया था। इसके बाद भी सप्लाई चालू रही। करंट लगने के बाद जब लोगों ने जानकारी दी तब विद्युत सप्लाई बंद की गई।

इसके बावजूद अभी तक तार को जोड़ा नहीं गया है। बारिश का मौसम होने के चलते कस्बा ही नहीं क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से कई लोगों की मौत हो चुकी है।

# प्राथमिक स्कूल, ऐली का भवन जर्जर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर करते हैं पढ़ाई, बारिश में पंचायत भवन की लेनी पड़ती है शरण

बिधूना,औरैया। बिधूना तहसील क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहद खराब है। यहां कहीं छतों से पानी टपक रहा है तो कहीं भवन जर्जर हैं। कहीं बच्चे दूसरे भवन में शिफ्ट किए गए हैं तो कहीं पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई कराई जा रही है। हालांकि सरकारी आंकड़ों में कायाकल्प योजना के तहत सरकारी स्कूलों को चमकाने का दावा किया जा रहा है। बात करें तहसील क्षेत्र के अछल्दा ब्लॉक की तो प्राथमिक विद्यालय, ऐली का भवन जर्जर हो गया है। यहां बारिश के समय पानी टपकने लगता है। इससे बच्चों को पंचायत भवन की शरण लेनी पड़ती हैं। सामान्य दिनों में पेड़ के नीचे बैठाकर पढ़ाया जाता है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं बच्चे परिसर में ही बरगद के पेड़ के नीचे बैठ कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यही नहीं बारिश के मौसम में जर्जर भवन के गिरने की खतरा और बढ़ जाता है। इससे बच्चों के पढ़ने के लिए कोई दूसरा सुरक्षित स्थान नहीं है। प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन, स्कूलों के जर्जर भवनों की मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा रहा है। विद्यालयों में शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। ऐसे में बच्चे स्कूलों के भवन जर्जर होने के कारण खुले में या पेड़ों के नीचे बैठकर पढ़ने के लिए मजबूर हैं। स्कूलों के खस्ताहाल भवनों को देख अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। इसका असर स्कूलों में होने वाले नामांकन पर भी पड़ रहा है। क्षेत्र के ऐली गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन लगभग 32 साल पहले बना था। स्कूल में दो कमरे हैं, जिनकी दीवारों व छतों में जगह–जगह दरार पड़ गई है। छत व दीवारों का प्लास्टर उखड़ रहा है। बरसात में दीवारों में सीलन हो जाती है। बुधवार को थोड़ी सी बारिश होते ही स्कूल की छतें टपकने लगीं। विद्यालय में पढ़ने के लिए पहुंचे बच्चे बरगद के नीचे बैठे थे, पानी बरसते ही उन्हें पंचायत भवन में शरण लेनी पड़ी। विद्यालय में 8.30 बजे तक शिक्षामित्र रन्नो देवी के अलावा अन्य कोई शिक्षक नहीं पहुंचा था।ष चार लोगों का स्टाफ व 53 बच्चे हैंष प्राथमिक विद्यालय, ऐली में चार शिक्षकों का स्टाफ है। इसमें प्रधानाध्यापक श्रीपति द्विवेदी के अलावा एक सहायक अध्यापक अवध किशोर, दो शिक्षामित्र रन्नो देवी व मुकेश बाबू हैं। विद्यालय में कुल 53 छात्र–छात्राएं पंजीकृत हैं। इसमें कक्षा एक में 08 छात्र, कक्षा दो में





08 छात्र, कक्षा तीन में 12 छात्र, कक्षा चार में 15 एवं कक्षा पांच में 10 छात्र–छात्राएं हैं। बारिश के समय जगह–जगह से पानी टपक रहा है। इससे जर्जर भवन की छत गिरने की आशंका बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जर्जर भवन को डैमेज घोषित कर नया भवन बनवाए जाने की सुध नहीं लिए जाने से अभिभावक चिंतित हैं। प्रधानाध्यापक श्रीपति द्विवेदी ने बताया कि भवन की पुरानी छत व दीवारों में दरारें हो गई हैं। बारिश होने पर उनसे पानी टपकने लगता है। छतों के कभी भी गिरने की आशंका बनी रहती है। बारिश के दिनों में सीलन के कारण कमरों में नमी और उमस महसूस की जाती है। बताया कि गांव के गरीब परिवार के छोटे–छोटे बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ने के लिए विवश हैं। उन्होंने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। परंतु इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। शिक्षक अपने व बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं।

- अभिभावकों ने की नया भवन बनाने की मांग

बिधूना,औरैया। अभिभावक सर्वेश राठौर, राधा किशन, गुड्डू सविता, रामदत्त, सुरेश चन्द्र, राकेश कुमार, रुप सिंह, राजू कठेरिया, अरविन्द चौहान ने कहा कि विद्यालय भवन की खस्ता हालत देखते हुए वह अपने बच्चों को लेकर खासा चिन्तित हैं। कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए। उन्होंने जल्द से जल्द इस भवन को डैमेज घोषित कर यहां पर नए विद्यालय भवन का निर्माण कराने की मांग की है। बीएसए विपिन कुमार ने बताया कि इस मामले की जानकारी कर जल्द समस्या दूर की जाएगी। खड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय, ऐली के जर्जर भवन का मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# स्कूल बरसात में बन जाते हैं तालाब

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- छात्रों को जलभराव के पानी से होकर पड़ता है गुजरना, पढ़ाई होती है प्रभावित

औरैया। बारिश के चलते जिले के करीब दो सौ परिषदीय विद्यालय जलभराव की चपेट में आते हैं। इससे बच्चों को पानी में से होकर स्कूल आने जाने की परेशानी उठानी पड़ती है। बीहड़ के करीब एक दर्जन स्कूल ऐसे हैं, जो बाढ़ आने पर डूब जाते हैं। बेला के याकूबपुर के गांव पट्टी ज्ञानी का प्राथमिक स्कूल जहां बीते एक पखवारे में हुई बारिश से जलभराव की स्थिति हो गई है। काफी बड़े गड्ढे में पानी भरा है। मेंन गेट के सामने जलभराव से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं, यहां करीब 125 बच्चे हैं और तीन टीचर व एक प्रधानाध्यापक हैं। इसके अलावा विशेषतौर पर निचले स्थानों पर



संचालित विद्यालयों में यह परेशानी काफी ज्यादा है। ष्छात्रों को जलभराव के पानी से होकर पड़ता है गुजरनाष इस कारण कहीं परिसर में तो कई जगह कक्षाओं तक में पानी भर गया है। इससे कॉलेज के मुख्य गेट से लेकर कक्षा तक पहुंचने के लिए भी बच्चों व शिक्षकों को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। कई जगह तो विद्यालय तक पहुंचने का मार्ग भी पानी में डूबा हुआ है। ऐसे में पढ़ने के लिए विद्यालय आने वाले बच्चों को जलभराव के पानी से होकर गुजरने की परेशानी भी उठानी पड़ रही है। रुरुगंज के इंग्लिश मीडियम स्कूल व व औरैया के प्राथमिक विद्यालय कांशीराम कॉलोनी के अलावा प्राथमिक विद्यालय पट्टी ज्ञानी के बच्चों विशेषतौर पर जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। ष्अभिभावको ने जताई नाराजगीष

अछल्दा, सहार, सहायल, बेला, फफूंद आदि कस्बों में भी कई परिषदीय स्कूलों की स्थिति भी कुछ इसी तरह है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर परेशान अभिभावकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे सभी विद्यालयों के मार्गों को ऊंचा करवा कर बच्चों के आवागमन की परेशानी को दूर कराया जाए। जिले में कुल 1063 प्राथमिक तथा 453 उच्च प्राथमिक मिलाकर 1516 विद्यालय हैं। ष्बीहड़ इलाके के स्कूल डूब जाते हैंष सदर तहसील के जुहीखा, फारिहा, आस्ता और अजीतमल से जुड़े प्राथमिक विद्यालय सिकरोड़ी पानी में डूब जाता है। इसके अलावा भदौरा, क्योंटरा व महापूर समेत चार विद्यालय पानी से घिर जाते है। 2020 व 21 में यह स्कूल महीनों बन्द रहे और पढ़ाई ठप रही।

- जलभराव की समस्या दूर करने का किया जा रहा प्रयास


औरैया। बीएसए विपिन कुमार ने बताया, श्कुछ विद्यालयों में जलभराव की परेशानी के बाद भी शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है। जलभराव की परेशानी को दूर कराने के लिए संबंधित विभाग के साथ मिलकर प्रयास कराए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत व अन्य संस्थाओं के सहयोग से स्कूलों के बदहाल रास्तों को दुरुस्त कराया जाएगा।

# पंचायत सचिवालय में हुई चोरी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- कम्प्यूटर, प्रिंटर, टीवी, इन्वर्टर, बैटरी, पखें ले गए चोर, सीसीटीवी कैमरों को भी किया क्षतिग्रस्त

बिधूना,औरैया। बिधूना विकास खंड की ग्राम पंचायत सराय प्रथम में बने ग्राम सचिवालय में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने सीसीटीवी कैमरा तोड़कर अन्दर कमरों रखे कम्प्यूटर, प्रिंटर, टीवी, इन्वर्टर, बैटरी, पखें आदि समान चोरी कर ली। प्रधान व सचिव ने चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने जांच पड़ताल कर जल्द घटना का खुलासा करने बात कही। प्रधान व





सचिव ने कोतवाली पहुंचकर घटना की अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है।

सफाई कर्मचारी ने दी जानकारी,विकास खंड बिधूना की ग्राम पंचायत सराय प्रथम प्रधान पिंकी देवी ने बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे सफाई कर्मचारी राजेन्द्र सिंह ने सचिवालय के बहार मैन गेट खोला तो उसने देखा कि अन्दर के कमरों के भी तोले टूटे हैं। जिसके बाद सफाई कर्मी राजेन्द्र ने उन्हें घर आकर जानकारी दी। बताया कि मौके पर जाकर देखा कि सचिवालय की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरा के साथ कमरे में रखा कम्प्यूटर, प्रिंटर, टीवी, इन्वर्टर, बैटरी,पंखे आदि गायब थे। प्रधान सचिव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज। प्रधान पिंकी देवी ने चोरी की जानकारी पंचायत सचिव परवेज को देने साथ पुलिस को भी सूचना दी। चोरी की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। जिसके बाद प्रधान पिंकी देवी व सचिव परवेज ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी जीवाराम ने बताया कि सचिवालय से सामन चोरी होने की जानकारी मिली है। मौके पर पुलिस भेजकर जांच कराकर उचित कार्रवाही की जायेगी। 112 पुलिस सुबह मौके पर पहुंची थी।

# बच्चों को पिलाई गई विटामिन ए की खुराक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- '50 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय से शुरू हुआ बाल स्वास्थ्य पोषण माह
- '1.59 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य

औरैया। जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों पर बुधवार से बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरुआत हुई । स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में नौ माह से पांच साल तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी गई। 50 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव की मौजूदगी में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा ने अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई। उन्होंने शासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित की जा रही जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी।

एक माह तक चलने वाले इस अभियान में नौ माह से लेकर पांच साल तक के करीब 1.59 लाख शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान प्रत्येक सप्ताह बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण के साथ चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार और शनिवार को अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान टीकाकरण केंद्रों पर आने वाले नौ माह से लेकर पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। नौ से बारह माह तक के बच्चों को आधी चम्मच यानी एक एमएल, एक से पांच साल तक के बच्चों को दो एमएल दवा दी जानी है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 1.59 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि विटामिन ए से रोग प्रतिरोधक प्रणाली मजबूत होती है। स्किन भी सही होती है। हड्डियां



मजबूत और घाव भरने में भी मदद करती है। विटामिन ए में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है, जो आंखों की बीमारियों के खतरे कम करता है। इम्यून सिस्टम के कार्यों को बेहतर बनाने और दिल, फेफड़े, किडनी के साथ ही शरीर के दूसरे आवश्यक अंगों के कार्यों को भी सामान्य रखने के लिए विटामिन ए की भूमिका काफी अहम होती है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान नौ से 12 माह के 9562 , एक से दो साल के 36032 , दो से पांच साल के 113497 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जानी है। इसका माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। ब्लाक वार लक्ष्य निर्धारित कर जिम्मेदारी दे दी गई है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक , सहयोगी संस्था यूनिसेफ और यूएनडीपी के प्रतिनिधि सहित बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मौजूद रहे। उधर दिबियापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद पोरवाल ने सीएचसी अधीक्षक डाक्टर विजय आनंद की उपस्थिति में फीता काटकर किया।इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी अश्वनी सिंह , हिमांशु सिंह , ईशू पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोतवाली देहात की कमान मिलते ही बड़े हत्याकांड का किया खुलासा,अभियुक्तो को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर/ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा

सुल्तानपुर–बीते 28 जुलाई को हुई हत्या का खुलासा आज पुलिस ने कर दिया।बताते चले कि चांदा कोतवाली के छतौना कला में कोतवाली देहात के भरथीपुर गांव निवासी बैंक फ्रेंचाइजी संचालक राहुल शर्मा का शव बरामद हुआ था जबकि मृतक राहुल शर्मा की मोटरसाइकिल व मोबाइल बंधुआँकला थाना क्षेत्र स्तिथ असरोगा टोलप्लाजा करीब मिला था।वही इस मिस्ट्री भरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने की लिए पुलिस ने हर पहलुओं पर जांच करना शुरू कर दिया पुलिस कप्तान सोमेन बर्मा ने भी मौके का मुआयना किया था और जल्द ही मामले का खुलासा करने का निर्देश भी दिया था।वही कोतवाली देहात की हाल फिलहाल ही कमान संभाले निरीक्षक



शिवाकांत त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ इस हत्याकांड के खुलासे में अहम भूमिका निभाई।बताया जाता है कि निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी क्राइम कंट्रोल व अपराधियो पर सख्त रवैया अपनाने के लिए जाने जाते है।निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी पूर्व में जिले के 'कूरेभार व धंमौर थाने की कमान संभालते हुए थाने टॉप टेन अपराधियो सहित शातिर अपराधियो को जेल भेजने के साथ साथ थाना कानून व्यवस्था कायम रखने काम किया था जिस भी थाने की कमान निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी संभालते है वहां के क्रियाशील अपराधियो के लिए साफ होता है संदेश छोड़ दो अपराध का रास्ता वरना जेल जाने को रहो तैयार,फरियादियों को शत प्रतिशत न्याय देने का करते है काम,इस हत्याकांड के खुलासे के लिए सर्विलांस की मदद लेते हुए हत्यारो तक पहुँच गए पुलिस की माने तो मृतक राहुल शर्मा से पिन्टू उर्फ तेज बहादुर तिवारी ने दोस्ती की फिर अपने विश्वास को जमाया।घटना वाले दिन मृतक राहुल शर्मा को पिन्टू तिवारी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पार्टी करने के बहाने चांदा कोतवाली के छतौना कला ले गए जहाँ सभी ने शराब पी।लेकिन पिन्टू और उसके दोस्तो ने कम शराब पिया और जब राहुल शर्मा शराब के नशे में जादा हुआ तो उसकी गला दबा के हत्या कर दी पकड़े गए पिन्टू तिवारी पर जिले के अलग अलग थानों पर आधा दर्जन मुकदमे दर्ज भी है।वही मुखबिर द्वारा इन हत्यारो के देखे की सूचना पर विश्वास करते हुए कोतवाली देहात प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने मय फोर्स घेराबन्दी कर की।अपने टीम का कुशल नेतृत्व करते हुए बरसड़ा रेलवे क्रासिंग के पास से पिन्टू उर्फ तेजबहादुर तिवारी व नन्दलाल निषाद को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।वही घेराबंदी के दौरान तेज तर्रार दरोगा यादवेन्द्र सोनकर की मुस्तैदी से दोनो को धर दबोचने में कामयाबी मिली।दरोग यादवेन्द्र सोनकर ने पूर्व में भी कई शातिर अपराधियो को जेल भेज चुके है 'पूर्व में नगर कोतवाली के निरालानगर चौकी प्रभारी रहते हुए क्षेत्र अपराध का सफाया हो हिस्ट्रीशीटर पर कार्यवाही का मामला हो चाहे शातिर अपराधी व शातिर चोरों गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजने का काम किया ऐसा ही लंभुआ कोतवाली की शंम्भुगंज चौकी का प्रभार सँभालते हुए कई अपराधियो को जेल भेजा था तो जयसिंहपुर कोतवाली के बरौसा चौकी व बिरसिंहपुर चौकी का प्रभार संभालते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था स्थापित करते हुए कई अपराधियो को जेल का रास्ता दिखाया थाफिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार दोनो हत्यारोपीयो से मृतक राहुल शर्मा से लुटे गए 9000 रुपये में से 3100 रुपया बरामद भी किया है।जबकि इन हत्यारो का तीसरा साथी संजय निषाद अभी फरार बताया जा रहा है।पुलिस जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कह रही हैं।आज की इस गिरफ्तारी में निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी,उप निरीक्षक यादवेन्द्र सोनकर,कांस्टेबल अक्षय शुक्ला,बंसत पासवान,वीरेन्द्र कुमार थाना कोतवाली देहात की अहम भूमिका रही।

## सरकारी एम्बुलेंस हो रही कंडम स्वास्थ्य विभाग की आंखे बंद जिला अस्पताल की एम्बुलेंस में धक्का लगाते वीडियो वायरल

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज में एमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा एक बार फिर फेल हुई है। एक बार फिर मरीज के तीमारदारों को एम्बुलेंस ले जाने के लिए उसमें धक्का लगाना पड़ा है। जिले की ज्यादातर एम्बुलेंस अब कंडम हो गयी हैं, जिनकी मरम्मत को लेकर स्वास्थ्य विभाग लापरवाह बना हुआ है। जिला अस्पताल में एम्बुलेंस



धक्का लगाकर स्टार्ट करने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एम्बुलेंस में धक्का लगाते इससे पहले भी कई बार वीडियो वायरल हो चुका है, लेकिन उसके बाद भी कोई सुधार नही हो रहा है। जो सीधे सीधे योगी सरकार के बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे की धज्जियां उड़ा रहा है।

## शादी का झांसा देकर युवक युवती से करता रहाबलात्कार पुलिस को दी तहरीर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। नगर के एक मोहल्ले की युवती को 5 जुलाई की सुबह 4.00 बजे मोहल्ले के ही एक युवक ने फोन पर गुमराह कर बुलाया और कहा कि तुम्हारे पापा गाड़ी पर बुला रहे हैं वह उस पर विश्वास कर चली गई। तभी उसे युवक ने जबरन पकड़कर कारचोबी के कारखाने में खींच कर ले गया और उसका मुंह बंद कर जान से मारने की धमकी देकर डरा धमका कर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और



उसे बाहर फेंक दिया युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी तभी परिजनों ने उक्त घटना की शिकायत युवक के परिजनों से कि तभी युवक के परिजनों ने उसकी गलती मानते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि हम अपने बेटे की शादी तुम्हारी बेटी के साथ कर देंगे हमें 15 दिन का समय दो युवती के माता–पिता ने इज्जत व मान सम्मान के चलते निकाह की हामी भर दी और 22 जुलाई को निकाह की बात को लेकर मोहल्ले में ही पंचायत हुई और उसी पंचायत में दोनों का निकाह होने की बात तय हो गई युवती के पिता ने निकाह के शगुन के रूप में 10051 रुपए भी दे दिए और 1 सप्ताह के अंदर निकाह करने का वायदा किया गया परंतु 1 माह बीतने को है अब युवक के परिजन चार लाख की नगदी व एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे हैं। युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि युवक के परिजनों ने एक राय होकर घटना को अंजाम दिया और उसके साथ बलात्कार करके उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है और अब शादी करने को भी तैयार नहीं है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## गोरखपुर भौवापार गाव बेटी ने फिल्मों में बनाई पहचान

गोरखपुर सम्वाददाता दीनेश पाटवा दैनिक अयोध्या टाइम्स

चौरी चौरा भौवापार गांव में प्रतिभावन युवा युवतियों की कमी नहीं है भौवापार की 21 वर्ष की बेटी तुलसी राजपूत ने भोजपुरी फिल्मों के एल्बम की दुनिया में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की इस बात की चर्चा पूरी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जुनून व इच्छाशक्ति के साथ भोजपुरी फिल्मों की दुनिया में उत्तरी भौवापार गांव के ताम्रध्वज चौहान की पुत्री तुलसी राजपूत का कहना है कि कठिन डगर है लेकिन असंभव नहीं तुलसी राजपूत ने जिला ही नहीं बल्कि चौरी चोरा शहीद क्षेत्र का नाम भी रोशन किया सामान्य परिवार से पैदा हुई तुलसी ने बताया कि होश संभालने के बाद से ही फिल्मी दुनिया में जाने की



इच्छा हुई स्नातक करने के दौरान 22 सितंबर 2021 को गोरखपुर में चल रही अपराधी फिल्म की शूटिंग के दौरान भोजपुरी सिनेमा के हीरो खेसारी लाल से पहली मुलाकात हुई उसके संपर्क में आने के बाद उन्होंने हौसला जताई भोजपुरी इन्डस्ट्रि के महाशुर रचनाकार पवन कुमार पांडे द्वारा रचित गीत पुजनवा छठी माई के पटना में खेसारी लाल के साथ छठ मैया के गीत गाने से करियर के सफर की शुरुआत हुई कई एल्बम बनाने के साथ फिल्मों में भी साइड एक्टर का कार्य करने को मिला उसने इसका श्रेय वह अपने माता पिता को देती है तुलसी के पिता ताम्रध्वज चौहान का कहना है की शुरू से ही उसका मन फिल्मी दुनिया की ओर था लेकिन गांव में ऐसा कोई माहौल नहीं था आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं था लेकिन उसकी दृढ़ इच्छा शक्ति से उसे कामयाबी की सफलता मिली है।

## विवाहिता को आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने वाला आरोपी जेठ को चौकी फगुरम पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा



जिला जांजगीर चाम्पा । छत्तीसगढ़ के चौकी फगुरम के मर्ग क्रमांक 02/2020 धारा 174 जा, फौ, की जांच पर मृतिका को उसके जेठ धनसाय बघेल द्वारा खेत में खूंटा गड़ाने की बात को लेकर गाली गलौज व आत्महत्या करने के लिये प्रेरित करने से तंग आकर जहर सेवन कर आत्महत्या करना पाया गया जिस पर आरोपी के विरुद्ध चौकी फगुरम में अपराध क्रमांक 286/2022 धारा 306 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण महिला अपराध से संबंधित होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये तत्काल पुलिस द्वारा आरोपी को उसके निवास स्थान ग्राम बांधापाली में होने की सूचना मिलने पर तत्काल रवाना होकर घर में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया आरोपी धनसाय बघेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बांधापाली को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने व आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों को दिनांक 03/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक एस, सी, चौहान चौकी प्रभारी फगुरम, प्रधान आरक्षक फलेन्द्र मनहर , योगेश राठौर , रामकुमार जगत , राकेश यादव, रोशन चन्द्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## चोरी के 01 आरोपी को थाना जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना जांजगीर में प्रार्थी अनिल कुम्हार निवासी कनई ने थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 02/08/2022 की दराम्यानी रात्रि अपने घर में सो रहा था उसी समय रात्रि में आहट की आवाज सुनकर प्रार्थी उठा तो देखा कि कोई अज्ञात चोर उसके बेदरूम में रखे पेटी से नगदी रकम चोरी कर भागने लगा तब प्रार्थी अपने भाई को आवाज देकर उठाया दोनों भाई द्वारा भाग रहे अज्ञात चोर को पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना नाम सालिकराम केंवट उम्र 45 वर्ष निवासी नहरपार पानी टंकी के पास कोरबा थाना सिटी कोटवाली कोरबा जिला कोरबा हाल मुकाम भैसा बाजार चाम्पा का निवासी होना एवं शराब के नशे में चोरी करना बताया जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 524ध2022धारा 457 , 380



भादवि पंजीबध्द कर विवेचना के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना प्रयुक्त लोहे का रॉड दो नग टार्च एवं आरोपी के कब्जे से नगदी 1500 रूपये बरामद किया गया आरोपी को दिनांक 03/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने में सहायक उपनिरीक्षक भरत राठौर, आरक्षक दिलीप सिंह, आरक्षक चालक सुनील साहू का विशेष योगदान रहा।

## लखनऊ 03 अगस्त भारतीय संस्कृति व सभ्यता को संजोये हुए किया गया भव्य हरियाली तीज कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाईम्स संवाददाता अंकित तिवारी राजधानी उप्र।

आज मयूर रेजीडेंसी लेडीज ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता



के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु हरियाली तीज का कार्यक्रम रोजलिन इन रेस्टोरेंट् मुंशीपुलिया में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया तत्पश्चात महिलाओं के बीच अनेक तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें तीज क्वीन की विजेता नीतू दूबे रही । बेस्ट हेयर स्टाइल का खिताब सरुपा के नाम रहा वहीं बेस्ट ड्रेस अंजू पांडे , गॉर्जियस लुक शशि पाठक , एलिगेंट लुक प्रियंका और बेस्ट मेंहदी का खिताब ममता सिंह के नाम रहा। अलका श्रीवास्तव, गुंजन वर्मा, नीतू दुबे ,पूजा सिंह ,प्रियंका ने भारतीय विरासत को सजोये हुए अपने खूबसूरत नृत्य से सभी का मन मोह लिया। वही सरस्वती, सोनी, अनीता, प्रतिभा और आशिता ने अपनी प्यारी आवाज से संगीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष व् सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गुंजन वर्मा के एवं इलियास फैशन ऑरिकल की डायरेक्टर नविता आनंद जी जज की भूमिका में रहे।

अर्चना, ममता, सरस्वती, पूजा दिवेदी ,सुमन, निधि , विम्मी, शशि, प्रेमा ,निशा ,अंजू , श्यामा माल, भावना ,गीता ,कंचन, प्रज्ञा ,ज्योति एवं सरुपा आदि ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

## प्रधानमंत्री मोदी के अपील का एक मैसेज देश में वन्देमातरम अभिवादन का इंकलाब ला देगा-दिलीप कुमार चतुर्वेदी

- वन्देमातरम् से अभिवादन हेतू प्रधानमंत्री को पत्र लिखा जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ने
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ट्वीट कर किया आग्रह

3 अगस्त 2022 प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार



जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बुधवार की शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक लेटर लिखकर ट्विटर पर पोस्ट करते हुए आग्रह किया कि

हम सब आजादी की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाकर मां भारती को सर्वोच्च बलिदान देनें वालें वतन के जांबाजों को नमन् कर रहे हैं। आपके आग्रह पर शोशल मीडिया की प्रोफाइलो की डीपी के रूप में हम सब की आन–बान–शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लग गया है। घर–घर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगानें की तैयारियों चल रही है।

इसी कड़ी मे जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि अभिवादन मे नमस्ते,जय श्रीराम, प्रणाम आदि शब्दों के उपयोग के स्थान पर ष्वन्देमातरम्ष् से अभिवादन हो तो अच्छा होगा। दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने पत्र में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शोशल मीडिया में अपील का एक मैसेज वन्देमातरम अभिवादन का इंकलाब ला देगां। साथ ही आशा और विश्वास जताया है। ट्विटर के साथ मेल और नरेन्द्र मोदी एप्प के माध्यम से भी लेटर भेजा गया है।

# जीटी रोड पर टहलते आवारा मवेशी किसानों की फसल चरने का डर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील शुक्ला। कानपुर।शिवराजपुर। किसानों को अन्ना मवेशियों का डर सताने के कारण दिन रात अपने फसल की सुरक्षा के लिए पहरा देने के लिए मजबूर है क्षेत्र में कई गांव ऐसे भी हैं जिन्हें किसानों को अन्ना मवेशियों का डर बना रहता है वही अन्ना मवेशियों के टकरा जाने से आए दिन हादसे का डर बना हुआ हैं जीटी रोड से लेकर खेतों पर एक दर्जन से ज्यादा की तादाद में घूम रहे आवारा मवेशियों की वजह से खेत की फसलें बर्बाद होती चली जा रही है। बुधवार को शाम ढलते ही जीटी रोड के आसपास तथा खेतों के पास आवारा मवेशियों का झुंड निकलने से किसानों के साथ राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है नमस्ते इंडिया व कामापुरवा गांव के सामने जीटी रोड पर आवारा मवेशियों का झुंड देखने को मिला इससे यह प्रतीत होता है जिस किसान के खेत में आवारा मवेशियों का झुंड जाएगा उस खेत की फसल को नष्ट कर देगा।आसपास के क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि शाहपुर कामा, कामापुरवा , उदेतपुर बहरमापुर ,दूबियाना , सखरेज, जिन्दपुर, टकटौली, बिरामऊ, सकरवां आदि गांवों में मक्का, धान,चरी, बाजरा आदि की हरी फसलें खड़ी है आवारा पशुओं की वजह से फसलें चरने से बर्बाद होती जा रही है शासन ने आवारा पशुओं को पकड़ने का कई प्रयास कर चुकी है लेकिन सरकारी प्रयासों के बावजूद समस्या खत्म नहीं हुई है क्षेत्र में कई गो आश्रय खुले होने के बावजूद किसानों को उसी प्रकार की समस्या झेलनी पड़ रही है।किसानों ने आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए तार रस्सी बास बल्ली खंभे गाड़कर फसल बचाने में लगे हुए है इसी कारण बस किसान रात और दिन खेतों पर पहरा देने पर मजबूर हो चुका है



इतनी कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद किसानों ने खेतों से अपना पहरा नहीं हटने दिया है पहरा हटते ही मवेशी खेतों में झुंड बनाकर घुस जाते हैं और फसल को चट कर बर्बाद कर देते हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है।

# मूसलाधार बारिश में भी विधायक श्री सुरेंद्र मैथानी जी गोस्वामी तुलसीदास जयंती में दौड़ते हुए पहुंचे

दैनिक अयोध्या टाइम्स । कानपुर 3 अगस्त। जन जागृति मंच द्वारा गुजैनी जी ब्लॉक रामलीला मंच पर तुलसी जयंती की पूर्व संध्या पर गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री सुरेंद्र मैथानी जी ने दीप प्रज्वलन कर किया मूसलाधार बारिश में भी विधायक श्री सुरेंद्र मैथानी जी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए कार्यक्रम स्थल पर दौड़ते हुए पहुंचे वारिस के बावजूद कार्यक्रम स्थल पर एकत्र सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से विधायक श्री मैथानी जी का स्वागत किया



इस अवसर पर श्री मैथानी जी ने कहा देश में शायद ही कोई हिंदू परिवार ऐसा होगा जिस घर में रामचरितमानस उपलब्ध ना हो गोस्वामी तुलसीदास जी ने अनेक ग्रंथों की रचना की जिसमें रामचरितमानस विनय पत्रिका आदि बेहद लोकप्रिय हैं तुलसी जी के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए विधायक जी ने चर्चा की और कहा कि जन जागृति मंच द्वारा गोस्वामी जी की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम कि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं वारिस के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठे हैं इसकी मैं आयोजकों को बधाई देता हूं कार्यक्रम स्थल पर रामलीला मंच से बरसाती बूंदे टपकती देख विधायक जी ने रामलीला मंच के टीन शेड की मरम्मत कराने की घोषणा की प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष विनोद मिश्र ने कहा कि हमारी संस्था पिछले कई दशकों से बिना कोई सरकारी आर्थिक सहायता या चंदा अनुदान लिए बगैर निस्वार्थ सामाजिक सेवा कर रही है विधायक जी ने बरसते पानी में उपस्थित होकर हम सभी का दिल जीत लिया है। इस अवसर पर कुछ लोगों द्वारा गुजैनी जी ब्लॉक टेंपो स्टैंड से रामलीला पार्क को आने वाली नवनिर्मित सड़क की शिकायत करने पर उन्होंने यथाशीघ्र समस्या निराकरण का आश्वासन दिया प्रमुख रूप से सर्व श्री पंडित विनोद मिश्र भाजपा रतनलाल नगर मंडल के महामंत्री सुमित पावा जी कानपुर विश्व विद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष गुंजन लाल शर्मा श्रीमती सुमन मिश्रा जी राजेंद्र गुप्ता जी रमेश यादव जी मनोज यादव राज नारायण पांडे विनोद तिवारी प्रदीप मिश्रा धर्मेंद्र चौहान रवि त्रिपाठी राधा यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) करेगा इंस्टाग्राम स्टार शिवानी कुमारी को सम्मानित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। इलेक्ट्रॉनिक एन्ड प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन भारत द्वारा इंस्टाग्राम स्टार शिवानी कुमारी को किया जाएगा सम्मानित। यह जानकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जानकारी देते हुए जिला संयोजक रामनरेश पोरवाल, जिला प्रभारी सर्वेन्द्र कुशवाहा, जिला अध्यक्ष पुष्पराज ने बताया कि औरैया जिले के अरियारी गाँव मे गरीब घर मे जन्मी शिवानी कुमारी लोक कला व संस्कृति को बचाने के लिए प्रयासरत हैं और ग्रामीण लोक कला व ग्रामीण परिवेश व ग्रामीण संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। उनके द्वारा बनाए गए वीडियो में ग्रामीण लोक कला व संस्कृति को देखने को मिलती है इससे पूरे देश में शिवानी कुमारी के वीडियो वायरल हो रहे है। शिवानी कुमारी के वीडियो को अब तक देशभर के करोड़ों लोग देख चुके हैं इसके अलावा यूट्यूब पर भी शिवानी कुमारी को 15 करोड़ 80 लाख से अधिक लोग शिवानी के वीडियो को देख चुके है। इंस्टाग्राम पर भी शिवानी कुमारी के 2.3 मिलीयन फॉलोअर्स हैं। शिवानी कुमारी के दर्जनो विडियो को इंस्टाग्राम पर करोड़ों लोगों ने देखा है। शिवानी कुमारी के यूट्यूब चौनल पर भी 10 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं शिवानी कुमारी का अभी पिछले महीने हरियाणा के कलाकारों के साथ बनाया गया



बलमा वीडियो एलबम काफी वायरल हुआ है और उसे 42 लाख लोग से देख चुके हैं। शिवानी कुमारी अभी फिलहाल कई वीडियो गानों की शूटिंग में बहुत ज्यादा व्यस्त हैं और भोजपुरी फिल्मों के तमाम कलाकार हरियाणा के तमाम कलाकारों के साथ उनके कई वीडियो एल्बम जल्द रिलीज होंगे। शिवानी कुमारी को प्रोत्साहित करने के लिए इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन ने शिवानी को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त डीडीओ के साथ की बैठक

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज जिलाधिकारी ने राज्य कर विभाग में अभी तक पंजीयन नहीं कराने वाले डीडीओ को दो दिन के अंदर पंजीयन कराने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जनपद के समस्त डीडीओ के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राज्य कर विभाग के उपायुक्त(प्रशासन) राज्य कर व नोडल अधिकारी अरूण कुमार गौतम ने पीपीटी के माध्यम से उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम की धारा–51 में उल्लिखित टीडीएस के प्राविधानों से परिचित कराते हुए बताया कि ऐसी प्रत्येक कर योग्य संविदा जिसका मूल्य 2.5 लाख से अधिक हो, संविदी को भुगतान करते समय 02 प्रतिशत की टीडीएस राशि की कटौती करना अनिवार्य है। उक्त कटौती के पूर्व प्रत्येक डीडीओ का राज्य कर विभाग में टैन के आधार पर पंजीयन प्राप्त करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक डीडीओ जो अभी तक राज्य कर विभाग में पंजीकृत नहीं है, दो दिन के अंदर पंजीयन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त मनोज कुमार त्रिपाठी द्वारा इस संबंध में विभिन्न शंकाओं का समाधान करते हुये बताया कि यदि कोई टी0डी0एस0 कटौती हेतु उत्तरदायी डी0डी0ओ0 पंजीकृत नहीं है व निर्धारित टी0डी0एस0 राशि की कटौती कर निर्देशानुसार नियत अवधि में जमा नहीं करता है तो उस पर अधिनियम की धारा–122 के अंतर्गत अर्थदण्ड आरोपित हो सकता है।

बैठक में अपर आयुक्त ग्रेड–2, राज्य कर प्रयागराज यहिआ अन्सारी, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर प्रयागराज बालकृष्ण सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में गो आश्रय के संचालन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर किया जाए संरक्षित-जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित/ बेसहारा गोवंश की समस्या के निदान हेतु गो आश्रय संचालन के सम्बन्ध में बैठक की गयी। जिसमें जनपद के निराश्रित/बेसहारा गोवंश से किसानों की फसलों के नुकसान एवं राष्ट्रीय राजमार्गो पर आवारा गोवंश द्वारा उत्पन्न समस्याओं के निदान किये जाने हेतु समीक्षा की गई। शासन के निर्देश के क्रम में गो आश्रय स्थल की स्थापना, संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं की शत–प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गो–संरक्षण केन्द्रों में रहने वाले गोवंशों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसके लिए चारा–पानी एवं उनके रहने के लिए छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहनी चाहिए, ताकि उन्हें गो–आश्रय केन्द्रों में कोई दिक्कत न होने पावे। उन्होंने कहा कि गोशाला में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, पशु खुले में नहीं रहेंगे। कहीं भी किसी जानवर को कोई हानि पहुंचती है तो सम्बन्धित चिकित्सक तत्काल जानवरों का उपचार करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक लेवल पर प्रत्येक गौशाला की अलग–अलग फाइल होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को पकड़कर संरक्षित किया जाए तथा गोवंश आश्रय स्थल में



संरक्षित समस्त गोवंश पशुओं की शत–प्रतिशत ईयर टैगिंग कराना, नियमित निरीक्षण एवं पंजिका पर अंकन कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिया कि अपने–अपने ब्लाक में चिन्हित जगहों पर नये अस्थायी गौशालाओं का निर्माण किया जाए। पुरानी गौशालाओं में जहां पर जगह निर्धारित की गई हो, वहां पर नये शेड बनाये जाएं, ताकि निराश्रित गोवंशों को रहने के लिए कोई दिक्कत न हो। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से टीम बनाकर सड़क पर घूम रहे गोवंशों को पकड़कर संरक्षित कर उनका टैगिंग करा कर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियोंध्अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत को निर्देशित किया कि वह विकास खण्डवार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों की सूचना कुल संरक्षित गोवंश पशुओं की संख्या, ईयर टैग किये गये पशुओं की संख्या, शेड (पूर्ण/निर्माणाधीन/साइज), हरा चारा/भूसा/स्वच्छ पानी/ विद्युत /प्रकाश की उपलब्धता, अस्थायी गो आश्रय स्थल में भरण–पोषण हेतु प्राप्त धनराशि की सम्परीक्षण बिन्दुओं पर सूचना संकलित करके निर्धारित समयानुसार सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।

बरसात को दृष्टिगत रखते हुए गोवंशों को बीमारी से बचाव हेतु जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि निराश्रित गोवंशों का टीकाकरण शत–प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिन भी गौशालाओं में निरीक्षण के दौरान जैसे–गोवंश आश्रय मे पानी, शेड एवं विद्युतध्प्रकाश एवं चरनी आदि की कमी पायी जाती है तो उसे तत्काल सूचीबद्ध कराया जाए तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से व्यवस्थाओं को दुरूस्त करा दिया जाए, ताकि गौशालाओं में गोवंशों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, जमुनहा सौरभ शुक्ला, डी0सी0 एन0आर0 एल0एम0, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुभाष भारती, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, सभी खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अग्रवाल महिला संगठन द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। आज जनपद में ध्रुववाटिका में अग्रवाल महिला संगठन द्वारा तीज मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें



कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती पद्मा अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ सावन के गीतों से हुआ महिलाओं की संगीत लहरी से वातावरण गुंजायमान हो उठा। संगठन द्वारा महिलाओं के मनोरंजन के लिये विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। लकी ड्रॉ,सरप्राइज गेम,गोले में रिंग फेंको,हाऊजी मनोरंजन खेलों का आयोजन हुआ साथ में तीज क्वीन प्रतियोगिता भी की गई। जिसमें अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्या में एंट्री आई। श्रीमती दिव्या अग्रवाल प्रथम रहीं एवं श्रीमती साक्षी मित्तल रनरअप रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्रीमती शिखा मित्तल मंत्री श्रीमती संगीता बंसल के साथ अंजू,अंचल,अर्चना तथा अन्य कार्यकारिणी एवं संगठन के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## व्यापारी अपने प्रतिष्ठानो एवं घरों पर लगाये तिरंगा झंडा:आलोक दीक्षित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ.प्र.(पंजी) के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने कहा इस बार देश की आजादी के 75वें वर्ष को सरकार धूमधाम से मना रही है। सभी व्यापारियों से अनुरोध है कि वह अपने प्रतिष्ठानो एवं आवासों में दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज लगाए एवं तिरंगा झालरों से सजावट करे। उन्होंने कहा उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ.प्र. जनपद इटावा की सभी इकाइयों के अध्यक्ष, फ्रन्टल संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी पदाधिकारी तिरंगा झण्डा फहराए जाने के लिये डीसी एनआरएलएम के कार्यालय विकास भवन में जाकर झण्डा ले लें,यदि जाने में असमर्थ हैं तो आज शाम तक 30 प्रति झंडे के हिसाब से जिला कार्यालय 8 बजाजा लाइन इटावा में जमा कर दें जिससे आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। आज उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर, हर प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उद्देश्य से अभियान की शुरुआत की,विकास भवन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गये झंडो को व्यापारियों तक पहुंचाया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी,युवा जिलाध्यक्ष पावेन्द शर्मा,जिला उपाध्यक्ष अभय टंडन,महिला जिला महासचिव अनीता शर्मा,शहर उपाध्यक्ष सै.लकी,मीडिया प्रभारी इश्तियाक कुरैशी,युवा जिला महासचिव अजीत कुमार का भी सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 15 अगस्त ''स्वतंत्रता दिवस'' की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज । जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में 15 अगस्त ''स्वतंत्रता दिवस'' को गौरवपूर्ण ढंग से मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम को विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महापुरूषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की साफ–सफाई एवं आस–पास में चूने का छिड़काव कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने इन स्थलों पर 13 अगस्त से ही लाइटिंग की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी अस्पतालों में भी लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा। स्कूलों में 11 अगस्त से ही बड़े कार्यक्रम कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने 11 अगस्त से ही सभी कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था किए जाने एवं अमृत सरोवरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु नगर निगम एवं जिलाराज पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया है।

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 तक आयोजित किए जाने वाले ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजन के लिए निर्धारित किए गए दायित्वों का पूरी तनमयता के साथ निर्वहन किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चौथी मोहर्रम पर पानदरीबा इमामबाड़े में निकाला गया दुलदुल




प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज । माहे मोहर्रम की चौथी तारीख को करबला मे इमाम हुसैन के वफादार घोड़े जुलजनाह ने जिस तरहा एक एक कर बहत्तर शहीदों को यजीद से जंग लड़ने मे किरदार निभाया उस घोड़े की शबीह गुलाब व चमेली के फूलों से सजा कर लोगों की जियारत को निकाली गई।पानदरीबा स्थित इमामबाड़ा सफदर अली बेग मे अशरे की चौथी मजलिस को मौलाना सैय्यद रजी हैदर साहब किबला ने खिताब करते हुए इमाम हुसैन पर ढ़ाए गए मजालिम का गमगीन तजकेरा किया।मजलिस से पहले बाबर भाई ,मिर्जा जहाँगीर व फैज जाफरी ने मर्सिया पढ़ा।मजलिस के बाद इमामबाड़ा सफदर अली बेग के अन्दूरीनी हिस्से में दुलदुल घोड़े (जुलजनाह) की शबीह निकाली गई जिसपर अकीदतमन्दों ने फूल माला व सूती चादर चढ़ा कर मन्नत व मुरादें मांगी।अन्जुमन अब्बासिया ने नौहा और मातम का नजराना पेश किया।मजलिस में वकार रिजवी ,शकील नवाब ,सुहेल ,शमशाद ,जहाँगीर ,मुन्ना ,सलीम ,माहे आलम ,मुर्तुजा ,मुजतबा ,सादिक ,सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,फैजयाब हैदर ,आसिफ रिजवी आदि शामिल थे।अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद के मुताबिक बुधवार पाँचवी मोहर्रम को चक जीरो रोड स्थित इमामबाड़ा डीप्यूटी जाहिद हुसैन में दिन मे 11 बजे होगी।अशरे की पाँचवी मजलिस को मौलाना सैय्यद रजी हैदर खिताब करेंगे।अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया नौहा और मातम का नजराना पेश करेगी ।इसी तरहा पान दरीबा मे इमामबाड़ा सफदर अली बेग मे दिन मे 2 बजे मजलिस होगी और नौहा और मातम अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया का होगा।

## सामाजिक कार्यकर्मो में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाए- श्री जगदीश नारायण कानपुर

ओंकार नाथ चौधरी

बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आनलाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ, उन्नाव, श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज, इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब, विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।



इस कार्यक्रम का संचालन श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया

श्री जगदीश नारायण कानपुर ने कहा कि पासी समाज के भाइयों को चाहिए कि अपने साथ में महिलाओं को कार्यक्रम में ले जाएं एवं यह सुनिश्चित करें कि शिक्षित बनाए और शिक्षित बनाने के साथ–साथ उनको हर कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करें

श्री रामहित भारती प्रयागराज ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से हमारे समाज में विकास भी बढ़ेगा योग बालिकाओं को शिक्षित बनाने के लिए हम लोगों को एक विचारधारा बनाने की आवश्यकता है

श्री रामकुमार पासी जबलपुर ने कहा कि महिलाओं के छोटे–छोटे कार्यों में जोड़ा जाए एवं सरकार की योजनाओं से जोड़कर उनको आगे का बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए महिलाएं जब आगे बढ़ेगी तो समाज का विकास होगा

इस कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ,श्री राजेश सरोज इलाहाबाद , श्री गोविंद कुमार रावत,राज कुमार सरोज, डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयाग राज , श्री राम कुमार पासी जबलपुर, सुरजीत कुमार बलरामपुर, अशोक महतो दरभंगा बिहार, जगदीश नारायण कानपुर, रामु रावत उन्नाव आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन रामहित भारती प्रयागराज ने किया।

## सिसई रेलवे ट्रैक पर पश्चिम की तरफ एक युवक का शव मिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। भटनी विकास खण्ड क्षेत्र के सिसई रेलवे ट्रैक के पश्चिम तरफ एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में आग फैल गई।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मंगराईच गांव निवासी रामनगीना राजभर (32) पुत्र भागीरथ राजभर बुधवार को भोर में 4रू30 बजे घर से निकल कर बाहर गया। काफी देर तक युवक जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी । तभी नूनखार रेलवे स्टेशन के समीप सिसई गांव के रेलवे ट्रैक के किनारे एक शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । आसपास के लोगों ने बताया कि एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिला है । परिजनों को जब पता चला कि रेलवे ट्रैक के किनारे एक लाश मिली है तो उसको देखने के लिए गए तो देखे कि उसका भाई रामनगीना है । शव को देखकर



छोटे भाई नितेश ने शव की शिनाख्त की। सूचना पर पहुंचे परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे।

मृतक युवक का छोटा भाई नितेश ने बताया कि सुबह 4 रू30 बजे भोर में वह शौच के लिए घर से निकला था। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि राम रामनगीना राजभर मन बुद्धि का था। बताते चले कि मृतक रामनगीना राजभर की दो बेटियां संजना (11), सलोनी (8) एक पुत्र प्रिंस (6) है। युवक की मौत पर परिजन में रो रो कर बुरा हाल है।

## अभाविप कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

कॉलेजो में बाल वन टीम बनाकर संरक्षित किया जाएंगे वृक्ष– राज पलिया

फिरोजाबाद– अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फिरोजाबाद महानगर इकाई के द्वारा शहर के राजरानी इंटर कॉलेज, दीनबंधु इंटर कॉलेज, जे.वी. इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया





जिसमें कॉलेज ग्राउंड के अंदर वृक्षों को रोपित करके उनको संरक्षण करने का काम किया गया. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत एवं देश भर के अंदर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पूरे देश के अंदर एक करोड़ वृक्ष लगाने का संकल्प विद्यार्थी परिषद ने इस बार लिया है इसी के अंतर्गत ब्रज प्रांत के आने वाले सभी जिलों में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया और वृक्षों को संरक्षित करने के लिए वृक्ष मित्र बनाए गए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज पलिया ने बताया की वृक्ष लगाना हम सबकी जिम्मेदारी है लेकिन उनको संरक्षित करना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है विद्यार्थी परिषद ने वृक्ष का लक्ष्य लेकर उन को संरक्षित करने का भी लक्ष्य लिया है ताकि वृक्ष केवल अखबारों की न्यूज तक सीमित ना रह करके एक वट वृक्ष के रूप में हम सबको शीतलता प्रदान करें इसलिए यह वृक्ष मित्र बनाए जा रहे है. कॉलेज में बाल वन टीम बनाकर संरक्षित किया जाएगा। महानगर विस्तारक आकाश पाल ने बताया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जब देश के अंदर कोरोना काल जैसी बीमारी आई तो शहर के लोग ऑक्सीजन के लिए तड़प रहे थे लेकिन गांव के लोग यहां पर अच्छे संख्या में वृक्ष लगे हैं पर्यावरण शुद्ध है वहां उन लोगों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा इसलिए हम सब को अधिक से अधिक संख्या में लगाने चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर विस्तारक आकाश पाल , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज पलिया, जिला सह संयोजक नेहा सिंह , नीतू , संजना , कुशाग्र गुप्ता , सरस शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान में साइकिल रैली निकालकर सीमा बल के जवान लोगों को कर रहे जागरूक

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के 62 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, भिनगा कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ष्हर घर झंडाष अभियान के प्रचार प्रसार हेतु सशस्त्र बल सीमा के जवान साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में सीमा चौकी सोनपथरी के निरीक्षक ओमकार सिंह,सहायक उपनिरीक्षक मंजीत सिंह,मुख्य आरक्षी अजय ने लोगों को जागरूक किया। तथा



62वीं वाहिनीं भिनगा द्वारा स्थानीय बाजारों में साइकिल रैली का आयोजन करके हर घर पर तिरंगा फहराकर देश की आजादी की 75 वीं वर्ष गांठ मनाने के लिए गावों कस्बों में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इस अवसर पर निरीक्षक रघुनाथ, उपनिरीक्षक सत्य पाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह तोमर, सहायक उपनिरीक्षक सोहन सिंह ने तथा सशस्त्र सीमा बल ककरदरी चौकी प्रभारी निरीक्षक मान बहादुर के नेतृत्व में जमुनहा बहराइच राज्य मार्ग कानी बोझी चौराहा से मल्हीपुर के बीच तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर निरीक्षक मान बहादुर, उपनिरीक्षक प्रेम राज नेगी, आरक्षी बृजेश कुमार यादव, अमरीश कुमार गुलशन, महिला आरक्षी वैशाली, साधना अंगूरी तथा ग्राम प्रधानगण सहित सीमा बल के जवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## गौ सेवा के मिशाल थे मणि नाथ बाबा स्वतंत्र तिवारी के कलम से

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

,देवरिया,भटनी क्षेत्र के नोनापार रेलवे स्टेशन से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित है मनिनाथ धाम जहाँ भक्तो की अपार भीड़ होती है तथा भक्त बाबा की भक्ति रस का पान करते है सोमवार और शुक्रवार को बाबा का श्रृंगार होता है, भक्तो द्वारा उनको दूध से नहलाया जाता है, सोमवार और शुक्रवार को जो सच्चे मन से दर्शन करता बाबा उसके मन की मुराद पूरी करते है दूर दूर से लोग आते है कीर्तन तथा भंडारा करते है और प्रसन्न होकर जाते है, पौराणिक कथा के अनुसार बाबा मनिनाथ एक संत, सत्यवादी, धर्मार्थ, गौ सेवक थे वे एक कपिला गाय रखे थे जिसको बाधते नही थे बाबा की भाषा गाय समझती थी तथा बाबा उसकी भाषा समझते थे बाबा उसकी भाषा गाय समझकर नही बल्कि माता के रूप मे करते थे बाबा घास भी धोकर खिलाते थे बाबा जो भोजन खुद खाते कोशिश करते गया के लिए भी





वही व्यवस्था हो एक साथ भोजन करना एक साथ हमेशा रहना बाबा को जब दूध की जरूरत होती गाय से मांग लेते और जीतनी आवश्यकता होती उतना ही लेते दोनो लोग मजे से जीवन यापन कर रहे थे, उसी समय मझौली के राजा की नजर उस गाय पर पड़ी और राजा मोहित हो गए राजा ने बाबा से गाय माँगा बाबा ने मना कर दिया, बाहूबल का जमाना हमेशा रहा है, राजा ने अपने सैनिको के बल पर बाबा से गाय जबरन छीन लिया, गाय और बाबा दोनो एक दूसरे के लिए बिलखते, रह गए परिणाम स्वरूप दोनो ने भोजन और जल का त्याग कर दिया गौ माता बाबा की याद मे अनवरत रोती रही तथा राजा के दरबार मे ही अपना प्राण त्याग दिया इधर बाबा के अन्न जल त्यागने के कारण शरीर दुर्बल हो गया लेकिन इसी बीच राजा की एक पुत्री थी जिसने बाबा को जल पिलाने का प्रयास किया बाबा ने जल ग्रहण नही किया और राजा को श्राप दिया की जाओ तुम्हारा धन, वैभव शक्ति सबका नाश हो जायेगा तुम्हारे परिवार मे किसी को संतान नही होगा चुकी तुम्हारी पुत्री ने मुझे जल पिलाने का प्रयास किया इसलिए इसका वंश चलेगा लेकिन



तुम्हारा नही बाबा ने भी अपना प्राण त्याग दिया जहाँ उनका स्थान बना है जो मनिनाथ धाम के नाम से जाना जाता है जो सच्चे मन से जाता है बाबा उसकी मनोकामना पूरी करते है जय बाबा मनिनाथ।

## जिलाधिकारी ने बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर ''विटामिन 'ए' सम्पूरक'' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक आच्छादन हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विटामिन 'ए' सम्पूरक कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया। उन्होने बताया है कि प्रत्येक वर्ष दो चरणों में छः माह के अन्तराल पर विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाता है। विटामिन 'ए' एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को





बढ़ाता है।

09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की 9 खुराक दिये जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है और वे स्वस्थ व पोषित रहते हैं।

उन्होने बताया कि 03 अगस्त, 2022 से आगामी एक माह तक माइकोप्लान के अनुसार छाया वी. एच. एन.डी.ध्यू.एच.एन.डी. सत्रों के माध्यम से 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को नियमानुसार विटामिन ''ए'' से आच्छादित किया जाना है। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्ययोजना बनाकर सभी लक्षित लाभार्थियों को छाया वी.एच.एन.डी.ध्यू.एच.एन.डी. सत्र पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित किया जाय। प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को आच्छादित करने हेतु सत्र पर एक समय में 10 से अधिक बच्चे एकत्र न हो। आशा द्वारा उन्हें कुछ अन्तराल पर ही सत्र पर बुलाया जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश मातेंनहेलिया, सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बच्चे देश के भविष्य है बच्चो को अच्छे से तराशना शिक्षक का काम है और शिक्षक बनना है तो स्वाध्याय करना आवश्यक

रसूलाबाद कानपुर देहात। बच्चे देश के भविष्य है बच्चो को अच्छे से तराशना शिक्षक का काम है और शिक्षक बनना है तो स्वाध्याय करना आवश्यक है। जब आप स्वाध्याय करेंगे तो बच्चों को अच्छा ज्ञान दे सकेंगे। साथ ही शिक्षा में नवीनीकरण के साथ संस्कारों का होना भी बहुत आवश्यक है।

यह बात शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने जीएन एजुकेशन सेंटर में आजादी के अमृत महोत्सव घर घर तिरंगा फहराने की चल रही तैयारियों के बीच पहुंच कर बच्चो को सम्भोधित करते हुए कही।

बुधवार को रसूलाबाद कस्बे में स्थित जीएन एजुकेशन सेंटर में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल का कॉलेज के संस्थापक हाजी फैजान खान व अन्य शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ भी शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने किया। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को बुराइयों से बचाएं और उनमें अच्छे संस्कारो को डालें। बच्चे चिकना घड़ा होते हैं वो जल्दी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक मां होती है। आज के यही नौनिहाल कल डीएम एसपी डॉक्टर और इंजीनियर बनेंगे ।

उन्होंने वित्त विहीन शिक्षकों को नहीं मिल रहे उनके अधिकारों को लेकर भी चिंता प्रकट की और 22 अगस्त 2022 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व पर लखनऊ में शिक्षक हितों को लेकर हो रहे धरना प्रदर्शन में शिक्षकों से पहुंचने की अपील की ।



जीएन एजुकेशन सेंटर के संस्थापक हाजी फैजान खान ने आजादी के अमृत महोत्सव घर घर तिरंगा फहराने की योजना पर विस्तार से जानकारी देकर कहा कि 8 अगस्त को नगर में हर घर तिरंगा जागरूक रैली नगर में निकाली जाएगी। जिसमें नगर वासियो से शामिल होने की अपील की ।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सरोवर सिंह अनिल सिंह प्रशांत कटियार राजेश दुबे अनिल बाजपेई हनुमान दत्त पांडेय मो आरिफ बालेन्द्र प्रताप सिंह रामनाथ यादव रज्जु खान आरएन सिंह महेश्वर राजपूत जीशान खान सचिवेंद्र यादव पंकज आदि रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव बनेगा यादगार पलः डा. विकास कांत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर आयोजित हुआ अमृत महोत्सव
- अमृत महोत्सव कार्यक्रम को बच्चों एवं शिक्षकों ने धूमधाम से मनाया
- घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों की निकली टोली

बलरामपुर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर विद्यालयों में ष्स्वतंत्रता का अमृत महोत्सवष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय महत्व के इस आयोजन में स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन लगाने वाले सेनानियों का कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया गया तथा उनके सपनों का भारत बनाने के लिए इंडिया से भारत की ओर जाने का संकल्प लेते हुए संपूर्ण जनमानस को राष्ट्र की इस विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले



स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सैनिकों के परिवार वालों का सम्मान भी किया गया। आयोजन के समापन के समय भारत माता की आरती का सामूहिक गान किया गया।

विदित है कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में 12 मार्च 2021 से आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा 1 अगस्त 2022 को एक साथ पूरे भारतवर्ष के विद्यालयों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव मनाने का आह्वान किया गया था। आयोजन की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग), बलरामपुर अप्रैल माह से ही प्रयासरत रहा है। इस दौरान जिले के सम्मानित नागरिकों, शिक्षा–अधिकारियों एवं प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षक साथियों से संपर्क अभियान निरन्तर गतिमान रहा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बलरामपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. विकास कान्त पाण्डेय ने ष्स्वतंत्रता के अमृत महोत्सवष के आयोजन में बढ़चढ़कर सहभागिता करने के लिए जिले के समस्त सम्मानित नागरिकों,अधिकारियों एवं अपने शिक्षक साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कई गांवों में तो आम रास्तों पर इतना जलभराव है कि उन सड़कों से निकलना तो दूर लोग गंदगी और जलभराव के चलते बीमार हो रहे

रसूलाबाद कानपुर देहात। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत भले ही सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हो लेकिन जमीनी स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। कई गांवों में तो आम रास्तों पर इतना जलभराव है कि उन सड़कों से निकलना तो दूर लोग गंदगी और जलभराव के चलते बीमार हो रहे हैं। यहां तक कि लोगों की जानें भी जा रही हैं।



रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत निगोहिया गांव के बीच में निकली सड़क पर इतना जलभराव है कि लोग पैदल न चलकर नाव डालकर ही सड़क पार कर सकते हैं। लंबे अरसे से गांव में सड़क पर भारी जलभराव है। पानी के बीच से गुजर कर ही दर्जन भर परिवार के लोग अपने गंतव्य स्थानों तक जाते हैं। वहीं जब कोई बीमार होता है तो वह समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाता। चार पहिया व दोपहिया वाहन ग्रामीणों के घर तक नहीं पहुंच पाते हैं। उक्त संदर्भ में गांव के रहने वाली सुनीता देवी, कमलेश कुमार,कैलाश, अजय पाल, पप्पू,महेंद्र, देवेंद्र और राजेश ने ऑनलाइन शिकायत करके बताया था कि 800 मीटर नाली और इंटरलॉक सड़क का निर्माण हो जाए तो समस्या का निस्तारण हो जाए। जल निकासी की व्यवस्था हो जाएगी और लोगों को आवागमन में भी सुविधा होगी। जिसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने गत 25 मार्च को अपनी आंख्या में बताया कि पहले पानी किसी एक प्लाट में जाता था लेकिन अब उस प्लाट में पानी नहीं जा रहा है। जिसके चलते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। साथ ही उन्होंने आंख्या में बताया था कि बिना पुलिस बल के समस्या का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है। जिला पंचायत राज अधिकारी की आख्या आने के बाद विकास खंड स्तर पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। यानी मामला जस का तस बना हुआ है। वहीं स्थानीय ग्रामीण नरकीय जीवन जीने को विवश हैं।

जलभराव ने ले ली जान

रसूलाबाद। निगोहिया गांव की रहने वाली सुनीता देवी ने बताया कि उनके पति इसी जलभराव और गंदगी के चलते बीमार हो गए थे। जलभराव होने के चलते समय रहते हुए उनको उपचार के लिए नहीं ले जा पाए। जिसके कारण उनके पति की आकस्मिक मौत हो गई। यह सब बताते–बताते सुनीता देवी के आंसू फूट पड़े और चीखकर रोने लगी।

बड़ी बीमारियों को दावत दे रहा जलभराव

रसूलाबाद। कोरोना वायरस जैसी बीमारियों का सामना कर चुके लोगों के सामने अब जलभराव के चलते नई बीमारियों के फैलने का भी अंदेशा होने लगा है। क्योंकि एक ही पानी एक ही स्थान पर काफी समय से एकत्र है जिससे जहां एक ओर विषैले कीड़े पनप रहे हैं।

वही लारवा बनने से मच्छर भी पनप रहे हैं। जिससे स्थानीय लोग बीमार भी हो रहे हैं।

शादी विवाह में होती दिक्कतें

रसूलाबाद। आर्थिक तंगी के चलते लोग यह चाहते हैं कि उनके घर पर ही शादी विवाह कार्यक्रम हो जाएं लेकिन जलभराव होने के चलते जहां एक ओर शादी विवाह कार्यक्रम संपन्न होना मुश्किल है। वहीं नए रिश्ते लेकर भी लोग गांव नहीं पहुंच रहे हैं। इसके चलते ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

क्या बोले जिम्मेदार

रसूलाबाद। खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि समस्या संज्ञान में आई है। जांच कराकर समस्या का निस्तारण कराने का प्रयास करूंगा।

# संक्षिप्त समाचार

### बड़ी दुर्घटना को दावत दे रही सिरसिया भिनगा मार्ग जिम्मेदार बने अनजान

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत थाने से 100 मीटर दूर सिरसिया भिनगा टू लेन सड़क दुर्घटना को दावत दे रही है। बरसात होने के चलते सड़क की एक पटरी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों को दुर्घटना होने का भय सताने लगा है कि कहीं अचानक वाहन के मुड़ते ही कोई बड़ी जानलेवा दुर्घटना न हो जाए। ऐसे में हल्का इंचार्ज पृथु यादव ने मौके पर पहुंचकर कटी सड़क के स्थान पर ईंट लगाकर सड़क कटान के समीप घेरा बना दिया है जिससे दुर्घटना को रोका जाय।



### सर्विलांस सेल श्रावस्ती ने 54 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर संबंधितों को सुपुर्द किया

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य ने खोये हुए मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने के लिए निर्देश सर्विलांसध्स्वाट टीम को दिए थे। जिसके परिपेक्ष्य में सर्विलांस /स्वाट टीम ने खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर जनपद के विभिन्न स्थानों से मोबाइलों को बरामद किया गया।





सर्विलांसध्स्वाट टीम द्वारा खोये हुए मोबाइलो की बरामदगी के लिए किये गए प्रयासों के फलस्वरूप कुल–54 खोये हुए विभिन्न कम्पनियों जैसे– वीवों, रेडमी, ओप्पो, सैमसंग रियलमी आदि मोबाइल बरामद करने पर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने पुलिस कार्यालय में उनके स्वामियो को बुलाकर सुपुर्द किया। बरामद किए गए समस्त मोबाइलों की अनुमानित मूल्य लगभग 06 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने खोए हुए मोबाइल को बरामद करने वाली सर्विलांसध्स्वाट टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

इस अवसर पर मोबाइल बरामद करने वाली टीम में निरीक्षक मनीष प्रभारी स्वाट टीम श्रावस्ती, कांस्टेबल अभिषेक कुमार सिंह सर्विलांस सेल, रमेश सिंह साइबर सेल, सूरज कुमार, साइबर सेल मौजूद रहे।

### त्रि-नेत्र से होगी जनपद की निगरानी, अपराध पर लगेगा अंकुश

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए आदेश में जनपद की सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापारी बंधु द्वारा जमुनहा बाजार के बस स्टैंड चौराहा पर 02 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। जिसे पुलिस चौकी प्रभारी ने व्यापारी बंधु को धनवाद दिया।

जिले में घटनाओं पर अंकुश लगाने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापारियों के साथ पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोष्ठी की गई थी, जिसमें व्यापारी बंधु से कस्बा व बस स्टैंड चौराहा व भीड़–भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई थी। जिस क्रम में जमुनहा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत जमुनहा बस स्टैंड पर व्यपारी हाजी रिजवान खान व अमित राजपूत, संदीप कुमार पाठक, मोहम्मद शमीम सहित इंडियन बैंक मैनेजर व आर्यावर्त बैंक के मैनेजर के प्रयास द्वारा 2 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इस मौके पर चौकी प्रभारी जमुनहा कृष्ण गोपाल राय व घनश्याम चौधरी, अमन प्रताप सिंह, विपुल सिंह, मय हमराही सीसीटीवी को चेक किया गया तथा उक्त सराहनीय कार्य के लिए व्यापारी बंधु का सम्मान किया गया।





चौकी प्रभारी जमुनहा कृष्ण गोपाल राय द्वारा बताया गया कि रोड साइड पर सीसीटीवी कैमरा लग जाने से अपराध पर अंकुश लगेगा।

### मोहर्रम के हष्टिगत निकलने वाले जुलूस मार्ग व करबला का निरीक्षण कर साफ-सफाई, चूना छिड़काव के निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर)

बुधवार को अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा अंजुमन हुसैनी अहले सुन्नत कमेटी के सदस्यों के साथ उतरौला कस्बा में मोहर्रम के दृष्टिगत निकलने वाले जुलूस मार्ग व करबला का निरीक्षण कर साफ–सफाई, चूना छिड़काव के निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मियों को नगर में अभियान चलाकर साफ–सफाई, टूटे मार्गो की पैचिंग, जलजमाव वाले स्थान पर एंटी लारवा दवा का छिड़काव, मच्छरों के प्रकोप से राहत पहुंचाने के लिए पूरे नगर में फागिंग, प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर में लगे सभी पोल पर एलईडी की जांच करने तथा खराब एलईडी को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने मुस्लिम कमेटी के सदस्यों से शांतिपूर्ण, आपसी प्रेम, भाईचारा व सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाने की अपील की। कहा कि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाए। जुलूस में अराजक तत्त्वों को दूर रखा जाए। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस व प्रशासन को अवश्य सूचित करें।




इस दौरान मलिक एजाज अहमद, मोहम्मद शरीफ ऊर्फ बीरे, मोहम्मद शमीम लम्बु, मोहम्मद इस्माइल खान, जमालुद्दीन, कल्लन बाबा, अतीक खान, फरमान खान, पप्पू समेत अंजुमन हुसैनी अहले सुन्नत कमेटी के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन , की खुराक पिलाकर अधीक्षक डा शोएब मलिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर)


बाल स्वास्थ्य पोष.ा माह अभियान के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैड़ास बुजुर्ग में नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन , की खुराक पिलाकर अधीक्षक डॉ शोएब मलिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन , की दवा पिलाई जाती है।



जिससे बच्चों में बीमारियों से बचने की क्षमता बढ़ती है। सभी को अपने बच्चों को यह दवा अवश्य ही पिलवाना चाहि,। बी,मसी युनीसेफ राम शंकर यादव, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर त्रिलोकी नाथ, ,लटी अखिलेश कुमार सिंह, स्टाफ नर्स संगीता, रगीता, ,मसीटी,स विनय, आयुषमान मि. इफ्तिखार, संगिनी प्रीती, आशा, प्रिया सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया वार्ड नंबर 7 वीर अब्दुल हमीद नगर में तत्काल रोड का मरम्मत कराया है

जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में वार्ड नंबर 7 वीर अब्दुल हमीद नगर में काफी समय से खराब पड़ा रोड था जिससे नगर वासियों को आने जाने में बहुत ज्यादा ही दिक्कत का सामना करना पड़ता था बारिश हो जाती थी तो पूरा रोड गड्ढे में तब्दील हो जाता था ना कोई गाड़ी में कोई बाइक आने जाने में बहुत दिक्कत होती थी सूचना मिलते ही नगर पंचायत घोसिया के चेयरमैन अध्यक्ष रजिया नुमान तत्काल नगर पंचायत घोसिया कार्यालय के सभी कर्मचारियों को अवगत कराते हुए तत्काल रोड का मरम्मत कराया वार्ड नंबर 7 वीर अब्दुल हमीद नगर के सभासद एहतेशाम अली उर्फ बाबू ने तत्काल खड़े होकर मरम्मत कराया इसमें नगर पंचायत घोसिया के कर्मचारी जफरुल्लाह सभासद मेराज अली सभासद एहतेशाम उर्फ बाबू आदि लोग मौजूद रहे। मो.मासूम



## समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पारस ने चलाया सदस्यता अभियान

नगीना। विधायक मनोज पारस ने नगीना विधानसभा क्षेत्र किरतपुर मौहल्ला शीर्षगा्न में पहुंच कर के लोगों से मुलाकात कर उनकी दोनों बूथों पर 50–50 सदस्यों को समाजवादी पार्टी का सदस्य बनाया। इस मौके पर चेयरमैन किरतपुर अब्दुल मन्नान , , खुर्शीद



विभिन्न समस्याओं को सुना तथा साथ ही उन्होंने नगीना विधानसभा में समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान में तेजी लाते हुए मौहल्ला शीर्षगा्न किरतपुर के लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान की जानकारी दी बूथ संख्या 73 एवं बूथ संख्या 74 के आलम , गयासुद्दीन , शब्बन जुनैदी , लाल भाई, मौहम्मद शादान भाई, रफीक कुरैशी साहब, इंतजार अहमद , मौहम्मद नाजिर भाई, मोहम्मद नसीम , मोहम्मद कासिव साहब, महमूद भाई, मोहम्मद युसूफ साहब, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## विद्युत लाइन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

नगीना विद्युत लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार भूरे पुत्र होरी सिंह नगीना से मजदूरी कर अपने घर शाम वापस आ रहा था तो वह जब गांव पहुंचा तो रास्ते में ऊपर से गुजर रही 11,000 पावर की लाइन का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह खबर पाकर गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंचे भूरे सिंह का शव देखकर उसके परिजनों में कोहराम मच गया उसके भाई जितेंद्र ने घटना की तहरीर पुलिस को दी घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा नगीना व लाल सराय पुलिस चौकी उप निरीक्षक अजय पाल कमल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का मायना कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।



## 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत व 6 अगस्त को आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत व 6 अगस्त को आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं।



आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पूर्ण कालिक सचिव रमेश कुशवाहा द्वारा बताया गया कि लोक अदालत सुलह कराने की नियत से शुरू की गई थी। यह ऐसा तंत्र हैं जिसके जरिये कानूनी विवादों को अदालत के बाहर हल कर लिया जाता हैं। कह सकते हैं कि मामलों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम हैं। इसे बोलचाल की भाषा मे लोगों की अदालत भी कहते हैं। यह कम से कम वक्त में विवादों को निपटाने के लिये एक आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया का पालन करता हैं। लोक अदालत का आदेश या फैसला आखिरी होता हैं। इसके फैसले के बाद कही अपील नही की जा सकती।
लोक अदालत सभी दीवानी मामलों, वैवाहिक विवाद, भूमि विवाद, बंटवारे या संपत्ति विवाद, श्रम विवाद आदि गैर–आपराधिक मामलों का निपटारा करती हैं। आम–जनमानस लोक अदालत में अपने वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर करवाये। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि– लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवाध्वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

## तुम अल्लाह की नुसरत करोगे तो अल्लाह तुम्हारी मदद करेगा और तुम्हे साबित कदम रखेगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग पर अशरा मोहर्रम की तीसरी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना तालिब हुसैन ने कहा कि कुरान मजीद में अल्लाह का हुक्म हैं कि ए साहिब ईमान अल्लाह के मददगार बनो अगर तुम अल्लाह की नुसरत करोगे तो अल्लाह तुम्हारी मदद करेगा और तुम्हे साबित कदम रखेगा। नुसरत अल्लाह को जानिब से फतह व कामयाबी करीब हैं।




कर्बला वालों ने हमे सिखाया कि किस तरह अल्लाह के दीन की नुसरत करों। अजादारी सैयदुस शोहदा अजादारों को नुसरत दीने इलाही के लिए आमादा करती हैं। नुसरत दीन ए खुदा के लिए सबसे पहली शर्त हैं कि इंसान साहिबे मारफत व बसीरत हो। गाफिल न हो दीने इस्लाम अल्लाह का पसंदीदा दीन हैं जो मुकम्मल दस्तूर हयात हैं। इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं लेकिन हम मुसलमान इससे कितने आशना हैं। कहा कि दीन ए इस्लाम के उसूलों को भुलाकर हमने गैरों के तौर तरीके को अपनाया। गैरों की तहजीबको अपनाया और अपने सरमाये से हम गाफिल हैं। कर्बला के शहीदों की याद हमें बताती हैं कि जालिम से बेजारी करो और खुद भी जुल्म न करो। हुसैनी हो तो जुल्म का मुकाबला करों एक खुदा की इबादत करो कमजोर और नादार अफराद से सलूक करो। जौहर दौर में इंसानियत की फलाह का पैगाम हैं। मजलिस से पहले नौजवान सौज ख्वानी मिर्जा तकी अब्बास ने अपनी पुरजौर आवाज में इमाम आले मुकाम को खिदमत में सलाम व मरसिये के जरिये खिराज अकीदत पेश किया।
मजलिस मिर्जा मुजतबा अली बैग, तबरेज आबदी, काजिम रजा एड, सैयद शदाब हुसैन, मोहसिन हुसैन विक्की, शब्बर हुसैन, राशिद हुसैन, शकीह जाफर मुतर्जा जाफरी आदि मौजूद थे।

## सनी सर के कामर्स पढ़ाने का तरीका हसबसे अलग और आसान

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। रामपुर के कॉमर्स शिक्षक सनी अरोरा को उनके पढ़ाने के तरीके को सभी बच्चे बहुत पसंद करते हैं। सनी सर के कॉमर्स पढ़ाने का तरीका हसबसे अलग और आसान हैं। सर और उनके छात्रों से बात करने पर पता चला कि वह अकाउंट जैसे मुश्किल विषय को बहुत आसानी से समझा देते हैं। सनी सर ने बताया कि एकाउंटिंग रेश्यो, कैश फ्लो और बहुत सी थ्योरी को वह सरल विधियों से बता देते है।
सनी सर से पढ़ने वाले बहुत से छात्रों का सीए और अन्य बड़े कोर्स में चयन भी हो गया हैं। रामपुर जिले में अब छात्र लगातार कॉमर्स विषय में आगे बढ़ रहे हैं। देश और आर्थिक उन्नति में भी कॉमर्स विषय का योगदान सबसे ज्यादा रहता हैं। सनी सर परीक्षा के समय जिले के बहुत से छात्रों को मुफ्त ऑन लाइन और ऑफ लाइन पढ़ाते हैं।रामपरु। रामपुर के कॉमर्स शिक्षक सनी अरोरा को उनके पढ़ाने के तरीके को सभी बच्चे बहुत पसंद करते हैं। सनी सर के कॉमर्स पढ़ाने का तरीका सबसे अलग और आसान हैं। सर और उनके छात्रों से बात करने पर पता चला कि वह अकाउंट जैसे मुश्किल विषय को बहुत आसानी से समझा देते हैं। सनी सर ने बताया कि एकाउंटिंग रेश्यो, कैश फ्लो और बहुत सी थ्योरी को वह सरल विधियों से बता देते है।
सनी सर से पढ़ने वाले बहुत से छात्रों का सीए और अन्य बड़े कोर्स में चयन भी हो गया हैं। रामपुर जिले में अब छात्र लगातार कॉमर्स विषय में आगे बढ़ रहे हैं। देश और आर्थिक उन्नति में भी कॉमर्स विषय का योगदान सबसे ज्यादा रहता हैं। सनी सर परीक्षा के समय जिले के बहुत से छात्रों को मुफ्त ऑन लाइन और ऑफ लाइन पढ़ाते हैं।




## अवैध टैक्सी स्टैण्डों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने एसडीएम, सीओ, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को जरूरी निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जनपद में अवैध टैक्सी स्टैण्डों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने सभी एसडीएम, सीओ, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को जरूरी निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनपद में कहीं भी अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित नहीं होने चाहिए। सीएम द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर दिए गए निर्देशों के अनुपालन में डीएम और एसपी ने वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को जनपद में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, अवैध टैक्सी संचालन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, लाउड स्पीकरों को मानक के अनुरूप संचालित कराने एवं आगामी लोक अदालत के दौरान अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के बारे में व्यापक दिशा–निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होना हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक विभाग को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रभावी कदम उठाएं। जनपद में स्थापित लाउड स्पीकरों का मानक के अनुरूप निर्धारित ध्वनि तीव्रता का पालन करते हुए संचालन होना चाहिए इसके लिए सत्यापन करें कि स्थापित लाउडस्पीकर मानक के अनुसार ही संचालित हो रहे हों। मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में दिए गए निर्देशों का गंभीरता पूर्वक पालन होना चाहिए।
उन्होंने आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान अधिकतम वादों को नियमानुसार निस्तारित कराने के बारे में भी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए तथा कहा कि लोक अदालत में निस्तारित होने योग्य अधिकतम मामलों का सुलह समझौते के आधार पर नियमानुसार समाधान कराया जाए।

## मिलें खुशियां जमाने की कभी मगरूर मत होना, बुढ़ापे में कभी माता पिता से दूर मत होना

सिकन्दराराऊ।
प्रख्यात कवि स्व. श्री कुँवरपाल शर्मा कुंवर जी के 76वें जन्म दिवस पर एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन सीपीएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त अध्यापक एवं समाजसेवी डॉ. शरीफ अली ने की। संचालन देवेंद्र दीक्षित शूल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता युवराज सिंह, महेश यादव संघर्षी, हरपाल सिंह यादव, मीरा माहेश्वरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे एवं स्व. कुँवरपाल शर्मा के छविचित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया।
सरस्वती वंदना मेंडू से पधारी कवयित्री स्नेहा शर्मा ने की। कवि सम्मेलन में खैर से पधारे कवि भुवनेश चौहान चिंतन ने पढ़ा –गुटर गुटर गूं मीनारों पर लगे कबूतर गाने ।
कमरों के कौने में बुनती ताने बाने ।
एटा के गीतकार राजेश जैन ने पढ़ा रात भर के लिए जहां भी रख दिए ।
मौंन हो कर जलते रहे मांटी के दिये।



मुरसान के ख्याति प्राप्त हास्यकवि सबरस मुरसानी ने पढ़ा– ऊंचा है हिंदी गगन से ।जोशीला पवन अंगन से ।
मत उलझनों मेरे वतन से ।
अलीगढ़ से पधारे मशहूर ब्रजभाषा के कवि नरेंद्र शर्मा नरेंद्र ने यूं पढ़ा– मिलें खुशियां जमाने की कभी मगरूर मत होना ।
बुढ़ापे में कभी माता पिता से दूर मत होना । तुम्हारे वास्ते गिरवी रखी है जिंदगी उनकी । अकेले छोड़ जाने को कभी मजबूर मत होना ।
एटा से पधारे महेश मंजुलने पढ़ा– जानवर के काम जब से आदमी करने लगा ।
आदमी को देख आदमी डरने लगा।
आयोजक प्रमोद विषधर ने पढ़ा– विषधर हरि की सेज है विषधर हर का हार ।
विषधर सिर मोहन ने यूं पूजे संसार
अलीगढ़ से पधारे कवि ललित कुमार ललित ने पढ़ा –मन करता है इस धरती पर लूं फिर से शत वार जन्म । फांसी का फंदा मैं चूमूं कह कर वंदेमातरम ।
अभय सिंह अभय ने कहा नारी आरती है हर कोई गाता है ।
पुरुष घंटा है हर कोई बजाता है ।
अपनी शानदार पंक्तियों से श्रोताओं का दिल जीता।
सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार देवेन्द्र दीक्षित शूल ने पढ़ा– मुफ्त का राशन है भरपूर।
खा पीकर के रेलें फूंक।
और लगा सड़कों पर जाम।उसके भी मिलते हैं दाम।
प्रमुख रूप से अंजली शर्मा, तान्या शर्मा, मीरा माहेश्वरी,शालिनी गर्ग, कुमुद कांत गर्ग, विवेकशील राघव, छोटे लाल शर्मा ,राजेन्द्र शर्मा , एवं साहित्यकार कवि सामिल हुए।

## समाजवादी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

सिकंदराराऊ। सिकंदराराऊ विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान बुधवार को पूर्व एमएलसी जसवंत सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओमवती यादव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ ललित बघेल के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लें तथा अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ें। जिससे पार्टी संगठन को मजबूती मिल सके। पार्टी के कार्यकर्ता सदस्यों को नामांकित करने और पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का प्रसार करने के लिए ग्रामीण इलाकों में पहुंचें। पार्टी का आधार बढ़ाने और लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। सदस्यता को बढ़ाकर पार्टी और संगठन को मजबूत किया जा सकता है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अभी से संगठन को मजबूती प्रदान करनी होगी व नए सदस्य बनाने होंगे।




इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संजीव यादव, सुशील यादव, देवेंद्र कुशवाहा, योगेंद्र बघेल, गौरव बघेल आदि मौजूद रहे।

## विस्तार के बाद बदलेगी जिंदगी, आएगा बदलाव-बंजारा बस्ती के लोगों के चेहरों पर सबसे ज्यादा मुस्कान लौटी, एक सुर में बोले,पेयजल,प्रकाश शौचालय व सिर छुपाने को मिलेगी प्रधानमंत्री आवास की छत

(रिपोर्ट शेखर चोहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना।नगर पालिका के सीमा विस्तार को हरी झंडी मिलने के बाद विकास को तरस रही कई कालोनियों को अब विकास के पंख लगने जा रहे हैं। कालोनियों में समुचित व्यवस्था न होने कर कारण नरक बनी जिंदगी अब सुधरने वाली है,जिसे लेकर लोगों के चेहरे खिले हुए हैं। नगर पालिका परिषद कैराना का सीमा विस्तार काफी दिनों से अटका हुआ था। सीमा विस्तार को समय–समय पर पालकिध्यक्षो द्वारा प्रशासन से लेकर शासन तक लेटर लिखे गए,लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई और यह सीमा विस्तार अधर लटका रहा। सीमा विस्तार को लेकर शासन को रिमाइंडर के लिए पत्रावली भी भेजी गई थी। काफी दिनों से नगर पालिका के सीमा विस्तार की आवश्यकता को महसूस किया जा रहा था।वर्ष 2020 में सीमा विस्तार को लेकर तैयारियां की गई थीं, लेकिन कोरोना काल के चलते इस पर ब्रेक लग गया था। शासन से अब सीमा विस्तार के लिए मंजूरी मिल चुकी है, जिसके बाद विकास के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही कई कालोनियों में अब विकास को पंख लगने वाले हैं,जिसके तहत कालोनीवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।



सरपुदीन



सनव्वर



सीमा विस्तार के बाद मिलेंगी यह सुविधाएँ
नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार को लेकर लंबा इंतजार करने के बाद आखिर मलिन बस्तियों, कैराना देहात, नई बस्तियों के निवासियों को राहत मिल गई है। सीमा विस्तार के बाद उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। बंजारा बस्ती,खुरगान रोड़ नई बस्ती,अफगानान नई बस्ती, आलखुर्द नई बस्ती व गुलशन नगर निवासियों के लिए नगर पालिका का विस्तार किसी अजूबे से कम नहीं है। अब इन कालोनियों में पेयजल, प्रकाश, शौचालयों, आवासीय योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।
क्या कहते हैं कालोनीवासी
1 अमरुद्दीन(60) कहते है कि सीमा विस्तार को लंबा इंतजार करना पड़ा है। बहुत खुशी हो रही है।अब महिलाओं को शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा,स्वच्छ जल, साफ सफाई सभी मिलेगी। 2 नौशाद(30)सीमा विस्तार के बाद कालोनी में लगे गन्दगी के अंबरों से निजात मिलेगी,बीमारियों पर कंट्रोल होगा,बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और सरकारी योजनाओं के तहत सिर छुपाने को आवास मिलेगा। 3 सनव्वर(32) सीमा विस्तार से नई जिंदगी,मिलेगी,सड़कें,शौचालय,स्वास्थ्य,पेयजल व प्रकाश की बेहतर व्यवस्था होगी।
मच्छरोके प्रकोप से निजात मिलने वाली है। अब जिंदगी बदलने की आस जगी है 4 शरफुद्दीन (60) कहते हैं कि उम्र बीत गई है। गन्दगी से निजात नहीं मिली है। शौचालयों के लिए ग्राम प्रधान के चक्कर काटने पड़े हैं। मच्छरों के प्रकोप इतना है कि बीमारियां फैल रही हैं। अब विस्तार हुआ है तो हमारा भी उद्धार होगा।



नौशाद



अमरुदीन

# संक्षिप्त समाचार

### मासूम के साथ हैवानियत का प्रयास करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी का प्रयास करने वाले के खिलाफ पीड़ित की माँ की तहरीर पर पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 164 के तहत न्यायालय में बयान दर्ज कराए हैं मंगलवार की सांय नगर के खुरगान रोड पर घर के बाहर खेलती हुई मासूम बच्ची को दरिंदा पैसौं का लालच देकर अपने साथ ले गया था और ऊपरी मंजिल पर लेजाकर उसके साथ दरिंदगी की कोशिश की थी। रोने की आवाज पर आरोपी युवक मासूम को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। बाद में मासूम ने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी थी,जिस पर पीड़िता महिला ने मोहल्ले के ही एक युवक को नामजद करते हुए कोतवाली तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 164 के तहत अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) न्यायालय में मासूम के बयान दर्ज कराए है। आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### कार बाइक भिड़ंत में एक घायल

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कार बाइक भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों के सहयोग से युवक को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है बुधवार की दोपहर मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग तितरवाड़ा चुंगी चौराहे पर कैराना की ओर से आ रही वैगनआर कार संख्या डी एल 13 सी ए 1882 ने स्पलेंडर बाइक संख्या यूपी 19 एम 8087 में टक्कर मार दी,जिसमें बाइक सवार युवक जहाँगीर निवासी गाँव दुगड्डा गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे राहगीरों के सहयोग से निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। कार चालक किसी मोबाइल कम्पनी में कार्य करने वाला बताया गया है, जो कार्रवाई के डर से घायल युवक को उपचार के बाद अपने साथ ले गया है।



### पंचायती कुंए को कब्जामुक्तकराने की मांग

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। ग्रामीणों ने पंचायती कुंए की भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए उपजिलाधिकरी को शिकायती पत्र सौंपा। बुधवार को क्षेत्र के गाँव अकबरपुर सुन्हेटी निवासी इरशाद,ईसा व साजिद निवासीगण अकबरपुर सुन्हेटी ने उपजिलाधिकारी कैराना शिवप्रकाश यादव को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव की आबादी के बीच स्थित पंचायती कुएं पर गाँव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। साथ ही सड़क की नाली तोड़कर दीवार का भी निर्माण कर लिया, जिससे कुएं की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। एसडीएम ने कार्रवई का आश्वासन दिया है।

### खेत पर गई विधवा को तीन पिता-पुत्रों ने मारपीट कर घायल किया

**–पीड़ित महिलाओं को कोतवाली दफ्तर से टरखा दिया गया। निराश महिलाएं वापस अपने घर को लौट आई**

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। खेत पर कृषि कार्य करने गई विधवा महिला के साथ मेड काटने के विरोध पर तीन पिता–पुत्रों ने मारपीट की। बीच बचाव को आई ननद को भी पीटा गया। बुधवार को क्षत्रे के गाँव भूरा निवासी विधवा महिला शेरीना पत्नी स्वर्गीय जाबिर प्रातः अपने खेत पर कृषि कार्य हेतु गई थी। इसी दौरान पड़ौसी किसान शाहदीन व उसके दो पुत्र समेंदीन व जीशान भी खेत पर मौजूद थे। उपरोक्त तीनों पिता–पुत्रों ने विधवा के खेत की मेड काट ली। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव की आई नन्द को भी नहीं बख्शा उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुँची और पीड़ित महिलओं को कोतवाली ले आई। पीड़ित महिलाओं को कोतवाली दफ्तर से टरखा दिया गया। काफी देर तक पीड़ित महिलाएं इधर–उधर भटकती रहीं, लेकिन दफ्तर दीवान का दिल नहीं पसीजा। निराश होकर महिलओं को वापस घर लौटना पड़ा।

### साप्ताहिक बन्दी में गुलजार रहे बाजार


कैराना। नगर में आज साप्ताहिक बन्दी होते हुए भी सभी मुख्य बाजार गुलजार देखे गए। व्यापारी वर्ग बेखौफ व निडर होकर अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर बैठकर खुलेआम व्यापार करते हुए साप्ताहिक बन्दी का मखौल उड़ाते हुए देखे गए स्थानीय प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रशासनिक अधिकारी यूं तो अपने कार्यालयों पर मौजूद रहते है, मगर साप्ताहिक बन्दी के दौरान निरीक्षण करने कोई गवारा नहीँ समझता,जिसके चलते साप्ताहिक बन्दी में भी बाजार में श्रमिक बंधवा मजदूरों की तरह कार्य करते देखे गए हैं। श्रमिक विभाग के अधिकारी भी कुंभकर्णी नींद से न जाने कब जागेंगे।

### समाजसेवी ने पुलिसकर्मी का नोटों से भरा पर्स लौटाया

कैराना। समाजसेवी ने पुलिसकर्मी के गुम हुए नोटों से भरे पर्स को सौंपकर ईमानदारी का सबूत पेश किया है बुधवार को नगर के मोहल्ला नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी सगीर अंसारी अपने घर से कैराना की ओर आ रहा था। इसी दौरान मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर लावारिस पड़े एक पर्स पर उसकी नजर पड़ी, जिसे उसने उठा लिया और उसे खोलकर देखा तो उसमें नोट भरे हुए थे और उसमें उत्तर प्रदेश पुलिस का कार्ड भी था,जिस पर पुलिसकर्मी का मोबाइल नम्बर भी लिखा हुआ था। समाजसेवी ने फोन के माध्यम से पुलिसकर्मी से संपर्क किया तो उसने खुद को कैराना कोतवाली में तैनात होना बताया,जिसके बाद पहचान बताने पर नोटों से भरा पर्स पुलिसकर्मी के सुपुर्द कर दिया गया है।

### एडीएम ने मोहर्रम के पर्व को लेकर की बैठक

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना ।एडीएम ने मोहर्रम की तैयारियों को लेकर अधिकरियों व शिया समुदाय की कमेटी के साथ समीक्षा बैठक की और शांति के साथ मोहर्रम के पर्व को सम्पन्न कराने की अपील की। साथ ही मातमी व जुलजनाह के जुलूस के रास्ते पर विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए।
नगर में स्थित सीओ कार्यालय पर एडीएम संतोष कुमार की अध्यक्षता में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों के संग बैठक का आयोजन किया गया। एडीएम ने इस दौरान नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पब्लिक इंटर कालेज के समीप कर्बला के मैदान तक जुलूस के दौरान मार्ग पर साफ – सफाई कराने के साथ साथ किनारों पर नगरपालिका की ओर से चुना डलवाने के निर्देश दिए । वही मातम जुलूस के दौरान नगर के भीतर बेड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ साथ डायवर्जन करने को कहा गया। इस दौरान भारी पुलिस बल जुलूस मार्ग पर तैनात करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कमेटी के लोगों से जानकारियां हासिल करते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्था में सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में एसडीएम शिवप्रकाश यादव, सीओ बिजेंद्र सिंह भड़ाना व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।



### जल निगम के अधिकारियों से वार्ता कर शहर में सीवर लाइनों में हो रही समस्याओं को दूर करने के निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। शहर में विभिन्न स्थानों से प्राप्त हो रहीं सीवर की शिकायतों को लेकर पालिका चेयरमैन गंभीर हैं उन्होने जल निगम के अधिकारियों से वार्ता कर शहर में सीवर लाइनों में हो रही समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिये।पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने आज पालिका सभागार में जल निगम के सहायक अभियंता के साथ वार्ता की। पालिका चेयरमैन द्वारा जल निगम के सहायक अभियंता को आदेश दिये कि नगर में जहां–जहां भी सीवर लाइन व सीवर चौम्बर ओवर फलो हो रहे हैं उनको तत्काल सही कराया जाये। खासतौर से कोतवाली के सामने सीवर लाइन व सीवर चौम्बर के ओवर फलो तुरन्त सही कराया जाये। इसके अलावा पालिका चेयरमैन द्वारा सहायक अभियंता को यह भी निर्देश दिये कि वर्षा ॠतु को दृष्टिगत रखते हुए जल निगम से नगर का भ्रमण कराकर यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त शिकायतों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर ओवर फलो या सीवर लाइन से संबंधित कोई अन्य शिकायत हैं तो उसे भी तत्काल सही कराया जाये ताकि बरसात में किसी भी प्रकार के संक्रमण को फैलने से रोका जा सकें।



## सर्पदंश से घर में सो रहे बालक की मौत

सिकंदराराऊ । क्षेत्र के गांव टीकरी खुर्द में मंगलवार की रात्रि सोते समय सर्प ने एक बालक को डस लिया जिससे बालक की मौत हो गई । जिसको लेकर परिवार में हाहाकार छात्र प्रिंस को सांप ने काट लिया। बालक की चीख सुनकर परिजन जाग गए और उसे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी पर लेकर आए। जहां से चिकित्सक ने अलीगढ़



मच गया। बालक नगर के राजकमल पब्लिक स्कूल का छठवीं कक्षा का छात्र था। उसकी मौत की सूचना मिलते ही स्कूल में शोकावकाश घोषित कर दिया गया। गांव टीकरी खुर्द निवासी प्रिंस जादौन उम्र 12 वर्ष अपने परिजनों के साथ मंगलवार की रात्रि को अपने घर पर सो रहा था। तभी अचानक रात्रि 10.30 बजे के लगभग छठवीं कक्षा के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित करते हुए बताया कि इसको किसी जहरीले सांप द्वारा काटा गया है। बालक की मौत को लेकर परिवार में हाहाकार मच गया है तथा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है तथा राजकमल स्कूल की प्रबंधक राजकुमार सिंह द्वारा शोक के चलते छुट्टी कर दी गई।

## प्राइवेट तथा डग्गामार वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर चौकी प्रभारी सोनू राजौरा ने वसूले 30,000 और 10 वाहनों के चालान काटे

सिकंदराराऊ । बुधवार को चौकी प्रभारी पुरदिलनगर सोनू राजौरा ने नगरपालिका क्रीडा स्थल के आसपास खड़े टेंपो तथा अन्य कार्रवाई के चलते पूरे दिन प्राइवेट टैक्सी एवं टेंपो तथा अन्य वाहन चालकों में अफरातफरी की स्थिति रही। सोनू राजौरा पहले भी कई बार



प्राइवेट वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। चालक अपने वाहनों को लेकर इधर–उधर भागने लगे। चेकिंग के दौरान 10 वाहनों के चालान काटे गए तथा 30,000 रुपये की वसूली की गई। इस प्राइवेट एवं डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चला चुके हैं। नगर में विभिन्न मार्गों पर यहां वहां खड़े रहने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। जिनकी वजह से जाम के हालात रहते हैं।

## भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों ने एसडीएम को कराया नगला चीखना की गौशाला की अव्यवस्थाओं से अवगत

सिकंदराराऊ। भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों ने एसडीएम से मुलाकात की तथा विकास खण्ड सिकंदराराऊ क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचों के गाँव नगला चीकना स्थित गौशाला में सुविधाओं बीमारी की स्थिति में है तथा गयों को पर्याप्त चारा नहीं मिल पा रहा है। ग्राम प्रधान व गौशाला के कर्मचारी गौशाला की देख रेख में कार्य लापरवाही बरतते हैं। जिसके कारण कई गायें दम तोड़ने के कगार पर



की कमी तथा अव्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

अलीगढ़ मंडल महामंत्री सोनू शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत पंचों के नगला चीकना स्थित गौशाला में सुविधाओं का अभाव है, जिसके चलते गायों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बरसात के मौसम के चलते जलभराव होने के कारण गौशाला में दल दल की स्थिति पैदा हो गयी है। गायों के रहने हेतु सूखा स्थान उपलब्ध नहीं है । टीन शैड का भी अभाव है । जिसके चलते अधिकांश गायों को तपती धूप में खड़ा होना पड़ता है। धूप अधिक पड़ने के कारण अधिकांश गाय है। उपरोक्त प्रकरण की जाँच मौके पर स्वयं जाकर कर आवश्यक कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है। संगठन ने मांग की है कि गौशाला में धूप से बचने हेतु टीन शैड की व्यवस्था की जाए, जलभराव की स्थिति को देखते हुए भटटे की रावस डलवायी जाये, चारे की पर्याप्त व्यवस्था एवं बीमार गायों की पर्याप्त चिकित्सा की सुविधा दी जाए। उप जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर सोनू शर्मा मंडल महामंत्री भारतीय गौ रक्षा वाहिनी अलीगढ़ , अर्जुन बघेल समाजसेवी, अश्वनी यादव, जीतू नागर ,टीटू यादव, शोएब कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जांच के उपरांत एसडीएम के निर्देश पर खोली गई चिकित्सक के चेंबर की सील

सिकंदराराऊ। दस दिन पूर्व नगर में उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ आयुष चिकित्सकों के नर्सिंग होम और क्लीनिक पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी करने के बाद अफीराह क्लीनिक में चिकित्सक के चेंबर को सील कर दिया था। जिसके बाद नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी चिकित्सकों ने अपने अपने क्लीनिक और नर्सिंग होम पर तालाबंदी कर हड़ताल पर चले गए थे। जिसके परिणाम स्वरूप मरीजों को इलाज न मिलने पर बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा था। परंतु उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा से चिकित्सकों की फोन पर हुई वार्ता के क्रम में डॉ नसीम अहमद, डॉ अरविंद सारस्वत एवं डॉ ललित प्रताप बघेल के नेतृत्व में चिकित्सकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर अपनी पद्धति एवं अधिनियम 2015 के अनुसार कार्य चिकित्सा कार्य करने की विस्तार से जानकारी दी। उसके बाद उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा ने चिकित्सकों को नियमानुसार ही अपनी पैथी में चिकित्सकीय कार्य करने और जांच के उपरांत चिकित्सक के चेंबर की सील को खोलने का आश्वासन दिया था। उपजिलाधिकारी के आश्वासन के बाद चिकित्सकों ने शुक्रवार को हड़ताल खत्म कर मरीजों को देखना शुरू कर दिया था। जांच पूरी होने पर बुधवार को उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य



विभाग की टीम ने अफीराह क्लीनिक में सील किए गए चिकित्सक के चेंबर की सील को खोल दिया। निष्पक्ष जांच से संतुष्ट चिकित्सकों ने उपजिलाअधिकारी अंकुर वर्मा का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ सी पी वर्मा, डॉ ललित प्रताप बघेल, डॉ पवन कुमार कचौरा, डॉ विजय प्रकाश गुप्ता, डॉ अजीम खान, डॉ अंशुल सोनी, डॉ अरविंद सारस्वत, डॉ राकेश कुमार, डॉ नसीम अहमद, डॉ जाहिद हुसैन, आसिम अंसारी, डॉ सीपी शर्मा, डॉ मुकेश कुमार, डॉ यतेंद्र कुमार, डॉ राकेश सिंह, डॉ के के सिंह, डॉ रामवीर सिंह, डॉ तेजवीर सिंह, डॉ अरविंद पाराशर, डॉ राम प्रकाश गुप्ता, डॉ बिलाल आदि मौजूद थे।

## घर मे पटाखा विस्फोट में तीन सगी बहनों की ईलाज के दौरान मौत

पीलीभीत। घर के भीतर पटाखा विस्फोट में घायल तीनों सगी बहनों के इलाज के दौरान बरेली में मौत हो गई तीनों बहनों की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। घटना थाना जहानाबाद क्षेत्र के शाहदात मोहल्ले की है। थाना जहानाबाद निवासी अजीम बेग अपने बेटों के साथ काम के सिलसिले में घर से बाहर गए हुए थे उसी दौरान दोपहर में घर के भीतर आतिशबाज अजीम की 24 वर्षीय नगमा 22 वर्षीय निशा अपनी 18 वर्षीय छोटी बहन सानिया के साथ घर में पटाखे बनाने का काम कर पैकिंग कर रही थी उसी बीच घर में रखे पटाखों में आग लग गई आग इतनी भयंकर थी कि विस्फोट होने से तेज धमाकों की आवाज से इलाका दहल गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के इलाके में लोग इकट्ठा होना शुरू हो गए इतनी ही देर में



दो मंजिला मकान धमाकों की आवाज से दहल कर ढह गया जिसके मलबे के नीचे दब कर तीनों बहनें जो पटाखों के विस्फोट से बुरी तरह झुलस गई थी मलबे के नीचे दब गई आनन–फानन में सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और मलबे के नीचे दबे तीनों बहनों को रेस्क्यू कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सको ने बेहतर ईलाज के लिए बरेली हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान तीनों बहनों की मौत हो गई वहीं तीनों बहनों की मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया फिलहाल पूरी घटना को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे डीएम व एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटना स्थल का मौका मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

वही डीएम पुलकित खरे ने घटना को लेकर जानकारी देते हुए बताया की दुकान स्वामी अजीम बेग द्वारा दुकान किसी अन्य जगह को दिखाकर लाइसेंस लिया गया था और वहां काम न करके आबादी वाले इलाके अपने ही घर में अवैध रूप से पटाखे बनाने का कारोबार करते मिलें है,, जिसको लेकर अब जिला प्रशासन को आतिशबाजो के खिलाफ छापेमारी कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।थाना जहानाबाद क्षेत्र मे आतिशबाज के घर आबादी वाले क्षेत्र में हुई घटना ने पूरे जिले में दहशत फैला दी, जिसको लेकर अब जिला प्रशासन भी सख्त होता नजर आ रहा है और डीएम पुलकित खरे ने स्वयं आतिशबाजी को लेकर जिला प्रशासन की टीम गठित कर छापेमारी कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं हालांकि कहीं ना कहीं घटना को लेकर प्रशासन की बड़ी लापरवाही भी इसे कहा जा सकता है शायद जिम्मेदार अग्निशमन विभाग और तमाम अफसरों ने इस आतिशबाजी को लेकर पहले ही शिकंजा कसा होते तो शायद आज घर में इस तरह से पटाखे नहीं बनाए जाते और ना ही विस्फोट की वजह से तीनों बहनों को अपनी जान गंवानी पड़ती।

## पीलीभीत 11 से 17 अगस्त तक मनाया जायेगा स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाया जायेगा

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में स्वतन्त्रता दिवस समारोह –2022(15 अगस्त 2022) की तैयारियों से सम्बन्धित एवं हर घर तिरंगा अभियान के सम्बन्ध में बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी, गैर सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रीयगान किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 11 अगस्त 2022 से ही सरकारी भवनों व चौराहों को प्रकाश से सजावट की जायेगी। प्रातः 10 बजे राम स्वरूप पार्क पीलीभीत में अपर जिलाधिकारी (वि. ध्रा.) द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। जनपद की समस्त तहसीलों में उप जिलाधिकारियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के निवास स्थल पर अभिनन्दन किया जायेगा। प्रातः 9:15 बजे जनपद के समस्त उप जिलाधिकारीध्तहसीलदार व समस्त जिले के विभागाध्यक्ष व समस्त ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी अपने अपने ब्लॉक व कॉलेजो में वृक्षारोपण किया जायेगा। प्रातः 9:30 बजे शहीद दामोदार पार्क स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेगें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृद्धा आश्रम में फल वितरित



किये जायेगें। सांय 04 बजे से 05 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया जायेगा। जनपद के 16 घाटों पर ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। हर ब्लाक परिसर में शहीदों के स्तम्भ में छूटे स्वतंत्रता सैनानियों के नाम अंकित किये जाये। दिनांक 12, 13 व 14 अगस्त को बाईक मैराथन, साईकिल मैराथान व दौड मैराथान का आयोजन किया जायेगा। 14 अगस्त को भारत का गांधी स्टेडियम में चित्र बनाया जायेगा तिरंगा शपथ का आयोजन किया जायेगा।

इसके साथ ही साथ हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष आजादी के 75 बे वर्ष के गरिमामयी अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाये और प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाया जाये। विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का वितरण कार्यक्रम स्वतंत्रता सप्ताह में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारें जनपद को लगभग 04 लाख लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है तथा लगभग 02 लाख तिरंगा प्राप्त किये जा चुके हैं। यह तिरंगा विभागों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किये जाये और 15 अगस्त को हर घर में तिरंगा लगा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि स्वयं, जनप्रतिधियों, ग्राम प्रधानों के माध्यम से भी तिरंगा हर घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें और उन से यह वितरित किये गये तिरंगें की सूची प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, अमृत सरोवरों, दुकानों, बैंक इत्यादि सभी जगहों पर तिरंगा फहराया जाये । अमृत सरोवर पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया जाये। इसके साथ ही साथ जन प्रतिनिधियों के माध्यम से बसों, टैपों पर स्टीकर चस्पा किये जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि निर्माण कार्यों का लोकार्पण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाये। जनपद की 75 आदर्श ग्राम पंचायत जिसमें फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, इण्टरनेट इत्यादि उपलब्ध कराया गया है कि उसकी सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों के कार्यक्रम को 14 अगस्त तक सम्पन्न करा लिये जाये और विजेताओं को 15 अगस्त को सम्मानित किया जायेगा। तहसील स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मानित किया जाये।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि. ध्रा.), अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, सामाजिक वानिकी सहित समस्त विभागाध्यक्ष व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## शौहार्द भरे वातावरण में भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाये त्योहार-जिलाधिकारी

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में मोहर्रम एवं आगामी अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आये विभिन्न क्षेत्रों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहारों के दृष्टिगत जन समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को उनका त्वारित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सम्भ्रान्त व्यक्तियों से अपील करते हुये कहा कि त्यौहारों प्रेम एवं भाईचारे के साथ शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाएें। उन्होंने कहा कि बिना कोई नई परम्परा डाले हुये



पूर्व की भांति त्यौहार मनाएें और पुलिस एवं जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है यदि किसी प्रकार अफवाह या भ्रान्ति फैलाई जाती है तो तत्काल उच्चाधिकारी को अवगत करायें। इस दौरान बताया गया कि विद्युत प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे बन्द की जाये। उन्होंने सभी से अपील करते हुये कहा कि ताजिया ज्यादा ऊॅचाई तक के न निकाले जाये।. अधिशासी अभियन्ता विद्युत क्षेत्रों में जहां विद्युत के तार ढीले है या विद्युत सप्लाई व्यवस्था जर्जर है उसे तत्काल ठीक करा लिया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि असलह प्रदर्शन न किया जाये। डीजे, नारे पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी को साफ सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया आवारा पशुओं पर नजर रखी जाये तथा उन्हे पकड़कर बाडे या जंगल में छोडने की कार्यवाही की जाये। ताजिया के समय जो समय वह पहले रहेगा, काला झण्डा किसी भी इमारत पर न लगाया जाये। जूलूस निकालने पर सम्बन्धित थानाध्यक्ष को अवगत कराये।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पलिका, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंजीयन सीमा से अधिक टर्न ओवर वाले व्यापारियों को पंजीकरण कराये जाने हेतु केम्प तय तिथियों में लगाए जाएगे - डिप्टी कमिश्नर

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 03 अगस्त, 2022– डिप्टी कमिश्नर, नोडल अधिकारी राज्य कर उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि व्यापारिक गतिविधियां संचालित करने वाले व्यापारियों को सुविधा प्रदान करने हेतु अधिक से अधिक व्यापारियों का जी.एस.टी. पंजीयन कराया जा रहा है।

पंजीयन सीमा से अधिक टर्न ओवर वाले व्यापारियों को एवं स्वेच्छा से पंजीयन लेने वाले व्यापारियों को पंजीकरण कराये जाने हेतु 31 अगस्त तक मध्यान्ह 12 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक पंजीयन कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

उन्होने बताया कि दि. 04 अगस्त को राम जानकी मैरिज होम भोगांव, दि. 05 अगस्त को निकट बेवर बस स्टेण्ड, दि. 06 अगस्त को नगर पंचायत ज्योंति, दि. 08 अगस्त को नगर पंचायत कुरावली, दि. 10 अगस्त को क्रिश्चियन तिराहा, दि. 11 अगस्त को मदार गेट, दि. 16 अगस्त को ज्योंति तिराहा आगरा रोड, दि. 17 अगस्त को किशनी नगर पंचायत, दि.19 अगस्त को करहल नगर पंचायत, दि. 20 अगस्त को दीवानी रोड ईशन नदी पुल, दि. 22 अगस्त को निहाल गली घिरोर, दि. 23 अगस्त को राम जानकी मैरिज होम भोगांव, दि.24 अगस्त को निकट बेवर बस स्टेण्ड, दि. 25 अगस्त को नगर पंचायत ज्योंति, दि.26 अगस्त को नगर पंचायत कुरावली, दि. 27 अगस्त को क्रिश्चियन तिराहा, दि. 29 अगस्त को मदार गेट, दि. 30 अगस्त को ज्योंति तिराहा आगरा रोड, दि. 31 अगस्त को किशनी नगर पंचायत में पंजीयन कैम्प आयोजित कराये जायेंगे। जिसमें पंजीयन सीमा से अधिक टर्न ओवर वाले व्यापारी, स्वेच्छा से पंजीयन लेने वाले व्यापारी पंजीयन एवं पंजीयन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सबका नैतिक दायित्व है कि युवा पीडी को आजादी के स्वणिर्म इतिहास की जानकारी हो- जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तगर्त ''हर घर तिरंगा'' कायर्क्रम को समस्त विद्यालयों के साथ की बैठक

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 03 अगस्त, 2022– जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तगर्त ''हर घर तिरंगा'' कायर्क्रम को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद के आई.सी.एस.ई., सी.बी.एस.ई., यूपी बोर्ड, महा विद्यालयों के समस्त विद्यालयों के प्रबन्धकों, प्रधानाध्यापकों, प्राचार्य के साथ आयोजित बैठक में कहा कि हम सबका नैतिक दायित्व है कि अपनी युवा पीडी को आजादी के स्वणिर्म इतिहास की जानकारी हो। उन्हें आजादी पाने के लिए दिये गये बलिदानों, देश को विभिन्न स्तर पर ऊंचाईयों पर पहुंचाने वाले वीर बलिदानियों, महा पुरूषों की जानकारी हो। हमें आजादी के अमृत महोत्सव के माध्यम से एक अवसर प्राप्त हुआ है कि सभी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं, किशोरों, युवाओं को महत्वपूर्ण सत्याग्रह, घटनाओं, देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को बलिदान करने वाले वीर–सपूतों, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों के जीवन, समाज के लिये किये गये सुधारों, क्रान्तिकारियों द्वारा दिये गये बलिदानों के बारे में बतायें। जिससे उनके अन्दर



राष्ट्रीयता, एकता की भावना, अनुशासन, समाज सुधार, नेतृत्व देने की भावना जागृत हो सके।

श्री सिंह ने कहा कि दि. 08 अगस्त को जनपद स्तरीय तिरंगा रैली का आयोजन विराट और भव्यता से किया जायेगा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 15 हजार छात्र–छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। रैली प्रातः 10 बजे से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर मुख्य बाजारों, मार्गो, चौराहों से होते हुये लोहिया पार्क पर समाप्त होगी। सभी विद्यालयों के प्रबन्धकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों की सहभागिता होना आवश्यक है। तिरंगा रैली में अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाये। रैली के दौरान प्रत्येक विद्यालय द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत 05–05 झाकियॉ निकाली जायें, रैली में एन.एस. एस., एन. सी. सी. स्काउड गाइड, सैनिक स्कूल के बच्चे भी शामिल रहें। सुनिश्चित किया जाये कि डिग्री कॉलेज के बच्चे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा भी प्रत्येक ब्लॉक से 01–01 झॉकी निकाली जायें। रैली हेतु रूट का निधार्रण तत्काल कराया जाये। रूट का निधार्रण इस प्रकार किया जाये कि शहर के मुख्य बाजार, आबादी के क्षेत्र आच्छादित हों सकें। रैली में तिरंगा थीम पर आधारित बैनर, पोस्टर भी लगाये जायें साथ ही बैण्ड–बाजों, लाउड स्पीकर के माध्यम से देशभक्ति पर आधारित गीत भी बजाये जायें। उन्होने कहा कि पीने हेतु स्वच्छ पानी, स्वल्पाहार, निधार्रित रूट पर साफ–सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था सहित समस्त मूलभूत व्यवस्थाएं रहें। जिससे रैली के दौरान प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि ''हर घर तिरंगा'' कायर्क्रम के तहत आयोजित विभिन्न कायर्क्रमों, सांस्कृतिक कायर्क्रमों के माध्यम से विद्यालयों में उत्सव का वातावरण सृजित किया जाये। सभी किशोरो, युवाओं, शिक्षकों की नाना प्रकार से भागीदारी सुनिश्चित करायी जाये, ''हर घर तिरंगा'' के अन्तगर्त बेहतर प्रदशर्न करने वाले 03 विद्यालयों को सम्मानित भी किया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन, स्वाधीनता पाने के उपरांत देश में हुए विकास, देश के वीर शहीदों पर आधारित चित्र कला, पोस्टर, निबंध, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं। सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक विद्यालय में अलग से प्रतिदिन एक घंटा कक्षाएं आयोजित कर छात्र–छात्राओं को आजादी पाने के लिए क्रातिंकारियों द्वारा दिए गए बलिदानों, 1800 से लेकर 1950 के मध्य स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान घटित महत्वपूण सत्याग्रह, घटनाओं, समाज सुधारों, संघर्षो में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों के जीवन के बारे में छात्रों को बताया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर विजय पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रबन्धक, प्रधानाध्यापक आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु स्वयं सहायता समूहों की कि गई प्रशंसा

पीलीभीत आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे द्वारा ग्राम सड़िया मुगलपुरा में स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किये जा रहे



तिरंगों को मौके पर जाकर देखा गया। ग्राम में 10 स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा निर्मित किये जा रहे है। जिसमें त्रिवेणी, लक्ष्मी, अम्बेडकर, सागुन, काली मॉ, खुशी विकास महिला स्वयं सहायता समूह कार्य कर रही है। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि प्रत्येक दिन 2600 तिरंगा झण्डा तैयार किये जा रहे है। समूहों द्वारा तिरंगा झण्ड निर्मित करने हेतु 12 हजार मीटर कपडा मांगवाया गया है जिससे तिरंगो झण्डा बनाये जा रहे है। निर्मित किये जा रहे तिरंगा झण्डा की गुणवत्ता को जिलाधिकारी द्वारा देखा गया। समूहों द्वारा शिफ्ट में प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस समय जनपद के 22 समूहों द्वारा तिरंगा झण्डा तैयार किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इससे जनपद के समूहों की आय में वृद्वि होगी। उन्होंने कहा कि समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे तिरंगा झण्डा की बिक्री हेतु स्टाल लगाये जायें, जिससे शहरी व ग्रामीणों को आसानी से तिरंगा प्राप्त हो सकेगें। इसके साथ ही साथ ही समूह की अध्यक्षा द्वारा बताया गया कि रू0 01 लाख 62 हजार के तिरंगा झण्डों की बिक्री की जा चुकी है। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूहों के इस कार्य की प्रशंसा की गई। इस दौरान डीसी मनरेगा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीलीभीत विश्व प्रसिद्व बासुरी वादक पण्डित राजेन्द्र प्रसन्ना जी के स्पिकमैके कार्यक्रम का आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया गया

पीलीभीत। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पण्डित राजेन्द्र प्रसन्ना जी को पुष्पगुछ प्रदान किया गया। पं0 प्रसन्ना जी द्वारा विद्यालयों की छात्राओं को बॉसुरी की धुन से मंत्रमुग्ध किया गया। पं0 प्रसन्ना जी द्वारा राम राम की धुन बॉसुरी से सुनाई गई।



जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों को जागरूक करते हुये कहा कि हमारा जनपद पीलीभीत ही बॉसुरी नगरी है। हमारे जनपद में बॉसुरी का बनाई जाती है जो देश विदेश में हमारे जनपद को बॉसुरी नगरी के नाम जाना जाता है। उन्होंने पं0 प्रसन्ना जी से कहा कि हमारे जनपद के कुछ अध्यापक बॉसुरी बजाना सीखते चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पढाई के साथ साथ बॉसुरी बजाने की व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराई जायेगी। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा पं0 प्रसन्ना जी को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया

पीलीभीत। सशस्त्र सीमा बल क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा जिला अस्पताल के प्रांगण में आज आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में भारत सरकार संहिता से अवगत कराया गया व साथ ही उपस्थित अस्पताल प्रबंधन व नागरिकों को ध्वजारोहण की पूर्ण प्रक्रिया से व भारत सरकार के हर घर तिरंगा के लक्ष्य से परिचित कराया गया। पंकज सेठी, सहायक कमाण्डेंट ने सरकार द्वारा आमजन के लिए नियमों के किये गये बदलाव व 15 अगस्त 2022 तक अधिक से अधिक नागरिकों के जुडने हेतु संकल्पित लक्ष्य को आगे बढ़ाने का आहवान किया गया। सभी गणमान्य नागरिकों से अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल को बदलकर राष्ट्रीय ध्वज का प्रयोग प्रोफाइल के रूप में करने के लिए निवेदन के साथ अन्त में सभी आमजन व अस्पताल प्रबन्धकों राष्ट्रीय ध्वज संहिता के पालन हेतु सचेत किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 बी0एस0 व अस्पताल प्रबन्धक राजेश शर्मा के साथ सशस्त्र सीमा बल क्षेत्रीय मुख्यालय शिवजीत सिंह, उप कमाण्डेन्ट (संचार) भूबन गोगोई, सहा0 अभियन्ता पंकज सेठी, सहा0 कमाण्डेन्ट संचार रमेश सिंह रानाव अन्य बल कर्मियों के साथ उत्साह पूर्वक भाग लिया गया व राष्ट्र ध्वज के प्रति कर्तव्यों से नागरिकों को सजगव जागरूक किया गया।

### छापा पड़ते देख कुल लोगों ने अपनी अपनी छत से बने पिजडों से कुछ तोते उड़ा दिये

पीलीभीत कल दिनांक 02.08.2022 को प्रातः 10 बजे मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि मो0 बाग गुलशेर खां, बारह पत्थर मो0 में सनी पुत्र जंग बहादुर के घर के ऊपर दूसरी मंजिल पर कुछ जंगली तोतों को बन्धक बनाकर रखा है। सूचना प्राप्त हेते ही देवऋषि सक्सेना प्रभारी क्षेत्रीय वन अधिकारी पीलीभीत रेंज, शेर सिंह उप क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा टीम के साथ सनी पुत्र जंग बहादुर के निवास पर छापा मारा दरवाजा बाहर से बन्द होने के कारण खुलवाने में समय लगा तक तक दूसरी मंजिल से सनी द्वारा लगभग 100 तोतों को उडा दिया गया। दरवाजा खोलकर अन्दर दूसरी मंजिल पर तत्काल क्षेत्रीय वन अधिकारी व स्टाप पहुंचे तब सनी पुत्र जंग बहादुर को तोते उड़ाते समय 02 जंगली प्रजाति तोते हाथ से बरामद किये। मोहल्ले में छापा पड़ते देख कुल लोगों ने अपनी अपनी छत से बने पिजडों से कुछ तोते उड़ा दिये गये। सनी को अभिरक्षा में लेकर रेंज कार्यालय लाया गया तथा पूछताछ करने पर सनी द्वारा बताया कि उसके साथ जितेन्द्र एवं राकेश पुत्रगण राम गोपाल निवासी बारह पत्थर, वीरू व शेरू पुत्रगण बारह पत्थर, बब्लू उर्फ बिरजू व पप्पू पुत्रगण धनैत नि0मो0 शर्फराज खॉ ने तोते पकडतेध्अभिरक्षा में लेते समय तथा छापा पड़ते समय दूसरे मकानों की छतों से लगभग 500 तोते उड़ा दिये। बरामद 02 तोतों को एवं अभियुक्त को लेकर रेंज कार्यालय पीलीभीत लागया तथा उपरोक्त अभियुक्तो के विरूद्व रेंज से केस जारी किया गया।

### पुरनपूर प्रेस क्लब के अध्यक्ष योगेश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई

पीलीभीत ।पूरनपुर प्रेस क्लब रजिस्ट्रेशन को पूरे हुए एक बर्ष मनाया स्थापना दिवस ।इस दौरान वर्तमान परिवेश और पत्रकारिता विषयक बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए ।प्रेस क्लब के



पदाधिकारियों ने 1 वर्ष सफलता पूर्ण संस्था के संचालन ने शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष पत्रकारिता के मंत्र भी दिए। संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यो ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी ।सोशल मीडिया पर समाजसेवी,प्रशासन,जनता ने पूरनपुर प्रेस क्लब के 1 साल पूरे होने पर शुभकामनाएं दी ।नगर के एक होटल मे पूरनपुर क्लब की बैठक आयोजित की गई ।बैठक प्रेस क्लब अध्यक्ष योगेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई ।जिसमे संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। साथ ही पत्रकारों के ऊपर हो रही हिंसा की भी निंदा की गई।

योगेश वर्मा,शैलेंद्र शर्मा,शादाब अली,फिरासत खां,मीनू बरकाती,अकील अहमद,छुन्नन खां,दिनेश कुमार,संजय भारती,आदि लोग मौजुद रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# कागारौल में दबंगों ने ग्रामीणों पर जमीनी विवाद को लेकर बरसाई गोलियां

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता धर्मेंद्र पचौरी



खेरागढ़ । थाना कागारौल क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात जमीन के विवाद को लेकर बिसैरा गांव में दबंगों ने ग्रामीणों पर फायरिंग शुरू कर दी घटना उस समय की है जब पीड़ित मामले की शिकायत अधिकारियों से करके घर वापस लौट रहा थे। गांव पहुंचते ही दबंगों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गांव में तनाव देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया। थाना क्षेत्र के बिसैरा गांव के ही एक दबंग परिवार ने ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा किया है उस जमीन पर वह निर्माण करा रहा है इसकी शिकायत गांव के लोगों ने डीएम और थाना में की थी । शिकायत करने के बाद जैसे ही वह गांव पहुंचे तो पहले से ही ताक में बैठे दबंगों ने फायरिंग शुरू कर दी इससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है गांव के लोग भागकर घरों में छुप गए और दरवाजे बंद कर लिए हमले में जितेंद्र, अशोक और सरोज को छर्रे लगने से घायल हो गए हैं। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी गांव में गोलियां चलने की सूचना पर तत्काल प्रभाव से पुलिस बल मौके पर पहुंची पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भाग निकले घायल अशोक ने बताया कि गांव की हीएक महिला ग्राम सभा की जमीन घेर कर उस पर निर्माण कार्य करा रही है जबकि उस जमीन पर गांव के लोग अपने घरों का कूड़ा कचरा आधे डालते रहते हैं जब ग्रामीणों ने निर्माण रोकने की बात कही तो उसने छेड़छाड़ के मामले में जेल भेजने की धमकी दी इसके बाद ग्रामीण इकट्ठा होकर चौकी इंचार्ज अकोला से शिकायत करने पहुंचे तो चौकी इंचार्ज ने पीड़ितों की बात ना सुनते हुए उल्टा हम लोगों को ही बुरा भला कहने लगे इसके बाद सभी लोग जिलाधिकारी के पास पहुंचकर शिकायत की और शिकायत करने के बाद जब ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से घर वापस लौट रहे थे तभी उनको गांव के लोगों ने फोन कर सूचना दी कि दबंग महिला के परिजन हथियार लेकर रास्ते में ताक लगाकर बैठे हैं । जैसे ही ग्रामीण लोग गांव पहुंचे तो दबंग लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी।

## 3 अगस्त से शुरू हुआ बाल स्वास्थ्य पोषण माह ,घर-घर जाकर बच्चों को दी जाएगी विटामिन ए की खुराक

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद 3 अगस्त। 3 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल स्वास्थ्य पोषण माह का आयोजन शुरू हो गया। जिसमें पूरे माह घर–घर जाकर बच्चों को स्वास्थ्य कर्मी विटामिन ए की खुराक देंगे। जिससे बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी ।अधीक्षक डॉक्टर बीके सोनी तथा डॉ प्रमोद कुमार कुशवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि गांव में 3 अगस्त से पूरे माह बाल स्वास्थ्य पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आशा ,एएनएम तथा आंगनवाडी कार्यकत्री पहले बूथों पर उसके बाद घर घर जाकर 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देंगी। विटामिन ए की खुराक से बच्चों में रतौंधी की संभावना खत्म हो जाएगी। साथ ही बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। इस दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे घर–घर जाकर ऐसे बच्चों को चयनित करें ।जिससे कोई भी बच्चा विटामिन ए की खुराक से वंचित न रह सके। इस दौरान बीसीपीएम यासीन खान तथा यूनिसेफ के धर्मवीर भी मौजूद रहे।

# कर्मवीर पोनियॉ के परिजनों को 11- लाख रूपये का मुआवजा देने की माँग

दै अयोध्या टाइम्स ब्यूरो



आगरा। राष्ट्रीय लोक दल नेताओं ने गत रविवार को नगला तल्फी निवासी कर्मवीर पोनियॉ द्वारा रात्रि में यमुना में छलांग लगाकर आत्महत्या किए जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया है ।राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर, वरिष्ठ नेता उद्घोष राणा, सत्यवीर सिंह रावत, जगबीर सिंह, रणवीर सिंह आदि ने मृतक कर्मवीर पोनियॉ के पिता श्री श्याम सिंह व अन्य परिजनों को आवास पर जाकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की ।परिजनों और गांव वालों ने राष्ट्रीय लोक दल नेताओं को बताया कि कर्मवीर पोनियॉ बड़ा ही होनहार नौजवान था 3 बरस से फौज की तैयारी कर रहा था लेकिन केंद्र सरकार की अग्निपथ की योजना से निराश हो गया और इस निराशा में कर्मवीर ने यह कदम उठाया। कर्मवीर एनसीसी का सी सर्टिफिकेट भी प्राप्त था और बहुत ही सभ्य व होनहार बालक था।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर ने कहा है कि कर्मवीर ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना से निराश होकर अपना भविष्य बर्बाद होते देखकर आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाया है लेकिन जिला प्रशासन की ओर से व सत्तारूढ़ दल के नेताओं की ओर से शोक संतृप्त परिवार से अभी तक शोक संवेदना भी व्यक्त नहीं की गई है यहां तक की पुलिस प्रशासन का रवैया भी संतोषजनक नहीं रहा। रविवार की रात को ही पुलिस प्रशासन को सूचना दे दी गई थी लेकिन घटना के 11 घंटे बाद गोताखोर पहुंचे और बड़केश्वर तक डेड बॉडी को ढूंढ कर इतिश्री कर ली। जबकि मृतक की डेड बॉडी 2 दिन बाद गांव वालों की सक्रियता से ही रहन कला गांव के नीचे जाकर यमुना में मिली, इलाका डौकी पुलिस को सूचना दी गई लेकिन उन्होंने डेड बॉडी को निकलवाने में कोई मदद नहीं की ,यह बहुत ही शर्मनाक बात है।

रालोद नेताओं ने पुलिस के रवैए की आलोचना की है। प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर, वरिष्ठ नेता उद्घोष राणा, सतवीर रावत व जगवीर सिंह आदि ने मृतक कर्मवीर के परिजनों को 11 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है।

# विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान हुआ शुरू

• तीन सितंबर तक चलने वाले अभियान में 4.9 लाख छह माह से पांच साल तक के बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन–ए की खुराक।

दै, आयोजक टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 03 अगस्त। जनपद में बुधवार से विटामिन–ए सम्पूरन अभियान की शुरूआत हो गई ।सिकंदरा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पीके शर्मा ने अभियान की शुरूआत की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रतौंधी सहित अन्य बीमारियों से बचाने के लिए अभियान के दौरान नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाए जाएगी। एनयूएचएम के नोडल और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके शर्मा ने बताया कि विटामिन–ए वसा में घुलनशील विटामिन है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अभियान के दौरान सभी अभिभावक अपने नौ माह से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को विटामिन–ए की खुराक अवश्य पिलाएं, जिससे कि वह पोषित रह सकें। उन्होंने बताया कि बच्चों में विटामिन–ए की कमी को दूर करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है ।



सिकंदरा यूपीएचसी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रिया जैन ने बताया कि सिकंदरा क्षेत्र के अनुज पब्लिक स्कूल में बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाई गई। सबसे पहले छात्रा तान्या सिसौदिया को विटामिन–ए की खुराक पिलाई गई। उन्होंने बताया कि बच्चों को प्रत्येक बुधवार व शनिवार को नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन–ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन ए की खुराक देने के लिए हर बच्चे के लिए अलग डिस्पोजेबल चम्मच का प्रयोग किया जाएगा। इस मौके पर एसीएमओ अमित रावत, अर्बन कोऑर्डिनेटर आकाश गौतम, फार्मासिस्ट अनुज अवस्थी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में अनुज पब्लिक स्कूल की टीचर पूनम शर्मा, शिखा शर्मा, पवन कुमार, रूबी यादव, सुमन पाल, प्राची मौजूद रहे। लाभार्थी तान्या की मां प्रियंका सिसौदिया ने बताया कि उनकी बेटी को विटामिन–ए की खुराक दी गई है। इसके साथ ही डॉक्टर ने उन्हें बताया कि विटामिन–ए की खुराक से बच्ची को रतौंधी नहीं होगी और बच्ची स्वस्थ रहेगी।

# देवों का कल्याण करने को जन्मे शिवनन्दन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो



आगरा। श्रीशिवमहापुराण में कुमार कार्तिकेय का चरित्र यह सिद्ध करता है कि सृष्टि के कारण भगवान शिव के तेज से उत्पन्न होने के बाद भी कुमार कार्तिकेय अपने बल, पराक्रम, बुद्धि, चातुर्य तथा कौशल की परीक्षा देते हैं, तब कहीं जाकर देवसेनापति होने का गौरव प्राप्त करते हैं।श नगला डीम में चल रही शिव महापुराण कथा में पांचवे दिन कथावाचक डॉ. दीपिका उपाध्याय ने कुमार कार्तिकेय के जन्म की दिव्य कथा सुनाई। श्रावण मास में शिव कथा सुनने का विशेष महत्व है। शिव भक्तों की भीड़ प्रतिदिन नगला डीम में शिव कथा सुनने के लिए उमड़ रही है। आज कथा के पांचवें दिन जब कुमार कार्तिकेय के जन्म की कथा सुनाई गई तो श्रोता भावविभोर हो उठे। तारकासुर के अत्याचारों से पीड़ित होकर जब देवता ब्रह्मा जी के पास पहुंचे तो ब्रह्मा जी ने कहा कि वह तारकासुर को वरदान दे चुके हैं कि भगवान शिव से उत्पन्न पुत्र के द्वारा ही उसका वध होगा। देवताओं के अनुरोध पर ब्रह्मा जी उनके साथ शिव जी के पास गए और सती के वियोग से दुखी महादेव को पुनः विवाह बंधन में बंधने का अनुरोध किया।

माता पार्वती एवं भगवान शिव दोनों ही देवताओं के धैर्य की परीक्षा ले रहे थे। अंततः भगवान शिव ने देवों का मनोरथ सिद्ध करने का वचन दिया और तब कहीं जाकर शिवनंदन कुमार कार्तिकेय अवतरित हुए।

कृतिकाओं के पुण्य कर्मों का फल देने के लिए कुमार ने उनकी गोदी में बड़ी सुंदर बाल लीलाएं की। कुमार का लालन–पालन कृतिकाओं ने बड़े ही प्रेम से किया। माता पार्वती ने जब यह जाना कि भगवान शिव का पुत्र जन्म चुका है तो नंदीश्वर को गणों के साथ कुमार को ढूँढने भेजा। कुमार को लेकर समस्त गण बाजे बजाते हुए कैलाश पर आए। माता पार्वती के द्वार पर बड़ा ही महान उत्सव हुआ।

संयोग से तभी तारकासुर ने भी देवताओं पर आक्रमण कर दिया और भीषण देवासुर संग्राम छिड़ गया। बलशाली तारकासुर पराक्रमी एवं चपल कुमार कार्तिकेय के हाथों परास्त हुआ। तारकासुर के वध से देवता बड़े प्रसन्न हुए और सृष्टि में सब ओर आनंद छा गया। कार्तिकेय ने तारकासुर के साथ सभी अन्य राक्षसों का भी वध कर दिया। कुमार कार्तिकेय का यह प्रसंग मनोरथ पूर्ण करने वाला, कामना पूर्ति करने वाला, आयु बढ़ाने वाला, युद्ध में विजय प्रदान करने वाला तथा मुक्ति प्रदाता है। अतः इस प्रसंग को बड़े ही प्रेम से सुनकर कुमार कार्तिकेय को बार–बार प्रणाम करना चाहिए। इस अवसर पर होतीलाल, गोरेलाल, राजेश, वीरेन्द्र, मनोज, मुरारी लाल, जितेन्द्र, पीतम सिंह, थान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कागारौल में मां के अपराधों की सजा मासूम भी भुगतेगा चोरी के 11 मुकदमे दर्ज, चोरी करने वाले गैंग में महिला भी शामिल

दैनिक अयोध्या टाइम्स धर्मेंद्र पचौरी



खेरागढ़ । कागारौल आगरा की खेरागढ़ तहसील क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला गैंग पकड़ा गया ।तहसील क्षेत्र में सेंध लगाकर और आने जाने वाले राहगीरों को चोरी की घटनाओं का शिकार बनाने वाले गैंग को पुलिस ने दबोच लिया ।चोर गैंग में एक महिला भी शामिल है जिस पर करीब एक दर्जन चोरी के मामले दर्ज हैं पकड़े गए गैंग से पुलिस ने भारी मात्रा में जेवरात बरामद किए हैं। घटना उस समय की है जब मंगलवार को थाना प्रभारी कागरोल अजय तोमर पुलिस बल के साथ गहर्रा की प्याऊ पर चेकिंग अभियान में जुटे थे इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि खारी नदी के पुल के पास एक ऑटो में चार व्यक्ति चोरी के सामान का बंटवारा करने में जुटे हैं ।सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और चारों तरफ से घेराबंदी कर दबिश देते हुए चार चोरों को दबोच लिया पकड़े गए चोरों में एक महिला भी शामिल थी पकड़े गए चोरों ने अपना नाम नंदिनी पत्नी संजू निवासी भोगीपुरा थाना शाहगंज, हरिशंकर पुत्र हेतु लाल निवासी ईदगाह के पास थाना शाहगंज, योगेश सिंह उर्फ राम पुत्र सुरेश निवासी रूई की मंडी थाना शाहगंज,व ज्ञानी पुत्र शंकर लाल निवासी छगनपुर थाना कोतवाली मथुरा बताया गया है पकड़े गए चोरों से पुलिस ने 6 सोने की चेन, एक चांदी की चेन, दो चांदी की करधनी, 6 सोने की अंगूठी, 5 जोड़ी चांदी की पायल, 1 जोड़ी सोने के कुंडल, वह एक सोने हार और एक पेंडल बरामद किया है ।पुलिस पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह सवारियों को टेंपो में बिठा कर उन्हें चोरी का शिकार बनाते थे साथ ही गांव में रखी करके रात्रि में घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे बरामद माल के बारे में उन्होंने अभी दो दिन पूर्व थाना काकरोली क्षेत्र में टेंपो में एक महिला सवारी के बैग से 1500 की नगदी और एक गले की चौन को चुराया था। वहीं थाना खेरागढ़ क्षेत्र के गांव नगला दुल्हे खान से 24 जून को चोरी की घटना को अंजाम दिया था लालपुर से 28 जून और 31 जुलाई को मेहमद गढ़ से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था पकड़े गए चोरों में शामिल महिला चोर नंदिनी ने वर्ष 2016 में पहली घटना को थाना रकाबगंज क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

महिला चोर नंदनी 2016 में अपराध की दुनिया में कदम रखा था जिसके बाद जनपद के अन्य कई थाना क्षेत्रों में एक के बाद एक 11 वारदातों को अंजाम दिया था पेशेवर महिला चोर नंदनी के साथ एक डेढ़ साल का मासूम भी है जो मां के किए अपराध की सजा उसके साथ भुगतेगा। डेढ़ साल के मासूम ने क्या अपराध किया है जो उसे भी जेल जाना पड़ रहा है।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 551 बेटियों को प्रदान किया महामेधा सम्मान

• पढ़ते जाना, बढ़ते जाना, रखना घर की लाज, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए सकारात्मक सोच है मेधावी बेटियों का सम्मानरू अंजुला सिंह माहौर।

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो।



आगरा। तुम समाज का गौरव हो, हमको तुम पर है नाज। पढ़ते जाना, बढ़ते जाना, रखना घर की लाज..। इस मनोभाव के साथ सेवा आगरा और महाकाली धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा बुधवार को बल्केश्वर स्थित संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय में इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली यूपी, सीबीएसई और आईसीएस बोर्ड की 551 बेटियों को महामेधा सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि और विधायक अंजुला सिंह माहौर ने मेधावी बेटियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्रीमती अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि मेधावी बेटियों का सम्मान करना समाज और राष्ट्र के विकास के लिए एक सकारात्मक सोच है। ये ही बेटियाँ भारत के भविष्य की कर्णधार हैं। सेवा आगरा के संस्थापक– अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल पेंट वालों ने इस मौके पर कहां कि बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा। अगली बार 1000 बेटियों को महामेधा सम्मान से नवाजा जाएगा।

इस दौरान मंच पर सेवा आगरा के संस्थापक–अध्यक्ष और ताजनगरी के प्रमुख समाज सेवी मुरारी लाल गोयल ष्पेंट वालेष् संस्थापक श्रीमती सुमन गोयल, महाकाली धर्मार्थ ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी मनमोहन चावला, रविकांत चावला, संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मोहिनी तिवारी, प्रिया कपूर, डॉ. एके अग्रवाल, पार्षद अमित ग्वाला, आशा चावला, अनु चावला, सुषमा सत्संगी और रुपेश अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। डॉ. रागिनी मित्तल ने संचालन किया। 55 वर्षीय महिला को भी मिला सम्मान..।

समारोह के दौरान इस वर्ष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग से इंटरमीडिएट की परीक्षा 73 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण करने वाली 55 वर्षीय महिला श्रीमती ममता गुप्ता रानी को भी महामेधा सम्मान प्रदान किया गया।

# ताजमहल सहित सभी स्मारक होंगे पॉच अगस्त से 15 अगस्त फ्री प्रवेश

आजादी अमृत महोत्सव पर 11 दिन के लिए प्रवेश निशुल्क पर्यटकों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो



आगरा। आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 वर्ष पूरे होने से देश भर में अमृत महोत्सवश बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा. इस मौके पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के एएसआई ने देश के लोगों को बड़ा तोहफा देने का ऐलान कर दिया गया है। देश की जनता को बड़ा तोहफा मिलने पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने देश भर के संरक्षित स्मारकों में पर्यटको को फ्री एंट्री देने का आदेश जारी किया है। एएसआई के निर्देशन पर पॉच अगस्त से 15 अगस्त तक फ्री एंट्री कर दी गई है, आपको बता दें कि ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा, कुतुब मीनार समेत देश के तमाम स्मारकों में निःशुल प्रवेश दिया जाएगा। देशी और विदेशी पर्यटक भी ताजमहल सहित अन्य स्मारकों का फ्री एंट्री का लाभ ले पाएंगे। एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत आठ से पंद्रह अगस्त तक चार प्रमुख स्मारकों स्वच्छता सप्ताह मनाया जाएगा और फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। चार स्मारकों को तिरंगी रोशनी से भी सजाया जायेगा। इन स्मारकों में आगरा किला, सिकंदरा, एतमादद्दौला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। पटेल ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के निदेशक डॉव एनके पाठक ने इस बारे में परिपत्र जारी कर दिया है। पांच अगस्त से ग्यारह दिनों के लिए सभी संरक्षित स्मारकों में पर्यटकों को फ्री एंट्री के साथ प्रवेश ले पाएंगे।

# नगर निगम करेगा शहर के उत्कृष्ट नागरिकों का नगर श्री सम्मान

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरा देश इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के इस जश्न में सराबोर होते हुए आगरा नगर निगम श्नगर श्री सम्मानश कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में आगरा शहर के ऐसे नागरिकों का सम्मान किया जायेगा जिन्होंने वास्तव में किन्हीं भी रूप या परिस्थितियों में समाज की निःस्वार्थ भाव से न केवल सेवा की बल्कि शहर के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए अपना विशेष योगदान दिया। इतना ही नहीं अगर किसी व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों को बचाने का काम किया है, नगर निगम ऐसे सभी सच्चे समाजसेवियों और बहादुरों का सम्मान करेगा।

इसकी जानकारी देते हुए महापौर नवीन जैन ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगरा नगर निगम द्वारा जल्द ही श्नगर श्री सम्मानश कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। नगर श्री सम्मान से सम्मानित करने के लिए हमने शिक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा, पर्यावरण, समाज सेवा, साहित्य–धार्मिक–सांस्कृतिक और बहादुरी इत्यादि ऐसी लगभग 19 कैटगरी चुनी हैं। प्रत्येक कैटगरी में सबसे शानदार व उत्कृष्ट काम करने वाले ऐसे नागरिक का सम्मान किया जायेगा जिन्होंने अपने कार्यां से अपना और शहर का नाम रोशन किया है।



महापौर नवीन जैन ने बताया कि नगर श्री सम्मान से सम्मानित करने हेतु उत्कृष्ट व्यक्तियों के चयन के लिए एक चयन समिति का गठन किया गया है। यह आठ सदस्यीय समिति होगी। जिसमें अपर नगर आयुक्त, वरिष्ठ पार्षद, वरिष्ठ पत्रकार, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चिकित्सक भी शामिल हैं। महापौर ने सभी शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि आप ऐसे लोगों को जानते हैं जिन्होंने इस शहर व समाज के लिए कुछ किया है, अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरे लोगों की जान बचाई है या फिर निःस्वार्थ भाव से शहर के हित में निरंतर अपना योगदान दिया है तो उनकी जानकारी हमारी चयन समिति तक जरूर पहुंचाये। ताकि वास्तव में एक सच्चे व ईमानदारी से कर्तव्य का पालन करने वाले उचित शख्सियत को ही यह नगर श्री सम्मान मिले। जिससे हम भी अपने आप को गौरान्वित महसूस कर सके। इसके अलावा चयन समिति स्वयं से भी तथ्यों और घटनाओं को साथ लेकर अपनी रिपोर्ट सूची तैयार करेगी और एक बार फिर सभी आवेदनों पर विस्तृत रूप से चर्चा व समीक्षा करने के बाद निम्नलिखित 19 कैटगरी के उत्कृष्ट व्यक्तियों को नगर निगम द्वारा सम्मानित करने का काम किया जायेगा।

इन कैटगरी में किया जायेगा सम्मानित–

नगर श्री सम्मान, 1. सफाई व स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान दिया, 2. लाल बत्ती पर इंजन बंद रखने हेतु योगदान दिया, 3.ऐसे व्यक्ति का सम्मान जो घर के बाहर भी झाडू लगाकर नियमित रूप से सफाई करता हो, 4. महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई की हो नियमित रूप से, 5. ऐसे व्यक्ति जिसने सार्वजनिक स्थानों पर सदैव कूड़ा डस्टबिन में ही डाला हो, 6. ऐसा व्यक्ति जिसने नियमित रूप से निरंतर गृहकर, वाणित्य कर समय पर टैक्स भुगतान किया हो, 7.ऐसा व्यक्ति जिसने स्वयं के खर्चे पर पार्क का संरक्षण किया हो, 8. ऐसा व्यक्ति जिसने निजी तौर पर जल सेवा के कार्य में योगदान दिया हो, 9. ऐसा व्यक्ति जिसने निजी तौर पर रैन बसेरा के कार्य में योगदान दिया, शिक्षा 10.जिन्होंने गरीब बच्चों की निजी खर्चे पर मदद की, शिक्षण कार्य हेतु स्कूल कॉलेज बनाए, कमरे बनाए, स्कूल का जीर्णोद्धार किया व किसी निर्धन छात्र की फीस में योगदान दिया हो। चिकित्सा, 11.जो गरीब लोगों के इलाज में निजी खर्चे पर मदद को आगे आये, डायलसिस, उपकरण लैब, आर्थिक सहयोग दिया, दवाइयां व ऑपरेषन कराया हो। पर्यावरण 12. जिन्होंने अपने निजी प्रयासों से पौधे लगाए व संरक्षण किया, 13. निगम कर्मचारी जो हमेशा समय से आये हो, 14. निगम कर्मचारी जिन्होंने अपने व्यवहार से जनता को प्रभावित किया हो,

15. जिन्होंने यातायात के नियमों का निरंतर पालन किया हो, 16.सादा जीवन, उच्च विचार (सदाचार) के लिए जाने जाते हों, 17. खेल क्षेत्र में आगरा का नाम रोशन किया हो, 18. साहित्य के क्षेत्र में आगरा का नाम रोशन किया हो।

1 संगीत के क्षेत्र में आगरा का नाम रोशन किया हो, 2 वीरता (नागरिक) के क्षेत्र में आगरा का नाम रोशन किया हो, 3 शिक्षा के क्षेत्र में आगरा का नाम रोशन किया हो, 4 कला के क्षेत्र में आगरा का नाम रोशन किया हो, 5 शहर को सुन्दर बनाने में अपना योगदान दिया हो, आठ सदस्यी चयन समिति –विनोद गुता अपर नगर आयुक्त, 7300740602, प्रकाश केशवानीपार्षद, 8384838618, राकेश जैन पार्षद, 9412257850, नीरज शर्मा पत्रकार,6397763328, आदर्श नन्दन गुप्ता पत्रकार, 9837069255, राजीव अग्रवाल महामंत्री, रामलीला कमेटी9837049200, बसन्त गुप्ता, जिला शासकीय अधिवक्ता9 8 9 7 0 47430, डॉ0 डी0वी0 शर्मा वरिष्ठ सर्जन 9837023071

# संक्षिप्त समाचार

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दूरा पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा–ब्लॉक फतेहपुर सीकरी के ग्राम दूरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों का स्टॉप मौजूद नहीं होने पर ग्रामीणों का गुस्सा चौथे आसमान पर चढ़ गया ग्रामीणों ने जमकर हंगामा प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की सीएमओ को फोन लगाते रहे लेकिन फोन नहीं उठाया गया ।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एल टी शंकरलाल ,सफाई कर्मचारी सतीश कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को खोलते हैं लेकिन यहां पर दवा वितरण करने वाला कोई भी कर्मचारी नहीं है यहां पर न डॉक्टर न फार्मेसिस्ट न बार्ड बॉय तैनात हैं स्वास्थ्य विभाग जनता के साथ जमकर खिलवाड़ करने में लगा है मरीज आते हैं और निराश होकर लौट कर चले जाते हैं इसी कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लोगो का विश्वास खत्म होता जा रहा है इस बात की गांव में एक चर्चा का विषय बन गई है तो समाजसेवियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर देखा तो वहां एल टी शंकरलाल, सफाई कर्मचारी सतीशकुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को खोल कर बैठे हुए थे स्टाफ कमरों का ताला लगा हुआ था उन्होंने कहा यहां दवाई देने वाला कोई नहीं है। स्टाफ ही नहीं है इसको लेकर समाजसेवियों ने अस्पताल पर एक घण्टे तक हंगामा किया समाजसेवियों ने कहा है यहां पर डॉक्टर, फार्मेसिस्ट, बार्ड बॉय अति शीघ्र तैनात किए जाएं बरसात का मौसम है क्षेत्रों में अनेक प्रकार की बीमारियां की आशंका बनी हुई है । मच्छरों का प्रकोष बढता जा रहा है । फिर भी स्वास्थ्य विभाग लोगों के साथ जमकर खिलवाड़ करने में लगा हुआ है हम इस तरह की लापरवाही नहीं होने देंगे यदि सात दिनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पूरा स्टाफ तैनात नहीं किया गया तो बुधवार को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान– श्री कृष्ण ,फौरन सिंह कहरवार, विपिन अग्रवाल ,विनय सिंह ठगेला, शुभम, हिमांशु कहरवार, अमित कुमार, बंटू राजपूत ,मनीष मित्तल, ऋषि कुमार टीकरी, सारथी कुमारी ,सोना देवी, कश्मीरा देवी टीकरी ,साधना, राधा शर्मा, रामकुमार अरहेरा ,सुखबीर सिंह रविचाहर टीकरी आदि मौजूद रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्तपरिषद के अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर वधाई एवमं सुभकामना

आगरा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष बड़े भाई योगेंद्र शर्मा को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर वधाई एवमं सुभकामनायें तथा निष्कलंक, निर्विवाद रूप से अपना सेवा काल पूर्ण किया सह्रदय प्यार और सहयोग सभी के साथ रखा, परिषद् को इतनी ऊंचाई तक ले गए उसके लिए आपको हमेशा सभी याद रखेंगे, आपका आशीर्वाद ,मार्गदर्शन हमेशा हम सभी को मिलता रहेगा, अध्यक्ष योगेश शर्मा मंत्री भारत सिंह लैब. टेक्नीशियन एसोसिएशन जनपद शाखा आगरा की ओर से सम्मानित किया गया सम्मान स्वीकार कर अनुग्रीहत प्रदान करें संघ की ओर से सीनियर लैब टेक्नीशियन एस.सी.गुप्ता, दिनेश कुमार, रामाषीष, श्री देवेन्द्र सिंह, सिकन्दर सिंह आदि सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिनाहट पर अंधेरे मे हुई डिलीवरी भीषण गर्मी में बेहाल हुए जच्चा बच्चा

पिनाहट । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पर बिजली न आने पर तैनात स्टाफ नर्स ने प्रसूता को तेज प्रसव पीड़ा होने पर अंधेरे में ही डिलीवरी करनी पडी ।अंधेरे मे डिलीवरी के बाद गर्मी से जच्चा बच्चा बिलखते दिखे ।जिनका सोशल मीडिया पर दिनभर वीडियो बाइरल होता रहा।



बुधवार दोपहर करीब 12 बजे थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव पडुआ पुरा निवासी हरिओम परिहार अपनी पत्नी रचना उम्र करीब 24 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट लेकर पहुंचे ।दोपहर करीब 3 बजे रचना को तेज प्रसव पीड़ा होने पर स्टाफ नर्स उसे डिलीवरी रूम में ले गई ।जहां रचना ने एक बच्चे को जन्म दिया ।रचना ने बताया कि डिलीवरी रूम में अंधेरा होने के चलते स्टाफ नर्स को अंधेरे में ही डिलीवरी करनी पड़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पर उजाले की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली जाने पर इमरजेंसी के लिए रखें इनवर्टर व व जरनेटर भी बंद पड़े हुए हैं ।वही भीषण गर्मी को देखते हुए स्वजन जच्चा–बच्चा पर गत्ते से हवा करते हुए नजर आए। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। वही सीएससी पिनाहट प्रभारी डाक्टर विजय कुमार ने बताया कि बिजली तो बहुत कम आती है ।डिलीवरी के समय इन्वर्टर चल रहा था ।डिलीवरी होने के बाद इन्वर्टर बंद हो गया ।पीछे रखे जनरेटर को चलाने मे दो मिनट का समय लगा ।उसी दौरान वीडियो बनाकर बाइरल की गयी है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस के साथ की पैमाइश

पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव कछपुरा में हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ विवादित जमीन की पैमाइश कर ठीया बंदी की गई।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव कछपुरा गजौरा में राजकुमार बनाम सियाराम आदि में गांव के पास जमीन की पेमाइस ठीया बंदी को विवाद था। जमीन मामले को लेकर राजकुमार ने कुछ महीनों पूर्व एसडीएम कोर्ट बाह में पैमाइश ठीयाबंदी का बाद दाखिल किया था। बताया गया मगर नियम अनुसार अनुपालन नहीं किया गया। जिस पर बादी ने हाई कोर्ट प्रयागराज में अपनी याचिका दाखिल की जिसमें हाईकोर्ट ने सभी बिंदुओं पर ध्यान रखते हुए हाई कोर्ट द्वारा पैमाइश ठीया बंदी को लेकर बाह तहसील अधिकारियों को मामले में आदेश दिए। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम थाना बसई अरेला पुलिस के साथ कछपुरा गांव पहुंची। और कोर्ट के आदेश पर जमीन के मामले की पैमाइश कर पत्थर गाढकर ठीया बंदी की गई। इस मौके पर राजस्व विभाग की टीम के साथ पुलिस और ग्रामीण कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे।



## फतेहाबाद में सड़क के किनारे खड़ी बाइक में लगी आग से मची अफरा-तफरी

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद के बाह रोड स्थित मुख्य बाजार में एक सड़क के किनारे खड़ी एक बाइक में अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू–धू कर जलने लगी। जिसके चलते अफरा–तफरी मच गई। वहीं रोड पर जाम लग गया। बाद में 20 मिनट बाद बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। उसके बाद ही आग शांत हुई। इसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।



प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के बाह रोड पर एक दुकान के बाहर एक बाइक खड़ी हुई थी। बुधवार शाम करीब 4.00 बजे अचानक से बाइक में स्पार्किंग के साथ आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सड़क पर बाइक जल्दी देख आवागमन रुक गया। दोनों ओर के वाहन जहां की तहां रुक गए, और अफरा–तफरी का माहौल बना गया। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची तब तक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई ।उसके बाद ही आवागमन चालू हो सका।

## 36 घटे के अंदर पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

गाजीपुर। बीते दिनों हुए युवक की गला रेत कर हत्या मामले का एसपी ने 36 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। जिसमें पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि मृतक अफसर उर्फ टीपू का करीब एक साल पहले से अपने ही पड़ोस की लड़की से मोहब्बत करता था और उससे शादी करना चाहता था। इस बात को लेकर उस परिवार से मृतक का झगडा भी हुआ था। जिसको लेकर 30/31 जुलाई की रात खिजिरपुर अलीनगर थाना कोतवाली जमानिया के निवासी अफसर उर्फ टीपू की कुछ अज्ञात अपराधियों ने गला काट कर हत्या कर दी थी। 29 जुलाई को अफसर उर्फ टीपू मौका पाकर साबिया के घर के बगल में ही शाम को उसका दुपट्टा खींचते हुये अपने प्यार का इजहार किया था। इस बात की जानकारी साबिया के भाइयों मेराज आलम व अरबाज को हुयी। दोनों भाइयों ने टीपू को खत्म करने की योजना बनायी। 30/31 जुलाई की रात्रि मेराज ने टीपू को मोबाइल पर बात करते हुये अपनी छत से देख लिया। जिसकी जानकारी मेराज ने दूसरे भाई अरबाज को अवगत कराते हुये टीपू को साथ लेकर घर के सामने वाले गलियारे में गया। जहां असरफ उर्फ टीपू को दीवाल से



सटा कर खड़े–खड़े ही दोनों भाइयों ने गले पर चाकू से वार करके गला काट दिया। जिससे मौके पर ही असरफ उर्फ टीपू तड़पते हुए गिर गया। जहां अधिक खून बह जाने से टीपू की मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने जमानिया क्षेत्र के ताजपुर चट्टी से मुखबिर की सूचना पर अरबाज व मेराज को गिरफ्तार कर लिया है। जहां उनकी निशानदेही पर कत्ल में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में जमानियां थाना प्रभारी वन्दना सिंह, उपनिरीक्षक सुनील तिवारी, कांस्टेबल चंदन मणि त्रिपाठी, विनय यादव, विकास श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक कृपेंद्र प्रताप सिंह एवं महिला कांस्टेबल शालिनी पाठक शामिल थी।

## नशे में धुत एसडीएम के ड्राइवर ने लेखपाल पर किया ईट से हमला

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर में अनूप कुमार क्षेत्रीय लेखपाल सरायरज्जन में कार्यरत है मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे अनूप कुमार अपने तहसील प्रांगण स्थित निवास पर सरकारी कार्य निपटा रहा था कि निवास पर सिरौलीगौसपुर की एसडीएम प्रिया सिंह का ड्राइवर परशुराम शराब के नशे में वहां आ धमका और लेखपाल अनूप कुमार से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा लेकिन जब लेखपाल नें क्ड के मुंह बोले ड्राइवर परशुराम को पैसे देने से मना किया तो नशे में धुत ड्राइवर परशुराम लेखपाल को मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगा जब लेखपाल ने गाली ना देने के लिए मना किया तो वह लेखपाल पर ईंट से प्रहार कर दिया जिससे लेखपाल घायल हो गया और खून निकलने लगा तब वहां पर मौजूद क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा अनूप कुमार का बीच बचाव किया। तभी ड्राइवर परशुराम लेखपाल को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली। धमकी देते हुए




वह बाहर की ओर चला गया लेखपालों का कहना है कि सिरौलीगौसपुर एसडीएम प्रिया सिंह का यह मुंह बोला ड्राइवर इसी तरह कई लेखपालों से एसडीएम का ड्राइवर होने का धौंस देता रहता है और लोगों से पैसे वसूला करता है। ऑन ड्यूटी पर हमेशा नशे में धुत रहता है जिसके कारण सभी लोग इससे परेशान रहते हैं।
अब देखना यह है की खबर प्रकाशित होने के बाद मुंह बोले एसडीएम प्रिया सिंह के ड्राइवर परशुराम पर क्या कार्यवाही होती है।

## लाखों की लागत से बने आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री नदारद

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। मामला न्याय पंचायत जहांगीराबाद का है जहां पर डोभा आंगनबाड़ी केंद्र तो लाखों रुपए की लागत से बना है लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका आती ही नहीं है इस आंगनबाड़ी के



क्षेत्र में आने वाले लोगों का कहना है कि हम लोगों को बाल पुष्टाहार जो दिया जाता है वो जहांगीराबाद आंगनबाड़ी केंद्र पर बुला कर दिया जाता है तथा हमारे बच्चों को जहांगीराबाद आंगनबाड़ी केंद्र पर ही बुलाया जाता है जो तीन वर्ष के नौनिहालों को दूर जाना असंभव है वहीं पास में बने प्राथमिक विद्यालय डोभा की प्रधानाध्यापिका का कहना है की इस सेंटर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगीता पाण्डे कभी नहीं आती है हमें यह भी जानकारी नहीं है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर कितने बच्चे हैं जबकि इस आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय का क्षेत्रफल लगभग 6 बीघा के आसपास में है आंगनबाड़ी केंद्र को आवारा मवेशियों का रिहाईसी अड्डा बना हुआ है शाम होते ही सभी मवेशी इसी आंगनबाड़ी में अपना ठिकाना बना लेते हैं आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री संगीता पांडे को आखिर किन अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है लाखों रुपए की लागत से बनी इस बिल्डिंग आंगनबाड़ी क्षेत्र के लाभार्थियों को उनके सेंटर पर क्यों नहीं सुविधा दी जा रही है आखिर जिम्मेदार क्यों मौन बैठे हैं जहाँ उत्तर प्रदेश योगी सरकार पुष्टाहार और शिक्षा को बढ़ावा देने में लगी हुई है वही ऐसे कुछ अधिकारी और कर्मचारी सरकार की योजना को चूना लगाने में पीछे नहीं हट रहे अब इससे साफ पता चल रहा है कि अधिकारियों की मिली भगत से कार्यकत्री अपने सेंटर पर ना जाकर जहांगीराबाद आंगनबाड़ी केंद्र पर ही बैठती है अब देखना यह है कि ऐसे लोगों के खिलाफ संबंधित अधिकारी संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई होती है या नहीं।

## श्री राम वन कुटीर आश्रम जाने वाली रोड बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। नर सेवा नारायण सेवा के लिए विश्व विख्यात श्रीराम वन कुटीर हड़िया कोल आश्रम की रोड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है पता ही नहीं चलता कि रोड में गड्ढा है या गड्ढे में रोड।इस खस्ताहाल रोड पर मरीजों के अलावा राहगीर व स्कूल जाने वाले बच्चे रोड के गड्ढों में गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो चुके हैं। बाराबंकी जनपद मुख्यालय रेलवे स्टेशन से लगभग छः सात किलोमीटर पश्चिम में रेठ नदी के किनारे हड़िया कोल गांव के पास आश्रम स्थित है जहां पर प्रत्येक वर्ष जनवरी फरवरी माह में मानवता की सेवा के लिए विशाल निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है जिसमें कई प्रांतों के मरीज अपना इलाज करवाने यहां आते हैं।इस आश्रम में एशिया के मशहूर सेवा भावी डाक्टरों द्वारा हजारों की संख्या में निशुल्क निर्धन मरीजों का इलाज व ऑपरेशन किया जाता है तथा इसके साथ ही साथ हर माह में



प्रत्येक गुरुवार को विवेकानंद पालीक्लीनिक लखनऊ द्वारा डाक्टरों का पैनल आकर निर्धन मरीजों का निशुल्क इलाज व दवाएं देता है इस आश्रम में हजारों गरीब मरीज अपना इलाज करवा कर स्वास्थ्य लाभ पा रहे हैं।आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि इस रोड की रिपेयरिंग दो वर्षों से नहीं की गई जबकि इस रोड का बजट पास हो चुका है लेकिन ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत के चलते इस रोड पर आज तक कोई कार्य नहीं किया गया है जबकि मां कन्ट्रक्शन सुल्तानपुर की कार्यदायी संस्था को बजट विभाग द्वारा भेजा जा चुका है।

## गाजीपुर में तक्षक बाबा व अमवा की सती माई के दरबाद में उमड़ी भीड़

गाजीपुर। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को नागपंचमी का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। सुबह घरों की साफ–सफाई कर लोगों ने दूध–लावा चढ़ाकर नाग देवता की पूजा–अर्चना की। घरों में विशेष प्रकार का पकवान बनाकर भोग लगाया गया और परिवार ने भी इसका लुफ्त उठया। एक तरफ जहां युवतियों, महिलाओं और बच्चों ने झूले का आनंद उठाया, वहीं विभिन्न अखाड़ों में पहलवानों ने दांव लगाए। इस मौके पर कई स्थानों पर मेला का भी आयोजन किया गया था, जिसका लोगों ने आनंद उठाया।
पिछले कई दिनों से नागपंची की तैयारी चल रही थी। मंगलवार की सुबह लोगों ने घर के कोने–कोने की साफ–सफाई कर दूध और लावा चढ़ाकर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। इसके बाद अखाड़ों में जाकर कुश्ती का आनंद लिया। पेड़ों पर पड़े झूले का युवतियों एवं महिलाओं ने लुफ्त उठाया। सेवराई संवादाता के अनुसार एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर में स्थित बक्स बाबा के धाम नागपंचमी की पूजा संपन्न हुई। इस मौके पर बक्स बाबा के धाम पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। दुग्ध स्नान एवं हवन–पूजन के बाद भक्तों में प्रसाद के रूप में धान–लावा का वितरण किया गया। जनपद के साथ ही साथ गैर प्रान्तों से भी लोग बहुतायत संख्या में पहंचे। मान्यता





है कि सर्प दंश से बचाव के लिए लोग यहां से मिले प्रसाद के तौर पर लावा और चावल का छिड़काव अपने घरों में करते है। नागपंचमी के दिन यहा विशेष पूजन–अर्चन होता है। यहा से पूजा होने के बाद ही लोग अपने घरों में पूजा कर भोजन आदि बनाने का कार्य प्रारंभ करते है। करीमुद्दीनपुर संवाददाता के अनुसार नागपंचमी का पर्व क्षेत्र में परंपरागत तरीके से मनाया गया। नाग देवता को दूध–लावा चढ़ाकर पूजन किया गया। क्षेत्र के विश्वंभरपुर ग्राम में स्थित तक्षक बाबा के मंदिर तथा अमवा की सती माई दरबार में दर्शन–पूजन तथा लावा चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके साथ ही जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी नागपंचमी की धूम रही।

## डा 0सानंद सिंह प्रबन्ध निदेशक स सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज को थाईलैण्ड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया गया सम्मानित

गाजीपुर। आज दुनिया के मानचित्र में, बैंकॉक के खूबसूरत शहर फुकेट में, सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह और सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज गाजीपुर के पैटर्न सुप्रीमो, गीता गुरुकुल फाउंडेशन मिशीगन अमेरिका के संस्थापक, श्रीमद्भागवत गीता के प्रवचन कर्ता योगी आनंद ने आज अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किया। यह सम्मान डॉक्टर सानंद सिंह को, उनकी ,सतीश चंद्र कॉलेज बलिया में ,अनवरत 26 बरस की सेवाओं 10 से अधिक शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान करने एवं 30 शोध परक जर्नल में लिखे गए शोध संदर्भ,, के साथ अनेक तरह के, मूल्यांकन के आधार पर दिया गया है। साथ ही साथ डॉ सानंद सिंह ,,बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं ! वे कश्मीर से कन्याकुमारी तक 7500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा के संयोजक रहे हैं स और इस कार्यक्रम में, लगभग 132 दिनों तक जहां एक तरफ 15 युवा साथियों के ,,साथ पर्यावरण जागरूकता और शहीदों के सम्मान में ,,साइकिल चलाई गई ! वहीं दूसरी तरफ वृक्षारोपण किया गया स अनेक शिक्षण संस्थाओं में 13 राज्यों के ,डॉक्टर सानंद सिंह के व्याख्यान आयोजित हुए ! कार्यक्रम का समापन कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद केंद्र पर हुआ सस जिसमें लगभग 300 लोगों ने भाग लिया स गाजीपुर जनपद में ,शहीदों के सम्मान में 100 किलोमीटर से अधिक स्वयं पदयात्रा का आयोजन डॉक्टर सानंद सिंह कर चुके हैं स शहीद परिवारों से जुड़कर कि उनकी शिक्षा की, व्यवस्था उन्होंने गाजीपुर जिले में किया है ! सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के माध्यम से उनके पूज्य पिता कर्मवीर सत्यदेव सिंह के द्वारा स्थापित संस्थाओं के माध्यम से ,,गाजीपुर जनपद में तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा ,फार्मेसी शिक्षा ,कला विज्ञान संस्कृति ,,की शिक्षा देकर के गाजीपुर की अभूतपूर्व सेवा की जा रही है ! इन सारे कार्यों का मूल्यांकन दैनिक जागरण समाचार पत्र ने,, गहनता से करके ,,डॉ सानंद सिंह को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, थाईलैंड के फुकेट शहर में उनके पूज्य गुरुदेव स्वामी योगी आनंद जी के साथ, सम्मानित किया गया ! गौरव क्षण में अनेक गणमान्य थाईलैंड मिस्टर थानॉट टाई के साथ थाईलैंड के एमडीयू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एसपीजी और दैनिक जागरण के अंतर्राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सम्मानित किया स आज के इस कार्यक्रम में थाईलैंड के, अधिकारी ,जनप्रतिनिधि और समाजसेवी ,शिक्षाविदों ने भाग लिया स सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज गाजीपुर के लिए विशेष सम्मान का अवसर है,, जब उनके सामाजिक कार्यक्रमों को




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली है।

## योगी सरकार के मंसूबो पर पानी फेरने का कार्य कर रही अध्यापिका

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। सरकार शिक्षा व्यवस्था को लेकर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है तो वही प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक व शिक्षामित्र योगी सरकार की मंसूबों पर पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे। आपको बताते चलें ताजा मामला बाराबंकी जनपद के अंतर्गत सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत पूरे त्रिलोकी (पूरे चंद्रमन) का है जहां पर प्राथमिक विद्यालय पूरे त्रिलोकी की शिक्षा व्यवस्था तीन अध्यापक के भरोसे है इस विद्यालय में चार अध्यापकों की नियुक्ति है। जिसमें अंजनी कुमार गुप्ता सहायक अध्यापक, पूजा जयसवाल सहायक अध्यापक, मोनिका यादव सहायक अध्यापक, रंजना देवी शिक्षामित्र की नियुक्ति है। यहां पर ग्रामीणों का आरोप है की मोनिका यादव जो सहायक अध्यापक हैं यह कभी कभी विद्यालय आती हैं और अटेंडेंस भरकर वापस चली जाती हैं प्रतिदिन विद्यालय नहीं आती।बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में



भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का यह भी आरोप है की अपनी फोर व्हीलर से आती हैं और अटेंडेंस भर कर चली जाती हैं कभी विद्यालय में बैठकर बच्चों को पढ़ाती नहीं है।
जब हमारे संवाददाता द्वारा विद्यालय पहुंचकर देखा गया तो वास्तविक मोनिका यादव ड्यूटी पर नहीं मिली बाकी और तीनों अध्यापक ड्यूटी पर मौजूद बच्चों को पढ़ाते हुए मिले। इसी बात को लेकर जब विद्यालय के छात्राओं से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मोनिका मेंम कभी–कभी आती हैं और तुरंत चली जाती हैं यहां रुक कर बच्चों को पढ़ाती नहीं है इस संबंध में ग्राम प्रधान राजेंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया की मुझे जानकारी मिली है की महीने में दो या तीन बार आती है और अटेंडेंस भर कर चली जाती हैं।इस सम्बन्ध मे जब ग्राम प्रधान से जानकारी ली गई तो उन्होने यह कहा कि मैने तो अभी अध्यापिका का कभी चेहरा तक नही देखा कब आती है कब चली जाती है उन्हे मै पहचानता तक नहीं हूं क्योंकि मैंने उनको विद्यालय में कभी पढ़ाते हुए देखा ही नहीं। इसी बात को लेकर जब ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने भी यही बताया है मैंने उन्हें यहां कभी बच्चों को पढ़ाते हुए नहीं देखा। सवाल यह उठता है कि आखिर जिसे ग्राम प्रधान ही नही जानता हो तो आखिर स्कूल की अध्यापिका को किस बर्दहस्त मिला है जो विधालय नही आती ऐसे मे शिक्षा विभाग के सिस्टम पर सवाल खडा हो रहा है। आखिर उक्त विद्यालय की सहायक अध्यापिका मोनिका यादव को कही खण्ड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज का संरक्षण तो नही जो स्कूल की ओर रुख नही करती।
इस सम्बन्ध मे खण्ड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज से बात करने का प्रयास किया लेकिन बात नही हो सकी।क्या बोले ग्राम पंचायत के लोग पूरे चन्द्र मन विद्यालय की गैर हाजिर शिक्षिका के सम्बन्ध मे मनोज कुमार बाजपेई, देवी सरन, राधेश्याम तिवारी सहित कई लोगो ने पत्रकारो को जानकारी दी की उक्त विद्यालय मे शिक्षिका मोनिका यादव सहायक अध्यापिका का विद्यालय कभी कभार ही आना रहता है वह भी हाजिरी भरने के लिए।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को वितरित की निशुल्क पाठ्य पुस्तकें

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ल ने बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय नैनामऊ के शिक्षारत बच्चो को पुस्तके वितरित करते हुए क्लास लेकर विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता परखी।
बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ल ने कही उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शिक्षा का वातावरण विद्यालयो के रखरखाव पर निर्भर रहता है। आज के दौर में निजी स्कूलों के पास न तो अनुभवी शिक्षक है और न ही संसाधन फिर भी अभिभावक बच्चो को संसाधन पूर्ण परिषदीय विद्यालय के बजाय निजी स्कूलों में पढ़ना चाहते है ऐसी धारणा को बदलकर बेहतर एव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल बनाना सरकार का लक्षय है जिससे समाज मे ऊँच नीच का भेदभाव खत्म किया जा सके।बीईओ संजय कुमार शुक्ल ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का आशिर्वाद वचन दिया तथा शिक्षक एव शिक्षिकाओं से कहा कि आप लोग प्रतिदिन विद्यालय आये तथा बच्चो की शिक्षा ।
उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद वचन देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के सभी वर्ग के लोगो के लिए अनिवार्य है ।
क्योंकि जब समाज शिक्षित होगा तभी समाज का विकास होगा। बीईओ श्री शुक्ल ने क्लास लगाते हुए बच्चो से भिन्न के प्रश्न पूंछे जिसे कक्षा 7 की छात्रा फैजा के




सही जवाब देने पर शाबासी देते हुए बच्चों से मन लगाकर पढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अशोक कुमार वर्मा, शिक्षक अशोक पांडेय, नेहा गुप्ता, अनुदेशकों सीता सिंह, आरती सोनी, हंसराज सहित अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

## देवा नगर पंचायत में पानी के लिए मचा हाहाकार

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। मेन सप्लाई खराब होने से बूंद बूंद को तरस गए नगरवासी प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत देवा में पिछले 3 दिनों से पानी की समस्या के लिए हाहाकार मचा हुआ है कई हैंडपंप खराब पड़े हैं तो कई लोग पानी के इंतजार में पिछले 3 दिनों से इंतजार कर रहे हैं नगर पंचायत में जल निकासी के लिए जो मोटर की सप्लाई थी वह खराब हो गई जिस कारण पिछले 3 दिनों से नगर पंचायत में नगर वासियों को पानी नहीं मिल सका ,हालांकि नगर पंचायत ने इस मामले पर नगर मुनादी द्वारा ऐलान करवाया मोटर खराब होने से 3 दिन तक पानी की समस्या से नगर वासियों को जूझना पड़ेगा पिछले 3 दिनों में अब तक पानी की समस्या दूर नहीं हो पाई है नगर कस्बा वासियों में इस बात को लेकर बहुत आक्रोश है लोगों के घर में पानी की समस्या से पूरा हाहाकार मच गया है कुछ वार्डों में तो हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं जहां पर पानी के लिए लोग तरसते दिखाई दिए



हालांकि नगर पंचायत कर्मचारियों ने शाम तक पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दे डाला है लेकिन यह आश्वासन कितना खरा उतरेगा यह तो शाम को ही पता चल पाएगा पिछले 3 दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे कस्बा वासियों के लिए नगर पंचायत द्वारा कोई पेयजल टैंकर की भी व्यवस्था वार्डों में नहीं की चुनावी मौसम में घार–घर हाल लेने लेने वाले सभासद ने पेयजल समस्या की सुध नहीं ली न हीं यह जानने की कोशिश की किस वार्ड में कहां पर पानी के टैंकर की जरूरत है वहां व्यवस्था कराई जाए सभासद भी कुंडली मारे बैठे रहे,, ,,इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि रिपेयरिंग का काम चालू है जल्दी पानी की व्यवस्था फिर से शुरू हो जाएगी
,,, मोटर रिपेयरिंग का काम चालू है उम्मीद है शाम तक जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था कस्बा वासियों के लिए सुचारू रूप से फिर से शुरू कर दी जाएगी
,,महेंद्र नाथ पांडे,,
,,अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत देवा,,
पानी की समस्या से कस्बा वासियों को जूझना पड़ रहा है इसके लिए जल्द से जल्द काम सुचारू रूप से चल रहा है वार्ड में टैंकर की व्यवस्था भी कराई गई है जहां नहीं हैं वहां भी कराई जा रही है
,,साहिबे आलम वारसी
,,अध्यक्ष नगर पंचायत देवा,,

# संक्षिप्त समाचार

### विधायक वीरेंद्र यादव ने गाजीपुर को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए सीएम योगी को लिखा पत्र

गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा के विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव ने सीएम योगी को पत्र लिखकर जनपद को सूखा घोषितग्रस्त घोषित करने का मांग किया है। विधायक वीरेंद्र यादव ने सीएम योगी को पत्र में बताया है कि जनपद में अभी तक वर्षा बहुत ही कम हुई है और नहरो में पानी समुचित ढ़ंग से नही मिल रहा है जिससे पूरे जिले के किसान परेशान



है। अभी तक धान की फसल की रोपाई नही हो पायी है, मौसम को प्रतिकूल देखते हुए गाजीपुर को सूखाग्रस्त जनपद घोषित किया जाये।

### 2 जुलाई की रात लगभग 8 बजे एक युवक की पैसेंजर ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

गाजीपुर–कोतवाली मुहम्मदाबाद के अंतर्गत आने वाले परसा गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक पर 2 जुलाई की रात लगभग 8 बजे एक युवक की पैसेंजर ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है।
घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसा निवासी उमेश



राम पुत्र स्वर्गीय प्रताप राम उम्र लगभग( 30) वर्ष की बलिया– वाराणसी पैसेंजर ट्रेन से कटकर मौत हो गई । परिजनों के अनुसार उमेश लगभग 7रू30 बजे कहीं से लौटकर घर आया। घर आने के बाद वह शौच करने के लिए पास ही के रेलवे लाइन के उस पार चला गया। उधर से शौच के पश्चात वापस लौटते समय बलिया से आ रही बलिया वाराणसी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया।जिससे कट कर घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली के एस एस आई राजीव त्रिपाठी अपने सदल बल घटनास्थल पर रवाना हो गए। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

मुहम्मदाबाद के अंतर्गत आने वाले परसा गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक पर 2 जुलाई की रात लगभग 8 बजे एक युवक की पैसेंजर ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है।
घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसा निवासी उमेश राम पुत्र स्वर्गीय प्रताप राम उम्र लगभग( 30) वर्ष की बलिया– वाराणसी पैसेंजर ट्रेन से कटकर मौत हो गई । परिजनों के अनुसार उमेश लगभग 7रू30 बजे कहीं से लौटकर घर आया। घर आने के बाद वह शौच करने के लिए पास ही के रेलवे लाइन के उस पार चला गया। उधर से शौच के पश्चात वापस लौटते समय बलिया से आ रही बलिया वाराणसी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया।जिससे कट कर घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली के एस एस आई राजीव त्रिपाठी अपने सदल बल घटनास्थल पर रवाना हो गए। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बुलेरो की टक्कर से ई रिक्शा चालक तथा बुलेरो चालक हुआ घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। मंगलवार की देर रात्रि थाना से चंद कदम की दूरी पर स्थित नदी के निकट बुलेरो की टक्कर से ई रिक्सा पर सवार एक युवक की मौत हो गयी तथा बुलेरो चालक व ई रिक्सा चालक घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
थाना व कस्बा मसौली निवासी 32 वर्षीय शाहिद पुत्र अली अहमद बाराबंकी रेलवे स्टेशन के निकट लगने वाली बाजार में सब्जी बेचकर बैटरी रिक्शा से घर वापस आ रहा था कि बाराबंकी बहराइच हाईवे पर पेट्रोल पम्प के निकट ही पहुचा था कि रिक्शे की बैटरी



खत्म हो गई थी। जिसको लेकर रिक्शा सड़क पर ही खड़ा कर ही रहा था कि पीछे से आ रही बुलेरो नम्बर यूपी 55 ए एफ 2078 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें शाहिद की मौके पर ही मौत हो गई। रिक्शा चालक अबरार पुत्र मुख्तार सहित अज्ञात चालक घायल हो गया ।जिसको पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक शाहिद का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एकल विद्यालय के आचार्यो का वार्षिक प्रशिक्षण हुआ संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स । बाराबंकी। जिले के प्राथमिक विद्यालय सूर्यपुर में एकल विद्यालय के संयुक्त संच मवई व मोहम्मदपुर के आचार्य,आचार्यो का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण का समापन हुआ।इससे पूर्व सुबह में आचार्य,आचार्यो द्वारा एकल अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओ के द्वारा नारे के साथ भव्य तरीके से वृक्षारोपण व शिक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करने के



बाद विद्यालय प्रांगण आकर समाप्त हुई।प्रेम प्रकाश द्विवेदी संच उपाध्यक्ष द्वारा एकल विद्यालय के लिए मार्गदर्शन व सहयोग बड़े ही अच्छे तरीके से किया गया।जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा सबके लिए जरूरी है। बेटा–बेटी सबको शिक्षित बनाएं। बेटा और बेटी में फर्क न समझें।पूर्व विधायक प्रत्याशी अम्बरीश रावत,प्रमोद तिवारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा,जिला पंचायत सदस्य रामसिंह वर्मा भुल्लन,क्रांतिकारी मानवाधिकार यूथ बिग्रेड उत्तर प्रदेश टीम से समाजसेवी आशीष सिंह,अनिल कुमार का मार्गदर्शन स्नेह प्रशिक्षण ले रहे कार्यकर्ताओ को पूर्व में प्राप्त हुआ।प्रशिक्षण पाए सभी आचार्य व आचार्यो को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख राम नारायण,अंचल समिति अध्यक्ष नीरज शुक्ला सचिव राधेश्याम तिवारी,रामकुमार श्रीवास्तव,अभियान प्रमुख नैमिष सिंह,प्रशिक्षण प्रमुख राम मनोरथ यादव,संच उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी अजय अवस्थी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में प्रेमी युगल ने की गोली मारकर कर आत्महत्या फैली सनसनी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ । मैनपुरी जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गगरपुर गांव में प्रेमी जोड़े ने खुद को गोली मार ली। दोनों खून से लथपथ पड़े मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवती की मौत हो गई, जबकि युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवक की



गम्भीर हालात को देखते हुए उसे सैफई रेफर किया गया लेकीन चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बाद भी उसे बचाया न जा सका और युवक की भी मौत हो गई।
मामला थाना बेवर के गगरपुर गांव का है। पुलिस को प्रेमी युगल द्वारा गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एसएचओ पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। युवती की मौत हो चुकी थी, जबकि युवक गंभीर घायलअवस्था में तड़प रहा था। पुलिस ने तेजी से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि लड़का अंकित पुत्र इंद्र पाल निवासी बसंत बैरागपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी है, जिसकी उम्र करीब 22 वर्ष है। वहीं लड़की का नाम सोनी शाक्य है, जो मोहल्ला पश्चिमी काजी टोला की रहने वाली थी।

# भारत की वृहद् जनसंख्या वैश्विक बाजार की ताकत या देश के विकास को चुनौती?

भारत की विशाल जनसँख्या आजकल राजनैतिक गलियारों में खासी चर्चा का विषय बनी हुई हैद्य भारत की बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में मशहूर विचारक गार्नर का कहना है कि जनसंख्या किसी भी राज्य के लिए उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जितनी साधन संपदा उसके पास हैद्य जनसंख्या किसी देश के लिए तब तक वरदान होती है, जब तक वह अपनी सीमा रेखा के पार ना जाए पार जाने के बाद वह धीरे–धीरे अभिशाप का रूप लेने लगती हैद्य वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या चीन के बाद दूसरे नंबर पर हैद्यहमारे सामने अभी जनसंख्या विस्फोट की बड़ी समस्या है द्य पर विगत 20 वर्षों से पूरे विश्व के उपभोक्ता सामानों के उत्पादक कंपनियां इसे बड़ी पोटेंशियलिटी यानी बड़ी ताकत मानती है,अभी भारत की जनसँख्या अनुमानित 135 करोड के लगभग है पर हिंदुस्तान में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 करोड़ जनसंख्या निवास करती है? यह विश्व की जनसंख्या की 17.4: होती हैद्य स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की जनसंख्या 36 करोड़ थी, और आज हम 135 करोड़ से कहीं ऊपर जा चुके हैं द्य आज के उपभोक्तावादी समय में कोई इसे बड़ी समस्या मानने को तैयार नहीं है द्यराजनेता वोटो की राजनीती के चलते इस पर मौन साधे बैठे हुए हैद्यइसकी तरफ कोई ध्यान भी देने को राजी नहीं है। मशहूर अर्थशास्त्री माल्थस ने कहा है कि जनसंख्या ज्यामितिय अनुपात में आगे बढ़ती है, और उत्पादन अंक गणित के हिसाब से आगे बढ़ता हैद्य उन्होंने यह कहा है कि जनसंख्या के अत्यधिक बढ़ जाने से उसे महामारी तथा प्राकृतिक विपदा से अपने नियंत्रण में कर लेती हैद्य जनसंख्या के संदर्भ में यह बात सही ही उतरती हैद्य करोना ने पूरी वैश्विक जनसंख्या को जिस तरह अपने संक्रमण में लिया था, और लाखों लोगों को मौत के घाट उताराद्य ऐसे में अर्थशास्त्री माल्थस की भारत के सन्दर्भ में भविष्यवाणी सच होती दिखाई देती हैद्य वैसे तो भारत में जनसंख्या के विस्फोट के कई कारण हैं, जिनमें जन्म मृत्यु का असंतुलन, कम उम्र में विवाह, अत्यधिक निरक्षरता,धार्मिक दृष्टिकोण, निर्धनता मनोरंजन के साधनों की कमी, एवं अंधविश्वास हैं पर आज वैश्विक स्थितिमें भारत बड़ी उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा और सशक्त आर्थिक स्थिति पैदा करने वाला बाजार है इस बाजार में आधिपत्य जमाने के लिए बड़ी–बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर फैलाने की कोशिश कर रही हैद्य भारत तथा विश्व में होने वाले ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की सुंदरियों को विश्व का खीताब जिताने के पीछे उपभोक्तावाद संस्कृति का ही बड़ा हाथ हैइसके पीछे सौंदर्य प्रसाधनों को हिंदुस्तान की जनता को ज्यादा से ज्यादा बेचना भी थाद्य आज हिंदुस्तान की 121 करोड़ जनता को रोजमर्रा के सामान बेचने के लिए देशी विदेशी कंपनियों की होड़ लगी हुई हैद्य भारत में सबसे ज्यादा अमेजॉन विदेशी कंपनी द्वारा भारत में ऑनलाइन सामान बेचने का रिकॉर्ड ही बन गया हैद्य आज इतनी बड़ी जनसंख्या को अनाज तथा भोजन बनाने के सामान को लेकर विश्व की दो बड़ी कंपनियां आमने–सामने हो गई हैंद्य विदेशी कंपनी अमेजन आक्रामक रूप से भारत में अपनी मौजूदगी तथा अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रयासरत हैद्य उसे पूरी आशा है कि वह उभरते हुए मार्केट पर अपना कब्जा बनाए रखेगीद्य वहीं दूसरी तरफ भारत की बहुत बड़ी कंपनी रिलायंस भी ई–कॉमर्स मार्केटिंग में घरेलू सामानों को बेचने पर अमादा हैद्य दोनों बड़ी कंपनियों में आज बहुत बड़े तनाव की स्थिति आ गई हैद्य विशेषज्ञों का कहना है कि अमेजॉन के साथ रिलायंस कंपनी का भविष्य कानून की लड़ाई के उपरांत ई–कॉमर्स का भविष्य ही निर्धारित होगा। अमेजॉन के संस्थापक जैफ बेजॉस ने अमेजॉन को वैश्विक पैमाने पर रिटेल के धंधे को परिवर्तित करके रख दिया हैद्य पर रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी जो कथित रूप से भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैंद्य उनका इतिहास भी किसी भी कानूनी अथवा बाजार की लड़ाई में हारने वालों में नहीं रहा हैद्य अब अमेजॉन तथा रिलायंस के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है कि दोनों कंपनियों द्वारा भारत की एक भारतीय रिटेल कंपनी फ्यूचर रिटेल ग्रुप के साथ अलग–अलग सौदे किए है यदि भारत की रिलायंस कंपनी को फ्यूचर रिटेल ग्रुप से सौदे की मंजूरी मिल जाती है तो रिलायंस कंपनी को रिटेल में उसकी पहुंच भारत के 420 शहरों में अट्ठारह सौ से 2000 हजार स्टोर तक हो जाएगीद्य क्योंकि रिलायंस के पास पैसा राजनैतिक ताकतदोनों है,जो कि व्यापार के लिए अति आवश्यक होतीद्य हालांकि ई–कॉमर्स व्यवसाय में रिलायंस कंपनी को अभी बहुत कुछ हासिल करना है, उस उस क्षेत्र में महारत हासिल नहीं हैद्य और यदि अमेजॉन सफल होती है,तो रिलायंस कंपनी को एक बड़ा नुकसान भी झेलना पड़ सकता हैद्य ऐसे में यदि आकलन करें तो भारत की ही उपभोक्तावादी निर्माण कंपनियों को जनसंख्या एक वरदान के रूप में दिखाई देने लगी है, जबकि प्रशासन और शासन के लिए जनसंख्या विस्फोट बहुत बड़ा नकारात्मक पहलू होगा, एवं सारी सुविधाएं मुहैया कराना एक बहुत कठिन कार्य भी हो सकता है, और इससे विकास कार्यो में बड़ी बाधा उत्पन्न होने शर्तिया संभावना है।

संजीव ठाकुर रायपुर, छत्तीसगढ़

# बस्ता के बोझ तले सिसकता बचपन

• "भविष्य उज्ज्वल करने वाली पुस्तकें अगर स्कूली बच्चों पर सितम ढाने लगेय तो उन पुस्तकों पर बच्चे का ध्यान कैसे लगे!"

शिक्षा जीवन की एक ऐसी महत्वपूर्ण कड़ी है जिसके सहारे मनुष्य ज्ञान के चक्षु खोलकर जीवन में उज्जवल मुकाम पाने के काबिल हो पाता है स कहते है बिन ज्ञान के मनुष्य वानर सामान है स मनुष्य में यह ज्ञान उनके शैशवावस्था अवस्था से ही प्रारंभ हो जाता है स कुछ शोध में देखा गया है कि बच्चों में ज्ञान का संचार माँ को कोख से ही प्रारंभ हो जाता है स पौराणिक कथाएँ में भी बहुत सी जगह इसका उल्लेख मिलता है स महाभारत में अभिमन्यु ने चक्रव्हू युद्ध नीति माता के गर्भ में रहते हुए ही प्राप्त कर ली थी स यानि कह सकते है की बच्चे शैशवावस्था से अपने जीवन पर्यन्त सीखता रहता है स माँ–पिता अपने बच्चों को ज्ञान एवं जीवन कौशल को सिखाने के लिए अपनी पूरी कोशिश करते है, उनसे जो बन पड़े वह करने से पीछे नहीं हटते है स इसी होड़ में बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए बच्चों को किसी नामी–ग्रामी निजी स्कूल में डाल देते है, और बस वहाँ से शुरू हो जाती है बच्चों की जिन्दगी की असली परीक्षा स यदि आपको किसी प्रसिद्द स्कूल में पढ़ना है तो जाहिर सी बात है वह हर किसी के घर के पास तो शायद होगा नहीं, उसके लिए बच्चों को मीलो दूर स्कूल तक जाना होगाय यदि स्कूल पास है तो मोटी–मोटी पुस्तकों से लबालब भरा बस्ता कन्धों पर लाद कर निकलना पड़ता है या बसों में घंटो सफर करने के बाद, स्कूल के गेट से कक्षा तक पहुँचते–पहुँचते बेचारा अधमरा सा हो जाता है स अपनी यह दशा बेचारा बच्चा किसे बताये! अपने उन शिक्षकों को जिसने ये वजन लादकर लाने के लिए लिए मजबूर किया है या उन शिक्षा के ठेकेदारों को जिन्होंने यह मोटी–मोटी पुस्तकों के लिए बाजार सजाकर रखा है या नीति निर्धारण करने वाले शिक्षाविदों को जिन्होंने बच्चों की शिक्षा के नाम पर वजनी पुस्तक नीति के लिए सारे शिक्षण तंत्र को मंजूरी दे रखी है बच्चे तो आखिर बच्चे है मजबूरी में बेचारे अपने बस्ते को टांगे, झुकाए कंधो के एक कुली नुमा मुद्रा में चले जाते हैय बस मन में आता होगा कास ये बस्ता नहीं नहीं होता हो कुछ उछल–कूद कर लिए होते स कभी स्कूल से पास से गुजरकर देखिये, इन नन्ही–नन्ही जान के पीठ पर पुस्तकों का वजन देखकर आपको अहसास होगा कि पीठ पर टंगे बस्ता का बोझ उन्हें कितना दुःख देता होगा स हाय! मासूम बचपन अभी से इतना बोझ ? अभी तो उसे जिन्दगी के कई बड़े–बड़े बोझ उठाना है स अभी तो उसे अपने पंख को खोलकर ऊँची उड़ान भरना हैय परन्तु उसे यह वजन उड़ने नहीं दे रहा है, आखिर क्या करे बचपन स यहाँ बच्चे का बचपन एवं उसके सेहत की बात को ध्यान में रखकर सोचे तो बच्चों का ये हनन किया जाने जैसे है स क्या बच्चा अपनी इस छोटी से उम्र से ही अपने आप को शारीरक रूप से मजबूत बना रहा है या कमजोर? प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञों की मानें तो, भारी स्कूल बैग बच्चों की सेहत पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि भारी स्कूल बैग से बच्चों की पीठ पर बोझ पड़ता है जिससे उनको पीठ दर्द होना शुरू हो जाता है। इस कारण बच्चों को भविष्य में कई गंभीर बीमारियों का शिकार होना पड़ सकता है। भविष्य उज्ज्वल करने वाली पुस्तकें ही अगर स्कूली बच्चों पर सितम ढाने लगे तो बच्चे उन पर ध्यान कैसे लगा पाएंगे। पुस्तकों के बोझ को देखते हुए एक पैटर्न समझ में आता है कि बस्ता में जितनी पुस्तके, स्कूल की उतनी ही मोटी फीस स यानि मोटी फीस के चक्कर में स्कूल बच्चों के बस्ता का बोझ बड़ रहा है स निजी स्कूल बस्ते का अधिक से अधिक बोझ लादने में आपस में प्रतिस्पर्धा करते है । इनमें से अधिकांश सीबीएसई के साथ संबद्ध होने के कारण एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें लागू तो करते हैं, मगर लगभग हर विषय में निजी प्रकाशकों की कम से कम दो–तीन पुस्तकें और भी खरीदते है । चूंकि अधिकांश माता–पिता आर्थिक रूप से संपन्न ही होते है इसलिए वे बच्चों का भविष्य बनाने के लिए इस बोझ को सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। माध्यम या गरीब परिवार अपने आसूं को दबाये मजबूरी वश ये पुस्तके खरीदने के लिए मजबूर है आखिर उन्हें अधिक से अधिक अंक चाहिए, लेकिन बच्चे पर क्या बीतती है इससे वे चिंतित नहीं होते है । शिक्षाशास्त्रियों का मानना है कि 4 से 12 साल तक की उम्र के बच्चे के व्यक्तित्व के विकास का स्वर्णिम समय होता है इसलिए इस दौरान रटंत पढ़ाई का बोझ डालने के बजाय सारा जोर उसकी रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता विकसित करने के लिए दे तो इनकी मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास हो सकता है। आज के परिपेक्ष में बात करे तो 12 साल की आयु के बच्चों को भारी स्कूली बस्ते की वजह से पीठ दर्द का खतरा पैदा हो गया है। पहली कक्षा में ही बच्चों को छः पाठ्य पुस्तकें व छः कापियां दे दी जाती हैं। मतलब पांचवीं कक्षा तक के बस्ते का बोझ करीब आठ किलो हो जाता है। बच्चों के बस्ते और भारी भरकम पाठ्यक्रमय इससे बच्चों को पीठ, घुटने व रीढ़ पर असर पड़ रहा है। आजकल बहुत सारे बच्चे इसके शिकार हो रहे हैं। बस्ते के बढ़ते बोझ से निजी स्कूलों के बच्चे खेलना भी भूल रहे हैं। व्यक्तित्व की क्षमता के अनुसार पढाई और पाठ्यक्रम का बोझ हो तो ये नित नए आयाम रचेंगे पर बस्ते के शिकंजे मे एक बार इनका प्रदर्शन आप अपने मनोरूप करवा लेंगे पर जीने के लिए जी नही पाएंगे हमारे अपने नोनिहाल। हमे शैक्षिक मनोवैज्ञानिक नवाचारों के साथ चलना होगा और खुलकर इस विषय पर बात करनी होगी। आखिर ये हमारे अपने परिवार, अपने देश के भविष्य का सवाल है। सरकार एवं शिक्षा तंत्र को इस बात को अवश्य संज्ञान में लाना चाहिए कि बस्ता का बोझ कम कर बच्चों को कम संसाधन में बेहतर शिक्षा देकर उनके सर्वांगीण विकास के लिए सक्षम करें।

शम कुमार कोलारे

# जनता की गाढ़ी कमाई संसद में स्वाहा

संसद में जो चल रहा है वो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कतई उचित नही है। संसद का नहीं चलना हमारे लोकतंत्र के लिए कितना घातक है उसका शब्दों में विश्लेषण मैं नहीं कर सकता क्योंकि उसके घातक परिणाम इतने दुःखद है कि उसे शब्दों में पिरोना संभव नहीं है। संसद नही चलने का घटनाक्रम कोई इस मानसून सत्र में ही नहीं हो रहा है अपितु पिछला सत्र भी पेगागस की भेंट चढ़ा और उससे पहले वाले सत्र भी हंगामेदार ही रहे है। मुद्दों के आधार पर सार्थक बहस सुने हुए तो काफी अरसा हो गया है। वर्तमान में भी जिस तरह से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शब्दों के बाण चल रहे है उससे मुझें नहीं लग रहा है कि हंगामा थमने का नाम लेगा। विचारधारा की लड़ाई इतनी गहरी हो गई है कि राजनैतिक दलों में कोई बातचीत की गुंजाइश भी नहीं बची। विचारधारा की लड़ाई लड़ते लड़ते अब नफरत की राजनीति का आगाज हो गया है। संसद की यह हालत देखकर मुझें नहीं लगता कि लोकतंत्र का पाया मजबूत होगा। अब मीडिया को अपनी तटस्थ भूमिका निभाने की जरूरत है। सक्रिय पत्रकारिता में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने वाले पत्रकारों को निष्पक्ष रूप से आगे आना होगा। गोदी मीडिया का राग अलाप कर निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता का दंभ भरने वालो को भी मंथन करके संसद को ठप्प करने वालो का नकाब उतारना चाहिए। मीडिया का दो खेमो में बटना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का दुःखद पहलू है उस पर चर्चा आगे किसी आलेख में करेंगे। बात यहाँ संसद की हो रही है तो विषय इसी को बनाये रखना पाठकों के लिए लाजमी रहेगा। पिछले सप्ताह शुरू हुए संसद सत्र में जो भी हुआ और जिस वजह से संसद ठप्प है उसके कारणों की तहकीकात करें तो कई से भी कोई भी कारण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नजर नहीं आएगा। सत्ता पक्ष अपनी अक्कड़ में तो विपक्ष अपनी खुन्नस में... दोनों तरफ से नरमी के कोई संकेत दिखाई नहीं दे रहे है। प्रतिदिन लाखों रुपये की बर्बादी के बाद भी सांसदो के चेहरों में कोई चिंता की लकीरें नहीं.. लोकतंत्र को मजबूत बनाने के उपदेश देने वाले सत्ता पक्ष और विपक्ष के सासंद जब संसद को सुचारू चलने ही नहीं दे रहे है तो लोकतंत्र कैसे मजबूत होगा यह मेरी समझ से परे है। संसद की जो वर्तमान स्थिति है उसमें तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बहस की कल्पना ही बेईमानी होगी। सच कहें तो संसद में जितनी चर्चा होगी, जितने कानून चर्चा के बाद बनेंगे उतनी ही संसद की गरिमा और महत्ता बनी रहेगी अन्यथा वर्तमान हालातों में तो धन के साथ समय की बर्बादी ही हो रही है। मेरी निजी राय में सत्ता पक्ष को विपक्ष के साथ मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए।वर्तमान में महंगाई बेरोजगारी और सीमा पर सुरक्षा महत्वपूर्ण मुद्दे है इस पर सरकार को दिल खोलकर चर्चा करनी चाहिए.. विपक्ष को भी अपनी रणनीति के तहत संसद में अपनी गरिमामय भाषा मे अपनी रखनी चाहिए जिससे जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाए..पर वतर्मान हालातों में तो मुझें नहीं लग रहा है कि कोई संसद चलाने के पक्ष में है। संसद के बाहर पक्ष और विपक्ष चर्चा की बात कहकर जरुर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। सरकार अपनी जिम्मेदारी समझे और विपक्ष सकारात्मक रुख अपनाए तो काफी हद तक संसद चल सकती है।

गुलाब कुमावत 'खीमेल'
सांचौर, जालौर

# देश के अमृत महोत्सव वर्ष में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनने का सम्मान तो मिले

• (भाषा देश की जन धारा की भाषा बने )

देश की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। राष्ट्रभाषा बनने के साथ–साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग–अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग–अलग प्रांतों में अलग–अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार–प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार–प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र–पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है ।दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग–अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

संजीव ठाकुर ,चिंतक,
लेखक, स्तंभकार,संयोजनकर्ता,
रायपुर छत्तीसगढ़

## संक्षिप्त समाचार

### प्राचीन मंदिर सऊदी अरब में मिलने की पुष्टी,8000 साल पुरानी सभ्यताऐ मिली!

सऊदी अरब में खुदाई और सर्वे के दौरान एक स्टोन टेंपल और वेदी मिले हैं ।यहां 8 हजार साल पुरानी मानव बस्तियों के अवशेष भी मिले हैं। इसके अलावा इस जगह पर अलग–अलग काल के 2,807 कब्र भी पाए गए हैं। यहां के पत्थरों पर आर्टवर्क और शिलालेख के जरिए एक शख्स की कहानी भी बताई गई है। धार्मिक शिलालेख और खेती की विधी भी सामने आए हैं।

सर्वे में धार्मिक शिलालेख से हुई पुष्टी
अल–फाओ में चलता रहेगा रिसर्च

सऊदी अरब के एक रेगिस्तान में सर्वे के दौरान मंदिर और वेदी मिले हैं ।यहां 8 हजार साल पुरानी मानव बस्तियों के अवशेष भी मिले हैं. कभी किंडा राज्य की राजधानी रही अल–फाओ में यह खोज हुई है।

अयोध्या में टाइम संवाददाता हरिओम द्विवेदी ।

सऊदी अरब अल–फाओ अल रूब' अल–खाली (द एंपटी क्वाटर) नाम के एक रेगिस्तान के किनारे पर बसी थी। यह वादी अल– दावासर से



100 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में है।

saudigazette.com.sa के मुताबिक, अल–फाओ में सऊदी अरब हेरिटेज कमीशन की तरफ से एक मल्टी नेशनल टीम सर्वे करने गया था ।उन लोगों ने आसमान से लेकर जमीन के अंदर तक वहां एक डीप सर्वे किया। इसमें कई चीजें निकलकर सामने आई।

यहां मिली चीजों में सबसे खास एक स्टोन टेंपल और वेदी के कुछ हिस्से हैं ।माना जा रहा है कि अल–फाओ के लोग यहां अनुष्ठान करते थे ।अल–फाओ के पूर्वी हिस्से में मिला पत्थरीला मंदिर, माउंट तुवैक के एक किनारे पर है, जिसे खशेम कारियाह कहा जाता है।

इसके अलावा, 8 हजार साल पुराने नवपाषाणकाल की मानव बस्तियों के अवशेष यहां से मिले हैं. इसके अलावा अलग–अलग काल के 2,807 कब्र भी इस जगह पर दिखे हैं।

अल–फाओ में जमीन के अंदर से कई धार्मिक शिलालेख भी मिले हैं। जिससे यहां मौजूद लोगों की धार्मिक समझ के बारे में भी कई अहम जानकारियां मिली हैं ।सर्वे में अल–फाओ की भौगोलिक संरचना के बारे में भी कई अहम बातें सामने आई हैं।

इस स्टडी से अल–फाओ की जटिल सिंचाई व्यवस्था के बारे में भी पता चला है ।नहरें, पानी के कुंड के अलावा स्थानीय लोगों ने यहां पर सैकड़ों गड्ढे खोद रखे थे, ताकि वे लोग बारिश के पानी को खेतों तक पहुंचा सकें ।इन खोजों के जरिए यह पता चलता है कि दुनिया के सबसे कठिन रेगिस्तान में लोग बारिश के पानी को कैसे बचाते थे।

माउंट तुवैक के पत्थरों पर किए गए आर्टवर्क और शिलालेख मधेकर बिन मुनीएम नाम के एक शख्स की कहानी बताते हैं ।इसके अलावा पत्थरों की कलाकृतियों के जरिए हंटिंग, ट्रैवल और बैटल के बारे में भी जानकारियां मिलती हैं।

बता दें कि हेरिटेज कमीशन यह सर्वे इसलिए कर रहा है क्योंकि वे लोग देश में मौजूद विरासत के बारे में जानना चाहते हैं और उसे सहेज कर रखना चाहते हैं ।अल–फाओ में यह रिसर्च चलता रहेगा ताकि और नई–नई चीजों के बारे में पता लगाया जा सके।

### चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कालेज के छात्र छात्राओं को एनडीआरएफ की टीम ने बताएं आपदा प्रबंधन के गुर

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती,आपदा जोखिम नियुनिकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है साथ ही समाज का सबसे



महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलोंध्कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में चौधरी राम बिहारी बुद्ध इन्टर कॉलेज में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भूकंप, बाढ़, आग लगना, वाहन दुर्घटना, सर्पदंश, स्ट्रेचर बनाना, 3 व 4 आर्म्स चेयर बनाना, सीपीआर देना, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थीयों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज श्रावस्ती के प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

### आरोपी को दो वर्ष का कठोर कारावास ,एक किलो 650 ग्राम गांजा हुआ था बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

– एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला , लगाया 20 हजार का अर्थदण्ड



संत कबीर नगर । अवैध गांजा रखने के एक आरोपी को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने दो वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाया । कोर्ट ने सजा के साथ आरोपी शिव कमल गुप्ता उर्फ शेरु कबाड़ी पर 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है ।अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी ।

मामला जिले के महुली थानाक्षेत्र के गोरयाघाट बंधे का है ।विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि महुली थाने के उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश सिंह क्षेत्र भ्रमण पर थे । दिनांक एक जून 2020 को महुली थाने के गोरयाघाट बंधे से डेढ़ सौ मीटर दूर पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया ।पुलिस वालों को देखकर लघुशंका का बहाना करके बंधे से उतरने लगा ।संदेह होने पर उसे पकड़ लिया गया ।उसकी तथा उसके गाड़ी की तलाशी लिया गया ।आरोपी के गाड़ी में टंगे झोले से एक किलो 650 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ । पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिव कमल गुप्ता उर्फ शेरु कबाड़ी पुत्र लालमन गुप्ता ग्राम पीड़िया बाजार थाना महुली बताया ।आरोपी के विरुद्ध धारा 8 ध् 20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया । विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया । विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि साक्षियों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया ।अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की

# संक्षिप्त समाचार

## सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत संस्कृति विभाग द्वारा उ0प्र0 के सभी जनपदों में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज के लिये सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिये कलाकारों को अपना आवेदन, निर्धारित प्रारूप में करना होगा, जो जिला सूचना कार्यालय, शाहजहांपुर या संस्कृति विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर भी प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण आवेदन जिला सूचना कार्यालय, शाहजहांपुर में 10 अगस्त 2022 तक जमा किया जा सकेगा।

## नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी को 28 साल बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। 12 साल की उम्र में गैंगरेप की शिकार हुई पीड़िता को 28 साल बाद न्याय मिला है। पुलिस ने गैंगरेप के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के 28 वर्ष बाद रेप पीडिता ने अदालत के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद हुए डीएनए टेस्ट में दोनो आरोपियों में से एक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने रेप के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गैंगरेप के बाद नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई थी और उसने एक बच्चे को भी जन्म दिया था। बड़े होने पर बच्चे ने अपने पिता का नाम मां से जानने की कोशिश की तो मां ने कोर्ट के आदेश पर पुलिस में रेप करने बालों पर केस दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनका डीएनए टेस्ट कराया था। रिपोर्ट आने के बाद डीएनए टेस्ट में एक आरोपी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। थाना सदर बाजार पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी को 28 साल बाद पुलिस ने किया गिरफ्तारकिया है। घटना के 28 वर्ष बाद रेप पीडिता ने अदालत के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद हुए डीएनए टेस्ट में दोनो आरोपियों में से एक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने रेप के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गैंगरेप के बाद नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई थी और उसने एक बच्चे को भी जन्म दिया था। बड़े होने पर बच्चे ने अपने पिता का नाम मां से जानने की कोशिश की तो मां ने कोर्ट के आदेश पर पुलिस में रेप करने बालों पर केस दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनका डीएनए टेस्ट कराया था। रिपोर्ट आने के बाद डीएनए टेस्ट में एक आरोपी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। थाना सदर बाजार पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चोरी की योजना बनाते हुए अवैध असलाह सहित दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बंडा पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए अवैध तमंचे कारतूस तथा अन्य उपकरणों सहित दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार बंडा पुलिस को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि बंडा से पूरनपुर रोड पर जाने वाले ददूरी मोड से लगभग 300 मीटर सड़क के किनारे पेड़ों की आड़ में दो व्यक्ति अवैध असला एवं सफल के साथ बैठे हुए हैं यह सूचना पर निरीक्षक विनोद



कुमार पुलिस फोर्स के साथ बंडा से पूरनपुर रोड पर जाने वाले ददूरी मोड़ से गांव की तरफ दोनों अभियुक्त चुनने का पुत्र बाबू खा खानका ह थाना पूरनपुर प्रवेश पुत्र इरफान खान निवासी मोहल्ला बमनपुरी थाना पूरनपुर को गिरफ्तार किया गया जिनसे एक सफल दो तमंचा 315 बोर दो दो कारतूस एक प्लास्टिक की टॉर्च एक चाबी गुच्छा बरामद किया गया इस अभियान में निरीक्षक विनोद कुमार संतोष कुमार सिंह कांस्टेबल प्रेमपाल सिंह अरविंद कुमार अजय पाल कुलदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## बीआरसी याकूबपुर में 244 दिव्यांग बच्चों का किया गया पंजीकरण, 12 अक्टूबर को वितरित किए जाएंगे उपकरण

- सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत 6 वर्ष से 14 वर्ष के दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण हेतु पंजीकरण शिविर का बीआरसी याकूबपुर जलालाबाद में हुआ आयोजन, 244 दिव्यांग बच्चों का हुआ पंजीकरण, 12 अक्टूबर को वितरित किए जाएंगे उपकरण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद,शाहजहांपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र याकूबपुर जलालाबाद में एलिम्को ALIMCO संस्था की तरफ से दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान करने हेतु



पंजीकरण करने का एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जलालाबाद ब्लाक के जूनियर हाई स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों का भौतिक सत्यापन एवं पंजीकरण किया गया। जिसमें सभी बच्चों को 12 अक्टूबर को एक कार्यक्रम आयोजित कर उपकरण वितरित किए जाएंगे ।इस संबंध में बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सभी दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की योजना के तहत हर ब्लाक में सभी दिव्यांग बच्चों का चयन किया जा रहा है ।और जो बच्चा जिस रूप में दिव्यांग है उसको उसी प्रकार का उपकरण देकर स्वाविल्म्बी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया इसके अंतर्गत कान की मशीन, ट्राई साइकिल ,व्हीलचेयर ,सीपी चेयर ,कृत्रिम अंग ब्रेल किट , बैसाखी अ छड़ी आदि वितरित की जाएगी ।जलालाबाद में 244 जूनियर हाई स्कूल के बच्चों का मौके पर बुलाकर परीक्षण एवं चयन कर उनका पंजीकरण किया गया। जिसमें 65 बच्चे कम सुनाई देने वाले मिले जिनको कान की मशीनें प्रदान की जाएंगी ।वहीं शेष बच्चों को जिससे वह प्रभावित हैं उस तरीके के उपकरण 12 अक्टूबर को एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रदान किए जाएंगे ।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि उन्होंने सभी कक्षा 6 से 8 तक शिक्षा ग्रहण करने वाले 6 से 14 वर्ष के पूर्व में संबंधित विद्यालयों को सूचना भिजवा दी थी। जिसके माध्यम से आज उनके अभिभावक बच्चों को लेकर यहां पहुंचे और जिनका पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर डॉ नीरज वर्मा, राजन ,टेक्नीशियन एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

## बहू ने संपत्ति न दिए जाने का लगाया ससुर पर आरोप, थाने पर दी तहरीर

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
मदनापुर, शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव ब रुआ पट्टी सनाय की रहने वाली अंजू देवी पत्नी स्वर्गीय रवि कुमार विधवा बहू ने सास व ससुर पर संपत्ति में हिस्सा ना देने का ससुर पर लगाया आरोप पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।जानकारी के अनुसार अंजू देवी की के दो बच्चे भी हैं बहू ने अपने देवर के साथ रहने लगी उससे भी दो बच्चे हैं अंजू देवी दर–दर भटक रही है इंसाफ के लिए और बाद में देवर की भी मौत हो गई है पीड़िता चारों बच्चों को लेकर थाने पहुंची थाना मदनापुर में प्रार्थना पत्र देकर अपनी पूरी बात रखी सास ससुर संपत्ति हिस्सा देने से इंकार कर रहे हैं पीड़िता ने मजबूरन आकर थाना मदनापुर में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से इंसाफ के लिए गुहार लगाई।

## परसीमन न किए जाने के कारण नाला निर्माण अधर में लटका

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार गांव से लेकर शहरों तक सड़क नाला स्वास्थ्य शिक्षा बिजली स्वच्छता अभियान आदि पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है वही जनपद शाहजहांपुर के आदर्श नगर पंचायत खुटार में परिसीमन की समस्या को लेकर नगर पंचायत प्रशासन नाला निर्माण के लिए बेबस बना हुआ है बताते चलें कि नगर खुटार से पुवायां रोड पर बंडा चौराहे से लेकर पुवायां जाने वाले मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ आबादी है ।
सड़क के पूरब तरफ की आबादी तथा सड़क के पश्चिम की तरफ की आबादी ग्राम सभा रसबा कला में आती है जिस कारण सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण अभी तक ग्राम सभा द्वारा नहीं कराया गया है इसी तरह खुटार बंडा चौराहे से गोला रोड पर सड़क के दक्षिण दिशा में आबादी है किंतु अभी तक नाला निर्माण नहीं कराया गया जबकि यहआबादी ग्रामसभा रसवा कला में आती है। इसी प्रकार खुटार बंडा चौराहे से बंडा जाने वाले मार्ग पर सड़क के दक्षिण दिशा की आबादी ग्राम सभा रसवा कला एवं सिल्हुआ मैं आती है इसका भी अभी तक



नाला निर्माण ना कराए जाने के कारण निर्माण कार्य परिसीमन न किए जाने के कारण अधर में लटका हुआ है। आदर्श नगर पंचायत खुटार को दर्जा मिल जाने के बाद अभी तक इस आबादी को नगर में समायोजित नहीं किया गया परिसीमन ना कराए जाने के कारण इस आबादी को नगर पंचायत में मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं नगर के भाजपा के जिम्मेदार समाजसेवी नेताओं ने भी इस समस्या का निराकरण कराने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं ठोस कदम ना उठाए जाने के कारण नागरिकों को इसका लाभ नगर पंचायत प्रशासन से नहीं मिल रहा है नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से परिसीमन कराए जाने की मांग की है ताकि नाला निर्माण किए जाने के बाद तथा नगर में इस आबादी के समायोजित होने के बाद नगर प्रशासन का इनका लाभ मिल सके।

## पुलिस ने अवैध असलहा के साथ बाइक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल




अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
अल्लाहगंज,शाहजहांपुर ! अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के गांव वजीरपुर जाने वाले रास्ते से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोर को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया, वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। थाना अल्लाहगंज क्षेत्र की पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गांव वजीरपुर से बंजर जाने वाले रास्ते पर आरोपी अशोक उर्फ कल्लू पुत्र रामकरन निवासी ग्राम पिथना पुर मौजा थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार किया, जिसके पास एक आदत नाजायज देसी तमंचा 315 बोर एवं दो कारतूस बरामद हुए, और आरोपी मोटरसाइकिको की चोरी कर बेच कर आर्थिक लाभ प्राप्त करता था, इससे पहले भी मोटरसाइकिल चोरी में जेल जा चुका हैं, और न्यायालय से फरार चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने उस पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## गांव मोहनपुर में बदमाश देखे जाने की सूचना से मचा हड़कम्प

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
खुटार–शाहजहांपुर। मोहनपुर में कई दिनों से बदमाश देखे जा रहे हैं वुधवार को दोपहर गांव में ही रहने वाली कुछ महिलाएं जानवरो के लिये खेतो में घास काटने गयी थी।महिलाओं का कहना है कि गन्ने के खेत मे कुछ बदमाश हैं।बदमाश देख महिलाए डर गई और भागते हुए गांव पहुंची और पूरी बात गांव बालो को बतायी।सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग गन्ने के खेत पर पहुंचे।देखते ही देखते खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और बहां सैकड़ो लोगो की भीड़ वहां एकत्रित हो गई लोगों ने बदमाशों को पकड़ने के लिए गन्ने को चारों तरफ से घेर लिया गन्ने में ढूंढा गया लेकिन वहां कोई नहीं मिला। बदमाश देखे जाने की सूचनाएं अफवाह है या सत्यता बताया जाता है कि मोहनपुर में कई दिनों से बदमाश देखे जा रहे हैं इससे कुछ दिन पूर्व गांव के पूर्व कोटेदार का पुत्र खेत में सिंचाई कर रहा था।जहां वह घायल हो गया था।जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है घायल युवक का बरेली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है।बदमाश होने पूरी रात गांव के लोग जाग कर घरो की रखबाली करते हैं।गांवो में अक्सर बदमाश देखे जाने की सूचनाएं मिलती रहती हैं जिससे क्षेत्र वासी काफी भयभीत हैं।इधर पुलिस ने भी अपनी गश्त बढा दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने क्षेत्रवासियो से अपील करते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा में 24 घण्टे तैयार है।अगर कही भी कोई सन्दिग्ध दिखता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें और अफबाहो पर बिल्कुल ध्यान न दे सतर्क रहें और सुरक्षित रहें।

## झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। सिंधौली की ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में आजादी का 75वां अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । सभी गांव बालों की छतों पर तिरंगा झंडा लहरा रहे हैं । ग्राम प्रधान ने पूरे गांव के नल और खंभों को तिरंगा रंग रंगवा दिया है। ग्राम प्रधान ने घोषणा की है कि गांव में जिसका झंडा सबसे ऊंचा रहेगा उसको 15 अगस्त के दिन 1100 नगद पुरस्कार दिया जाएगा स इसी क्रम में सभी ग्रामवासी अपनी छतों पर ऊंचा ऊंचा झंडा लगा रहे हैं । झंडे की ऊंचाई झंडे में लगी स्टिक से नापी जाएगी । गांव के रहने वाले श्रीकांत दीक्षित बताते हैं कि अभी तक सबसे ऊंचा झंडा गांव में बने हनुमत धाम पर लगा है। जिसकी ऊंचाई लगभग 60 फीट है । लेकिन अन्य ग्रामवासी भी इससे ज्यादा ऊंचा झंडा लगाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

## घटियाघाट से गंगाजल ला रहा कावड़िया हुआ बेहोश

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
कांट,शाहजहांपुर। फर्रुखाबाद घटियाघाट से गंगाजल लेकर गोला गोकरननाथ कावड़िया जा रहे थे महुआ किराया कांट पर अचेत होकर गिरगया। कावड़िया बेहोश होकर गिरने सेअफरा–तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया घटना के जानकारी पुलिस को होने पर पुलिस ने गाड़ी में बैठा लकर चेहरे पर पानी छिड़का जिससे उसको होश आ गया।
पुलिस ने कमरिया का पता पूछ कर गांव परसिनिया निवासी अवनीश कुमार अवनीश से पूछा की और तुम्हारे साथी कहां है उसने कहा साथी मेरे पीछे हैं और जब वह साथी के कितने साथी हैं बताया 6 साथियों के साथ मैं जल लेकर गोला जा रहा था तभी पीछे से आ रहे वापस गाड़ी पर बैठा कर गोला के लिए रवाना कर दिया गया। कुल मिलाकर पुलिस की मदद से बेहोश हुए कांवरिया को पीछे से आ रहे उनके साथियों की गाड़ी पर पुलिस ने बैठाकर गोला गोकरण नाथ के लिए रवाना कर दिया।

## दबंगों ने किया गरीब के रास्ते का निकास बंद, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

- अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, न्याय की लगाई गुहार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
जलालाबाद,शाहजहांपुर। नगर पंचायत अल्लाहगंज के अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों ने शाहजहांपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ।ज्ञापन देकर संगठन के धर्मेंद्र कुमार प्रदेश प्रभारी युवा उत्तर प्रदेश ने बताया की रामवरन पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी मोहल्ला मेवाती नगर पंचायत अल्लाहगंज में 14 वर्ष पुराना मकान है ।बीते वर्षों में कोई परेशानी नहीं हुई ।कुछ दिन पूर्व गौतम पुत्र रामपाल, टिंकू पुत्र



भैयालाल, सतीश पुत्र श्यामलाल आदि दबंग पड़ोसियों ने दरवाजा पूर्ण रूप से जबरन बंद कर दिया ।जिससे उनका निकास बंद हो गया है ।इस संबंध में थाना दिवस, तहसील दिवस, जलालाबाद उप जिला अधिकारी जलालाबाद को कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया ।परंतु कोई भी समाधान नहीं किया गया ।इस समस्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा दिनांक 29 जुलाई को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित जिला अधिकारी को एक ज्ञापन भी दिया गया था। परंतु उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई ।इस संबंध में पीड़ित परिवार व संगठन द्वारा 5 अगस्त को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को लेकर आज बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर को एक पत्र सौंपा और कार्यवाही की मांग की।ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र कुमार ,उमेश यादव अशोक कुमार ,संतराम सक्सेना, सर्वेश कुशवाहा ,राजकुमार ,मोहम्मद इमरान, सुखपाल, मोहम्मद कासिम, राम पाल अमर सिंह के हस्ताक्षर हैं।

## आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करेगा स्वाबलंबन केंद्र : रमेश भैया

- रोजा तापीय परियोजना द्वारा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र में स्वाबलंबन केंद्र का शुभारंभ

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहाँपुर। स्वाबलंबन केंद्र का प्रशिक्षित प्रत्येक उद्यमी अपने उद्यम के साथ दस लोगों को उद्यम देकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करेगा। सभी दस गांव के युवा स्वाबलंबी बनकर क्षेत्र का विकास कर आगे बढ़ेगा। उक्त विचार रोजा रिलायंस पावर कंपनी लिमिटेड के सौजन्य से विनोबा सेवा आश्रम द्वारा स्वाबलंबन कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह को मुख्य अतिथि के रिलायंस पावर रोजा के स्टेशन हेड हृदय सिंह तोमर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि,ष्हमारे कंपनी के सभी परियोजना प्रभावित गांवों से 40 युवाओं को चयन कर उन्हें प्रशिक्षित कर इन्हें उद्यमी बनाया जाएगा। यह पायलट प्रोग्राम प्रयोग के रूप में विनोबा सेवा आश्रम द्वारा संचालित लिया गया है।कार्यक्रम सफल होने पर इसे अत्यंत बृहत स्तर पर विस्तारित किया जायेगा।ष्उन्होंने यह भी कहा कि हमारी कंपनी में जनपद के लगभग 80: काम करने



वाले हैं। उसमें भी इस क्षेत्र के सर्वाधिक कार्यकर्ता है। यह भागीदारी और निरंतर बढ़ती ही जा रही है। समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी गजेंद्र सिंह ने कहा कि ,जनपद की एक मात्र संस्था विनोबा सेवा आश्रम ही खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वार प्रमाणित संस्था है ।उन्होंने अपने विभाग की तमाम अच्छी योजनाओं की जानकारी देते हुए मदद करने का आश्वासन दिया ।ष्जनपद की बैंक भी इस स्वाबलंबन कार्यक्रम के उद्यमी की मदद ही करेंगें। सीएसआर के उप महाप्रबंधक कुमार अवनीश ने संस्था ने जिस तरीके से प्रशिक्षु चयन किया उसकी विस्तृत जानकारी दी। विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भइया ने कहा कि, गांधी और विनोबा दोनो समाज में स्वाबलंबन चाहते थे। स्वाबलंबी समाज ही प्रगति का आधार है। आश्रम यहां इस सपने को पूर्ण करने की कोशिश करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि, विनोबा जी कहते थे सहारा छप्पर की तरह नहीं बल्कि स्लैब या लिंटर की तरह होना चाहिए ।कुछ दिन मदद के बाद अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। आश्रम के प्रबंधकमुदित भाई, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह दिलावरपुर, जयवीर सक्सेना कनेग, सुनील वर्मा चौढेरा, पवन कुमार वर्मा ग्वारी, अजुद्दी जैनुद्दीन नगर, अशोक सिंह, आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। जेडी भाई ने कार्यक्रम की रूप रेखा तथा विषय प्रवेश पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन निदेशक विशशन भाई ने किया । अखलाक खान द्वारा समापन अवसर सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में कमला सिंह, राजीव कुमार सिंह , मृदुल्लाता बहन, रीना शर्मा, अनुराग तिवारी, केपी सिंह, बिंद्रा बाबू, ओमप्रकाश आदि का सहयोग रहा।

## सडक निर्माण को लेकर ताहरपुर के ग्रामीण परेशान

- कई वर्षों से खराब पड़ी सड़क पर जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। भाजपा सरकार के बनते ही प्रदेश में ग्रामीण अंचलों के सूरत बदलनी शुरू हो गई गांव से लेकर शहरों तक सड़क मार्ग के निर्माण कराए गए किंतु जनपद शाहजहांपुर से लगभग 17 किलोमीटर दूर ताहरपुर के ग्रामीण गड्ढा युक्त सड़क निर्माण को लेकर कई बार शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक अवगत कराने के बावजूद अभी तक सड़क निर्माण नहीं कराया जा सका जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है पुवायां–सिंधौली से करीब सात किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव ताहरपुर में पुवायां हाईवे से गांव तक जाने वाला मेन मार्ग कई वर्षों से खराब है। जिस पर हाईवे से लेकर गांव तक गहरे गहरे गड्ढे हैं। ग्रामवासी खस्ताहाल सड़क से होकर गुजरते हैं। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बात कहते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कई वर्षों से खराब पड़ी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क का निर्माण कई वर्ष पहले हुआ थाद्यवर्तमान समय में पूरी सड़क उखड़ चुकी है जरा सी बरसात होने पर रोड में भर जाता हैद्य पानी अब तो गांव वाले सिर्फ चुनाव के आश्रय हैं कि अब कोई नेता टूटी सड़क बनवाने का वादा करें जनता से वोट मांगे तब जाकर उसकी यहां मांग पूरी होद्यतब तक इस समस्या के कोई सुध लेने वाला नहीं है ग्रामीणों ने बताया चुनाव समय विभिन्न पार्टियों के नेता वोट मांगने आते हैं तरीके के वादे करते हैंद्यचुनाव जीतने के बाद दोबारा गांव की तरफ मुड़ कर भी नहीं देखते हैं।



## हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार दूध, दही .पनीर, आटा पर सरकार ने लगाई जीएसटी : राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव इंसान





अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। जीएसटी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ एक अनोखा प्रदर्शन किया गया। सामाजिक संगठन जनता की आवाज के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने अपने दर्जनों साथियों के साथ फटे कपड़े पहनकर और नमक रोटी खाते हुए ठेले पर बैठकर लाउडस्पीकर से चिल्ला चिल्ला कर जीएसटी के कारण बढी महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। सामाजिक संगठन जनता की आवाज के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने लाउडस्पीकर से चिल्लाते हुए शहर की सड़कों पर घूम घूम कर लोगों को बढ़ती मंहगाई के कारण बताये और जीएसटी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर अब तक पहली बार किसी सरकार ने ऐसा किया है कि खाने पीने की चीजें दूध दही मट्ठा और बच्चों के पढ़ाई की चीजें रबड़ पेंसिल और कटर पर जीएसटी लगाई है। केंद्र सरकार के इस फैसले के कारण दिन पर दिन महंगाई बढ़ती जा रही है । गरीबों को नमक रोटी खाकर ही जिंदा रहना पड़ रहा है । गरीबों के छोटे छोटे बच्चे पेन पेंसिल किताबें और कॉपियों पर लगी जीएसटी के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। सामाजिक संगठन ने जीएसटी के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।सामाजिक संगठन जनता की आवाज के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर महंगाई के खिलाफ राज्यपाल को संबोधित जिला अधिकारी को दिया ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा सामाजिक संगठन जनता की आवाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव इंसान मंडल प्रभारी इस्तेखार अहमद पूर्व नगर अध्यक्ष मोनी सक्सेना संगठन महिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता नगर अध्यक्ष प्रीति देवी सहित संगठन कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित जिला अधिकारी शाहजहांपुर को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार सरकार ने दूध दही पनीर आटा आज पर जीएसटी लगाकर जनता का शोषण किया है उन्होंने 10 सूत्री ज्ञापन में बताया गरीब जनता सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाकर भुखमरी की कगार पर सरकार ने लाने का प्रयास किया है जो सिलेंडर कभी 350 से 400 का मिलता था वही सिलेंडर 1120 रुपए में मिल रहा है मजदूर की मजदूरी 300 है और महंगाई आसमान छू रही है सरकार ने जिंदा रहते हुए गरीबों के मुंह से निवाला छीन लिया है और तो और सरकार ने मरने के बाद भी सुकून नहीं लेने दिया अंतिम संस्कार यानी कफन पर भी 18: जीएसटी लगा दी है गरीब अब अंतिम संस्कार कैसे करेगा क्या मुर्दों को भी कफन नसीब होगा सरकार ने प्राइवेट अस्पतालों में मरीज के लिए प्राइवेट कमरा लेने पर भी जीएसटी लगा दी है अस्पताल में भी जनता को सुकून नहीं है सरकार ने होटल में ठहरने पर जीएसटी लगा दिए मेरी सरकार को राय है कि गरीबों के ऊपर इतनी दया करके गरीबों के लिए एक–एक सल्फास की गोली दे रहे गरीबी रहेगी देश में सिर्फ अंबानी अडानी टाटा बिरला डालमिया जैसे लोग जिंदा रहेंगे और नेता जिंदा रहेंगे उन्होंने कहा कि सरकार की चीजों पर भी जीएसटी लगा दिए जैसे कटर पेंसिल रबर काफी किताबें सरकार चाहती है कि जब रहेगा अनपढ़ तभी तो धर्म के नाम पर जांच के नाम पर लगाकर अपनी कुर्सी बरकरार रखें सरकार ने लोगों को 60 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट दे दिया जाता है और हमारे देश के नेता चाहे 100 वर्ष के हो जाएं उन्हें चुनाव लड़ने की छूट है यही तो हमारे देश का कानून है नेता को चुनाव लड़ सकता है अगर एक बार गया तो उसे सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती तो हमारे देश का कानून और विधायक सांसद लेते हैं अगर यही हालात रहे तो सन 2050 तक देश की जनता में विद्रोह पैदा हो जाएगा देश में गृह युद्ध के आसार बनते जा रहे हैं नेताओं ने देश को नफरत की आग में झोंक दिया है पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा हमारा संगठन आपसे मांग करता है कि खाने–पीने की पढ़ाई लिखाई की चीजों पर फौरन जीएसटी हटाई जाए। सामाजिक संगठन जनता की आवाज के कार्य कर्ताओं ने ज्ञापन देकर तत्काल देश में बढ़ रही महंगाई पर सरकार को तत्काल ध्यान देना आवश्यक है।

# संक्षिप्त समाचार

## सियार के काटने से इलाज के दौरान किशोर की मौत



अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी मुसाफिरखाना। क्षेत्र के दुवारिया गांव में 6 माह पूर्व जंगली जानवर ने 13 वर्षीय किशोर को काट कर घायल कर दिया था कुछ दिन बाद किशोर की तबीयत खराब हुई परिजन इलाज कराने अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुवारिया निवासी गयादीन निषाद का 13 वर्षीय पुत्र अंतिम को 6 माह पूर्व सियार ने काट लिया था इस बीच सियार के काटने से उसकी हालत खराब हुई परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## कार्यकर्ता होते है रीढ़ की हड्डी : सन्तोष द्विवेदी

- प्रियम मिश्र(यूवा नेता) को केक खिलाकर जन्मदिन की दी बधाई : चेयरपर्सन प्रतिनिधि

सांसद, राज्यसभा प्रमोद तिवारी एवं विधायक – रामपुर खास, प्रतापगढ़ आराधना मिश्रा श्मोनाश के प्रबल समर्थक एवं जांबाज सिपाही प्रियम मिश्र (सुशांत) के जन्मदिन समारोह में अध्यक्ष प्रतिनिधि – आदर्श नगर पंचायत लालगंज सन्तोष द्विवेदी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विकास खंड लालगंज के ग्राम सभा भेंभौरा के अंतर्गत भभया नगर चौराहा स्थित शैलजा मण्डपम में उपस्थित हुए और प्रियम मिश्र को केक खिलाकर एवं उपहार भेंटकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रियम मिश्र ने अपने जन्मदिन समारोह में कहा मैं काँग्रेस पार्टी के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से हमेशा कार्य करता रहूँगा और आगामी नगर पंचायत चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष को दोबारा अध्यक्ष बनाने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए जनता के सामने नगर पंचायत में हुए विकास कार्य को अवगत कराऊँगा और



प्रस्ताव में दिए गए कार्य को सूचित करूँगा। बता दें कि प्रियम मिश्र ने कहा ऐसा अध्यक्ष मिलना मुश्किल है जो सभी के यहाँ छोटे – छोटे कार्यक्रमों में पहुँचकर अपना प्रतिनिधित्व करता है। इस दौरान प्रदेश महासचिव – अनुसूचित जाति – उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी श्री छोटेलाल सरोज जी, प्रबंधक – पं० ठाकुर राम विद्यापीठ जूनियर हाईस्कूल चकौड़िया लालगंज रमाशंकर पांडेय जी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, पूर्व प्रधान विद्याशंकर मिश्र जी, युवा समाजसेवी ज्ञानू तिवारी, एडवोकेट अरुण द्विवेदी जी (गुड्डू), गुड्डू सोनी, छोटू पांडेय, भूपेंद्र तिवारी जी श्काजूश, शिवम पांडेय जी, अटल बिहारी मिश्र, सुरेश कुमार शुक्ल, तूफान शुक्ल, डॉ० पुरुषोत्तम शुक्ल, धर्म पाल, प्रिंशु शुक्ल, पं० हरिशंकर मिश्र, विद्याशंकर मिश्र जी, सोनू मिश्र, शिवम पांडेय, रवि शुक्ल, राकेश त्रिपाठी, पवन पांडेय, पिंटू मिश्र, अभय राजा दुबे, विनय मिश्र, चंचल मिश्र, गोल्टू मिश्र, अनुज तिवारी , लव तिवारी, अरुण द्विवेदी, अनूप मिश्र, मुकेश तिवारी, नरेंद्र द्विवेदी, अनुराग मिश्र, नीलेश ओझा, राजकुमार सिराज, मो० सकील, मो० तौहीद, मो० इमरान, अब्जीत शर्मा, रामनयक मिश्र, स्वेत मिश्र, सागर कुमार, प्रीतम पांडेय, पूजांशु शुक्ल, विवेक मिश्र, अनुज पांडेय, शिवा कौशल, सुशील पांडेय, सत्यम द्विवेदी, अश्वनी पांडेय, सतीश तिवारी, अभिषेक मिश्र, विनीत ललित मिश्र, दीपक तिवारी, कुलदीप तिवारी, निर्भय शुक्ल, सत्यम शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## 310721 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने के अभियान का शुभारंभ

अल्ताब अहमद, रायबरेली। 3 अगस्त बुधवार को गोरा बाजार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सीएमओ डॉ वीरेंद्र सिंह ने विटामिन ए की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में 09 माह–05 वर्ष तक के 310721 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है ।यह अभियान पूरे माह चलेगा। सीएमओ डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया की बाल स्वास्थ्य पोषण माह में विटामिन ए सम्पूर्णन कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण । यह अभियान प्रति वर्ष 6–6 माह के अंतराल पर होता है। अधिकतर बच्चों में विटामिन ए की कमी पाई जाती है। इस कमी को पूरा करने के लिए 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की 9 खुराक दवा पिलाए जाने का प्रावधान है । कोविड को देखते हुए विटामिन ए की दवा देने के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को इस बात पर ध्यान रखना होगा



कि बूथ पर 10 से अधिक बच्चे ना एकत्रित होने पाए। बुखार खांसी या सांस लेने में दिक्कत होने पर उसे ले जाकर दवा नहीं पिलाएं ।प्रत्येक ब्लॉक पर 20 सत्रों का आयोजन किया जाएगा ।जिसकी निगरानी चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी करेंगे। शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडे ने बताया की विटामिन ए वसा में घुलनशील विटामिन है यह बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती है। जिला स्वास्थ शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि विटामिन ए के सेवन से शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है आंखों की परत यानी कार्निया सुरक्षित होती है इससे बाल मृत्युदर में कमी दस्त,खसरा व मलेरिया से होने वाली मौतों में कमी व आंखों के रोग जैसे रतौंधी से बचाव और कुपोषण में कमी जैसे फायदे मिलते हैं शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी यह उपयोगी है। इस कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण कुमार, डॉक्टर एस बी राय, एच ई ओ आभा सोनकर ,कृष्णावती यादव अनिल पांडे ,आलोक शर्मा डीएमसी वंदना त्रिपाठी बीएमसी सहाना जमीर आईसीडी एस से संध्या श्रीवस्तव, सुपरवाइजर चंद्रावती आदि उपस्थित रहे।

## सिविल न्यायालय मे मुकदमा विचाराधीन होने के वावजूद दबंगों ने जबरन किया जमीन पर कब्जा, अधिकारियों की चौखट पर कब्जा रोकने की गुहार लगाता रहा पीडित

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच बहराइच । सिविल न्यायालय पर मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद दबंगों ने पीडित की बेशकीमती जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। कब्जा रोकने के लिए पीडित अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगाता रहा लेकिन नतीजा शून्य रहा। जरवलरोड थानाक्षेत्र के जरवल नगर पंचायत मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मो. साजिद पुत्र जकरिया ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर बेसकीमती जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया



है ।आरोप है कि प्रार्थी की बेसकीमती जमीन गाटा संख्या 948 रकबा 0.5300 हेक्टेयर भू अभिलेखों मे दर्ज है, जिसमे प्रार्थी 1ध्3 का हिस्सेदार है ।आरोप है कि सिरताज अहमद पुत्र मो.इलियास निवासी मो.जामा मस्जिद अपने साथियों के साथ मेरी जमीन पर जबरन नींव खोदने लगे। मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने पर आमादा हो गए ।शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया और विपक्षी ने मेरी हिस्से की भूमि पर जबरन दीवाल बना कर कब्जा कर लिया है। उक्त भूमि का मुकदमा सिविल न्यायालय बहराइच में विचाराधीन है जिस पर न्यायालय ने कमीशन भी करवा लिया है। जरवल चौकी इंचार्ज आर एस यादव ने बताया कि रेवन्यू का मामला है ।सक्षम अधिकारी जो निर्देश देंगे ,हम उसका पालन करेंगे। इस संबंध में नायब तहसीलदार जरवल विजय कुमार ने बताया प्रकरण की जानकारी नहीं है। लेखपाल को भेजकर स्थलीय रिपोर्ट तलब किया गया है ।पीडित को न्याय दिलाया जाएगा।

## प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज अपने मकान पर फहराएगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स तजवापुर बहराइच। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले हर–घर तिरंगा अभियान के तहत देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज अपने मकान पर फहराएगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर ब्लाक प्रशासन और लोग जोरशोर से तैयारी कर रहा है। 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस अभियान को लेकर ब्लाक प्रशासन ने साथी कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास कराया ।व तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम का जोश भरा।

बुधवार को तजवापुर ब्लाक के




बीडीओ अजय प्रताप सिंह की अगुवाई में समूह की महिलाओं को विकासखंड परिसर में तिरंगा देकर सरकार की मंशा व गाइडलाइन के बारे मे बताया ।इस दौरान तजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडे, सहायक विकास अधिकारी पंचायत पाटेश्वर प्रताप सिंह , एकाउंटेंट लायकराम बर्मा व समूह की अन्य महिलाएं व ग्राम पंचायत अधिकारी एवं प्रधान मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने छापेमारी

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- मौके पर 45 लीटर अवैध शराब बरामद तथा 02 अभियोग पंजीकृत

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 03 अगस्त 2022 को सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–2, अमेठी तथा हमराह स्टाफ प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही रामनाथ मौर्य, विनीत कुमार, सुधीर पाठक, सर्वेश वर्मा, प्रीति पाल एवम संविदा वाहन के साथ ग्राम छोटी धरौली वह चिरईतारा थाना संग्रामपुर में आकस्मिक दबिश दी गयी।



दबिश के दौरान 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 225 किलोग्राम लहान मौके पर नष्ट कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 02 मुकदमा पंजीकृत किया गया एवम साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।

## दिल्ली जा रही डबल डेकर बस पलटी सात घायल दो की हालत गंभीर

- 20 अन्य यात्रियों को आई हल्की चोटें बस में सवार थे 40 से 50 यात्री
- हादसे के बाद ड्राइवर और खलासी मौके से फरार राहत और बचाव कार्य जारी

रिपोर्ट देवेश पांडेय अयोध्या टाइम्स बहराइच। दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस अचानक सड़क पलट गई इस हादसे में 7 यात्रियों को चोटें आई हैं जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है। 20 अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बस में 40 से 50 यात्री सवार थे हादसे के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

विशेश्वरगंज के थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि थाना विशेश्वरगंज के जलालपुर मोड़ पर एक डबल डेकर बस पलट गई इस हादसे में 7 यात्री दब गए हादसे के बाद चालक और खलासी के भाग जाने के कारण राहत और बचाव कार्य में थोड़ा विलंब हुआ बड़ी मुश्किल से दबे हुए यात्रियों को बाहर निकाला गया जिनमें 2 यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जाती है। इस हादसे में 20 अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है पुलिस बस नंबर के आधार पर मालिक चालक और खलासी की तलाश कर रही है। मालूम हो कि बहराइच से मजदूरों को भरकर आए दिन डबल डेकर तथा सामान्य बसें दिल्ली के लिए रवाना होती है इन बसों में मानक के विपरीत सवारियों को ठोस ठोस कर भरा जाता है चालक को दिल्ली पहुंचने की इतनी जल्दी रहती है कि आए दिन ऐसी बसें हादसे का शिकार हो रही है अभी कुछ दिन पूर्व थाना जरवल रोड के अंतर्गत ही इसी प्रकार एक डबल डेकर बस हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों ने एआरटीओ प्रशासन से मांग की है कि ऐसे बसों की फिटनेस तथा चालकों की योग्यता की परख करने के बाद ही इतनी लंबी यात्रा के लिए बसों को रवाना करें तभी ऐसे हादसों पर अंकुश लग सकता है।

## जिलाबदर के मकड़जाल में फंसा निर्दोष



- झूठे आरोपों में दर्ज करवाई ि.पि.त.
- पीड़ित निर्दोष ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर लगाई न्याय की गुहार
- पुलिस प्रशासन के चंद रिश्वतखोरों के सरंक्षण में कई संगीन धाराओं में वांछित चल रहा जिलाबदर खुलेआम घूम रहा है गांव में
- योगी राज में भी कुख्यात अपराधी घूम रहे हैं खुलेआम व फंसाए जा रहे हैं निर्दोष
- गांव वालों की जुबानी सच्चाई सुन आप भी हो जाएंगे हैरान
- कहीं ऐसा ना हो कि पुलिस प्रशासन की चूक से एक निर्दोष का भविष्य बनकर रह जाये सिर्फ खिलवाड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बलहा,बहराइच। पूरा मामला जनपद बहराइच के कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ैया कला के मजरा कोड़री का है,, जहां गेंदा देवी पत्नी लायकराम के द्वारा गांव के ही राजेंद्र प्रसाद पुत्र रामपल्टन पर मारने से हुआ गर्भपात का मामला दर्शा का दर्ज करवा दिया थ्प्) ,, जबकि सच्चाई कुछ और ही है– सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया है कि कुछ दिनों पूर्व लायकराम जो कि काफी दबंग शातिर व अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है ने राजेंद्र प्रसाद के परिवार में बिना मां की एक नाबालिग बच्ची से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था,, इस मामले में पीड़ित राजेंद्र बतौर गवाह है,, और तभी से दबंग लायकराम हमेशा किसी ना किसी बहाने राजेंद्र को फसाने की फिराक में रहता है। इससे पूर्व भी दो बार उसने 156ध्3 का वाद माननीय न्यायालय से पीड़ित पर दायर कर चुका है किंतु घटना सही ना होने तथा साक्ष्य ना होने के चलते माननीय न्यायालय द्वारा दोनों वादों को खारिज कर दिया गया है। वहीं दबंग लायकराम ने कई बार राजेंद्र प्रसाद से यह भी कह चुका है कि गवाह से नाम वापस ले लो नहीं तो जान से भी हाथ धो बैठोगे। अब सवाल यह है कि जो व्यक्ति काफी दिनों से जिलाबदर था उसके पत्नी को 3 माह का बच्चा कैसे आया? काफी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने बताया कि घटना सिर्फ कूट रचित व साजिश के तहत रची गई है,, मारपीट जैसी किसी प्रकार की कोई घटना गांव में कारित नहीं हुई है। इस संबंध में पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रार्थनापत्र देकर निष्पक्ष जांच व उचित न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या निर्दोष को उचित न्याय पुलिस प्रशासन दे पाता है अथवा नहीं?

क्या विभिन्न संगीन धाराओं में वांछित चल रहे जिलाबदर जैसे कुख्यात अपराधी लायकराम को जेल भेजा जाता है अथवा नहीं?

# हाथों से दिव्यांग छात्रा पैरों से लिख रही इबारत





अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

जीवन में कुछ हासिल करने का सपना संजोए अमेठी के जामो थाना क्षेत्र की अचलपुर गांव की दोनो हाथों से दिव्यांग 20 वर्ष की छात्रा दीपिका सारी बाधाओं को तोड़कर देश का नाम रोशन करने के लिए आगे बढ़ रही है ।तो वहीं दूसरी तरफ गरीबी भी बाधा बन रही है। दोनों हाथों से दिब्यांग छात्रा अपने पैरों से नई इबारत लिख रही है ।और पैरों से लिख कर इंटर पास कर बीए की पढ़ाई कर रही है। दिव्यांग छात्रा दीपिका अपना सारा काम पैरों से ही करती है दीपिका ने जहां हाईस्कूल 75 : तो इंटर 62 : अंक से पास किया है कहने को तो अमेठी में 32 एन जी ओ दिव्यांगो की मदद करने के लिए बने हैं लेकिन आज तक किसी एन जी ओ ने दोनों हाथों की दिव्यांग छात्रा की मदद को आगे नहीं आया छात्रा ने कहा अगर उसकी मदद होती है तो वो अच्छी शिक्षा प्राप्त कर शिक्षक बन अपने जैसी दिव्यांग बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने में मदद करेंगी छात्रा ने सरकार से सहयोग की मांग भी किया है। अमेठी जनपद के विकास खंण्ड क्षेत्र जामो के अचलपुर गांव की रहने वाली छात्रा दीपिका बताती है की हम दोनों हांथो से दिव्यांग है अपने पैरों से लिख कर हाई स्कूल और इण्टर पास किये है और अपने पैरों से ही सारा काम करती हूं पढ़ लिख कर अपने पैरों पे खड़ी होना चाहती हूँ। अपने देश का नाम रोशन करना चाहती हूं और कुछ बन कर दिखाना चाहती हूं। पैसे की प्रॉब्लम है मेरे पापा पढाई का पूरा खर्च उठाते है साशन प्रसाशन द्वारा भी आज तक किसी योजनाओ का लाभ नही मिल रहा है। सरकार से हम चाहते मेरी अच्छी से अच्छी पढाई करने के लिए मेरी मदद है सरकार से हम यही दरख्वास्त करते है। छात्रा के पिता समर बहादुर बताते है प्रसाशन व शासन द्वारा अभी तक किसी योजना का लाभ नही मिला है कृषि का कार्य करते है और न मेरे पास कोई रोजगार है खेती कर के अपनी बेटी का शुरू से पढ़ाई का खर्च उठाते है सरकार से हम चाहते है की बेटी को अच्छी से सुविधा मिले ताकि वो अच्छे से पढाई करे और और अपने पैरों पे खड़ी हो कर कुछ बन सके।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं दिव्यांग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने पूरे मामले में बताया कि जिस तरह से उस बच्चे के बारे में आप लोगों ने बताया। दोनो हाथ से दिव्यांग होने के बावजूद पढ़ाई कर रही है। स्कॉलरशिप पात्रता के आधार पर आवेदन करने पर मिलती है ।आवेदन ना करने पर हम अपने स्टाफ द्वारा भेज कर सहयोग किया जाएगा। अन्य सुविधाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अब देखा जाएगा कि किस तरीके से प्रार्थना पत्र दिया गया है। स्कॉलरशिप ना मिलने की बात और उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप मेरिट बेस पर होता है। स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा मदद ना किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह बहुत निराशाजनक है हम स्वयं सेवी संस्थाओं से अपील करते हैं कि इस तरह के बच्चों दिव्यांगों को सहायता के लिए आगे आएं ।इसके साथ ही मेरी तरफ से जो भी मदद होगी हम करवाएंगे।

# प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर में आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा की तैयारी बैठक सम्पन्न

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी। मुसाफिरखाना आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत क्षेत्र के गुन्नौर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक वन्दना की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभिभावकों को संबोधित करते हुए सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव ने कहा कि देश की आजादी के 75वीं वर्षगाँठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अपनी आजादी को बनाए रखें, तिरंगे का सम्मान करें, सभी भारतीय नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि अपने देश की आन बान शान को बनाए रखें जैसा कि हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे को झुकने नहीं दिया और सम्मान के साथ भारत में तिरंगा फहराया। 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव सप्ताह मनाया जाएगा ।बैठक में हर घर में तिरंगा फहराने हेतु अभिभावकों को जागरूक किया गया । इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनुप्रास



गुप्ता शिक्षा मित्र सालिकराम मौर्य सुमन प्रजापति एएनएम कमला देवी यादव आंगनबाड़ी कार्यकत्री विनीता दुबे रिंकी तिवारी उमा सिंह जोगिंदर एवं विद्यालय के कर्मी व अभिभावक मौजूद रहे ।

## व्यवसायी एवम शिक्षक प्रफुल्ल पाण्डेय की माता के निधन पर शोक की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रतापगढ़

सगरा सुंदरपुर। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के पूरे खुशियांली बाबूगंज निवासी प्रसिद्ध व्यवसायी, शिक्षक व समाजसेवी प्रफुल्ल पाण्डेय की माता कुसुम देवी उम्र 54 वर्ष पत्नी दिनेश चंद्र पाण्डेय के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई उनके असामयिक निधन का समाचार सुनकर जनपद जनप्रतिनिधियों साहित्यकारों, पत्रकारों और समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया है । प्रफुल्ल पाण्डेय की माता जी का निधन का समाचार सुनकर विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, लक्ष्मणपुर ब्लाक प्रमुख पति राकेश सिंह, प्रधान संघ लक्ष्मणपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश सिंह, ग्राम प्रधानपति शशिकांत शुक्ला बबलू, ग्राम प्रधान डीह मेहंदी बाबूगंज नवाब भाई, लक्ष्मणपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भान सिंह, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गणेश प्रताप सिंह, काशी पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, एमएलसी उमेश द्विवेदी, साहित्यकार राधेश पाण्डेय, हरिवंश शुक्ला, अर्जुन साहू, दया शंकर पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, संजीव त्रिपाठी, शुभम श्रीवास्तव, अरविंद दुबे,शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि ने शोक व्यक्त किया है ।




## हनीमून मनाने रोमांटिक वेकेशन स्पॉट थाईलैंड पहुचे शमा सिकंदर और जेम्स मिलिरॉन

–अनिल बेदाग–


मुंबई। खूबसूरत एंजेलिक शादी के साथ, शमा सिकंदर और जेम्स मिलिरोन साल के सबसे चर्चित कपल रहे हैं। और उन्होंने अपना रोमांटिक वेकेशन स्पॉट थाईलैंड में मनाने का फैसला किया है।

अदाकारा अभिनेत्री शमा ने अपने इंस्टाग्राम पर खूबसूरत लोकेशन की चमचमाती रेत के बीच कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की है। तसवीर में दोनों बेहद खूबसूरत नजर आ रहे है।

आपको बता दें शाम अपने हनीमून को लेकर कई दिनों से चर्चा में थे और आखिरकार उन्होंने थाईलैंड में मनाने के लिए उड़ान भरेंगे। साथ ही उन्होंने अपनी तस्वीरों में "आखिरकार ... मैं कहाँ हूँ केप्शन देकर फैंस को सरप्राइज दिया है। शमा ने अपने वेकेशन के बारे में बात करते हुए कहा कि "थाईलैंड बस कमाल है और हमने वहां बहुत मजा किया। जगह की







ऊर्जा दुनिया से बाहर है और इसमें कपल्स के लिए कुछ बेहतरीन स्थान हैं।

समुद्र तट और भोजन और बीच में सब कुछ है एक सपने की तरह और यहां जेम्स के साथ समय बिताना अब तक का सबसे अच्छा अहसास था।"

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुये उपस्थित महानुभावो, स्वयं सेवी संस्थाओं/संगठनो के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों से सुझाव प्राप्त कर तद्नुसार रूपरेखा बनाकर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूरी भव्यता एवं राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ मनाया जाये। जिलाधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताते हुये कहा कि 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अन्य कार्यक्रमों के साथ–साथ ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम भी पूरे जनपद मे आयोजित कराया जा रहा है। उन्होने समस्त जनपद वासियों से हर घर तिरंगा कार्यक्रम में पूर्ण मनोयोग से सम्मिलित होने की अपील भी की। उन्होने सभी



तैयारियों को मिशन मोड मेपूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द, नगर मजिस्ट्रेट अशीष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री पवन सिंह, सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व राष्ट्रीय महासचिव का सपा पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत जनपद शाहजहांपुर के सदस्यता अभियान के प्रभारी रवि प्रकाश वर्मा पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सपा व पूर्व सांसद जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचे...!जहां उनका निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान सहित पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया इस मौके पर पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सपा व पूर्व सांसद एवं सदस्यता अभियान के जनपद शाहजहांपुर के प्रभारी रवि प्रकाश वर्मा ने कहा समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान हम सभी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को गांव–गांव व बूथ स्तर पर पहुंचकर पार्टी का सदस्य बनाने के साथ–साथ समाजवादी विचारधारा से सीधे जोड़ना है और सदस्यता अभियान पूरी निष्ठा और ईमानदारी से चलाना है समाजवादी पार्टी को स्थानीय चुनाव व लोकसभा में बूथ स्तर पर बहुत मजबूत बनाना है उन्होंने कहा भाजपा की सरकार लगातार देश को लाचार कमजोर और लाचार कर रही है और पूंजी वादियों को बढ़ावा दे रही है उन्होंने कहा 2022 के विधानसभा के चुनाव में सपा को पूरे प्रदेश में 36 : वोट मिला है जिससे कि समाजवादी पार्टी की हर विधानसभा सीट पर हजारों की वोटों की तादाद बड़ी है उन्होंने कहा कार्यकर्ता अभी से ही लोकतांत्रिक समाजवाद वाला देश बनाने का संकल्प लें और पूंजी वादियों ताकतों का विरोध करें आज देश को 4 लोग ही चलाने का काम कर रहे हैं उन्होंने कहा लाचार और बेसहारा गरीब लोगों को भाजपा सरकारों में इंसाफ नहीं मिल पा रहा है और गरीबों को सिर्फ इंसाफ दिलाने का रास्ता समाजवाद के पास ही है..इस मौके पर निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि हम सभी पार्टी के लोगों को सदस्यता अभियान एक आंदोलन के तरीके से पूरा करना है और घर–घर जाकर सदस्यता अभियान के माध्यम से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी की उपलब्धियों व विचारों को जन–जन तक पहुंचाना है. इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव,पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, ददरौल विधानसभा से पूर्व सपा प्रत्याशी राजेश वर्मा,सैयद रिजवान अहमद,पुवाया विधानसभा से पूर्व सपा प्रत्याशी उपेंद्र पाल सिंह, महिला सभा की नि.जिलाध्यक्ष गायत्री वर्मा, काट के पूर्व चेयरमैन



इदरीस खान,, तिलहर के चेयरमैन इमरान खान,नसीम खान, अतिउल्ला सिद्दीकी, डॉक्टर रागिनी सिंह चौहान, डॉक्टर विनोद राठौर, नवनीत यादव, अजीज अहमद खान, गोपाल अग्निहोत्री, प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू, विजय सिंह, बिंदु सिंह,जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव,ओमवीर सिंह सिसोदिया, लल्ला सिंह यादव, रोहित यादव, मनोज यादव,शरद यादव एडवोकेट, अजय पाल राठौर, ओमपाल कुशवाहा, सर्वेश कुमार यादव, मोहम्मद फैसल निवर्तमान जिला सचिव, राम गोपाल राठौर, अजफर अली खान, अफसर मेंबर, गुड्डू मेंबर, मुन्ना मेंबर, कय्यूम मेंबर, शकील मेंबर, राजू सिंह, पूर्व मेंबर मुंतेखा बेग, पूर्व मेंबर असलम अंसारी, आरिफ अंसारी, अनवर शादाब, रफी अंसारी,श्याम लाल जाटव, नाजिम फारुकी, चमन खान, नि.सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि रुशाहनवाज, निसार अहमद, सर्वेश वर्मा, संतोष पाल, अवधेश कुमार पाल, अशोक कुमार यादव, विश्व पाल वर्मा, सौरभ सिंह, योगेश यादव, विपिन यादव, सरदार जगजीत सिंह पांडे, सरदार करमजीत सिंह बग्गा, अमन गुर्जर, शिशित अवस्थी, तालिब खान, इमरान खान, आनंद शुक्ला, प्रसून कुमार, अखिलेश कुमार यादव, वरुण मिश्रा, आकाश यादव, रघुवीर सिंह यादव, मिर्जा मुजफ्फर बेग, मोहसिन इदरीसी, सलीम इदरीसी, फराज खान, नासिर खान,असलम अंसारी,फरहान खान,वाहिद अंसारी, मोनू इदरीसी,तनवीर हसन,संजीव यादव,राजा साहब,सुभान अंसारी, रानू खान, रवि प्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे.मीटिंग का संचालन निवर्तमान सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम ने महिला अस्पताल में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का दवा पिलाकर किया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने आज बुधवार को जिला महिला अस्पताल में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का फीता काटकर तथा बच्चों को दवा पिलाकर किया शुभारंभ। डीएम ने वहां पर उपस्थित सीएमओ डॉ0 रश्मि वर्मा एवं सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ0 सुषमा सिंह



को निर्देश देते हुए कहा कि यह दवा सभी बच्चों को समय से पिलाया जाय, तथा अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों एवं अन्य व्यक्तियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधायें मुहैया करायी जाय। जिससे अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को एवं अन्य व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना होने पाये।

## दिल्ली से सवारी भरकर आ रही बस पलटी कई यात्री घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स विशेश्वरगंज बहराइच बहराइच(बिशेश्वरगंज)। दिल्ली से आ रही सवारियों से भरी बस बुधवार सुबह जलालपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बस पलटने से सवारियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। आप को बताते चलें कि दिल्ली के आनंद विहार से सवारियों को ला रही यूपी 40 A T 3205 बुधवार को विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर के पास पहुंची की तेज रफ्तार होने के अनियंत्रित होकर पलट गई,आसपास के लोगों के मुताबिक बस में 15 से 20 यात्री सवार थे।बस पलटने से सवारियों में अफरा तफरी मच गई। लोग इधर उधर भागने लगे।बस में सवार 26 वर्षीय अली हुसैन पुत्र रसीद निवासी खरगूपुर जिला गोंडा बस में दब गए जिन्हें ग्रामीणों की कड़ी मसक्कत के बाद बाहर निकाला गया।सूचना क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने भी घायलों के सहायतार्थ अपने लोगों को भेजा जो राहत बचाव में बढ़चढ़ कर मदद कर रहे थे।मदद करने वालों में रवी मिश्रा पंकज गिरी सुधाकर उपाध्याय रक्षा राम मधुकर तिवारी अमन उपाध्याय सोनू सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। वहीं घटना के आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की सहायता से नजदीकी स्वास्थ्यकेन्द्र पहुंचाया जहाँ पर डॉक्टरों ने मरीज की हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय बहराइच रेफर कर दिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी ने बताया कि घायलों को हल्की फुल्की चोट आई है। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## बाबू बनकर घूम रहे सफाई कर्मी गाँवो में लगा गंदगी का अंबार



दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय बाबगंज बहराइच। बाबू बनकर घूम रहे सफाई कर्मी गाँवो में लगा गंदगी का अंबार, यह मामला विकास खंड नवाबगंज का है। जहाँ पर स्थित सहायक खण्ड विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय में बाबू का काम कर रहे जबकि अलग अलग ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मी के पदों पर तैनात है। इस पूरे मामले में जब अयोध्या टाइम्स की टीम ने पडताल की तो कुछ ऐसे लोग वहां बाबू गिरी करते दिखे जो ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मी के रूप में तैनात है और वे ग्राम पंचायत सफाई कर्मियों की राह देखते देखते गन्दगी के अम्बारो से भरा हुआ है।

## हर घर तिरंगा, हर गली तिरंगा

- सहायक पंचायत विकास अधिकारी बलहा की अगुवाई में तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवेश कुमार पांडे नानपारा बहराइच। खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार के निर्देशन मे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हमारा देश आजादी का 75 वा वर्ष मनाने जा रहा है। आजादी के इस अमृत महोत्सव को हम सभी भारतीय एक बड़े त्योहार के रूप में मनाने के लिए उत्सुक हैं। झंडा ऊंचा रहे हमारा विजय विश्व तिरंगा प्यारा इस उद्घघोष के साथ आज दिनांक 3 अगस्त 2022 दिन बुधवार को विकासखंड बलहा के ग्राम पंचायत सचिव ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान गण पंचायत मित्र गण सफाई कर्मी और ब्लॉक के कर्मचारियों के साथ मिलकर विकासखंड बलहा से नगर नानपारा होते हुए नानपारा देहाती ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर तक तिरंगा यात्रा निकाली। आज पूरा देश 75 वा आजादी के महोत्सव के लिए उत्साहित है। एडीओ पंचायत मंसाराम यादव ने कहा कि इस पर्व पर हम सभी प्रण लें कि राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव रविंद्र यादव आशीष शर्मा रामनरेश






ग्राम विकास अधिकारी कुमार आशुतोष अमरेश गौतम एडीओ आईएसबी गुलाम जागीर वरिष्ठ सहायक सैयद अनस सरहदी एवं प्रधान माघी अच्छन खा प्रधान प्रतिनिधि सिसवारा बशीर खान प्रधान प्रतिनिधि नानपारा देहाती प्रधान प्रतिनिधि दौलतपुर वसीम अहमद सहित सफाई कर्मी गण पंचायत मित्र गण पंचायत सहायक गणो ने तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली में भाग लिया। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार त्रिपाठी ने विकासखंड बलहा के ग्राम पंचायत वैवाही में तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम 13 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर घर में तिरंगा फहराया जाना है ।

पूरे देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशन में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीणों को अपने अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करें जिससे प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है इस अवसर पर प्रधान श्याम बिहारी शिव बाबू आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कैसे मनाया जाय आजादी का अमृत महोत्सव : राकेश शर्मा



रिपोर्ट देवेश पांडेय दैनिक अयोध्या टाइम्स बाबागंज–बहराइच। विकास खंड नवाबगंज में रोजगार सेवक के अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा जी ने ब्लाक के कर्मचारियों के सौतेले व्यवहार से काफी दुख जाहिर किया है उन्होंने कहा है ,..................सीघ्र होगा रोजगार सेवकों की आजादी का आंदोलन............रोजगार सेवकों के साथ विकास खंड में किया जा रहा सौतेला व्यवहार,,, बिगत 2 माह से नही मिला मानदेय,, जबकि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, और लेखा सहायक ,तथा अन्य कंप्यूटर आपरेटर ने अपना मानदेय विगत 22 जुलाई को ही बना लिया था,और रोजगार सेवकों का मानदेय नही बनाया गया,कल जब मैंने खंड विकास अधिकारी महोदय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया तब महोदय द्वारा केवल 1 माह का मानदेय बनाने का आदेश दिया, जबकि 2 माह का मानदेय बकाया है।

रोजगार सेवकों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है,जबकि विकास खंड में केवल रोजगार सेवकों का उत्पीड़न हो रहा है।इस स्थिति को देखकर रोजगार सेवकों में रोष उत्पन्न हो रहा है, अगर सीघ्र 2 माह का मानदेय नही दिया गया तो जल्द ही विकास खंड पर आंदोलन किया जायेगा।

## दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद में दर्जनों अभियुक्तगिरफ्तार मुकदमा पंजीकृत




दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा जिले की देहात कोतवाली क्षेत्र में बच्चों की बात को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद पर पुलिस ने दर्जनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है जानकारी के अनुसार, 3,8,2022 को क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धानी गांव में दो पक्षों के बीच बच्चों के बात को लेकर आपसी विवाद चल रहा था जिस पर देहात कोतवाली की पुलिस ने करीब दर्जनों लोगों को हिरासत में लेकर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत की है आपको बता दें गिरफ्तार किए गए प्रथम पक्ष के सूर्य नारायण तिवारी पुत्र शिव प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम नारायणपुर मर्दन पुरवा तुषार पुत्र किस मोहन तिवारी निवासी ग्राम नारायणपुर मर्दन पुरवा थाना कोतवाली देहात अमरीश प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम नारायणपुर मर्दन पुरवा विकास पुत्र हौसला प्रसाद निवासी नारायणपुर मर्दन पुरवा थाना कोतवाली देहात वही तृतीय पक्ष अनिल पांडे पुत्र हनुमंत पांडे निवासी ठकुरापुर कोतवाली देहात इकबाल अहमद पुत्र मकबूल अहमद निवासी ठकुरापुर समेत दर्जनों लोग।

## फेसबुक के माध्यम से 70000 की रंगदारी मांगने का आरोपी चढ़ा तरबगंज पुलिस के हत्थे हुई कार्यवाही



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे बता दे उक्त दिए गए निर्देश के क्रम में दिनांक 3,8,2022 को तरबगंज थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है ।

उप निरीक्षक कामेश्वर मय टीम कांस्टेबल हृदय नारायण दीक्षित सर्विलांस सेल हरिओम टंडन साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पूरे 7000000 रुपए की रंगदारी मांगने के आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी महाराजा अग्रसेन नगर सीतापुर रोड लखनऊ को गिरफ्तार किया है आपको बता दें पकड़े गए आरोपी के कब्जे से लैपटॉप मोबाइल फोन 12 सो रुपए बरामद किया है जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी तरबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले रामू सिंह से फेसबुक के माध्यम से उसके लड़के की सलामती के लिए पूरे 7000000 रुपए रंगदारी मांगी थी वहीं पकड़े गए आरोपी पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की है।

## डीएम ने ढेमवाघाट बाढ़ क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोण्डा बुधवार को डा0 उज्ज्वल कुमार ने तहसील तरबगंज के अन्तर्गत ढेमवाघाट बाढ़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर बाढ़ से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं तथा बाढ़ से संबंधित सारी व्यवस्था कर ली गई हैं। उन्होंने कहा है कि बाढ़ खण्ड सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से संबंधित पूरी तैयारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं कि इसके आस–पास के गावों में रहने वाले लोगों को बाढ़ से किसी प्रकार से कोई समस्या न होने पाये। उन्होंने बाढ़खंड अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ चौकियों के साथ–साथ बाढ़ से संबंधित अन्य सारी व्यवस्थायें रहें। जिससे बाढ़ से किसी को कोई दिक्कत न होने पाये। उन्होंने कहा है कि अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय बनाकर तैयारी कर लें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी शत्रोहन पाठक, एक्सईएन प्रान्तीय खण्ड लाल जी, एसओ नवाबगंज, चौकी इंचार्ज ढेमवाघाट, तथा बाढ़ खण्ड के अधिकारी विश्वनाथ शुक्ला सहित विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला अधिकारी से सड़क बनवाने की छात्र नेता ने की अपील सौंपा ज्ञापन



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश गोण्डा–(आर्यनगर)। सड़क की दुर्दशा देखते को लेकर छात्र नेता व समाज सेवक अंकित शुक्ला ने जिला अधिकारी उज्ज्वल कुमार को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता को सौंपा जिसमे मांग उठाई गई है। कि कौड़िया चौराहा से चन्दवतपुर घाट तक जाने वाला मार्ग गड्ढे में तब्दील हो चुका है। जिससे आये दिन लोग चोटिल हो रहे है,जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुये तत्काल सड़क का निर्माण कराने की अपील लागातार एक साल से किया जा रहा है। कौड़िया रेलवे क्रासिंग के पास से नहर होते हुये पठान पुरवा तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराने, अथवा बेलवा बाजार को जोड़ने वाली मार्ग व पुल का मरम्मत कराने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है। कि एक सप्ताह में यदि मांगे पूरी नही, हुई तो धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे।

## 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत आयोजित तिरंगा दौड़ का किया गया भव्य स्वागत



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। बुधवार को 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल , नानपारा ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत आयोजित तिरंगा दौड़ 70 वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र से होकर 59 वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र गुर्तिहा में प्रवेश किया । जिसके दौरान श्री स्वर्णजीत शर्मा कमांडेंट 59 वी ने उनका भव्य स्वागत किया । तदोपरांत कमांडेंट 5 9 वी वाहिनी , अधिकरी/बलकर्मिक , सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण व छात्र/छात्राओं के उपस्थिति में 70 वी वाहिनी के उप कमांडेंट श्री सचिन कुमार ने 59 वी वाहिनी के उप कमांडेंट श्री वैभव को राष्ट्रीय ध्वज सौपा । इसके बाद कमांडेंट 59 वी वाहिनी स.सी. ब . नानपारा ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा दौड़ को आगे के लिए रवाना किया। इस दौड़ में स.सी.ब. बलकर्मियों सहित सीमावर्ती क्षेत्र के सैकड़ो महिला/पुरुष व स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया । श्री स्वर्णजीत शर्मा , कमांडेंट 59 वीं वाहिनी स.सी.ब. नानपारा ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत आयोजित यह तिरंगा दौड़ दिनांक 01.08.2022 से तृतीय वाहिनी के चंदनपुर सीमाचौकी से आरंभ होकर 14.08.2022 को सोनौली सीमाचौकी 22 वीं वाहिनी महाराजगंज में संपन्न होगी । यह दौड़ सीमावर्ती क्षेत्रो से होते हुए तिरंगा के माहंता व ध्वज संहिता के प्रति जागरूकता और देशभक्ति की अलख जगाते हुए आगे बढ़ेगी । तिरंगा दौड़ 59 वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र से दिनांक 03 अगस्त , 2022 को मुर्तिहा चौक से शुभारंभ होकर सीमावर्ती क्षेत्रो से होते हुए दिन का पहला पड़ाव बलाईगाँव में करेगी । उसके बाद दिनांक 04 अगस्त , 2022 को बलाईगाँव से सुबह दौड़ सीमावर्ती क्षेत्रो से होते अपना दूसरा पड़ाव मंडाला सीमाचौकी में करेगी । तदोपरांत दिनांक 05.08.2022 को 42 वी वाहिनी स.सी. ब . के सीमाचौकी कोडिया के कार्यक्षेत्र में प्रवेश करेगी इस कार्यक्रम में श्री वैभव , उप कमांडेंट श्री अशोक कुंडू , सहायक कमांडेंट श्री रमेश चंदर , सहायक कमांडेंट , निरीक्षक ( सा . ) मदन लाल , निरीक्षक ( सा . ) जी सोलेमन , निरीक्षक ( सा . ) सुग्रीव प्रसाद , निरीक्षक ( सा . ) प्रदीप घोष , निरीक्षक ( सा . ) ज्ञान चंद , श्री प्रसाद ग्राम प्रधान ( मुर्तिहा ) , श्री बलवंत सिंह प्रधानाचार्य , माध्यमिक विद्यालय सलारपुर , सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण , छात्र/ छात्रओं , मीडिया गण व वाहिनी के अन्य बलकर्मिक उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मनाया गया साइबर जागरूकता दिवस



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ''साइबर जागरूकता दिवस'' पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में बलइमत ूंतमदमे का सेमीनार आयोजित कर बलइमत ूंतमदमे से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया। साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडित, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्कध्हेल्पलाइन नम्बरध्वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें।

## अपर पुलिस अधीक्षण में अंगुष्ठ छाप कार्यालय का किया निरीक्षण संबंधित को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज ने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली का निरीक्षण कर कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगणो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद गोण्डा के पुलिस कार्यालय स्थापित राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली ने सुचारू रूप से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है इसमें कार्यरत सभी



पुलिस कर्मीयों को भारत सरकार द्वारा संचालित अगुंलि चिन्ह ब्यूरो उत्तर प्रदेश ने प्रशिक्षित किया है इन प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा जनपद में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये अपराधियों के फिंगर प्रिंट, फोटोग्राफ व अन्य पहचान इकठ्ठे किये जा रहे है। जनपद में घटित चोरी, नकबजनी, लूट, हत्या जैसी जघन्य आदि अपराध में मौके पर फिल्ड यूनिट के अधिकारी/कर्मचारीगण जाकर कर चान्स फिंगर प्रिंट इक्कठे कर रहे है जिससे राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली द्वारा तुरन्त अपराधियों का पता चल जा रहा है।

## कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने आज बुधवार को विकासखंड झंझरी के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले विद्यालय में अध्यापक के उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया उसके बाद विद्यालय के कक्षा 3, 4 व 6 में जाकर बच्चों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों से यह पूछा गया कि आप लोगों को खाने में क्या मिला है बच्चों ने बताया कि दूध और तहरी, बच्चों के बताने के बाद खाने की मीनू को चेक किया गया तो सही पाया गया। डीएम ने बच्चों से भारत के झण्डा के बारे में पूछा और बच्चों ने डीएम को बताया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने दूसरे क्लास में जाकर वहां के बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर सवाल बारे में जानकारी ली तथा बच्चों ने सवाल को जोड़ कर डीएम को दिखाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कक्षा तीन में जाकर ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बचच्चों को पढ़ाया तथा वहां पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका एवं अन्य अध्यापक को निर्देश दिए हैं कि बच्चों को बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ाया जाय और इनके खान–पान पर विशेष ध्यान रखा जाय तथा सभी बच्चों को



प्रेरित किया जाय कि सभी बच्चे स्कूल के ड्रेस में पढ़ने आये। इसके साथ ही डीएम ने सभी बच्चों को हर घर तिरंगा के बारे में बताया और कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक अपने–अपने घर पर तिरंगा को सही से लगाया जाय। उन्होंने कहा कि यहां पर पढ़ रहे बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाय एवं बच्चों को मिलने वाली सारी सुविधाएं समय से मुहैया कराई जाय। इसमें किसी ने किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बालक रोहित को मिली गोद

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश । गोण्डा जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया है कि थाना कोतवाली क्षेत्र में लावारिस हालात में मिले बालक को गोद मिला है।

बुधवार को जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार ने नई दिल्ली के एक दम्पत्ति को बालक रोहित को गोद दिया। डीएम ने दम्पत्ति से अपील कि वे बच्चे का ध्यान रखेंगें। उसके स्वास्थ्य व शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि माह मार्च 2021 में बालक लावारिस हालत में मिला था, जिसे पुलिस व चाइल्ड लाइन द्वारा बाल कल्याण समिति गोण्डा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल



कल्याण समिति के आदेश पर बालक को विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में आवासित कराया गया था। बालक के परिजनों के खोजबीन के बाद कोई विधिक दावेदार या परिजन न मिलने पर बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालक को गोद दिये जाने हेतु लीगली फ्री किया गया था, जिस पर कारा के गाइडलाइन के अनुसार रोहित का आनलाइन मैपिंग के बाद गोद देने की प्रक्रिया की गयी। परिजन जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय व बाल कल्याण समिति कार्यालय में भी जाकर अधिकारियों से मिले। इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, सदस्य रामकृपाल शुक्ला, राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, अखलाक अहमद, कुबेरराम, उपेन्द्र श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक दीपक दूबे, स्टेनो मनोज उपाध्याय, शिवगोविन्द वर्मा, राजकुमार आर्य, अंकित कुमार पाण्डेय, सपना श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, प्रियंका उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## किसी बड़ी अनहोनी को दावत दे रहा मुडेरवा का बीयर व देसी शराब की दुकान

- आबकारी अधिकारी बोले जांच कराकर जल्द अलग शिफ्ट की जाएगी दोनों दुकाने

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। आबकारी अधिकारियों के अनदेखी को लेकर मुख्यालय से चौदह किलोमीटर दूर स्थित मुंडेरवा कला की देसी शराब व बियर की दुकान के दोनों तरफ पानी भरा हुआ है और दुकान के ठेकेदार द्वारा गोंडा बहराइच हाईवे मार्ग से शराब की दुकान तक पहुंचने के लिए खेतों में जेसीबी द्वारा कच्ची सड़क मार्ग की पटाई करा दी गई है जिसमें दोनों तरफ बड़े–बड़े गड्ढे हैं और तीन फीट का छोटा सा रास्ता है उसी पर शराब पीने के बाद जब लोग नशे की हालात में होते हैं तो बरसात होने के कारण फिसल जाते हैं और उसी गड्ढे में जा गिरते हैं। वहीं के रहने वाले अर्जुन व ननके ने बताया कि सड़क की हालत बहुत खराब है ठेकेदार ने जेसीबी से सड़क पटवा दिया है और दोनों तरफ बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं बरसात के कारण रास्ता बहुत खराब है और दुकान के तीनों तरफ पानी भरा हुआ है लोग जब शराब पीकर निकलते हैं तो बिछला कर उसी गड्ढे में गिर जाते हैं इसलिए इस दुकान को हटाकर कहीं अन्य स्थान पर कर दिया जाए जिससे किसी व्यक्ति की डूबकर कोई अनहोनी ना हो मुंडेरवा के प्रधान प्रतिनिधि मुरली दुबे ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मिट्टी पटाई की गई है बरसात का समय चल रहा है इसी वजह से कीचड़ हो जाता है




सड़क के अगल–बगल बड़े–बड़े गड्ढे हैं उसमें भारी मात्रा में पानी भरा हुआ है श्री दुबे ने यहां तक बताया कि मेरी शराब की दुकान के ठेकेदार से बात हुई है उन्होंने बताया है कि उच्च अधिकारियों से बात कर दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट कराया जाएगा आबकारी अधिकारी उमेश कुमार पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है इस्पेक्टर को भेजकर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## दिव्यांगजनो के लिए लगातार जारी योजनाएं यू0डी0 आईडी कार्ड बनवा कर पेंशन का लाभ उठाएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली।



जनपद रायबरेली में साईं बाबा दिव्यांग संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल शिव कुमार सिंह ने अपील की है कि जो भी दिव्यांगजन पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं उनके अभी तक यूडी आईडी कार्ड नहीं बने हैं यूडी आईडी कार्ड बनवाने के लिए दिव्यांगजन को जन सुविधा केंद्र में विकलांग प्रमाण पत्र आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं एक फोटो लेकर जाएं और ऑनलाइन करवाएं जो लोग जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली के यहां नहीं पहुंच सकते हैं वे लोग अपने पास के किसी भी कंप्यूटर की दुकान से अगर ऑनलाइन कारवाले यूडी आई डी कार्ड बनने के बाद दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रायबरेली विकास भवन में जाकर सत्यापित करवा दे अगर किसी को कोई भी परेशानी हो रही है तो इस नंबर पर संपर्क करें 7571 81 7033 साईं बाबा दिव्यांग संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल शिव कुमार सिंह की ओर से बार–बार अपील की जाती है कि दिव्यांग लोग अपना–अपना यूडी आईडी कार्ड एवं केवाईसी ऑनलाइन करवा कर तुरंत पेंशन का लाभ उठाएं।

## बाल स्वस्थ्य पोषण माह का शुभारंभ

पवन कुमार रूदौली अयोध्या। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र रूदौली में बाल स्वस्थ्य पोषण माह का शुभारंभ विधायक राम चन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर कहा कि बच्चो के स्वस्थ्य के सही देखभाल से शारीरिक मानसिक विकास होता है।शारीरिक और मानसिक विकास शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। कहा कि आम तौर पर बच्चो के देखभाल में छोटीछोटी बातों को नजर अंदाज किया जाता है।अधीक्षक डॉ मदन बरनवाल ने कहा कि बुधवार से बाल स्वस्थ पोषण एक माह के लिए मनाया जाएगा।3 अगस्त से 2 सितम्बर तक 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चो को विटामिन ए की डोज पिलाई जाएगी।इस मौके पर डॉ प्रियंका यादव,डॉ संजय सिंह एएनएम आशा सिंह मौजूद रही।



## जिला जज ने ग्राम न्यायालय का किया उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

रुदौली–अयोध्या। तहसील रूदौली के ग्रामीण न्यायालय का उद्घाटन जिला जज संजीव फौजदार ने मंगलवार को फीता काटकर किया। न्यायिक प्रक्रिया को आसान और सुलभ बनाने के लिये ग्रामीण न्यायालयों की स्थापना की गई है।समय सीमा में वाद का निपटारा और कोर्ट में दो साल तक की सजा वाले मुकदमें,बिजली चोरी125–सीआरपीसी, मोटरसाइकिल चालान आदि मुकदमे की सुनवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप सिंह,न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय पंकज कुमार के अलावा उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव,खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता,बार ऐशोशियशन के अध्यक्ष अली हैदर,महामंत्री सालिक राम यादव(महेश),पूर्व अध्यक्ष प्रमोद द्वेदी,सर्वदमन पांडेय,कुलभूषण यादव,आदि सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

## राज्य ग्रामीण आजीविका मीशन महिला समूह के द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के अंतर्गत आज बेहटा ब्लॉक परिसर से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आजादी का अमर्त महोत्सव के अंतर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाए जा रहे समूह की महिलाओ ने हर घर तिरंगा की रैली निकाल कर जागरूक लोगो को जागरूक किया गया इस आयोजन रैली मे आयोजक ब्लॉक मिशन प्रबन्धन इकाई एडीओ एस पी समूह अध्यक्ष व समूह महिलाओ के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन हुआ।


## शारदा नदी मे समाई कई बीगहे जमीन हुई जलमग्न

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के ग्राम मानपुर मल्लापुर मे शारदा नदी का कहर जारी है कई एकड बीगहे जमीन इस नदी मे जलमग्न हो गई है लोगो मे दहशत का माहौल बना हुआ है लोग मायूस होकर हतास हो रहे है जानवरो का चारा भी लाना मुश्किल हो गया है नाव के सहारे उस पार जाते चारा लेने इस गांव की सुधि लेने वाला कोई नही है लोगो मे डर का माहौल बना हुआ है अगर हमारे घर कट गए तो हम लोग कहा अपना जीवन यापन करेगे क्या अपने घर परिवार को चला पाएगे जब हमारी सारी जमीन घर सब नदी मे कट जाएगा तो हमारा कैसे जीवन यापन होगा हमारा शासन प्रशासन भी हमारी मदद के लिए नही आता है।



## आजाद स्पोर्ट्स क्लब की जीत में बिपिन चमके

संवाददाताअयोध्या टाइम्स। सुरियावां क्षेत्र के मेढ़ी ग्राउंड पर आजाद स्पोर्ट्स क्लब व जीबी पंत फाउंडेशन क्लब परसीपुर के बीच एक दोस्ताना मैच खेला गया जिसमें आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने जीबी पंत को 42 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने निर्धारित 35 ओवर के मैच 9 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए जिसमें अवनीश मिश्रा ने नाबाद 47 रन, दुर्गा चरण



शुक्ला ने 37 रन, शिवम वर्मा ने 22 रन, प्रियांशु यादव ने 21 रन तथा मो साहिल ने 18 रनों का योगदान किया जी बी पंत की तरफ से गेंदबाजी में अवनीश यादव व सुन्दरम ने दो– दो विकेट लिए।

जवाब में उतरी जी बी पंत फेडरेशन की टीम 32वे ओवर में सभी विकेट खोकर 141 रन बना सकी। इस तरह से 42 से हार गई। जीबी पंत फाउंडेशन की तरफ से बल्लेबाजी में हेमंत ने 40 रन, अनूप ने21 रन व सुंदरम ने 18 रनो का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से विपिन पांडे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए इसके अलावा सोनू 2 विकेट,अंश यादव व शिवम वर्मा को एक–एक सफलता मिली। इस दौरान मैच को देखने के लिए दशक भी काफी संख्या में मौजूद रहे।मैच के निर्णायक गोविंद यादव ऋषभ मिश्रा,स्कोरर अभय बिंद रहे।

# महंत परमहंसाचार्य को पुलिस ने घर में किया नजरबंद

- मुस्लिम स्कूल के सामने पढ़ने वाले थें हनुमान चालीसा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। तपस्वी छावनी के महंत जगद्गुरु परमहंसाचार्य को बुधवार को पुलिस ने घर में नजरबंद कर दिया। वह रौनाही स्थित फैज ए आम मुस्लिम इंटर कॉलेज में मंगलवार को दो युवकों में हिंदू–मुस्लिम को लेकर बहस छिड़ गया जिसके बाद हिंदू छात्र का नाम स्कूल से काट दिया गया। इसी विवाद से महंत जगद्गुरु परमहंसाचार्य नाराज चल रहे थे और रौहानी जा कर हनुमान चालीसा पढ़ने की तैयारी में थे।जब प्रशासन को परमहंसाचार्य के फैज ए आम मुस्लिम इंटर कॉलेज जाने की भनक मिली तो वे सकते में आ गए। जिसके बाद अयोध्या डीएसपी सुरक्षा बलों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्हें जाने से रोका। यूपी पुलिस ने उन्हें घर में नजरबंद किया है। इस घटना के बाद जगद्गुरु परमहंसाचार्य ने कहा कि रौनाही स्थित मुस्लिम स्कूल में मुगल आक्रमणकारियों की तारीफ की जा रही है और जब हिंदू बच्चे विरोध कर रहे हैं तो स्कूल से उनका नाम काटकर टीसी थमा दिया जा रहा है। रौनाही जाने को लेकर उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो इसलिए वे मुस्लिम इंटर कॉलेज जा रहे थे। परमहंस ने सीएम योगी आदित्यनाथ से इस मामले को संज्ञान में लेने और स्कूल की मान्यता रद्द की अपील की है। जगद्गुरु परमहंसाचार्य ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन संतोषजनक कार्रवाई नहीं की तो वे विद्यालय जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

# बाल स्वास्थ्य पोषण माह शिविर का हुआ शुभारम्भ



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। जनपद के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अबुसराय में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व मुख्य अधिकारी अजय राजा के संयुक्त रूप से बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बच्चो को विटमिन की दवा पिलाकर शिविर का शुभारम्भ किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शिविर में आये बच्चो को विटमिन ए की खुराक अवश्य दी जाए और बाल स्वास्थ्य पोषण माह के प्रति लोगो को जागरूक किया जाये। शिविर में आये बच्चो को विटामिन ए की खुराक दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन अगस्त से तीन सितम्बर तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने के लिए अभियान चलया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह के का आयोजन बुधवार आरम्भ हुआ। तीन अगस्त से तीन सितम्बर तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने के लिए अभियान चलया जायेगा। अभियान में 9 से 12 माह तक बच्चों की संख्या 16859 , 2 वर्ष से 5 वर्ष तक बच्चों की संख्या 211002 व 1 वर्ष से 2 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 63529 इतनी है इन बच्चो को अभियान के दौरान विटमिन ए की खुराक पिलाई जायेगी। 9 माह से 12 माह तक के बच्चों को 1उस, और 12 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए 2 उस विटमिन ए खुराक पिलाई जायेगी।

बाल स्वास्थ्य पोषण माह एक माह के अभियान में कुल अनुमानित जनसंख्या 9 माह से 5 वर्ष के 2 लाख 91 हजार 390 बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादन किया जाना है विटामिन ए की खुराक पिलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित शत प्रतिशत बच्चो को आच्छादन किया जाना है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ध् नोडल डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि 9 माह से पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु दर में कमी, बीमारी की दर में कमी व कुपोषण से बचाव के लिए बाल स्वास्थ्य पोषण माह का प्रथम चरण चलाया जा रहा है द्य जिसके लिए विभागीय स्तर से पूरी तैयारियां कर ली गई है ।इस दौरान लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने के साथ ही उनका टीकाकरण भी कराने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार व शनिवार को लक्षित बच्चो को विटामिन ए की खुराक के साथ ही बच्चों का टीकाकरण और अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका बेहतर उपचार करना या उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र तक पहुंचाने के साथ ही स्तनपान को बढ़ावा देना और आयोडीन युक्त नमक का प्रयोग करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना है ताकि इसका लाभ व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके । विटामिन ए की कमी से अंधापन , आंखों में सूखापन, रूखे बाल, सूखी त्वाचा, बार–बार सर्दी–जुकाम, थकान, कमजोरी, नींद न आना, रतोंधी, निमोनिया और वजन में कमी होने जैसी कई परेशानियां झेलनी पड़ जाती हैं। ऐसे विटामिन ए की कमी से अंधापन, आंखों में सूखापन, रूखे बाल, सूखी त्वैचा, बार–बार सर्दी–जुकाम, थकान, कमजोरी, नींद न आना, रतोंधी, निमोनिया और वजन में कमी होने जैसी कई परेशानियां झेलनी पड़ जाती हैं। ऐसे में इन रोगों से ग्रस्त रहने से बचने के लिए शरीर में विटामिन ए की कमी की पूर्ति करना काफी आवश्यक हो जाता है. सब्जियों और फलों के सेवन से आसानी से विटामिन ए की पूर्ति की जा सकती है। शरीर में विटामिन ए की भरपाई करने के लिए अंडा, दूध, गाजर, पीली या नारंगी सब्जियां, पालक, स्वीट पोटेटो, पपीता, दही, सोयाबीन और दूसरी पत्तेदार हरी सब्जियां का सेवन किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ,जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ध् नोडल डॉ. दिलीप सिंह, शहरी नोडल एनयूएचएम डॉ राम मणि शुक्ला , अबुसराय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सूरज सिंह , डीपीएम राम प्रकाश पटेल, डीसीपीएम् अमित कुमार, , एपिडेमोलाजिस्ट डॉ.अरविंद श्रीवास्तव, मनोज त्रिपाठी यूआईपी , एनयूएचएम के शहरी समन्वयक सुशील वर्मा , जिला कोल्ड चेन मैनेजर कौशलेंद्र सिंह, एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ नर्स एएनएम् और आशा बहु एवं आगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आखिर इन गोवंशों की हत्या का कौन होगा जिम्मेदार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

- चौथे दिन भी गोवंशो के मरने का नहीं रुक रहा सिलसिला
- भूख से तड़प तड़प कर गोवंशो की जा रही जाने



रायबरेलीं। लगातार चौथे दिन गौशाला में गौवंशों की मौत का सिलसिला जारी। दो दर्जन से अधिक गौवंशों की मौत।चार गौवंशो के शव 'आज दिनांक 3/8/2022 को मृत गौवंशो को गौशाला से निकाल कर सड़ने के लिये बाहर खुले मे फेखा बारिश का पानी दूषित हो ग्राम बखतखेर अंदर आबादी घुस रहा संक्रमण बढ़ने की सम्भावना।' चार दिन में 26 गौवंशो की मौत। आंकड़े छुपाने में माहिर स्थानीय प्रशासन को एक सप्ताह पूर्व गौशाला में चारा खत्म होने की नहीं लगी भनक। साफ–सफाई न होने से भूख से बेहाल कमजोर गौचरों की कीचड़ व दलदल में फंसकर हो रही दर्दनाक मौत। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बखतखेर मजरे मोन गांव स्थित गौशाला का मामला।।


इन गोवंशों की हत्या के पीछे किसका हाथ और इन हत्याओं का कौन होगा जिम्मेदार माननीय योगी आदित्यनाथ जी से सवाल पूछना चाहती है महराजगंज क्षेत्र की जनता, और जानवरों के शव से गौशाला कर्मचारी खुले में छोड़कर कर रहे खिलवाड़ आम जनमानस के लिए बीमारी को दे रहे हैं बढ़ावा।।

# सीमा विस्तार में चयनित गाँवों की सूची न्यायसंगत : रामचंद्र यादव

रुदौली–अयोध्या। रूदौली नगर पालिका के सीमा विस्तार को लेकर विस्तार की सूची में आने वाले ग्रामवासियों में अत्यंत उत्साह व खुशी देखने को मिल रही है । सीमा विस्तार के सूत्रधार विधायक रामचंद्र यादव का सीमा विस्तार की अधिसूचना जारी होने के दिन से लेकर आज तक प्रतिदिन लगातार किसी न किसी गाँव के ग्रामवासियों द्वारा उनका स्वागत व अभिनन्दन करना इस बात का जीता जागता प्रमाण है कि ग्रामवासी इस सीमा विस्तार से अत्यंत प्रसन्न हैं। स्वागत व अभिनन्दन की इसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम जहानपुर में ग्रामवासियों द्वारा विधायक रामचंद्र यादव का बड़ी गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए विधायक ने कहा कि नगर पालिका के सीमा विस्तार क्षेत्र में तहसील मुख्यालय, ब्लाक मुख्यालय, पूरी जनपद में सबसे अच्छी सेवा देने वाली सीएचसी, रजिस्ट्री ऑफिस, रेलवे स्टेशन सहित इसी क्षेत्र में किसानों की इतनी बड़ी मंडी स्थित है, तो यदि नगर पालिका की सीमा विस्तार में इस क्षेत्र के गांवों को शामिल किया गया है तो इसमें सरकार द्वारा क्या गलत किया गया है ।

उन्होंने कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं उन्हें इस बात का पता होना चाहिये कि यदि रूदौली नगर के मध्य से लिया जाय तो जहानपुर,डेहवा,जसमड, खैरनपुर,लखीमपुर व सराय पीर सभी गांव नगर पालिका की सीमा में आते है। विधायक ने कहा कि अपने निजी हितों की चिंता में जो लोग इस सीमा विस्तार का विरोध कर रहे हैं वो विकास विरोधी लोग हैं जिन्हें जनता पहचान चुकी है वो अब इनके मनसूबे कभी नहीं पूरा होनें देगी क्योंकि जनता ही जनार्दन है, इस दौरान विधायक ने ग्रामवासियों को लड्डू खिलाकर उन्हें ग्रामीण से शहरी बनने की अग्रिम बधाई भी दी।कार्यक्रम में उपस्थित बूथ अध्यक्ष राम औतार, धर्मेंद्र कुमार, पवन कुमार, सत्यनाम लोधी, भाई लाल लोधी, विपति राजपूत, लल्लू राजपूत, रामनरेश रावत, अर्जुन बीडीसी ने कहा कि नगर पालिका के सीमा विस्तार से अब हम सभी ग्रामवासियों को भी शहरी योजनाओं के विकास का लाभ मिलेगा । कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया । कार्यक्रम के समापन के पश्चात विधायक जहानपुर निवासी लल्लू राजपूत की बीमार माँ का हाल चाल जानने उनके घर पहुँचे जहां उन्होंने लल्लू



की माँ से बातचीत की तथा उनके बेटे को माता जी का अच्छे से अच्छा इलाज कराने की सलाह दी साथ ही उन्होंने इलाज में हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया । इस दौरान विधायक के साथ भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, संजय अग्रवाल, विजय तिवारी, प्रहलाद तिवारी, आशीर्वाद गुप्ता, धर्मेंद्र मिश्रा, भाजयुमो मंडल महामंत्री अतुल पाण्डे, पिछडा वर्ग मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष हरीओम गुप्ता, प्रदीप यादव, तिलक राम राजपूत, विकास, हरिराम आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान मेला, प्रदर्शनी व खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का डीएम ने किया शुभारम्भ

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय परिसर व गांधी सभागार में किसान मेला प्रदर्शनी व खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों व निजी संस्थाओं व कृषकों द्वारा लगाई गई योजनाओं/उत्पादों के स्टाल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जन कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य व कृषकों तक सुचारू रूप से पहुंचाने व व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये।नितीश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को



लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कृषकों में रसायनिक खेती के दुष्प्रभाव को बताया।

साथ ही उनसे खेती में रसायनिक खादों का कम से कम प्रयोग करने व जैविक विधियों के माध्यम से कम लागत में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उत्पादित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनपद स्तर जनूपदीय एवं तहसील स्तर पर तहसील प्रयोगशालायें स्थापित की गई हैं।किसान अपने खेत से चार से पांच स्थानों से साधारण मिट्टी को अच्छी तरह मिलाकर कम से कम 500 ग्राम मिट्टी लेकर मृदा नमूना भेजकर चेक कराएं, ताकि उन्हें पता चल सके खेत में कौन सी फसल ली जानी है, ताकि उसी के अनुसार उर्वरक की संस्तुति की जा सके। प्रत्येक मृदा नमूना के विश्लेषण हेतु विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर मृदा परीक्षण अपने नजदीकी मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं में मिट्टी की जांच करा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, किसान विकास केंद्र मसौधा के वैज्ञानिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में हुई हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

बीकापुर अयोध्या। मारपीट बलवा हत्या के आरोपियों को खास मुखबिर की सूचना पर शेरपुर पारा बाजार से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को सेमरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गई थी इस घटना में 35 वर्षीय व्यक्ति की हत्या हो गई। इस मामले में बीकापुर पुलिस ने बुधवार को मारपीट बलवा हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर सेमरा गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसी क्रम में एक व्यक्ति विवेक कुमार उम्र 35 पुत्र राजकुमार निवासी हैबतपुर थाना कोतवाली अयोध्या की मौत हो गई तथा 6 लोग घायल हो गए थे। पीड़ित परिजन की तहरीर पर 1 दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 313/22 धारा 147, 148, 149, 504 ,323, 307 ,302, 427 का मुकदमा दर्ज किया है हत्या में आरोपित अनिल पुत्र मायाराम, सोनू वर्मा पुत्र भारत, भारत पुत्र खदेरू ,रवि शंकर पुत्र



गंगा प्रसाद निवासीगण सेमरा थाना कोतवाली बीकापुर को गिरफ्तार किया गया और मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव, निरीक्षक राघवेंद्र यादव ,उप निरीक्षक दिवाकर कुमार ,कांस्टेबल सचिन सिंह, मनोज पांडे, दिनेश पाल, महिला कांस्टेबल रिचा सिंह ,सुमन यादव आदि पुलिस टीम शामिल रही।

# ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को दिया पुरस्कार

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

- हर घर तिरंगा सप्ताह में घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने हेतु किया प्रेरित

संत कबीर नगर। आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृखला में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल ने ग्रामीण खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया । यह खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता जगत गुरू शंकराचार्य इण्टर कॉलेज मेंहदावल के प्रांगण में किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाख करने वालों पुरस्कार दिया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने किया ।प्रतियोगिता



के समापन पर संयोजिका क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी मेंहदावल आराधना द्विवेदी ने बालक – बालिकाओं को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया । क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बच्चों को बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में हर घर तिरंगा सप्ताह मनाया जाएगा । आप सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और दूसरों को भी उनके घरोंध्प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करें । इस दौरान शेषनाथ चौधरी , ब्लाक कमाण्डर बेलहर कला गोरख प्रसाद , राजकुमार उपाध्याय , राजेन्द्र प्रसाद , रामशंकर मिश्र , सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

# शुरू होगा रायबरेली शहर के कैपिटल सिनेमा हश्ल मे राज शहंशाह जादूगर और सुनील कुमार शर्मा का जादू

रायबरेली ब्यूरो। रायबरेली शहर के कैपिटल सिनेमा हाल मे शुरू होने जा रहा राज शहंशाह और सुनील कुमार शर्मा जादूगर का जादू आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दीया जानकारी। आपको बता दे की रायबरेली मे राज शहंशाह और जादूगर सुनील कुमार शर्मा दिखाएंगे जादू और ये ही मुख्य रूप से किरदार निभा रहे है इनका निवास ग्राम खमरिया कला गैपुरा जनपद मिर्जापुर के रहने वाले और आज से लगभग 10 वर्ष पूर्व अपने गुरु जादूगर ओपी शर्मा से जादू सीखने के लिए गए और 3 वर्ष की कड़ी मेहनत करके यह सफलता हासिल किया जादू के बारे मे जादूगर राज शहंशाह का कहना है कि जादू सर्वोत्तम मनोरंजन की कला है क्योंकि जादू इंद्रजाल से बना हुआ है और यह 16 कलाओं एवं 64 गुणों मे से निकला है जादू से लोगो का स्वास्थ्य मनोरंजन ही नहीं अपितु सामाजिक बुराइयो एवं कुरीतियो को खत्म करने का प्रयास किया जाता है जादूगर राज के द्वारा लगभग 7 वर्ष से अधिक समय स्टेज जादू सो का प्रदर्शन करते हुए आ रहे है। और अब तक लगभग 10,000 से अधिक सो कर भी चुके है। इसी मौके पर प्रेस वार्ता के दौरान जादूगर के द्वारा बताया गया की रायबरेली जनपद के लिए मुख्य आकर्षण जिंदा इंसान को तोप से उड़ाना, हवा मे झूलती हुई लड़की, इच्छाधारी नागिन, लड़की बनी




खूंखार जानवर, हवा मे झूलता हुआ मिश्र का शहजादा, फोल्डिंग लेडीज, और भी बहुत से हैरतअंगेज कारनामे लेकर आपके क्षेत्र रायबरेली मे पहली बार आए हैं। और आपके शहर मे लोगों से बात करके प्यार मिल रहा है और मेरी इच्छा थी कि रायबरेली मे अपना शो करे इसलिए मै पूरी लगन के साथ रायबरेली मे अपना शो करूंगा ज्यादा से ज्यादा लोगो का आकर्षित करने की कोशिश करूंगा।

# आजादी की लड़ाई में बहराइच ने दिया है बड़ा योगदान : मेजर डश. एस. पी. सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। भारत की आजादी की लड़ाई में बहराइच जनपद का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति के अमर बलिदानी चहलारी नरेश बलभद्र सिंह की वीरता और शौर्य की गाथा स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। महाविद्यालय की स्थापना स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर हुकुम सिंह बिसेन ने की थी। आज हम आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर इन अमर सेनानियों को याद कर रहे हैं। यह महापर्व हमारा महाविद्यालय भी पिछले एक वर्ष से



विभिन्न अवसरों पर कार्यक्रमों का आयोजन करके मना रहा है। हम अपने छात्र छात्राओं में राष्ट्रीय भावना का संचार करने के लिए आने वाले दिनों में राष्ट्रीय भावना से प्रेरित कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। ये विचार किसान पी.जी. कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एस.पी. सिंह ने आजादी के पर जिले के योगदान को याद करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह ने मेजर सिंह को राष्ट्रध्वज और गंगाजल भेंट किया। इस कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, अमित सिंह राठौर, डॉ. राहुल सिंह, विशाल सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव विशाल कश्यप, मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह सहित अनेक शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मंहगाई को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को संपन्न कराने के लिए विचार विमर्श किया गया। महंगाई को लेकर 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन तथा 9 से 15 अगस्त तक बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में होने वाली पदयात्रा के बारे में रणनीति बनाई गई। बैठक में आगामी निकाय चुनाव पर भी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 5 तारीख को महंगाई के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। 9 से 15 अगस्त तक चलने वाली पदयात्रा में सभी लोग पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रवण शुक्ला, जमुना शुक्ला, विजय मणि त्रिपाठी, राकेश वर्मा, अनु शुक्ला, सविता पाल, निर्मला भारती, अनिल गुप्ता, अनिल यादव, चुनवादप्रसाद, कुलदीप मिश्रा, मानवेंद्र पटेल, पुरुषोत्तम यादव आदि मौजूद रहे।

### अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार


चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार शर्मा के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त रामनरेश पुत्र देवीदयाल निवासी चिल्लीमल थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 1 किलो 700 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी बब्बू राजा, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### बंदी हसीब ने अधिवत्ता उपलब्ध कराने की किया मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- कारागार का प्राधिकरण की सचिव ने किया निरीक्षण।

संत कबीर नगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल के निर्देश पर मंगलवार को प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी सोनकर ने जिला कारागार का निरीक्षण किया । इस दौरान बंदी मोहम्मद नसीब ने अधिवक्ता उपलब्ध कराने की मांग किया । सचिव ने जेल अधीक्षक से आवेदन प्रेषित करने का निर्देश दिया । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी सोनकर ने बताया कि जिला कारागार में कुल 510 बन्दी निरुद्ध हैं । इनमें 149 सिद्धदोष बन्दी , 360 विचाराधीन बन्दी एवं एक एनएसए बन्दी है । इन बंदियों में 40 अल्प वयस्क बंदी शामिल हैं । बैरक में पंहुच कर सभी बंदियों से एक–एक करके उनसे बातचीत करते हुए उनकी समस्या सुनीं । कुछ बंदी ने बताया कि



जमानत हो गयी है । लेकिन अभी रिहाई नहीं आ सकी है । सचिव ने जेल के चिकित्सालय का निरीक्षण किया । अस्पताल में 10 बंन्दी भर्ती हैं । बंदी मोहम्मद नसीब ने अपने मामले में पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता की मांग किया । इस संबंध में जेल अधीक्षक को बंदी से आवेदन प्रेषित करवाने का निर्देश दिया । एक महिला बंदी कंचन पांडेय द्वारा अपने परिजनों से बात करने की इच्छा व्यक्त करने पर जेलर को आदेशित किया । अल्पवयस्क बन्दियों द्वारा जेल में कोई मनोरंजन का साधन न होने की बात कही गई । इस संबंध में अधीक्षक को टीवीषलगवाने तथा योग एवं अन्य खेल के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाने का निर्देश दिया । पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया । सुबह के नाश्ते में गुड़ , चाय , पाव रोटी एवं दोपहर के भोजन में रोटी चावल , अरहर दाल , आलू , बैगन की सब्जी दिया गया । इस दौरान जेल अधीक्षक जीआर वर्मा , फार्मासिस्ट डीपी सिंह , जेल वार्डर सिद्धार्थ , संदीप तथा पैरा विधिक स्वयं सेवक रिंकू चौहान उपस्थित रहे ।

### ईवीएम गोदाम का डीएम दिव्या मित्तल एवं एडीएम मनोज सिंह ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव संत कबीर नगर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एडीएम ने विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद एवं धनघटा से सम्बंधित ईवीएम गोदाम एवं रिजर्व में रखे गये ईवीएम कक्षों का सघन निरीक्षण किया । अधिकारियों को



ईवीएम के रख रखाव समेत अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित मिली । उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मेंहदावल विधानसभा से सम्बंधित ईवीएम मशीन के कक्ष को उच्च न्यायालय में निर्वाचन से संबंधित रिट याचिका लम्बित होने के कारण सील किया जा चुका है । इस कारण उस कक्ष का निरीक्षण नहीं किया जा सका । इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश , निर्वाचन सहायक सलीम एवं विनय वर्मा समेत अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं सुरक्षा व्यवस्था से सम्बंधित कर्मी उपस्थित रहे ।

### उपनिरीक्षक एस आई चंद्र प्रकाश सिंह बने बखिरा चौकी प्रभारी

जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी संत कबीर नगर। उपनिरीक्षक एस आई चंद्र प्रकाश सिंह को बखिरा थानाक्षेत्र के पुलिस चौकी बखिरा का प्रभारी बनाया गया है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जारी किया है। एसआई चंद्रप्रकाश सिंह इसके पहले तामेश्वर नाथ पुलिस चौकी पर प्रभारी के पद पर तैनात थे। एस आई चंद्र प्रकाश



सिंह जिले के बरदहिया एवं बौरब्यास चौकी प्रभारी रह चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पुलिस अधीक्षक के अपराधियों पर नकेल कसने एवं अपराधों पर नियंत्रण करने के निर्देश को पूरा करना पहली प्राथमिकता है।

### मवेशी चरा रही महिला को कार ने कुचला, हुई दर्दनाक मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर संवाददाता संजय शुक्ला। फतेहपुर जनपद के अंतर्गत थाना जहानाबाद क्षेत्र के अमौली रोड कलाना स्थित



कोल्ड स्टोर के समीप सड़क के किनारे मवेशी चरा रही ग्राम कलाना निवासी रामधनी की पत्नी गीता देवी को तेज रफ्तार डिजायर कार संख्या यूपी 71 ए एम 7418 रौंदते हुए निकलने का प्रयास करने लगी। वहीं मौजूद अन्य चरवाहों ने सक्रियता के साथ कार को रोक लिया तथा घटनास्थल पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर भारी संख्या में मौके पर ग्रामीणों का हुजूम दौड़ पड़ा। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और कार को कब्जे में ले लिया वहीं चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेते हुए शव विच्छेदन गृह भेज दिया।

## डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने कोविड–19 डेस्क सेंटर, पंजीकरण कक्ष, डाइक्लोसिस कक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग कक्ष, आर्थोपेडिक सर्जन कक्ष, एक्सरे कक्ष, प्लास्टर कक्ष, बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष, फिजीशियन कक्ष, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ कक्ष, निश्चेतक कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, ब्लड जांच कक्ष आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्लास्टर कक्ष को देखा एवं वहां के मरीजों से पूछा कि कोई पैसा तो नहीं लेता है। सर्जरी के बारे में जानकारी ली, जिसमें सीएमएस ने बताया कि कुल 12 सर्जरी हुई, जिसमें एक मेजर हुआ। जिलाधिकारी ने सर्जन डा राजेश खरे को बताएं कि आप का पारफार्मेन्स अच्छी नहीं है। जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिए कि डॉ राजेश खरे को ऑपरेशन में ही रखा जाए, उन्हें अन्य विभागों में न भेजा जाए। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि इनकी 6 मेजर सर्जरी फिक्स किया जाए। उलट्रासाउड कक्ष में उन्होंने देखा कि आज 35 अल्ट्रासाउंड हुए थे। पिछले महीने में सीएमएस ने बताया कि 1014 अल्ट्रासाउंड हुए थे। सर्जरी के बारे में उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत ही कम है। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि जो सर्जन सर्जरी के लिए बाहर रिफर करें, उनका वेतन रोक दिया जाए। उन्होंने मानक सर्जरी के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सीएमओ एवं सीएमएस को निर्देशित किए कि आप लोग टारगेट के रूप में लेंगे। उन्होंने डॉ उषा सिंह अहिरवार और डॉक्टर रफीक हो कहा कि सर्जरी बहुत कम है, जो ऑपरेशन सीरियस नहीं है, उन्हें रीफर न किया जाए। उन्होंने डॉ उषा सिंह अहिरवार और रफीक को 20–20 सर्जरी करने का आदेश दिए। उन्होंने रफी को चेतावनी व उषा सिंह अहिरवार को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए। एके मोहन हड्डी रोग विशेषज्ञ की शिकायत करते हुए अंबुज गोरिया ने जिलाधिकारी को बताया कि डॉ हमें घर पर बुलाते हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की दोबारा गलती न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में ही सर्जरी करें।

## श्रेष्ठ कार्य करने वाले अभियोजन अधिकारियों और शासकीय अधिवक्ताओं का डीएम ने बढाया हौसला



चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन संवर्ग के अधिकारियों एवं डीजीसी संवर्ग के अभियोजक गणो के साथ ई प्रॉसीक्यूशन के संबंध में बैठक हुई। बैठक में डीजीसी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि अब शासन से प्रत्येक दिन के कार्यों की समीक्षा केसों के निस्तारण व कार्यवाही होती है। हमारे जनपद में अभियोजक अच्छे कार्य कर रहे हैं जो भी अभियोजन के कार्य होते हैं, उसको पोर्टल पर फीड किया जाता है। जिलाधिकारी ने सभी अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि आप लोग अच्छे कार्य किए है। उन्होंने कहा कि समय–समय पर पुलिस अधीक्षक के साथ भी बैठक करके जो समस्याएं होंगी, उसका निस्तारण कराया जाएगा। पाक्सो एक्ट के जो केस हैं उन पर शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक निस्तारण कराया जाए।

इसके पूर्व अभियोजन के अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर जेष्ठ अभियोजन अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, जगतपाल, अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनंद, घनश्याम, राजेश कुमार, शारदा प्रसाद, सहायक अभियोजन अधिकारी राकेश चंद्र भारती, कपिल त्रिपाठी, पीयूष कुमार सिंह यादव एवं डीजीसी संवर्ग के लोगों में से एडीजीसी गोपाल दास, एडीजीसी सनत कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, विशेष लोक अभियोजक पोस्को एक्ट तेज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध शराब निर्माण एवं विक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से 46 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह तथा आरक्षी अभिषेक यादव द्वारा अभियुक्त कल्लू पटेल पुत्र बिहारीलाल निवासी अहमदगंज कोतवाली जनपद चित्रकूट को 26 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधीनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजिकृत किया गया है।

इसी प्रकार थाना पहाड़ी उप निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह तथा आरक्षी जेपी विष्वकर्मा द्वारा अभियुक्त नत्थू रैकवार पुत्र केदार रैकवार निवासी चिल्लामाफी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना पहाड़ी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## कलियुग में जीवन सुधारने का भागवत सर्वोत्तम माध्यम

चित्रकूट। लोहदा गांव में मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। पहले दिन की कथा में कथावाचक आचार्य बालकृष्ण भार्गव ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि कलियुग में जीवन सुधारने का भागवत सर्वोत्तम माध्यम है।

कथावक्ता ने कहा कि कथा से जीव का परमात्मा से मिलन होता है। उसे जीवन–मृत्यु के दौर से छुटकारा मिलता है। उन्होंने भक्ति देवी की उत्पत्ति, कष्ट निवृत्ति, धुंधकारी–गोकर्ण के चरित्र आदि प्रसंगों का बखान किया। उन्होंने भागवत के चार अक्षरों का अर्थ समझाया, भ से भक्ति, ग से ग्यान, व से वैराग्य और त से त्याग। उन्होंने आस्थावानों को श्रोता और वक्ता की महिमा भी बताई। कथा के दूसरे दिन आचार्य बालकृष्ण भार्गव ने भागवत के गुण



तत्वों की सरलता से विवेचना करते हुए सुखदेव के प्राकटय की कथा सुनाई। साथ ही महाभारत की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन किया। उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म से लेकर श्रापपर्यंत तथा सृष्टि विषयक विचार व्यक्त किये।

इस मौके पर जजमान और हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अधिकारी सभी व्यवस्थाएं कर लें सुनिश्चित, त्यौहारों में नहीं होनी चाहिए समस्या : डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में बुधवार को मोहर्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों, धर्म गुरुओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों से मोहर्रम के जुलूस रूट, कर्बला आदि की जानकारी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जो शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं उसमें किसी भी प्रकार का फेरबदल नहीं होना चाहिए, कोई भी हथियार जुलूस में नहीं लगाए जाएंगे। सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी देखें की कोई नई प्रथा नहीं शुरू होगी। सरकारी भवनों में काले झंडे नहीं लगेंगे, कोई भी नारेबाजी नहीं होगी।

पुलिस अधिकारी, मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि कोई भी आयोजन बिना परमिशन के नहीं होगा, त्यौहार के दौरान संबंधित विभाग प्रकाश साफ–सफाई पेयजल विद्युत की निर्बाध रूप से व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि श्रावण मास को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा ले, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा उप जिलाधिकारी ताजियों के साइज बड़ी न हो जो पारंपरिक जो रहा है वही रहे यह सुनिश्चित कराएं। ताजिया सड़कों पर नहीं रखी जाएंगी। सभी थानाध्यक्ष त्यौहार के रजिस्टर का अवलोकन कर ले तथा सभी लोग ताजियों के रूट का भ्रमण कर के देख ले, अगर कहीं पर कोई समस्या है तो उसे अभी संबंधित विभाग से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, संबंधित अधिकारी तथा थानाध्यक्ष से कहा कि श्रावण मास के दौरान मोहर्रम का त्यौहार पड़ रहा है सभी लोग तत्परता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं, आयोजकों से संपर्क स्थापित करके त्यौहार को संपन्न कराएं। सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक अवश्य करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अपने–अपने क्षेत्र में जो जुलूस का निर्धारित रूट है वहां पर अच्छी तरह से साफ–सफाई, प्रकाश, चूना, ब्लीचिंग आदि का छिड़काव कराया जाए। जहां पर कर्बला होता है वहां पर भी सफाई कराएं। आवारा सुअर व अन्ना जानवर जुलूस के दौरान न आने पाए, इसके लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी को निर्देश दिए कि सूअर पालकों को एक निर्देश जारी कर दें, अधिशासी अभियंता जल संस्थान से कहा कि समुचित रूप से टैंकर आदि लगाकर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि एंबुलेंस व स्वास्थ्य सुविधाएं व्यवस्थित कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित कर लें ताकि त्यौहार के दौरान कोई समस्या न हो।

पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कहा कि ताजिया निकालने का जो रूट है उस व्यवस्था में चेंजिंग न की जाए तथा ताजिया बड़ी न रहे, जो परंपरा रही है उसी के अनुसार बनाई जाए तथा परंपरागत तरीके से ही त्यौहार को मनाएं। किसी भी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए। अधिशासी अधिकारी से कहा कि जुलूस के दौरान प्रकाश व्यवस्था देखें, विद्युत कटौती न हो। उन्होंने धर्म गुरुओं से कहा कि आप सभी लोग कानून व्यवस्था को देखते हुए हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी पूजा यादव, मऊ नवदीप शुक्ला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पांडेय, मऊ सुबोध गौतम, राजापुर एसपी सोनकर आदि मौजूद रहे।

## भव्य तरीके से मनाया जा रहा आजादी का 75 वां महोत्सव

चित्रकूट। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय के संचालन एवं रखरखाव पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों, कर्मचारियों, समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव की जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में आयोजन भजन संध्या स्थल सीतापुर में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरे देश में मनाया जा रहा है। जनपद में नगर पालिका, नगर पंचायतों, जिला मुख्यालय, गांव में भी वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। आजादी का 75 वां महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। ग्राम प्रधानों से कहा कि आप लोगों को जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी के माध्यम से झंडा उपलब्ध कराएं जाएंगे, जो गांव में आशा एएनएम, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी, सचिव द्वारा गांव के लोगों को झंडा दिया जाएगा। जिसमें कुछ धनराशि ली जाएगी। जिसकी रशीद भी ग्राम के लोगों को दे तथा उस धन राशि को ग्राम निधि में रजिस्टर बनाकर जमा कराए, सभी ग्राम प्रधान सचिव गांव में झंडारोहण सचिवालय में कराएं, उसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिवार से झंडारोहण कराया जाए। गांव के सभी लोगों को आमंत्रित करके कार्यक्रम भी आयोजित करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि यह कार्यक्रम जो ग्राम पंचायतें अच्छा कराएं तो उन्हें चिन्हित करके सम्मानित भी कराया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि अन्ना पशुओं की समस्या है अभी भी अन्ना पशु बाहर हैं उन्हें अपनी गौशालाओं में संरक्षित कराएं ताकि हम लोग किसान की फसल को बचा सके। जनपद में 50 ग्राम पंचायत चिन्हित करके शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लाइब्रेरी की भी व्यवस्था कराई जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने कहा कि आपके द्वारा जो समस्याएं बताई गई हैं, उसका निस्तारण कराया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में समस्या आ रही है, उनके प्रधानों से वार्ता करके हल कराएं। गौशाला का संचालन सही तरीके से कराया जाए। भरण पोषण की धनराशि शासन द्वारा दी जा रही है। उन्होंने हर घर झंडा हर घर तिरंगा के लिए कहा कि लोगों को जागरूक करें, झंडा घर के ऊपर लहराएंगे। नियम पूर्वक ग्राम प्रधान व सचिव गांव के लोगों को बताएं, झंडा का मिनिमम शुल्क अवश्य लगा कर लें, सही तरह से वितरण कराएं, कोई गांव मजरा अछूता न रहे, झंडा लगाने से आजादी के अमृत महोत्सव को सफल तरीके से मनाया जाए, उसकी प्रॉपर तरीके से फोटोग्राफी भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से स्कूल में स्वच्छता पुरस्कार हमारा जनपद पाया है, उसी प्रकार तिरंगा कार्यक्रम में भी पुरस्कार पाएं।

इसके बाद जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सरैया, कोलगदहिया, व गढ़चपा कि ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों ग्राम प्रधानों आदि लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर डीसी मनरेगा धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## बकाया टैक्स जमा करने पर वाहनों की पेनाल्टी होगी माफ : एआरटीओ

- परिवहन विभाग ने शुरू की एकमुष्त पेनाल्टी समाधान योजना

चित्रकूट। वाहनों के बकाया टैक्स और जुर्माने के विवाद को सुलझाने के लिए सरकार ने विद्युत निगम की तर्ज पर परिवहन विभाग में एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना की शुरूआत की है। योजना के अंतर्गत वाहनों पर लगने वाला कर माफ किया जाएगा। कर में छूट लेने के लिए वाहन मालिकों को 26 अगस्त तक एक हजार रुपये के शुल्क के साथ आवेदन कर अपना पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद विभाग सख्ती बरतेगा।

एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि ने बताया कि परिवहन विभाग में वाहनों का टैक्स न जमा करने के कारण उन पर भारी भरकम पेनाल्टी लगा दी जाती है। कई बार टैक्स की रकम से पेनाल्टी की रकम ज्यादा हो जाने के कारण वाहन स्वामी टैक्स भी नहीं अदा कर पाते। ऐसे में वाहन स्वामियों को सुविधा देते हुए परिवहन विभाग ने एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। इसमें वाहन स्वामी को अपना बकाया टैक्स एक साथ जमा करने पर उसकी पेनाल्टी शत–प्रतिशत माफ कर दी जाएगी। विभाग की ओर से वसूली के लिए कई बार पत्र जारी किए गए हैं। योजना के अंतर्गत वाहन स्वामी को 26 अगस्त तक एक हजार रुपये के शुल्क के साथ आवेदन कर अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत केवल उन्हीं वाहनों को छूट प्रदान की जाएगी, जिनका रजिस्ट्रेशन एक अप्रैल 2020 से पूर्व का है। इसके अलावा ऐसे वाहन जिनका बकाए को लेकर न्यायालय में वाद विचाराधीन है को भी शत–प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। वाहन मालिक को एक एकमुश्त या 35 दिन के अंदर तीन किस्त में बकाया जमा करने का विकल्प दिया जाएगा। वाहन मालिक को पहली किस्त में 50 प्रतिशत और दूसरी व तीसरी किस्त में 25–25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। वाहनों का बकाया टैक्स जमा करने पर ओटीएस योजना के अंतर्गत



वाहन मालिकों को कर में छूट प्रदान की जाएगी। वाहन मालिक एक या तीन किस्त में बकाया जमा कर सकते हैं। इसके बाद विभाग सख्ती से वसूली करेगा।

## आयुष ग्राम चिकित्सालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई चरक जयन्ती

चित्रकूट। श्रावण शुक्ल पंचमी नागपंचमी के अवसर पर आयुष ग्राम (ट्रस्ट) परिसर में चिकित्सा के जनक महर्षि चरक का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि चरक का आयुर्वेद विज्ञान के पुनर्स्थापन में भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. मदनगोपाल वाजपेयी ने किया। आयुष ग्राम गुरुकुलम् के आचार्य गिरीश चन्द्र बहुगुणा के आचार्यत्व में दीप प्रज्जवलन एवं वैदित रीति से महर्षि चरक के पूजन के साथ हुआ, इस अवसर पर महर्षि चरक का ऋग्वेद के अश्विनी सूक्त से दुग्धाभिषेक भी किया गया तथा चरक संहिता के सम्पूर्ण पाठ का भी आयोजन किया गया। असि प्रो डॉ. अर्चना वाजपेयी ने बताया कि महर्षि चरक ने वेद उपनिषदों का अध्ययन करने के बाद आयुर्वेद का अध्ययन प्रारम्भ किया। इस क्रम में उन्होंने महर्षि पुनर्नवसु आत्रेय के द्वारा उपदिष्ट और आचार्य अग्निवेश के द्वारा प्रणीत अग्निवेश तंत्र नामक ग्रन्थ को खोजा उनके छिन्न–भिन्न अंशों को विभिन्न स्थानों से संकलित किया और उसका प्रतिसंस्कार किया, वह ग्रन्थ 'चरक संहिता' के वर्तमान स्वरूप में है। डॉ. वेदप्रताप वाजपेयी ने बताया कि रोगों को जड़ से समाप्त करने वाली पंचकर्म चिकित्सा, जो लगभग समाप्त हो चुकी थी, उसको वर्तमान स्वरूप में प्रस्तुत कर मानवता का बहुत बड़ा उपकार किया है। आचार्य डॉ मदनगोपाल वाजपेयी ने बताया कि महर्षि चरक ने चरक संहिता की रचना करते समय औषधि चयन,




औषधियों की खोज, शोध आदि किया। च्यवनप्राश जिसका सेवन कर ऋषि च्यवन ने पुनर्योवन प्राप्त किया था, की निर्माण विधि लुप्तप्रायः थी, उसका पुनर्स्थापन किया। इस मौके पर आचार्य माता प्रसाद शुक्ल, रामबहादुर त्रिपाठी प्रबन्धक, आयुष ग्राम शिक्षा समिति राकेश द्विवेदी, सदस्य आयुष ग्राम शिक्षा समिति आचार्य भूपेन्द्र पाण्डेय, डॉ. अर्चना वाजपेयी, आलोक कुमार, बाल्मीक द्विवेदी, अनुरुद्ध तिवारी, शालू, स्नेहा, रंजना, फार्मासिस्ट राघवेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, शंकर लाल, सुशील मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सच्ची मित्रता में नहीं करना चाहिए छलकपट : राजेश चंद्र

चित्रकूट। धर्मनगरी चित्रकूट के रामघाट स्थित तोता मुखी हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास राजेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि श्रीकृष्ण और सुदामा के बीच अच्छी मित्रता थी। उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता में छल और कपट नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से पाप होता है।

उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण से बचपन में मित्र सुदामा ने कपट किया था, जिसके चलते सुदामा की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। वर्षों बाद श्रीकृष्ण से मिलने पर सुदामा की स्थिति में सुधार हुआ।

उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित को कथा के सातवें दिन ही मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने बताया कि बलराम पहले अपने धाम के लिए प्रस्थान किया।

उसके बाद भगवान इस लोक को छोड़कर अपने धाम के लिए गमन किया। उनके गमन के साथ ही यदुवंशियों का भी पतन शुरू हो गया। वे शराब में डूब गए। शराब पतन का मार्ग प्रशस्त करती है और गंगा जल उद्घार का मार्ग दिखाती है। कथा व्यास ने कहा कि जिस परिवार में नशे जैसी बुराइयां रहती हैं, वहां पुण्य फल का भी नाश होता है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने की अपील की। इसी कड़ी में उन्होंने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि कलयुग में यह सबसे पावन कथा है। इसके श्रवण मात्र से जीव को कल्याण हो जाता है। मनुष्य स्वयं को भगवान बनाने के बजाय प्रभु का दास बनने का प्रयास करें, क्योंकि भक्ति भाव देख कर जब प्रभु में वात्सल्य जागता है तो वे सब कुछ छोड़ कर अपने भक्तरूपी संतान के पास दौड़े चले आते हैं। गृहस्थ जीवन में मनुष्य तनाव में जीता है, जब कि संत सद्भाव में जीता है। यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। इस अवसर पर महंत दिव्य जीवन दास, महंत मोहित आदि मौजूद रहे।

# अचानक सरकारी विद्यालयों का मुखिया ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय। सिवान के जीरादेई प्रखंड अंतर्गत अकोल्ही पंचायत के विभिन्न सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण बुधवार के दिन स्थानीय मुखिया मनोज कुमार ने की । सर्वप्रथम उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय सह संकुल संसाधन केंद्र विष्णुपुरा बाजार, राजकीय मध्य विद्यालय अकोल्ही, राजकीय मध्य विद्यालय विजयीपुर,सिसहानी, सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण उक्त विद्यालयो के अध्यक्षों व वार्ड सदस्यों के नेतृत्व में की । उन्होंने बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय



सह संकुल संसाधन केंद्र विष्णुपुरा बाजार पहुंचे । जहां समय अनुसार विद्यालय नहीं खुला था तथा विद्यालय के कार्यालय में ताला लटका हुआ था । वही बच्चे समयानुसार विद्यालय पहुंचकर परिसर के प्रांगण में यत्र तत्र स्थानों पर खेलकूद तथा भ्रमण कर रहे थे । 9रू30 बजे के बाद एकाएक कर शिक्षक पहुंचे जिसके पश्चात विद्यालय का ताला खुला और प्रार्थना कराने के लिए बच्चों की लाइन लगाई गई । इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका ममता श्रीवास्तव,जयप्रकाश यादव,जहारा आरा खातून ही विद्यालय में उपस्थित रहे। उन्होंने आगे बताया कि अन्य विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया जहां थोड़ी बहुत खामियां पाई गई जिस को बेहतर करने के लिए निर्देश दिया गया। विद्यालय के अध्यक्ष व वार्ड सदस्य छठु मांझी ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक को समयानुसार विद्यालय खोलने, पठन–पाठन की प्रक्रिया तथा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर पूर्व में भी कई बार निर्देश दिया गया था । इसके बावजूद उनके द्वारा लापरवाही बरती गई तथा समय अनुसार विद्यालय नहीं खोला गया जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे बताया कि निरीक्षण के दौरान साफ सफाई विद्यालय के मूलभूत सुविधाओं सहित भवन वगैरह का भी अवलोकन किया गया । वही मौके पर स्थानीय मनोरंजन कुमार उर्फ पिंटू कुमार, ललन चौहान, टुनटुन सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्री राम दल सेवा संगठन के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। श्री राम दल सेवा संगठन बाढ़ के द्वारा लगातार 4 सालों से मंगलवार के दिन स्टेशन स्थित महावीर मंदिर में भंडारा का आयोजन किया जाता आ रहा है। इस दिन राम भक्त प्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन करते हैं और मंदिर के आसपास या जो भी राहगीर उस रास्ते से गुजरते हैं इस प्रसाद का आनंद उठाते हैं प्रसाद ग्रहण करके लोगों का मन तृप्त हो जाता है। साथ ही साथ राम भक्तों के द्वारा निस्सहाय बेसहारे जो भूखे हैं उन लोगों के लिए रोटी की व्यवस्था मंदिर के प्रांगण में पहुंचता है उसे कभी भी खाली हाथ लौटना नहीं पड़ता है ,प्रसाद के रूप में भंडारा के अंतर्गत जो कुछ भी रहता है उन्हें दिया जाता है और उनकी भूख को मिटाया जाता है कभी–कभी तो जो राहगीर दूर से आते हैं और वह भूखा ना सो जाएं इस कारण से भी रोटी दल उन लोगों के पास जा जाकर रोटी को पहुंचाते हैं ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे। यह बड़े सौभाग्य की बात है हमारे बाढ़ के लिए कि चंदन जी के नेतृत्व में श्री राम दल सेवा संगठन के द्वारा बहुत ही नेक कार्य का प्रारंभ किया गया है



की जाती है जो पूरे बाढ़ में रोटी बैंक के नाम से प्रसिद्ध है कोई भी भूखा और आगे सुचारू रूप से किया जाता रहेगा।

# पुसौली रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। पुसौली रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत सदर अस्पताल में डेड बॉडी के साथ पहुंचे परिजन परिजन बोले– सोमवार शाम वे घर से पुसौली बाजार करने के लिए निकले पुसौली स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक व्यक्ति ट्रेन के चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची मोहनिया पुलिस ने शव को कब्जे में कर मोहनिया थाने ले आई। मृतक व्यक्ति मोहनिया थाना क्षेत्र के अतरवलिया गांव निवासी केशनाथ सिंह बताए जाते हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि गत सोमवार को शाम 3:00 बजे केशनाथ घर से पुसौली बाजार करने के लिए निकले थे, जहां देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजन उनकी खोजबीन करने लगे। इसी दरमियान कुछ ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हुई है जिसे मोहनिया पुलिस थाने ले गई है। इसके बाद जब परिजन मोहनिया थाने पहुंचे तो शव का पहचान किया



गया। मृतक के शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल,भभुआ भेज दिया। किधर मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घर के महिला सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल है जबकि पुरुष सदस्य स्तब्ध हैं।

# विभूतिपुर गांव के मनचले युवक की हैवानियत आई सामने गॉव के ही 8 साल के लड़के के साथ किया दुष्कर्म

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर,विभूतिपुर। समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर में गांव के मनचले युवक की हैवानियत आई सामने, विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 8 वर्षीय बालक के साथ गांव के मनचले युवक ने जबरन यौन शोषण किया। आजकल लोग हवस में इतना अंधा हो गया है की इस बीच गांव का ही एक युवक पीड़ित बालक को गांव के नजदीक खेत में ले जाकर अप्राकृतिक यौन शोषण की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद जख्मी बालक दर्द से कराहते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने आनन–फानन में उसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया



इंसानियत भूल गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गांव में एक शादी समारोह की तैयारी और भोज को लेकर लोग काम में व्यस्त थे। गया है। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद विभूतिपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है।

# अन्तर्राष्ट्रीय ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स चौम्पियनशिप 2022 में जिले के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड और कांस्य पदक

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय ट्रेडीशनल लाठी स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 2022 का आयोजन दिनांक 27 से 29 जुलाई तक नेपाल के काठमांडू में संपन्न हुआ। जिसमें भारत ने 45 गोल्ड 35 सिल्वर एवं 22 कांस्य पदक जीता। उक्त चौंपियनशिप में बिहार के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड एक सिल्वर एवं दो कांस्य पदक जीतकर देश राज्य एवं जिले का नाम रौशन किया। जिले के डुमरा प्रखंड के कुम्हरा बिशनपुर के अंकित कुमार ,पिता– तारकेश्वर मंडल, माधोपुर रोशन के नीलांबर कुमार, पिता – विनोद राउत ने गोल्ड तथा राजू कुमार ,पिता कमलेश सहनी, दलकावा, अनीस कुमार, पिता– दीपक सहनी ,कन्हौली ,सोनबरसा ने कांस्य पदक जीता। बिहार के दीपक कुमार –सहरसा,मो शहबाज – सुपौल,अनमोल राज –मधेपुरा,एवं अमित कुमार – पूर्वी चंपारण ने गोल्ड तथा राजा कुमार – सहरसा ने सिल्वर मेडल जीता।

ज्ञातव्य हो कि सीतामढ़ी के सभी खिलाड़ी बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास सीतामढ़ी में रहकर अध्ययन कर रहें हैं।

जिले के खिलाड़ियों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एवं कांस्य पदक जीतकर देश,राज्य एवं सीतामढ़ी जिले का नाम रौशन किया है। जिले के खिलाड़ियों के इस सफलता में ट्रैडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार के अध्यक्ष शैलेश कुमार झा, सचिव मनीष कुमार सिंह, टेक्निकल एडवाइजर सह कोषाध्यक्ष, प्रमोद कुमार झा,के अलावे रेफरी,कोच एवं बिनोद बिहारी मंडल, जिलाध्यक्ष, ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन सीतामढ़ी सह छात्रावास अधीक्षक, महासचिव तारकेश्वर मंडल,सचिव मनोज कुमार, गायत्री देवी, विधायक, परिहार , शैलेश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी,डा संजय



कुमार,डा अमरनाथ गुप्ता,डा सुबोध महतो का योगदान रहा।

खिलाड़ियों के इस सफलता पर गायत्री देवी, विधायक, परिहार , शैलेश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी सीतामढ़ी, जिला भारोत्तोलन संघ, के अध्यक्ष अतुल कुमार,सचिव, सतीश यादव, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह,एवं अरविंद कुमार ठाकुर, जिला खो खो संघ के अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद उर्फ बबलू,,अनिल कुमार, पूर्व फौजी सह संयोजक वेटरन्स इंडिया,नीरज कुमार गोयनका, संयोजक रक्तदाता समूह, दिलीप कुमार शाही, जिला सचिव, अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, बबलू मंडल, प्रदेश महासचिव, जदयू, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, संयोजक अतिपिछड़ा वर्ग संघ सीतामढ़ी, ब्रजमोहन मंडल, प्रदेश महासचिव राजद, रामनरेश यादव, पूर्व विधायक, पप्पू पटेल, सत्येन्द्र सिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष, जदयू,विमल शुक्ला, वरिष्ठ नेता जदयू, अदीति कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद सीतामढ़ी,प्रो डॉ आनन्द किशोर, प्रो डॉ राम रामनरेश पंडित प्रचार्य ,गोयनका कॉलेज ,वीरेंद्र कमार चौधरी, सहित जिले के सभी खेलप्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई एवं शुभकामना दी।

# एनडीए सरकार सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी कांग्रेस

☒ बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की मोर्चाबंदी

☒ सात अगस्त से होगा चरणबद्ध आंदोलन

☒ निकाली जाएगी पदयात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ

शिवहर,सीतामढ़ी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के शिवहर जिलाध्यक्ष मो. असद ने प्रेसवार्ता में कहा है कि देश मे महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है। पेट्रोल, एलपीजी गैस से लेकर खाद्य पदार्थों में दाल, कुकिंग ऑयल जैसी जरूरत की चीजें खरीदने के पहले लोगों को सोचना पड़ रहा है। महंगाई की वजह से आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। इस सब की जिम्मेदार मौजूदा मोदी सरकार है जो पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही। हाल के दिनों में प्री पैकेज्ड अनाज, आटा, शहद, दही जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर सरकार ने बाकी कसर भी पूरी कर ली है महंगाई और बढ़ी है। देश में बेरोजगारी का आलम यह है कि गांव हो या, शहर, संगठित क्षेत्र हो या, असंगठित क्षेत्र हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप कर रखा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो असद ने कहा कि सरकार की इन गलत नीतियों के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के आदेश पर एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष डा. मदन मोहन झा के निर्देश पर व्यापक एवं चरणबद्ध एवं शांतिपूर्ण आंदोलन की तैयारी है। आगामी 05/08/2022 को महंगाई एवं अतार्किक ढंग से जीएसटी लगाने के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा वहीं 07/08/2022 को बढ़ती महंगाई के खिलाफ महागठबंधन के द्वारा आहूत झ केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शिवहर कांग्रेस भी शामिल रहेगी।

इसके अलावा 09 अगस्त से 14 अगस्त 2022 के बीच आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर जनजागरण अभियान के तहत पदयात्रा निकाली जाएगी। मौके पर मौजूद कांग्रेस के जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार जिस तरह से मनमाना नियम और कानून बना रही जो देश की जनता को संकट में डाल रही है के खिलाफ हम कांग्रेस के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे।

आवाम को इस बात से अवगत कराया जाएगा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण कई तरह की समस्याएं सामने आ खड़ी हुई है जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, एवं सामाजिक सौहार्द में कमी शामिल हैं। आज किसानों को यूरिया के लिए दर दर भटकना पड़ रहा कांग्रेस के राज में यूरिया खाद की किल्लत नहीं हुई वहीं हर जाति मजहब के लोगों को साथ लेकर चलने की नीति पर कांग्रेस ने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया किंतु मौजूदा सरकार समाज को टुकड़ों में बांट अपना राजनीतिक रोटियां सेंक रही जो हम हरगिज नहीं होने देंगे। जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सात अगस्त से 14 अगस्त तक के चरणबद्ध आंदोलन से हम जनजागरण के साथ सरकार को भी आइना दिखाने का काम करेंगे। इस आंदोलन में पार्टी के कार्यकर्ताओं को बढ चढकर सम्मिलित होने की अपील की। मौके पर कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, अफरोज आलम सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# आज से चलेगा जिले में कोविड टीकाकरण महाअभियान




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। कोविड के संभावित खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी के मद्देनजर पूर्वी चम्पारण जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 04 अगस्त से 13 अगस्त तक कोविड टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा, जिसमें किशोरों को लक्षित करते हुए टीकाकरण की तैयारी की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि कोविड टीकाकरण को लेकर राज्य स्तर पर अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग एवं अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत कोविड–19 टीकाकरण से संबंधित पत्र के आलोक में यह महाभियान चलेगा। पदाधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर माइक्रो प्लान तैयार किया जा रहा है। सीएस ने बताया कि पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोर एवं किशोरियों को कोविड पोर्टल से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार प्रथम खुराक का आच्छादन 70 .03 प्रतिशत, द्वितीय खुराक से 74 .08: योग्य लाभार्थियों को आच्छादित किया जा चुका है। 12 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में 62.04 प्रतिशत प्रथम खुराक से एवं द्वितीय खुराक से 67.04 प्रतिशत योग्य लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में अध्ययनरत लक्षित लाभार्थियों के कोविड–19 टीकाकरण की दैनिक स्थिति का प्रदर्शन विद्यालय के सूचना पट्ट पर करेंगे, साथ ही कोविड–19 टीकाकरण के प्रथम एवं द्वितीय खुराक से वंचित लाभार्थियों की सूची तैयार कर संबंधित क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सत्र आयोजित करेंगे, एवं छूटे हुए लाभार्थियों का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगे ।

माइक्रो प्लान अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा कोविड टीकाकरण–

डीआईओ डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि माइक्रो प्लान के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड टीकाकरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर सरकारी एवं प्राइवेट शिक्षा संस्थानों में 12 से 17 वर्ष के विद्यार्थियों के कोविड–19 टीकाकरण हेतु शिक्षा विभाग की तरफ से जिला शिक्षा पदाधिकारी को नोडल बनाया गया है। कोविड टीकाकरण में जीविका दीदीयों व समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की की अपील की गई है। कोविड के खतरों से बचने के लिए टीकाकरण कराया जाना बेहद जरूरी है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान कोविड टीकाकरण के लिए समुदाय जागरुकता

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान कोविड टीकाकरण के लिए समुदाय को जीविका दुदी जागरूक करेंगी। जीविका समूह की साप्ताहिक बैठक में कोविड–19 टीकाकरण के लाभों पर चर्चा की जायेगी। टीका ले चुके लाभार्थियों के घरों की मार्किंग होगी। कोविड–19 वैश्विक महामारी से लोगों के जीवन की रक्षा के लिए टीकाकरण की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके लिए गत वर्षों में जीविका द्वारा कोविड टीकाकरण के प्रति समुदाय के लोगों को जागरूक करने के लिए सघन प्रयास किया गया है।

आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान कोविड–19 टीकाकरण से छूटे पात्र सदस्यों को कोविड टीकाकरण की (पहला, दूसरा और बूस्टर) खुराक लेने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है, जिसमे जीविका की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। जीविका द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार ने पत्र जारी कर सभी जिला परियोजना प्रबंधक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया है। जारी पत्र में कहा गया है कि समूह की साप्ताहिक बैठक में कोविड–19 टीकाकरण के लाभों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही ग्राम संगठन और संकुल संघ की विशेष बैठक आयोजित करके समूह के सदस्यों को कोविड–19 की खुराक लेने हेतु प्रेरित किया जायेग विभिन्न संचार सामग्रियों जैसे लीफलेट, ऑडियो और विडियो संदेशों के माध्यम से समूह – के पात्र सदस्यों और उनके परिवार के पात्र सदस्यों को विशेषकर बूस्टर खुराक लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि पात्र सदस्यों की सूची निर्माण स्वयं सहायता समूह की बैठक में सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा समूह के पात्र सदस्यों और उनके परिवार पात्र सदस्यों की सूची बनाई जायेगी। चूंकि गत वर्षों में टीकाकरण अभियान के दौरान समूह की सदस्य और सामुदायिक उत्प्रेरक सक्रिय रूप से भाग लेकर समूह सदस्यों एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों का टीकाकरण करवाने में सहयोग प्रदान की थी। इसलिए उनके पास टीकाकरण से सम्बंधित आंकडें जैसे पहली खुराक, दूसरी खुराक, कोविशील्ड और कोवैक्सीन इत्यादि है, जिसके सहयोग से सामुदायिक उत्प्रेरक आसानी से समूह के पात्र सदस्यों तथा उनके परिवार के पात्र सदस्यों की सूची बनायेंगी।



☒ यदि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र सदस्यों को बूस्टर खुराक मिल गई है तो घर के दरवाजे पर हरी बिंदी लगा दी जायेगी।

☒ यदि सभी पात्र सदस्यों को दूसरी खुराक मिल गई है तो घर के दरवाजे पर नीली बिंदी लगा दी जायेगी।

☒ यदि सभी पात्र सदस्यों को पहली खुराक मिल गई है तो घर के दरवाजे पर पीली बिंदी लगा दी जायेगी

☒ यदि सभी पात्र सदस्यों ने अभी तक कोई खुराक नहीं ली है तो घर के दरवाजे पर बड़ी लाल बिंदी लगा दी जायेगी

☒ यदि किसी घर में सदस्यों के टीकाकरण की स्थिति एक–दूसरे से भिन्न है तो इस स्थिति में मिश्रित रंग की बिंदी लगाई जायेगी जैसे घर में दो सदस्यों को बूस्टर खुराक मिली है तो दो हरे रंग की बिंदी, एक सदस्य ने दूसरी खुराक ली है तो – एक नीली रंग की बिंदी, एक सदस्य ने एक खुराक ली है तो एक पीली रंग की बिंदी और एक सदस्य ने एक भी खुराक नहीं ली है तो एक लाल रंग की बिंदी घर के दरवाजे पर लगाई जायेगी

दरवाजे पर टीकाकरण का प्रावधान घर में कुछ बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार व्यक्ति टीकाकरण हेतु पात्र हो सकते हैं , वे ऐसी स्थिति में टीकाकरण स्थल पर खुराक लेने हेतु नहीं जा सकते। जीविका कर्मी और कैडर इन व्यक्तियों की सूची स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा कर घर पर ही टीकाकरण की व्यवस्था करवाने का प्रयास करेंगे।

मोबाइल टीकाकरण वैन का प्रावधान यदि टीकाकरण स्थल किसी विशेष बस्ती से दूर है और लोग उस स्थल पर जाने के लिए तैयार नहीं है तो जीविका कर्मी और कैडर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मोबाइल टीकाकरण वैन के माध्यम से टीकाकरण करवाने का प्रयास करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## कैमूर में अब तक 66.700 हेक्टेयर में नहीं हो सकी है धान की रोपनी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। धान का कटोरा कहे जाने वाले कैमूर जिले में कम बारिश का होना और विभिन्न इलाकों में नहरों के टेल एंड तक पर्याप्त पानी की उपलब्धता नहीं होने की वजह से खेतीबारी प्रभावित है। इससे जिले के किसानों में मायूसी दिख रही है ।जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि 2 अगस्त तक कैमूर जिले में अब तक 66.700 हेक्टेयर में धान की रोपनी नहीं हो सकी है।दरअसल जिले में



कुल 1 लाख 10 हेक्टेयर में धान रोपनी का टारगेट कृषि विभाग ने निर्धारित किया है,लेकिन टारगेट के स्थिति पर गौर करें तो अब तक जिले में 43,300 हेक्टेयर में ही किसान अपनी खेतों में धान की रोपनी कर सके हैं। दरअसल कैमूर जिले में 1.10 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित है। इधर,जिले में मानसून दस्तक देने के बाद अच्छी बारिश हो ही नही रही है।जिसकी वजह से किसानों की चिंता बढ़ गई है।जिले में अबतक 44 प्रतिशत ही हो सकी है धान की रोपनी

इधर,धान का कटोरा कहे जाने वाले कैमूर जिले में कम बारिश होने की वजह से धान की रोपनी अधर में है। जिला कृषि विभाग के आंकड़े बता रहे हैं कि अब तक जिले में 44 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो सकी है।निजी संसाधन से लैस किसान ही जैसे– तैसे धान रोपनी के कार्य में जुटे हुए हैं। इस स्थिति में जिले में अब तक महज 44 प्रतिशत ही धान रोपनी का कार्य किसान अपने खेतों में कर कर सके हैं। बाकी किसान अभी भी अच्छी बारिश होने और नहरों में टेल एंड तक पर्याप्त पानी आने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन किसानों का कहना है कि आखिर वे कब तक बारिश होने का इंतजार करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि अगर अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेतीबारी पिछड़ जाएगी।

## समुदायिक भवन पोखरा मठिया में किया गया टी एच आर वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। आंगनवाड़ी केंद्र –सामुदायिक भवन पोखरा मठिया, वार्ड संख्या –6 ,पंचायत –पोखरा ,में टी एच आर (टेक होम राशन )का वितरण किया गया। सेविका किरण भारती ने अपने पोषक क्षेत्र के गर्भवती धात्री तथा 6 माह से 3 साल तक के बच्चों में राशन का वितरण किया गया। सेविका किरण भारती



ने बताया की टी एच आर का मुख्य उद्देश्य कुपोषण को मिटाना है। सामुदायिक भवन पोखरा मठिया में महिला प्रवेक्षिका श्रीमती अंशु किरण के निर्देशन में वितरण किया गया। तथा उनके द्वारा निरीक्षण भी किया गया। महाराजगंज प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टी एच आर( टेक होम राशन) का वितरण किया गया। सेविका किरण भारती का कहना है कि इस हार के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त खाद्य पदार्थ का वितरण किया जाता है जिससे कुपोषण को दूर किया जा सके और महिलाएं स्वस्थ रहें।

## अमृत महोत्सव के उपलक्ष में चिंरैया प्रखंड के NYC गोल्डन कुमार मिश्रा के द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान चलाया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)




नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण मोतिहारी के तत्वधान में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में चिरैया प्रखंड के छल्ब गोल्डन कुमार मिश्रा के द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान चलाया गया,इस मुहिम में शिकार गंज थाना प्रभारी पु अणि प्रदीप कुमार ने भी अपने क्षेत्र के युवाओं को हर घर पर तिरंगा लगाने की अपील की,वही एनवाईवी गोल्डन कुमार मिश्रा ने बताया की अपने प्रखंड के सभी गांव में हम सभी युवा जाकर हर घर के छत पर तिरंगा लगाने की अपील करेंगे इस अभियान में सौरभ कुमार एवं महिला पुलिस बल,आदि अन्य युवा भी उपस्थित थे।

## दो पियक्कड़ गिरफ्तार

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। मानपुर पुलिस में शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में हरदिया चौक से दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मानपुर थानाध्यक्ष सज्जाद गधी ने बताया कि सहोदरा थाना के अरुण कुमार एंव सिकंदर महतो को जेल भेजा गया है।

## बॉर्डर से गांजा जप्त,तस्कर फरार

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। बॉर्डर पर तैनात 44 बटालियन के नगरदेही एसएसबी ने 15 किलो जनाजा को जप्त किया है। हालांकि मौके से तस्कर फरार बताया जाता है।इसकी जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट अतूल कुमार तिवारी ने बताया कि पिलर संख्या 420ध13 के समीप कार्रवाई की गई हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मादक पदार्थ की खेत नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 बंडल में 15 किलो गांजा को बरामद कर भंगहा पुलिस को हैंड ओवर कर दिया गया है।

## विद्युत करंट से एक युवक की मौत

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। थाना क्षेत्र के बेलवा टोला गांव में विद्युत करंट से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेलवा टोली निवासी सत्येंद्र शर्मा बताया जाता है। बताया जाता है कि उक्त युवक अपने घर में बिजली की लाइन ठीक कर रहा था इसी दरम्यान विद्युत करंट के संपर्क में आ गया जहां उसकी मौत हो गई।



## पठखौली ओपी थाना में जनता दरबार का किया गया आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला के पठखौली ओपी थाना में आज दिनांक 03–08–22 बुधवार को थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया स उक्त जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई किया गया। उक्त आयोजित जनता दरबार मे दीपक कुमार मिश्रा अनुमंडल पदाधिकारी बगहा, कैलाश प्रसाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा, राजस्व अधिकारी, बगहा 2, हल्का कर्मचारी, एवं लालाबाबू यादव थानाध्यक्ष पटखौली ओपी द्वारा उपस्थित रहकर परिवादियों के परिवार पत्र पर सुनवाई किया गया।



## सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद भी नगर में पसरी है गंदगी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। नगर परिषद के सफाई कर्मी बीते बुधवार से लेकर रविवार तक बढ़े हुए मानदेय के भुगतान नहीं होने के विरोध में हड़ताल पर रहे। बीते सोमवार को सफाई कर्मियों का पांच सौ रुपये मानदेय तत्काल बढ़ाने पर हड़ताल समाप्त हुई। इसके बाद सफाई का कार्य शुरू हुआ। लेकिन नगर में कहीं भी सफाई नहीं हुई। वार्डों में भले ही सफाई कर्मी पहुंच कर सफाई किए, लेकिन मुख्य सड़कों पर पसरी गंदगी मंगलवार को भी रहे हैं। इससे सड़क तक गंदगी पहुंच जा रही है। नगर के लोगों ने कहा कि जब सफाई कर्मी हड़ताल पर थे तो गंदगी से लोग परेशान थे। हड़ताल समाप्त हो गई इसके बाद भी पूर्व की ही स्थिति है। इन दिनों कोरोना संक्रमण जिले में तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही बारिश भी हो रही है। नगर के चारों ओर गंदगी ही दिख रही है। यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए कहीं से ठीक नहीं है। नगर परिषद की ओर से शीघ्र नगर के सभी जगहों की गंदगी की सफाई करानी चाहिए। लोगों ने कहा कि



दिखी। नाग पंचमी का पर्व होने के चलते सड़क से होकर कई लोग मंदिर गए। वार्डों से निकल कर भी मुख्य सड़कों से होकर ही लोग मंदिर गए। इस दौरान गंदगी से लोगों को काफी परेशानी हुई। बीते छह दिनों से पड़ा कूड़ा इतनी दुर्गंध दे रहा है कि कोई पास में खड़ा नहीं हो पा रहा। कई जगहों पर पसरी गंदगी को मवेशी इधर उधर कर दे छावनी मुहल्ला, एकता चौक, सब्जी मंडी रोड व उसके सामने की सड़क से लेकर सभी प्रमुख जगहों व वार्डों को जाने वाली मुख्य सड़कों पर गंदगी दिख रही है। बता दें कि भभुआ नगर परिषद में कुल 125 सफाई कर्मी हैं। बीते तीन माह से एनजीओ का टेंडर समाप्त हो गया है। इन्हीं सफाई कर्मियों के भरोसे नगर की सफाई व्यवस्था है।

## युवा चंपारण महोत्सव का साथ देगी बिहार नवयुवक सेना अनिकेत रंजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मोतिहारी। बीते दिनों युवा चंपारण महोत्सव समिति के प्रधान संरक्षक ढाका विधायक पवन जयसवाल के द्वारा प्रेस वार्ता में कही गई थी कि चंपारण के युवा जो काम कर रहे हैं यह सराहनीय है इसी दौरान युवा खुलकर समर्थन किया खुशी है कि आज के चंपारण के युवा जागरूक हो चुके हैं किसी का झांसा में नहीं आते हैं यह बहुत ही खुशी की बात है मौके पर समिति के मंच प्रबंधक अंकित कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से होगा इसमें हमारे समिति के



वैलेंटीइअर शामिल रहेगी संबोधन में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा सुचारू रूप से बन चुकी है जो शुरुआत 5 अगस्त से लेकर 7 अगस्त तक होगा इस कार्यक्रम में पहले चंपारण महोत्सव के टीम आज गांधी संग्रहालय सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए बताएं कि हमारी टीम सक्रिय होकर कार्यक्रम को कर रही है यह कार्यक्रम 5 अगस्त 7 अगस्त होना निश्चित है इस कार्यक्रम में कई बड़े व्यक्तियों का आगमन होने वाला है आपको बता दें कि युवा चंपारण चंपारण के सक्रिय युवाओं द्वारा आयोजित की जा रही है इस आयोजन का बिहार नवयुवक सेना के संस्थापक अध्यक्ष अनिकेत ने दिन मैराथन दौड़ और ड्राइंग कंपटीशन दूसरे दिन साइकिल रेसिंग क्विज कंपटीशन विनीत और गान का संचालन होगा और 7 अगस्त को जीते हुए प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष आकर्ष कुमार, सचिव राजगुरु, स्वागतध्यक्ष सुमित रंजन, प्रमोद कुमार दीपराज के साथ कई चंपारण के युवा उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी आकर्ष कुमार ने दी।

## मशरक थाना परीसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

मशरक (सारण)। थाना परिसर में मोहर्रम के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा व प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आसिफ संयुक्त रुप से किया.एव अंचलाधिकारी रविशंकर पाण्डेय मौजूद रहे बैठक में आए जनप्रतिनिधि तथा बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी जितनी हमारी है उससे कहीं ज्यादा आपकी है. बिना आपके सहयोग के थाना का कोई भी कार्यक्रम या शांति बनाए रखना संभव नहीं है. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि पर्व त्यौहार में असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं .ऐसे लोगों की सूचना हमें आपही लोगों द्वारा मिल सकती है। थानाध्यक्ष ने कहा कि दारू पीकर पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी . इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा .ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. बैठक में अंचलाधिकारी रविशंकर पाण्डेय सहित प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश सिंह मन्टू ,संतोष कुमार सिंह शिक्षक, अमर सिंह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि, अजीत कुमार सिंह



मुखिया , शशिभूषण सिंह बीडीसी उपप्रमुख रण्धिर , मुखिया प्रतिनिधि चन्द्रशेखर सिंह भाजपा नेता बीरबल प्रसाद कुशवाहा ,मुखिया बच्चा लाल साह, साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन जी पूर्व उपप्रमुख मुखिया सुनील राय शिक्षक संजय कुमार सिंह ,पूर्व मुखिया मुन्ना मांझी, अनील बैठा वार्ड सदस्य अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## यूरिया के लिए मचा हाहाकार यूरिया के लिए लगी लंबी कतार

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी सोनबरसा। प्रखंड क्षेत्र में यूरिया के लिए हाहाकार मची हुई है। किसान त्रस्त है, किसानों को समय से



यूरिया नही मिलने के कारण त्राहिमाम है। बुधवार को भुतही एवं लोहखर दो स्थानों पर यूरिया वितरण को लेकर महिला पुरूष की लंबी कतार लगी रही। अफरातफरी का माहौल बना रहा। जिले से आये योजना पदाधिकारी कुमार उमा शंकर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजदेव राम एवं किसान सलाहकार सुरेंद्र कुमार के मोजुदगी में वितरण प्रारंभ कराया गया। किसानों का कहना है कि भुतही एवं विशनपुर पंचायत में 2000 हजार बोरा की जगह वितरण के लिए मात्र 200 बोरा दिया गया जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान था। महिला पुरूष की भीड़ बेकाबू हो गई। हंगामा को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा भुतही ओपी को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर महिला एवं पुरूष बल पहुंच भीड़ को नियंत्रण करने में मुशक्कत उठाना पड़ा। इस दौरान भुतही एवं विशनपुर में दो दो सौ बोरा यूरिया का वितरण किया गया। कतार में यूरिया खाद से वंचित किसान निराश होकर घर लौटे। पदाधिकारी ने किसानों को समझाया कि आवंटन आते ही वितरण पुनः शुरू कराया जाएगा।

## समस्तीपुर थानेश्वर मंदिर में किन्नर समाज ने एक असहाय बेटी की कराई शादी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल
आज के जमाने मे लोग किन्नर के द्वारा रुपये मांगने पर उसको गालियाँ देता है लेकिन आपको शायद ही पता होगा की किन्नरो का दिल कितना बड़ा होता है ये खबर कही और की नही बल्कि समस्तीपुर जिले की है जहाँ समस्तीपुर थानेश्वर मंदिर में किन्नर समाज ने एक असहाय बेटी की शादी करायी। किन्नर समाज की पूरी दुनिया ही अलग होती है फिर भी किन्नरो ने इस काम में 'आस वेलफेयर सोसाइटी' के साथ मिलकर असहाय बेटी की शादी करायी। आपको बता दें कि लड़की के माता पिता व दादा इस दुनिया में नहीं हैं। वह अपनी दादी के साथ रहती थी। दादी के पास इतना रुपया नही है कि वे अपनी पोती के शादी करवाती इसलिए इस शादी का पूरा खर्च किन्नर समाज ने उठाया। थानेश्वर मंदिर में सोमवार रात धूमधाम से शादी हुई। जिस लड़की का शादी हुआ उसका नाम पूजा है और दादी के साथ समस्तीपुर के वारिसनगर कुसैया की रहने वाली है। उसके माता–पिता व दादा इस दुनिया में नहीं है। घर में दादी के अलावा कोई भी नहीं है। उससे शादी करने वाले लड़के का घर बेगूसराय के मटिहानी में है। दोनों की दहेज मुक्त शादी हुई। मौके पर टीम आस की सदस्य व किन्नर समाज की अध्यक्ष सपना किन्नर ने कहा लड़की समाज की होती है, ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि गरीब असहाय बेटी का शादी हमसब मिलकर करवाएं। हमारे और हमारे संस्था का उद्देश्य गरीब असहाय जरूरतमंद बेटी की शादी करवाना, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि उपलब्ध



कराना है। आस वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक व सचिव मनीष कुमार ने कहा जिन बहन बेटियों का कोई नहीं होता उनके लिए उनकी संस्था हमेशा उनके साथ है। ऐसे बेटियों का शादी कराना हम सब का फर्ज है। संस्था की तरफ से लड़का लड़की को कपड़ा, शृंगार का सामान, पायल, नाश्ता, खाना आदि की व्यवस्था की गयी थी। मौके पर टीम आस के अध्यक्ष चंदन कुमार, रेलवे ट्रेड यूनियन के उपाध्यक्ष संतोष कुमार निराला, पिंटू शर्मा, अभिषेक, निशा किन्नर, सीमा किन्नर, पूनम किन्नर आदि मौजूद थे।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी



☒ गली गली में हम तिरंगा लहराएगें, आजादी का पर्व हम शान से मनाएगें

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि हर घर तिरंगाश आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75 वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान है। ध्वज के साथ हमारा संबंध हमेशा व्यक्तिगत से अधिक औपचारिक और संस्थागत रहा है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में ध्वज को सामूहिक रूप से घर लाना इस प्रकार न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत संबंध का एक कार्य बल्कि राष्ट्र–निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है।

पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। आप सभी इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि इस अभियान के जरिए सरकार की योजना है कि भारत के हर घर पर तिरंगा लहराए. इसके लिए सरकार ने 20 करोड़ घरों का लक्ष्य तय किया है. सरकार की अपील है कि 13 से 15 अगस्त के बीच जनभागीदारी से 20 करोड़ से ज्यादा घरों पर तिरंगा फहराया जाए. इसमें सरकारी व निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे. यही नही आप सभी को बता दू इस अभियान को लेकर प्रशासन जोर–शोर से तैयारी कर रहा है. इसके लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है. इसके लिए केंद्र सरकार ने तीन तरह के झंडों के उत्पादन की व्यवस्था की है. ये डाकघरों में उपलब्ध होंगे और लोग तिरंगे को ऑनलाइन भी खरीद सकेंगे. इस अभियान को सफल बनाने में कई तरह की एनजीओ भी काफी मदद कर रही हैं. इनके जरिए सस्ते दाम पर तिरंगे खरीदे जा सकते हैं. तो आइए हम सभी मिलकर हर घर तिरंगा अभियान के रंग रंगदे इस 75 वे स्वतंत्रता दिवस !

## सरकारी स्वास्थ्य केंद्र होंगे दूध की बोतल मुक्तपरिसर घोषित विश्व स्तनपान सप्ताह पर होगा प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
वैशाली। जिले के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर अब नवजातों को किसी भी प्रकार का बाहरी दूध नहीं पिलाया जाएगा। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को "दूध की बोतल मुक्त परिसर" घोषित किया जाएगा। इस बात की जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमिताभ कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि दूध कि "बोतल मुक्त अभियान" के लिए कवायद जारी है। डॉ सिन्हा ने बताया कि जिले में एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक प्रखंड में स्तनपान पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वहीं इसके अलावे स्वास्थ्य केंद्र पर अलग से स्तनपान कॉर्नर की स्थापना भी की जाएगी। डॉ सिन्हा ने कहा कि जन्म के बाद 45 प्रतिशत बच्चों की मौत कुपोषण से होती है। स्तनपान कुपोषण को मिटाने के लिए सबसे अहम है। जन्म के समय के एक घंटे के अंदर मां का गाढ़ा पीला दूध, जिसे कॉलस्ट्रॉम भी कहते हैं, वह बच्चे के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावे छह महीने तक बच्चों को सिर्फ स्तनपान ही कराया जाना चाहिए। इसके बाद बाहरी पूरक आहार के अलावा स्तनापान को जारी रखना चाहिए। विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत आशा और एएनएम ग्राम स्तरीय बैठक भी करेंगी। जिसमें वह माताओं को स्तनपान के फायदे गिनवाएंगी। वह शिशु और माता को स्तनपान से होने वाले लाभ को भी बताएंगी।

– पहले छह माह तक पूर्ण आहार मिलता है व अगले दो साल तक बड़ी मात्रा में जरूरी आहार, ताकत एवं पोषक तत्व मिलते हैं।
– शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं।
– आसानी से पच जाता है और शिशु में कब्ज की शिकायत नहीं रहती।
– मां का दूध साफ सुथरा, जीवाणु रहित होने के कारण शिशुओं को संक्रमण से बचाता है।
– यह बच्चे को दमा, एलर्जी, दस्तरोग और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचाता है।
– मां और बच्चे के बीच प्यार को बढ़ाता है।
– मां का शरीर सुडौल बनाने में मदद करता है।
– मां के स्वास्थ्य का संरक्षण करता है।
– गर्भाशय सिकुड़ने में मदद करता है।
– मां को अंडाशय और स्तन कैंसर से बचाता है।
– मां शिशु को तुरंत और सही तापमान का दूध पिला सकती है।



## रेड की संख्या बढ़ाए नाम से पेट्रोलिंग करें ड्रोन का इस्तेमाल करें और अवैध कारोबार को ध्वस्त करें : जिलाधिकारी वैशाली



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
हाजीपुर। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में मद्य निषेध अवैध खनन और भूमि विवाद के मामलों की समीक्षा की गई। मध्य निषेध की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शराब के कारोबार देशी या विदेशी से जुड़े लोगों की पहचान कर उनका नेटवर्क ध्वस्त करें। इसके लिए नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाई जाए। नदी के दोनों तटों से पेट्रोलिंग कराई जाए। दियारा क्षेत्र में ड्रोन कैमरा का नियमित इस्तेमाल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पकड़े गए लोगों के साथ सहानुभूति नहीं रखी जाए बल्कि नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।
समीक्षा के क्रम में अधीक्षक मध्य निषेध के द्वारा बताया गया कि विगत जुलाई माह में 155 छापेमारी की गई है जिसमें 02 अभियोग दर्ज कराया गया है। कुल 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कुल 1108 ऐड किए गए हैं जिसमें 74 प्राथमिकी दर्ज कराई गई और 20 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शराब के कारोबार में लगे वाहन को याद किया जाए और उसके नीलामी की प्रक्रिया के लिए 1 माह के अंदर प्रस्ताव को उपस्थापित किया जाऐ। खनन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी भ्रमण सिल रहे और जहां भी करवाई करें वहां की फोटोग्राफी जरूर कर ले। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से सूचना मिलती है तो तुरंत वही वहां रेड करें।। बैठक में उपस्थित सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से भी कहा गया कि सड़कों पर चल रहे हैं बालों के ट्रैक्टर और ट्रकों को रोककर कुछ पूछताछ की जाए ताकि इसके अवैध परिवहन से लोगों में भय उत्पन्न हो। खनिज विकास दल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जुलाई माह में 44 रेड किए गए हैं। कुल 5 प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तथा 62 लाख रुपए का पैन कार्ड आ गया है। अंजानपीर के पास बालू लदे ट्रैक्टर के खड़े रहने के विरुद्ध कार्रवाई का जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के विषय में बताया गया कि कुल 22 ट्रैक्टर पकड़ा गया था। जिलाधिकारी ने कहा कि नोटिस जारी कर एनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के पूछने पर एमडीयू ने बताया कि जिला में कुल 277 ईट भट्टा कारशील है। जिला अधिकारी के द्वारा यहां भी समय–समय पर जांच करने का निर्देश दिया गया।
भूमि विवाद की समीक्षा के क्रम में जिला अधिकारी ने कहा कि इस माह के अंतिम सप्ताह में जिला मुख्यालय में कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी एसडीओ और अंचला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस कैंप में यह देखा जाएगा कि थानों पर कितने मामले आए और कितनों का निष्पादन किया गया और कितना मामला संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भेजा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों पर थाना द्वारा क्या संज्ञान लिया गया। धारा 107 144 सीसीए और बाउंड डाउन की कितनी कमाई हुई। भूमि विवाद के जो मामले आए क्या वे दो परिवार या दो समुदाय के बीच के थे। इन सभी बिंदुओं पर जिला स्तरीय कैंप में समीक्षा की जाएगी।। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के निराकरण के लिए पंचायती राज संस्थाओं के अंतर्गत सरपंच में भी शक्तियां निहित है।।न्याय मित्र न्याय सचिव को एक्टिव कराते हुए सरपंच के कार्यालय को भी क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला अधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सुमित कुमार अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार विभाग खनिज विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय समाज कल्याण के लिए यू डी आई कार्ड बनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स पुरनहिया प्रखंड विजय बैठा पुरनहिया,शिवहर। दिव्यांगजन शक्ति करण निदेशालय समाज कल्याण के लिए पुरनहिया प्रखंड में 01/08/2022 से 17/08/2022 तक आयोजन चलेगा। उक्त शिविर के सफल आयोजन हेतु संभावित पदाधिकारियों दायित्व निर्धारित किए जाते हैं जिसमें प्रमाणीकरण हेतु हॉल की व्यवस्था निर्वात विद्युत की व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता कराया जाएगा दिव्यांगों की बैठने की उचित व्यवस्था भी होगा
शिविर के आयोजन के पूर्व पंचायत स्तरीय कर्मियों मुखिया –सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक, आयोजित कर उन्हें बैठक के पूर्व, जानकारी उपलब्ध करना साथ ही उनसे अपने पंचायत में उपस्थित दिव्यांग जनों की शिविर में उपस्थित सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जाएगा।
जो वैसे दिव्यांग हैं जो आने में असमर्थ है उनका दस्तावेज विकास मित्र द्वारा सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन कार्यालय में जमा कराया जाएगा।



# संक्षिप्त समाचार

## नदी में तैरता मिला युवक का शव

दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)! दलसिंह सराय प्रखंड के केंवटा पंचायत में बुधवार की सुबह पंचायतभवन के पीछे बलान नदी में युवक का शव तैरता हुआ मिला ! शव मिलने की खबर से पूरे गांव में सनसनी फैल गई ! सुबह शौच के लिए गए लोगों ने नदी में तैरता हुआ शव देखा, जिससे लोगों में अफरा–तफरी मच गई !किसी प्रकार ग्रामीणों ने शव को नदी के किनारे किया ! मृतक की पहचान केंवटा के कागपुर निवासी सुधीर कुमार के रूप में हुई है ! ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है ! ग्रामीणों का कहना है कि किसी ने सुधीर की हत्या कर उसे नदी में फेंक दिया है ! शव पानी में रहने के कारण फूल चुका है ! ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है, पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है !



## बंगरा पेट्रोल पंप के पास कुआं में गिरी भैंस

मशरख सारण। खैरा सत्तरघाट एस एच 90 पर मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा पेट्रोल पम्प के पास एक भैंस चरने के दौरान गहरा कुआं में गिर गया चरवाहा योगेन्द्र राय के चिल्लाने पर ग्रामीणों का काफी भीड़ इकट्ठा हो गया। ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद भी भैंस नही निकल पाया उस कुआं में विषैला साप था जिसको ग्रामीणों ने रस्सी के द्वारा निकालकर मार दिया इसके बाद भैंस को निकलने का पूरा प्रयास करने के बाबजूद भी भैंस नही निकल पाई ।उसके बाद जे सी बी बुलाया गया उसके बाद रस्सा बांध कर जे सी बी के द्वारा भैंस को सुरच्छित निकाला गया।



## जिले में 21 अमृत सरोवर के पास स्वतंत्रता दिवस पर फहरेगा तिरंगा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में तालाबों को चिह्नित कर जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया था। जिनमें से 21 तालाबों का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया गया है। जिन्हें अमृत सरोवर का नाम दिया गया है। शेष तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। 15 अगस्त 2022 से पूर्व 20 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इन सभी सरोवरों पर 15 अगस्त को तिरंगा फहराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार जिले में 11 प्रखंड क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 115 तालाबों को चिह्नित किया गया था। जिनमें से 75 तालाबों को अमृत सरोवर के अंतर्गत चिह्नित कर जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें से 21 का कार्य 15 अगस्त से पूर्व ही पूर्ण कर लिया गया है। जबकि शेष तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में 15 अगस्त 2022 से पूर्व कुल लक्ष्य के 20 प्रतिशत अमृत सरोवर की योजनाओं को पूर्ण किया जाना अनिवार्य था। जिले को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले के सभी पूर्ण हो चुके अमृत सरोवर स्थल पर 15 अगस्त को झंडोत्तोलन कराना है। इसके लिए प्राप्त निर्देश के तहत झंडोत्तोलन स्वतंत्रता सेनानी, उनके स्वजन, बलिदानी के स्वजन, पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले लोगों से कराया जाना है, लेकिन इनमें किसी के नहीं होने की स्थिति में संबंधित पंचायत के सबसे वरिष्ठ नागरिक से झंडोत्तोलन कराया जाएगा। पंचायत रोजगार सेवक उनकी पहचान कर संबंधित जानकारी अपलोड करेंगे। साथ ही उक्त 21 अमृत सरोवर के पास पौधारोपण किया जाएगा। इसमें बरगद, नीम, पीपल को विशेष तौर पर लगाया जाएगा।



## धर्मेन्द्र कुमार वर्मा की पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनायी जाएगी : प्रचार्य

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज जनादेश,गोरेयाकोठी। गोरेयाकोठी के प्रसिद्ध समाजसेवी और तपी प्रसाद उच्च विद्यालय के भूमि दाता सदस्य स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार वर्मा उर्फ मुन्ना वर्मा दूसरी पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनायी जाएगी । इसकी जानकारी तपी प्रसाद उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य निर्भय कुमार सिंह ने दी । उन्होंने बताया कि समारोह में विद्यालय के छात्र – छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा ।इस कार्यक्रम में तपी प्रसाद उच्च विद्यालय के साथ – साथ रामाशीष वर्मा बालिका उच्च विद्यालय , केशव ज्ञान वाटिका एवं अन्य विद्यालय के छात्र – छात्रा भाग लेंगे। समारोह में शिक्षाविद और ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।




## सरमेरा प्रखंड में महान संत बाबा महतों के भव्य मुख्य द्वार निर्माण का किया गया शिलान्यास

(प्रिया कुमारी ब्यूरोचीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ़। हिन्द किसान मजदूर पंचायत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पटना जिला एमएलसी के पूर्व प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव सरमेरा प्रखण्ड के परनामा गाँव पहुंचे ।जहां महान संत बाबा महतो मेला कमिटी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा गाजे–बाजे के साथ फूल – माला पहना कर तथा अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव ने संत बाबा महतो की समाधि पर फूल–माला अर्पित कर तथा दीप जलाकर पूजा की ।बाद में वे अपने समर्थकों के साथ मुख्य द्वार निर्माण स्थल पर पहुंचकर ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मुख्य द्वार निर्माण का शिलान्यास किया ।मिली जानकारी के अनुसार महान संत बाबा महतो ने परनामा गाँव में समाधि ली थी। समाधि स्थल पर उनके एक भक्त के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया है, तब से परनामा गाँव को परनामा धाम के नाम से भी जाना जाता है। प्रत्येक दो वर्ष पर यहाँ बड़े पैमाने पर मेले का आयोजन होता है जो कि नालंदा और पटना जिला में



काफी प्रसिद्ध है। इस मेले में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का आगमन हुआ था तभी उन्होने बाबा महतो के नाम से एक भव्य द्वार बनवाने का वादा किया था । इस बाबत उन्होने 03 अगस्त 2022 बुधवार के दिन शुभ मुहूर्त में द्वार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर रणवीर सिंह यादव,वीआईपी पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश यादव, अवधेश यादव, बाढ़ प्रमुख उपेंद्र पासवान , पंडारक प्रमुख के प्रतिनिधि पंकज कुमार सहित सैंकड़ों कि संख्या में लोग मौजूद थे ।

# जामो गैस एजेंसी का सड़क हुआ कीचड़ में तब्दील

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज,गोरियाकोठी। प्रखंड क्षेत्र के जामो बाजार के इंडेन गैस एजेंसी की तरफ जाने वाली सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई। बताया जाता है कि जामो बाजार के शहीद



कवींद्र इंडेन गैस एजेंसी की तरफ जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। इस सड़क से हर दिन हजारो लोगो का आवागमन होता है। सड़क जर्जर होने से हर दिन छोटी बड़ी दुर्घटना होती रहती है। आये दिन लोग इस सड़क पर गिरते है और सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि को कोसते है। बरसात में तो ये सड़क तो पूरी तरह झील और कीचड़ में तब्दील हो गया है। सड़क की स्थिति इतना खराब है कि लोग मजबूरन इस सड़क से अपना जान जोखिम में डाल कर आगवामन करते है। इस क्षेत्र का एक मात्र गैस एजेंसी इस रोड में होने के चलते ग्राहकों की संख्या ज्यादा होने के वजह से हर दिन रसोई गैस धारको की आना जाना लगा रहता है। गैस से भरी हर दिन छोटी बड़ी गाड़ियों का भी आवागमन होता रहता है। सड़क खराब होने के चलते कई बार छोटी से बड़ी गाड़िया दुर्घटनाग्रस्त भी हो गई है।

क्या कहते है स्थानीय लोग

☒ दो साल पूर्व गोपालगंज जिले के गंडक नदी का बांध टूटा था तो बाढ़ की पानी की तेज धार ने इस सड़क को जगह जगह ध्वस्त कर दी थी। जो अब भी जैसी की तैसी है। स्थानीय निवासी मनेजर कुमार, अमित सिंह, मुन्ना शर्मा, सुनील शर्मा अर्जुन कुशवाहा, टॉफिक आलम, विकाश पांडेय, राहुल कु, इत्यादि लोगो ने जल्द से जल्द बिभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधि से सड़क बनवाने की मांग कि है।

# गोरेयाकोठी मे गैस रिसाव के कारण दो दुकानों मे भीषण आग लगने से लाखो की सम्पति जली

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज,गोरेयाकोठी। गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बाजार पर दो दुकाने बुधवार की सुबह भीषण आग लगी में जलकर राख हो गई। आग में नगदी,फ्रीज, बर्तन सहित दुकानों के कीमती सामान स्वाहा हो गए। दुकानदारों को लाखों का नुकसान हुआ है। फायर बिग्रेड की 4 गाड़ियों ने घंटों बाद आकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड के पहुंचने के पहले ही सारी संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई थी। मिठाई दुकानदार सिवान निवासी विजय प्रसाद व पान दुकानदार बहादुरपुर निवासी मुख्तार प्रसाद के अनुसार सुबह गैस रिसाव के कारण आग लग गई। इसकी जानकारी दुकान के बगल में पान बेचने वाले ने आसपास के लोगों को दी। तब तक गोरेयाकोठी, जामो, बड़हरिया व जीबी नगर की फायर बिग्रेड की गाड़ी आई तब तक सारी संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई थी। इस घटना को लेकर बाजार पर अफरा–तफरी का माहौल हो गया। आग की लपटें काफी भयावह थी।



कमर्शियल के जगह घरेलू गैस जलाने से बढी परेशानी, अधिकारी मौन जगदीशपुर में मिठाई के दुकान में कमर्शियल के जगह घरेलू गैस जलाना मिठाई दुकानदार को महंगा पड़ा। अधिकांश दुकानों में देखा जाए तो कमर्शियल के जगह घरेलू गैस का इस्तेमाल किया जाता है। इससे आग लगने की संभावना बनी रहती है। इसको लेकर अधिकारी भी ध्यान नहीं देते। कमर्शियल के जगह मिठाई दुकानों में धड़ल्ले से घरेलू गैस का इस्तेमाल किया जाता है।

# 21 वी वाहिनी एस एस बी बगहा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर झंडा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण बगहा। 21वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सीमा चौकी चकदहवा के




अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोहुआ टोला के प्रांगण में मानव चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 210 ग्रामीण लाभान्वित हुए एवं पशु चिकित्सा शिविर में 260 पशुओं का उपचार किया गया प्रकाश कमांडेंट ने सभी छात्र छात्राओं, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि 75 वे वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत देश के समस्त नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है अपने अपने घरों पर सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों, स्कूलों–कॉलेजों में दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक झंडोत्तोलन करें एवं इसके प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में प्रकाश कमांडेंट 21 वीं वाहिनी डॉ ममता अग्रवाल कमांडेंट चिकित्सा डॉ गुरविंदरजीत सिंह कमांडेंट पशु चिकित्सा क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया वंशदीप माजी सहायक कमांडेंट उप निरीक्षक सुभाष कुमार, सहायक उप निरीक्षक सतेन्द्र प्रताप सिंह शिक्षक गण, सीमा जागरण मंच के सदस्य एवं अन्य स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पिपरासी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधी ने बाढ़ पीड़ितों की ली सुधि

अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पिपरासी प्रखंड प्रमुख प्रतिनीधी मंजेश सहनी ने पिपरासी प्रखंड के काटी टोला बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मे बाढ़ पीड़ितों की सुधि लेने पहुंचे। ज्ञात हो कि की काटी टोला जो पिपरासी प्रखंड का बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, जो गंडक नदी के तट पर बसा है। गंडक नदी में आई हल्की बारिश के बाद बाढ़ कि स्थिती उत्पन्न हो गई है।काटी गांव में क्रमशः सभी घरों में पानी प्रवेश कर गया है। ग्रामीणों का आवागमन ठप हो गया है। बता दें कि पिपरासी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधी ने काटी टोला निवासियों को ऊंचे स्थान पर विस्थापन करने के लिए अंचलाधिकारी ललित कुमार सिंह से काटी टोला वासियों को ऊंचे स्थान पर विस्थापन करने की बात कही थी। जिस पर पिपरासी अंचलाधिकारी ललित कुमार सिंह ने रेलवे बांध के पास जो लगभग रेलवे बांध से 25 फीट नीचे होने का स्थान दिया था ग्रामीणों ने उस स्थान पर पुनः स्थापित होने से इंकार कर दिया, आज आलम यह है कि काटी टोला वासियों का जलभराव के कारण आवागमन तक अवरूद्ध हो गया है। प्रखंड प्रमुख प्रतिनीधी ने



अंचलाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऊंचा भूमि होने के बावजूद भी अंचलाधिकारी पिपरासी ने कांटी टोला वासियों को पुनः स्थापित नहीं किया।

अब बाढ़ पीड़ितों की स्थिति क्या होगी कौन जवाब देगा।

# जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग में प्लग एंड प्ले मोड में निर्माणाधीन टेक्सटाईल पार्क का किया निरीक्षण

☒ तीव्र गति से कार्य करते हुए अविलंब आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करने का निर्देश

☒ 17476 स्क्वायर फीट के 04 प्रिफैब स्ट्रक्चर सहित शेड, कैंटीन, ड्रेनेज सिस्टम, शौचालय, सड़क आदि का होना है निर्माण

☒ प्लग एंड प्ले मॉडल के तहत दर्जनों उद्यमियों द्वारा शुरू किया जायेगा उद्यम, बेतिया बनेगा प्रोडक्शन हब, लोगों को मिलेगा रोजगार



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा आज चनपटिया स्टार्टअप जोन के समीप औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग में निर्माणाधीन टेक्सटाईल पार्क का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अभियंताओं एवं संवेदक को त्वरित गति से कार्य करते हुए कम से कम समय में सभी कार्यों को पूरा करने का निदेश दिया ताकि यहाँ अविलंब प्रोडक्शन चालू हो पाएं।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि टाइम लाइन के साथ वर्क प्लान तैयार करते हुए तेजी से कार्य कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि इस हेतु श्रमिकों की संख्या बढाएं, पाइलिंग मशीन का यूज करें। फाउंडेशन की ऊँचाई जलजमाव को देखते हुए समुचित किया जाय ताकि भविष्य में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारी तथा संवेदक द्वारा बालू की उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता आदि समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को तुरंत कारगर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्माण स्थल के समीप बिजली के तार के एलाइनमेंट को सीधा करने एवं आवश्यकतानुसार पोल की ऊंचाई को बढ़ाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, विद्युत को दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी कठिनाई हो उसे साझा करें, हर संभव सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले को प्लग एंड प्ले मॉडल के तहत प्रोडक्शन हब बनाने की दिशा में तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। चनपटिया स्टार्टअप जोन के समीप औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग में टेक्सटाईल पार्क का निर्माण तीव्र गति से कराया जाना है।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। तीव्र गति से कार्य करते हुए उसे जल्द से जल्द क्रियाशील कराना है। कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्वक एवं बेहतर तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने कहा कि पश्चिमी चम्पारण जिले को प्रोडक्शन हब बनाना जिला प्रशासन का बहुत बड़ा ड्रिम है। इस ड्रीम को सफलीभूत कराने हेतु सभी को तत्परतापूर्वक कार्य करना होगा ताकि यहाँ के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध हो सके तथा आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य मिल सके। सभी को ऐसा प्रयास करना है कि बाहर के लोगों को पश्चिमी चम्पारण जिला रोजगार दे सके। इस अवसर पर एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, श्री रवि प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंडों के कुछ पंचायतों में योजनाओं की जांच पदाधिकारियों द्वारा किया गया



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिला द्वारा मिले निर्देश के अनुसार मुख्य सचिव के पत्र के आलोक में बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंडों के कुछ पंचायतों में योजनाओं को लेकर नियुक्त वरीय पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को जांच किया गया। जिसमें बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा प्रखंड बगहा एक के बड़गांव पंचायत की जांच की गई।जिसमें नल जल योजना, गली नली योजना,बड़गांव राजकीय मध्य विद्यालय,आवासीय विद्यालय छात्रावास चौतरवा,उप स्वास्थ्य केंद्र, और पीडीएस डीलरो के खाद्यान्नों आदि की भी जांच हुई। वहीं अपर अनुमंडल पदाधिकारी मो. सरफराज नवाज के द्वारा प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र की जांच किया गया। इसके साथ ही दूसरे प्रखंडों में भी बीडीओ और सीओ द्वारा जांच किया गया। जिनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा एक के कुमार प्रशांत के द्वारा प्रखंड बगहा दो के सेमरा कटकुईया में नल जल योजना, पीडीएस डीलर के पीओएस मशीन, खाद्यान्न भंडारण, विद्यालय,आंगनबाड़ी केंद्र आदि की जांच की गई।

बगहा दो बीडीओ जयराम चौरसिया के द्वारा प्रखंड बगहा एक के बसवारिया पंचायत में योजनाओं की जांच की गई। बगहा दो के सीओ राजीव रंजन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रखंड बगहा एक के मझौवा पंचायत में भू राजस्व की स्थिति, पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं की जांच की गई। बगहा एक सीओ अभिषेक आनंद द्वारा प्रखंड बगहा दो में बैरागी सोनबरसा पंचायत में भू राजस्व और पंचायतों में चल रहे योजनाओं को लेकर जांच किया गया। बगहा अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार तिवारी के द्वारा भी स्वास्थ्य केंद्र और योजनाओं की भी जांच बांसगांव मंझरिया में किया गया।

इसी प्रकार रामनगर, मधुबनी पिपरासी, भितहा, ठाकराहा प्रखंडों में जिला द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा पंचायतों में चल रहे– हर घर नल जल योजना, नली–गली योजना, पंचायतों के प्राथमिक मध्य और उच्च विद्यालयों की जांच, एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधा , पीडीएस डीलरो, मनरेगा, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की जांच नियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को की गई जिससे पंचायतों में चर्चा का विषय बना रहा। पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुछ अनियमितता कुछ जगह पर पाई गई है जिसकी जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय में भेज दी जाएगी। जांच के क्रम में मौजूद पदाधिकारियों में बगहा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ मौजूद थे।

# वैशाली जिलाधिकारी ने गाड़ी रुक वाई और लोगों से मिलकर रोपनी के विषय में जानकारी प्राप्त की

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिलाधिकारी ने लिया धान के रोपनी का स्थलीय जायजा

जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा कार्यालय कार्य करने के बाद आज संध्या 4रू00 बजे से धान की रोपनी का स्थलीय जायजा लिया गया और किसानों से मिलकर जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी हाजीपुर प्रखंड के मनुवा पंचायत स्थित फूल्हारा इसहाक गांव गए। गांव जाने के क्रम में सड़क के बगल में कुछ लोग धान की रोपनी कर रहे थे। जिलाधिकारी ने गाड़ी रुक वाई और लोगों से मिलकर रोपनी के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी के पूछने पर लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रोपनी में तेजी आई है। अभी हम लोग 18 कट्ठा में रोपनी कर रहे हैं बाकी रोपनी का कार्य हो गया है ।मुहर्रम के बारे में पूछने पर उन लोगों ने बताया कि यहां मोहर्रम का पर्व सद्भाव के साथ मनाया जाता है और शांतिपूर्ण संपन्न होता है। जिलाधिकारी गांव में प्रवेश करने के बाद वार्ड संख्या 2 में गए और वहां सरकारी नलकूप का निरीक्षण किया। यहां पर कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई जानकारी रहने के बावजूद अनुपस्थित पाए गए जिस पर उनसे स्पष्टीकरण किया गया ।यहां पर कनीय अभियंता अर्चना कुमारी ने बताया कि नलकूप ठीक है और सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है ।यहां पर जिलाधिकारी ने सामुदायिक भवन भी देखा और उसकी मरम्मत करा देने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। यहां आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 199 को भी जिलाधिकारी ने देखा और इसके चलने की जानकारी लोगों से प्राप्त की। इसी वार्ड के श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस गांव में रोपनी का कार्य लगभग पूरा हो गया है।लोग पायनियर किस्म का धान लगाए हैं जो कम पानी में भी होता है और अच्छा उपज देता है। आगे जिलाधिकारी पासवान टोला गए।यहां पर दो घरों की स्थिति बड़ी खराब पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने श्री हरेंद्र पासवान,हिरामन पासवान एवं श्री सुरेंद्र पासवान को आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया और अनुमंडल



पदाधिकारी को इसे देख लेने की बात कही। यहां के बाद जिलाधिकारी गदाई सराय पंचायत के गदाईसराय गांव के वार्ड नंबर 13 में केले की खेती का जायजा लिया। यहां लगभग 20 एकड़ में केला की खेती की गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 25 किसानों ने केले की खेती की है ।जिलाधिकारी के द्वारा केले के उत्पाद और बिक्री के बारे में पूछा गया और किसानों की सूची बनाकर कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से दी जा रही प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित कराने का निर्देश दिया गया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार और उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सकरा प्रखंड के भरथीपुर ग्राम पंचायत पहुचे



रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार और उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सकरा प्रखंड के भरथीपुर ग्राम पंचायत पहुंचे। ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन ,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ध्लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के तहत उन्होंने सकरा प्रखंड के भरथी पुर ग्राम पंचायत में कचड़ा प्रसंस्करण यूनिट केंद्र का मुआयना किया गया और साथ ही उनके द्वारा उसका विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात ठेला गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवानगी की गई। ग्राम पंचायत भरथीपुर वार्ड नंबर 10 में लाभुकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने ठोस और तरल कचरा प्रबंधन को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम ध्अभियान की विस्तृत जानकारी लोगों को दी। साथ ही उक्त कार्यक्रम में जन सहभागिता के महत्व के बारे में भी लोगों को बताया।उन्हें कहा कि प्रत्येक घर में हरे और नीले रंग के दो डस्टबिन दिया जा रहा है। जिसमें हरा डस्टबिन में गिला कचड़ा एवं नीले डस्टबिन में सूखा कचरा सभी लोग रखेंगे। मौके पर उपस्थित लोगों को दो–दो डस्टबिन वितरित भी किए गए। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि ग्रामीण क्षेत्रों से घर–घर कचरे के उठाव के बाद कचरा प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से कचरे को प्रोसेस किया जाएगा।

कार्यक्रम के बाद ग्राम पंचायत भरथी पुर वार्ड नंबर 10 स्थित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का मुआयना भी जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त के द्वारा किया गया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार भी उपस्थित थे।

# जिला पदाधिकारी सुपौल श्री कौशल कुमार द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल सुपौल अंतर्गत बसंतपुर प्रखंड अवस्थित राजकीय नलकूपों का क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)

सुपौल। जिला पदाधिकारी सुपौल श्री कौशल कुमार द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल सुपौल अंतर्गत बसंतपुर प्रखंड अवस्थित राजकीय नलकूपों का क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय अनुमंडल पदाधिकारी वीरपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंतपुर, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल एवं संबंधित मुखिया तथा कनीय अभियंता उपस्थित थे । निरीक्षण के क्रम में बंद नलकूपों को अनुरक्षण उपरांत शीघ्र चालू कराने का निदेश दिया गया । क्षेत्रीय भ्रमण के पश्चात राजकीय नलकूपों के सफल संचालन हेतु एक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी सुपौल द्वारा समाहरणालय परिसर अवस्थित टी सी पी भवन में किया गया । इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त सुपौल श्री मुकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सुपौल श्री गणेश जी, विभागीय कनीय अभियंता गण, संबंधित पंचायतों के मुखिया व पंचायत सचिवों के साथ साथ विभाग




द्वारा पैनल में शामिल ट्यूबेल मैकेनिक भी उपस्थित थे ।

जिला पदाधिकारी द्वारा एक एक नलकूपों की व्यापक समीक्षा की गयी और मुखिया गणों को निदेश दिया गया कि वे विभागीय अभियंताओं से समन्वय स्थापित कर बंद पड़े नलकूपों को शीघ्र चालू करवाये ताकि किसानों को सिंचाई में अधिक से अधिक लाभ मिल सके ।

# संक्षिप्त समाचार

## नवादा में शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर गांव छोड़ भागा कुकर्मी

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नानी घर में रह रही नाबालिग के साथ गांव के ही अनूप राम ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। नाबालिक के गर्भवती होने के बाद वह शादी से इनकार कर रहा है। बताया जा रहा है कि युवक गांव छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद नाबालिग ने दुष्कर्मी पर एफआईआर दर्ज करवाई है। नाबालिग ने बताया कि एक साल पहले युवक से प्यार हुआ था। शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब भी हमारी मुलाकात होती थी तो अनूप राम कहा करता था, हम दोनों शादी करेंगे और फिर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता था। जब मैं 6 महीने की गर्भवती हो गयी हूं तो अनूप राम ने धोखा देकर गांव से फरार हो गया है। नाबालिग ने बताया कि अनूप राम से मैंने संपर्क किया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद मेरे माता–पिता थाना पहुंचकर अनूप राम के खिलाफ लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करवाए हैं। अनूप के परिवार से जब मेरे माता–पिता ने शादी की बात की तो उन्होंने सीधा शादी से इनकार कर दिया है। मामले के बारे में थाना प्रभारी श्याम पांडे ने बताया कि आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। जल्दी ही युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## बाढ़ के निजी विद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन

(प्रिया कुमारी ब्यूरोचीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार ) बाढ। सावन के




आगमन के साथ ही चारों तरफ वातावरण हरा भरा दिखने लगा है। हर ओर पेड़ पौधे गुलजार हो गए हैं। वही लोगों के मन और मस्तिष्क में शिव भक्ति भी उमरने लगा है। चारों तरफ सावन के मौके पर शिव की भक्ति का नजारा देखने को मिल रहा है। वही बाढ़ के स्टेशन रोड स्थित दया चक मोहल्ले के रिच लुक किड्स प्ले स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चों के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया।इसमें छोटे–छोटे बच्चों ने भगवान शिव पार्वती गणेश और कार्तिक का भव्य झांकी निकाला। साथ ही विद्यालय परिसर में सावन महोत्सव के मौके पर एक से बढ़कर एक नन्हे–मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुति दी गई ।जिसमें शिव आरती और तांडव नृत्य लोगों का मन मोह लिया।विद्यालय के प्राचार्य मुस्कान बताई की नन्हे–मुन्ने बच्चों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों के भीतर पढ़ाई के प्रति भी जागृति आती है ।और बच्चों के अंदर स्टेज पर उतरने का डर खत्म हो जाता है ।बच्चों के अभिभावकों ने भी अपने बच्चों का प्रदर्शन देखकर बेहद खुश नजर आए।

## मुहर्रम के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक

(प्रिया कुमारी ब्यरोचीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ़। अथमलगोला थाना परिसर में अंचलाधिकारी भाष्कर कुमार मंडल और थांनाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में मुहर्रम पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई ।इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद मो खलिल्लूलाह मसूरी,उष्मानपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विनोद राय,राम नगर करारी कच्छार पंचायत सरपंच,मो जबीर,बबलू पासवान,गोपाल कुमार सहित दर्जनों सभी धर्मो के प्रबुद्धजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों को ध्यान में रखते हुए पर्व को शांति एवं हर्षोउल्लास पूर्वक मनाएं ।वहीं थांनाध्यक्ष ने बताया कि प्रशासन ने मुहर्रम के मद्देनजर पुरी तैयारी कर ली है ।किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें ।और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ।आसामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी ।ताकि पर्व में किसी तरह का व्यवधान न आये ।इसके लिए निर्दिष्ट स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।

## डायरिया के मरीज की अस्पताल में नही ली सुध,मरीज ने बदसलूकी का लगाया आरोप

(प्रिया कुमारी ब्यूरोचीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ़। सदर अस्पताल में हाल के दिनों में डायरिया के मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हो गई है लगातार मरीजों से अस्पताल के बेड भरे हैं वही भटगांव पंचायत के बाबूलाल महतो के पुत्र 12 वर्षीय शिवम कुमार को मंगलवार की देर रात्रि 2रू00 बजे के आसपास डायरिया से पीड़ित होने के बाद अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया लेकिन मरीज का कहना था कि कम से कम पटना तक जाने के लिए इसकी जान बचाई जाए और हुई दवा और सलाइन चढ़ाने की व्यवस्था की जाए लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने मरीज का एक नहीं सुना और लगातार उसे पटना जाने का सलाह देते रहे इस दौरान मरीज के परिजनों और अस्पताल के एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के बीच कहासुनी भी हो गई कई मरीज के परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारियों के बदसलूकी का नजारा देखते रहे लोगों ने कहा कि गरीब होने के चलते घंटों आंसू बहाता रहा लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी बाद में मरीज को परिजन अपने साथ ले गए।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए औचक छापामारी चल रही

(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मुजफ्फरपुर। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए औचक छापामारी चल रही है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक



लगाने के लिए औचक निरीक्षण एवं छापेमारी एवं तत्पश्चात प्रतिबंधित प्लास्टिक बस्तुओं को जब्त करने हेतु शहर के कुल महत्वपूर्ण 16 स्थानों पर एवं उसके आसपास स्थलों पर 16 अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जिनके द्वारा सतत छापामारी की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध के दिशा में सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बताया गया कि उक्त अभियान लगातार चलाया जाएगा।

## मतीसरा कुंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह

☒ मोहम्मद नजरुल हसन वरीय सहायक शिक्षक के सम्मान में छात्राओं ने किया नृत्य प्रदर्शन

☒ विदाई गीत के बाद अतिथि हुए भावुक

नरकटियागंज पश्चिमी चंपारण के मतीसरा कुंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मे बुधवार के दिन बड़े ही धूमधाम से वरीय सहायक शिक्षक मोहम्मद नजरुल हसन का सेवा समाप्त होने के बाद विदाई सम्मान समारोह हुआ छात्राओं ने नृत्य कला का प्रदर्शन कर स्कूल का मान सम्मान बढ़ाया नृतय को देख तालियों की गड़गड़ाहट से मतीसरा कुंवर बालिका विद्यालय परिसर गूंज उठा जब की छात्राओं ने नृत्य कला से सम्मान समारोह परिसर में बैठे गार्जियन स्वरूप अतिथियों का मन बालिकाओं ने मोहलिया जबकि इस कार्यक्रम में शामिल रहे उद्घाटन करता भूमि दाता सुरेश जयसवाल मुख्य अतिथि कार्यपालक पदाधिकारी समाजसेवी वर्मा प्रसाद, मोहम्मद आमिर सुहेल



जिसमें मतीसरा कुंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष एवं नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के विधायिका रश्मि वर्मा के मंच पर पहुंचते ही दीप प्रज्वलित किया गया जिसमें स्कूल के सैकड़ों छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही वही विदाई समारोह में स्कूल के छात्राओं के द्वारा नृत्य कला का भी आयोजन किया गया। जिसमें रुपाली गुप्ता खुशी कुमारी एवं स्कूल के अन्य प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पांडे शिक्षक छोटेलाल प्रसाद विशिष्ट अतिथि वोट चतुर्वेदी अवधकीशोर सिन्हा सहायक शिक्षक राजन कुमार चौरसिया शिक्षक व्यास पांडे शिक्षक मोहम्मद मुर्तुजा शिक्षक योगेन्द्र यादव शिक्षक उमेश कुमार शिक्षिका रागिनी कुमारी शिक्षिका रितु कुमारी शिक्षिका किरण कुमारी शिक्षिका पल्लवी गुप्ता एवं शिक्षक और शिक्षिका सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे ।

## मुखिया ने अपनी ही पंचायत के सरपंच को चाकू से गोदा

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ नालंदा पटना। पटना के पालीगंज थाना क्षेत्र में एक मुखिया ने अपनी ही पंचायत के सरपंच को चाकुओं से गोद डाला. गंभीर हालत में सरपंच को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले को लेकर सरपंच ने पालीगंज थाने में मुखिया के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि महाबलीपुर पंचायत के सरपंच मृत्युंजय कुमार एक घरेलू विवाद का निपटारा के लिए पंचायत करवा रहे थे. इसी दौरान मुखिया नीलेश कुमार अपने एक सहयोगी के साथ वहां पहुंचे और सरपंच को चाकुओं से गोद डाला। इस हादसे में सरपंच बुरी तरह घायल हो गए. आनन–फानन में लोगों ने उन्हें इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया. घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज प्रभारी गौरी शंकर प्रसाद भी मौके पर पहुंच गए. इस संबंध में जख्मी सरपंच मृत्युंजय कुमार ने बताया कि पंचायत में इंदिरा आवास योजना में खुलेआम पैसा लिया जा रहा था. जिसका हम विरोध कर रहे थे. जिसके बाद मेरी पंचायत के मुखिया द्वारा हमको रोकने का भरपूर प्रयास किया गया. नहीं मानने पर पहले मोबाइल पर धमकी दी गई.जिसके बाद कुछ दिन पहले पालीगंज जाने के क्रम में डराने के लिए बीच रास्ते में छीन झपट कराया गया था. जहां हथियार का भय दिखाकर धमकाया गया. इस मामले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. अब खुलेआम जान से मारने का प्रयास किया गया. इस मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि सरपंच के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है. उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए नहीं रहना पड़ेगा दूसरों पर निर्भर, प्रदेश के स्कूलों में छात्राओं को दिया जायेगा मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बेटियां अब अपनी सुरक्षा खुद करेगी। कोरोना संक्रमण के बाद एक बार फिर स्कूलों में कराटे का प्रशिक्षण शुरू होगा। इसके लिए सूबे के हर ब्लॉक से दो–दो माध्यमिक स्कूलों का चयन किया गया है। 1067 स्कूलों की पांच लाख 33 हजार 500 छात्राओं को कराटे और मार्शल आर्ट सिखाया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षकों का चयन कर लिया गया है। प्रशिक्षकों का उन्मुखीकरण 15 अगस्त के बाद शुरू होगा। वहीं सितंबर के पहले सप्ताह से स्कूलों में प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की मानें तो कराटे और मार्शल आर्ट के लिए 120 प्रशिक्षक चुने जा चुके हैं। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद इनका चयन किया गया है। भारत सरकार की ओर से छात्राओं को कराटे और मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देने की योजना है, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण 2020 और 2021 में यह बंद रहा।संक्रमण कम होने के बाद फिर यह योजना शुरू की गयी है।

बेटियां आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए 120 प्रशिक्षकों में 40 महिलाएं हैं।बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की मानें तो पहले महिला प्रशिक्षक नहीं होती थीं। अब कई छात्राएं ब्लैक बेल्ट धारी हैं। इन्हें प्रशिक्षक बनाया गया है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बागमती नदी तटबंधो का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स पुरनहिया प्रखंड विजय बैठा पुरनहिय,शिवहर। बाढ़ को लेकर प्रखंड विकास परेशानी नहीं है बागमती नदी जो हिमालय उत्तरी दिशा से निकलती है जो कि या पूरी तरह से बाढ़ से



पदाधिकारी आशीष कुमार ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ अदौरी घाट बागमती नदी के तटबंध का किया गया निरीक्षण वहां उपस्थित लोगों से पूछा गया लोगों ने बताया है कि अभी बाढ़ का पानी बांध के नीचे तक का है इससे लोगों को अभी तक कोई प्रभावित है यह बाढ का पानी बांधना होने के कारण जिहुली गांव और गांव में हो जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है रास्ता पिपराही से मोतिहारी का आवागमन थप रहता है। बांधना होने के कारण बाढ़ का पानी गांव में घुस जाता है जो अभी मोतिहारी जाने वाला रास्ता पूरी तरह से ठप है।

## किशनगंज के दौला पंचायत में क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वित कृषि समेत विभिन्न योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ किशनगंज के दौला पंचायत में क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वित कृषि समेत विभिन्न योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण,योजनाओं को आम जनों तक सुलभ कराने का दिया निर्देश।

☒ प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वरीय पदाधिकारियों ने भी क्षेत्र भ्रम कर योजनाओं का किया निरीक्षण,निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर होगी समीक्षा।

किशनगंज। प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने स्वयं दौला पंचायत में भ्रमण कर विभिन्न क्रियान्वित योजनाओं का जायजा लिया।साथ ही, जिलाधिकारी किशनगंज के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त,वरीय उप समाहर्त्ता समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों व बीडीओ, सीओ ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया और विहित प्रपत्र में निरीक्षण प्रतिवेदन डीएम को समर्पित किया है। मालूम हो कि किशनगंज डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री ने सर्वप्रथम दौला पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया।निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता में कतिपय सुधार की आवश्यकता पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए।तत्पश्चात उत्क्रमित दौला उच्च विद्यालय निरीक्षण हेतु पहुंचे और विद्यालय में पठन –पाठन,बच्चो और शिक्षकों की उपस्थिति,मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। कई कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी,पंखा की आवश्यकता को ध्यान में रखकर उपस्थित हेडमास्टर को व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी शिक्षण कार्य को लेकर गंभीर दिखे,मौके पर पठन पाठन संतोषप्रद रहा। तुरंत बाद, दौला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 87 का निरीक्षण कर सेविका और सहायिका से बच्चो की उपस्थिति,पोषाहार वितरण आदि की जानकारी लिया।केंद्र संचालन व्यवस्थित पाया गया। इसके अतिरिक्त दौला स्थित जन वितरण प्रणाली दुकानकर(श्री इसियाक) के स्टॉक की जांच , पीओएस मशीन द्वारा वितरण,राशनधकिरासन उठाव, सीएमआर की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए डीएम ने नियमित जांच के बिंदु पर पणन पदाधिकारी(एमओ) को निर्देशित किया गया तथा दुकान के बाहर सुलभ दिखने योग्य स्थान पर रेट लिस्ट प्रदर्शन करने का निर्देश दिया।डीएम ने स्थानीय लोगो से पीडीएस डीलर,पैक्स अध्यक्ष के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। पंचायत के एक लाभुक के पास जाकर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का निरीक्षण करते हुए निर्माण की गुणवत्ता और मैन डे जेनरेट करने व भुगतान की जानकारी प्राप्त किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद की कालाबाजारी के बिंदु पर पैक्स और पीडीएस दुकान पर सघन जांच



किया गया। जिलाधिकारी ने प्रखंड में निर्माणाधीन दो तालाब का अवलोकन किया और जिसमें एक तालाब की चौड़ाई बढ़ाने सहित अन्य बिंदु पर निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण कर चिकित्सक,स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवा आपूर्ति,ओपीडी संचालन समेत सुलभ स्वास्थ्य सुविधाओ को देखा और स्थानीय लोगो से फीडबैक लिया। साथ ही,कृषि योजनाओं के कार्यान्वयन के निरीक्षण हेतु दौला पंचायत में वर्षामापक यंत्र अधिष्ठापन और इसके क्रियाशील होने का भौतिक सत्यापन किया।पंचायत के राजकीय नलकूप के संचालन के स्थिति को देखा।नलकूप बंद स्थिति में पाए गए।खरीफ फसल रोपनी और कृषि फीडर को निर्बाध बिजली आपूर्ति पर स्थानीय लोगो से फीडबैक लिया।डीजल अनुदान,शत प्रतिशत धान रोपनी के बिंदु पर दिशा निर्देश दिए गए। इसी प्रकार, जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने मनरेगा योजनाओं, पीएम ग्रामीण आवास योजनाओं, पीडीएस, पैक्स केंद्र का भी निरीक्षण किया। जिला के सभी प्रखंड में पंचायत में पूर्व प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने सुबह में ही अपने आवंटित पंचायत में पहुंचकर निरीक्षण किया।निर्देशानुसार निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है।तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई अपेक्षित है।

## श्री शंकर इंटर विद्यालय के बीच मैदान में भवन निर्माण कार्य शुरू,छात्रों में आक्रोश



(अश्विनी कुमार पाण्डेय,अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटोरी, समस्तीपुर) समस्तीपुर जिले के मोहनपुर प्रखंड में स्थित श्री शंकर इंटर विद्यालय रसलपुर अपने समय का एकमात्र उच्च विद्यालय हुआ करता था।यह विद्यालय गंगा नदी के ठीक किनारे बसा है,जिससे हर साल इसपर बाढ़ का खतरा बना रहता है। इस विद्यालय का मैदान एकमात्र माध्यम है,जो बाढ़ के दिनों में बाढ़ राहत सामग्री एवं अन्य राहत कार्यों का केंद्र बनता आया है।साथ ही किसी भी अधिकारी तथा बाढ़ राहत से संबंधित कर्मचारियों के ठहरने का एकमात्र साधन है। इस मैदान का उपयोग खेलकूद के अपेक्षा सुरक्षा दृष्टिकोण से ज्यादा होता है,लेकिन इस मैदान के बीच भवन निर्माण आने वाले समय में लोगो को असहज बना देगा। छात्रों के अनुसार,इंटर विद्यालय के पास मैदान के अतिरिक्त भी पर्याप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध है,फिर मैदान को छोटा करने का प्रयास करना खेल भावना एवं सुरक्षा भावना से खिलवाड़ है।

छात्रों का यह भी आरोप है कि विद्यालय के पास पर्याप्त मात्रा में वर्ग कक्ष है,जिसमें से अधिकतर में ताला बंद रहता है।साथ ही छात्रों ने यह भी जानकारी दी है कि विगत दो वर्ष पहले विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष से सभी कंप्यूटर की चोरी हो गई। जिसका कोई पता तक नहीं चल पाया।

छात्रों ने शिक्षक के समय सारणी को पालन न करने एवं शिक्षण सामग्री को कक्ष में बंद करके उसे बेकार बनाने का भी आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,छात्रों ने स्थानीय विधायक श्री राजेश सिंह जी से भी बातचीत की तथा निर्माण कार्य को फिलहाल बंद कराया गया। किसी गांव में मैदान का होना उस गांव के एकता में वृद्धि का सूचक होता है।

## मोहर्रम में डीजे पर रहेगा प्रतिबंध,जुलूस का लेना होगा लाइसेंस : सीओ रविशंकर पाण्डेय

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मशरक(सारण)। मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर मशरक थाना परिसर में बुधवार को सीओ रविशंकर पाण्डेय के अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक का संचालन बीडीओ मो. आसिफ ने की। थानाध्यक्ष रीतेश कुमार मिश्र ने लोगों को मोहर्रम को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के बारे में जानकारी दी। बैठक में प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश मंटू, प्रखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार, मुखिया इम्तेयाज खान, अजीत सिंह, धर्मेन्द्र मांझी, चन्द्रशेखर सिंह, अशरफ अली, अमर सिंह, साहेब हुसैन, प्रशान्त कुमार सिंह, नासिर खान, एसआई आशुतोष कुमार, एएसआई बृजनन्दन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में हिन्दू–मुस्लिम व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थेऔ। बैठक में मोहर्रम को आपसी सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्देश दिया गया। सीओ रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि इस दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। थानाध्यक्ष रीतेश कुमार मिश्र ने कहा कि शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों, बुद्धिजीवियों व जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करने के बाद बताया कि दोपहर दो बजे से लेकर शाम के छह बजे तक ही तजिया समिति द्वारा बताए गए रुट से ही निकाला जाएगा। ताजिया निकलने के दौरान किसी प्रकार का हथियार लेकर चलने पर भी पूर्व की रोक जारी रहेगी। वहीं जिस जगह पर ताजिया निकाला जाएगा वहां के लोगों को लाइसेंस लेना आवश्यक है। बिना लाइसेंस जूलूस निकालने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना होगा और रूट चार्ट देना होगा। डीजे व लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के मदारपुर, बहरौली, डुमरसन के फरदहिया फुटानीगंज, 40आरडी, बंगरा, मशरक तक्थ, चांद कुदरिया आदि संवेदनशील स्थानों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।



प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों व आमलोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में गंगौली मुखिया प्रतिनिधि परमात्मा मॉझी, उपप्रमुख प्रतिनिधि रणधीर यादव, बीडीसी पारसनाथ सिंह, धर्मेन्द्र राय, अमीत कुमार सिंह, जावेद अंसारी मुख्य थे।

## संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जल संरक्षण प्रबंधन का कार्य पूरी गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित करे



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जल संरक्षण प्रबंधन का कार्य पूरी गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित करें। परंपरागत जल संचयन संरचनाओं का जीणोद्धार तथा नए जल संरचनाओं का निर्माण कर जल संचयन/संरक्षण की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आने वाले वर्षों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण न कर पाए। उक्त बात सुनील कुमार, संयुक्त सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग –सह–नोडल पदाधिकारी जल शक्ति अभियान ने समाहरणालय सभाकक्ष में जल शक्ति अभियान की समीक्षात्मक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए बृहद स्तर पर प्रयास किए जाएं और जल संरक्षण स्रोतों के निर्माण के साथ जागरूकता अभियान के जरिए जन भागीदारी सुनिश्चित करवाई जाए।

इसके पूर्व जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर ने पीपीटी के माध्यम से जिले में जल शक्ति अभियान के तहत मनरेगा एवं विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे जल संरक्षण कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि मनरेगा तथा अन्य विभाग यथा–पंचायती राज,आईसीडीएस शिक्षा,स्वास्थ्य,भवन प्रमंडल, पीएचइडी तथा अन्य विभागों के माध्यम से जल संचयन संरचनाओं का निर्माण बड़ी संख्या में किए गए हैं साथ ही आगे के लिए कार्य योजना भी बनाई गई है।उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत विभिन्न विभागों से सम्बंधित निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त द्वारा जिले में जल शक्ति अभियान के तहत किए जाने वाले कार्य सघन वृक्षारोपण , सोक पिट का निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग ,वाटर शेड डेवलपमेन्ट, परंपरागत जल संचयन संरचनाओं का रिनोवेशन, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट इत्यादि की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण, एवं जल की उपयोगिता एवं महत्व को लेकर आम जनमानस में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बैठक में श्री अमित गुप्ता उपनिदेशक सेंट्रल वाटर कमीशन भी उपस्थित थे। संयुक्त सचिव श्री सुनील कुमार द्वारा जिले में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक पैमाने पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि किए गए कार्य का जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित किया जाए तथा उसे जल शक्ति अभियान पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य भी अनिवार्य रूप से करें। बैठक में जिला जन संपर्क पदाधिकारी कमल सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुषमा कुमारी के साथ विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## सभी प्रखंडों में पलाश मार्ट का करें अधिष्ठापन : डीडीसी

☒ कार्यालय कक्ष में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित कार्यों का किया समीक्षा बैठक,दिया जरूरी दिशा निर्देश

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में 'उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तीश्री जी. ने बुधवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जे. एस. एल. पी. एस.) बोकारो अंतर्गत संचालित योजनाओं



एवं 'जोहार परियोजना के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रखंड वार योजनाओं की स्थिति की जानकारी संबंधित 'प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकों (डीपीएम) से ली और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती अनीता केरकेट्टा से प्राप्त की। उप विकास आयुक्त ने जोहार परियोजना के तहत 'फॉर्मर प्रोड्यूसर ग्रुप (एफपीओ) हेतु प्रोडक्शन सेंटर, कलेक्शन सेंटर एवं मार्केटिंग सेंटर को चिन्हित करने की कार्रवाई करने को कहा। साथ ही, सभी प्रखंडों में पलाश मार्ट का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। इन पलाश मार्ट में 'फॉर्मर प्रोड्यूसर ग्रुप द्वारा उत्पादित सामग्रियों को भी विपणन हेतु रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में संबंधित कर्मी व अधिकारी उपस्थित थे।

## गड्ढे में डूबने से 4 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

(धीरेंद्र कुमार प्रखण्ड संवादाता अयोध्या टाइम्स पिपरा सुपौल) पिपरा । सुपौल के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरा गांव में घर के ही पास एक गड्ढे में पानी भरी हुई थी । जिसमें डूबने से एक 4 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई ।आपको बता दें कि वार्ड नंबर 7 निवासी गणेश मंडल की 4 वर्षीय पुत्री सुलेखा कुमारी सुबह के 11रू00 बजे घर के बाहर खेल रही थी । दिन के 1बजे तक जब बच्ची वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गई । उसके बाद घरवाले आसपास के घरों में बच्ची को खोजा गया तो पता चला आज सुलेखा यहां खेलने नहीं आई थी । उसके बाद पूरे गांव में बच्ची को ढूंढा गया लेकिन वह कहीं नहीं मिली फिर शाम साढ़े 4 बजे के करीब गांव के कुछ युवक ने सुलेखा के शवों को घर के ही पास एक गड्ढे में तैरते देखा । इसकी सूचना उसके घर वाले को दी गई जिसके बाद सब को बाहर निकाला गया । तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी ।ये सूचना मिलते ही परिवार में कोलाहल मच गया घर के सभी लोग रोने धोने लगे । घटना की जानकारी मृतक के दादा बोधराम मंडल ने बताया कि मृतका के माता पिता की अकेली संतान थी । पिता पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं । इस घटना की सूचना थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को मिली । घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया और उसे तुरंत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेजा गया।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं होने पर जताई आपत्ति : प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा

☒ एक वर्ष से नही हुई है रोगी कल्याण समिति की बैठक

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार)। खजौली में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत एक वर्ष से रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं हुई है। इस बाबत प्रमुख कुमारी उषा ने आपत्ति जताते हुए स्थानीय सिविल सर्जन को एक पत्र लिखकर उचित कार्रवाई का आग्रह किया है। उन्होंने सिविल सर्जन को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि स्थानीय सीएचसी में विगत एक वर्ष से रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं हुई है। बिना बैठक के ही रोगी कल्याण समिति मद की राशि निकासी व उसका व्यय किया जा रहा है। उन्होने आशंका जाहिर की है कि ऐसी स्थिती में रोगी कल्याण समिति मद की राशि का दुरुपयोग हो सकता है।

## मुहर्रम के लिए बैठक आयोजित

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स

9 अगस्त को मुहर्रम पर्व को लेकर राजकीय जीआरपी रेल थाना परिसर में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को स्टेशन परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ पर्व मनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए ।जीआरपी थाना अध्यक्ष अशोक राय ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए हमें सूचित करें। क्योंकि प्रशासन इसके लिए सजग है ।शांति एवं सद्भाव इस पर्व को संपन्न कराने एवं प्रशासन को सहयोग करने की अपील की ।इस पर्व के लिए चिन्हित जगहों पर गश्ती भी की जाएगी, इस बैठक के मौके पर जदयू कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता जदयू व्यवसाय के प्रदेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शशि भूषण गुप्ता, ईश्वर राम ,मोती राम, उमा शाह, रंजीत पासवान ,दिलखुश कुमार ,विजय कुमार, मोहम्मद शमशाद ,झक्कास राम ,टीपू राम, अमित गुप्ता सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं भेंडर मौजूद थे।




## भूमि विवाद में दो व्यक्तिघायल

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स मानसी। थाना क्षेत्र के रोजगार गांव में बुधवार को भूमि विवाद को सुलझाने को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें एक पक्ष



के द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों में कहासुनी हो गई। जिसके कारण जनप्रतिनिधि के सामने लाठी डंडा शुरू हो गया। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायल व्यक्ति अरे यार गांव के वार्ड संख्या 13 के धीरे यादव है ।जिसका सर फोड़ कर लहूलुहान कर दिया। जिसे मानसी पीएचसी में भर्ती कराया कराया गया ।तथा दूसरे पक्ष के हीरालाल यादव को भी चोटें आई है ।वहीं मानसी थाना अध्यक्ष निलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली है परंतु देर संध्या तक कोई मामला दर्ज कराई नहीं गई है।

## चौधा बन्नी मिडिल स्कूल में किया गया पौधारोपण

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स मानसी। प्रखंड चौधा बन्नी के मिडिल स्कूल में नेचर कल अभियान के तहत छात्राओं से पौधारोपण करवाया ।गया स्कूल के परिसर में पौधारोपण के दौरान सांसद प्रतिनिधि हीरालाल यादव ने कहा कि स्कूल परिसर के साथ घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधारोपण की जरूरत है। जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे।



## भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर राजपाल का विरोध दीक्षांत समारोह में अभाविप के छात्रों ने किया प्रदर्शन



(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जोरदार हंगामा एवं विरोध देखने को मिला । विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार , परीक्षा में देरी, सत्र विलंब होने के कारण अभाविप के कार्यकर्ता एवं अन्य छात्रों का गुस्सा फुट गया और उन्होंने राज्यपाल के कार्यक्रम के बीच नारेबाजी शुरू कर दिया । छात्रों के हंगामे का वीडियो भी सामने आया है । जिसमें विद्यार्थी की भगदड़ देखने को मिल रही है वहीं छात्रों के पीछे पुलिस भी दौड़ रहे हैं और उन्हें जबरदस्ती बाहर निकाल रहे हैं । इस दौरान छात्रों का आक्रोश चरम पर दिख रहा है । प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि पूरे बिहार के विश्वविद्यालय को बर्बाद किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि सरकार केवल भ्रष्टाचारियों को नियुक्त कर रही है और हमें लूटने का काम किया जा रहा है । इसी दौरान पुलिस वाले जबरन छात्र का मुंह बंद करते दिख रहे है ,साथ ही उसके गर्दन को मरोरा जा रहा है। इसके बावजूद छात्रों ने कई मांग को लेकर आवाज उठाई और सरकार को घेरने का काम किया प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्ट अफसरों को हटाने की मांग की । आपको बता दें आज 3 मई 2022 दिन बुधवार को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा का दीक्षांत समारोह था । इस समारोह में राज्यपाल फागू चौहान मुख्य अतिथि सह अध्यक्ष थे।
वही बिहार सरकार के ऊर्जा और योजना विकास विभाग बिहार सरकार के मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव तथा शिक्षा और संसदीय कार्य विभाग मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

## रक्सौल विधायक प्रमोद सिन्हा के बड़े पुत्र शैलेश सिन्हा का इलाज के दौरान हुआ निधन परिवार में मचा कोहराम रक्सौल हुआ गमगीन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) रक्सौल पूर्वी चंपारण। स्थानीय भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के 42 वर्षीय पुत्र शैलेश कुमार सिन्हा का उपचार के दौरान निधन होने की सूचना जैसे ही रक्सौल में मिली वैसे ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। वही पूरा रक्सौल विधानसभा क्षेत्र गम के सागर में डूब गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शैलेश सिन्हा का हाल ही में अचानक तबीयत खराब हो गया। जिनका उपचार पटना में हुआ, जहां के चिकित्सकों ने उनके स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। और दिल्ली में उपचार के दौरान उनकी मौत मंगलवार की रात्रि में हो गई। शैलेश सिन्हा अपने पीछे रोते बिलखते दो नाबालिक बेटी, एक बेटा, पत्नी, छोटे भाई एवं माता–पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों को छोड़ गए हैं। उनके मौत की खबर सुनते ही स्थानीय सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल, मंत्री जनक राम, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, विधायक विनय बिहारी, पूर्व विधायक प्रत्याशी रामबाबू यादव तथा एलआईसी के पदाधिकारी व एनयूजेआई के रक्सौल अनुमंडल संयोजक बिपिन कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने विधायक श्री सिन्हा के निवास स्थान रक्सौल के हरैया गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। और दो मिनट का मौन रखकर शैलेश कुमार सिन्हा के दिवंगत आत्मा को शांति



प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मृतक शैलेश कुमार सिन्हा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव हरैया में बुधवार को कर दिया गया।

## सचिव एससी एसटी वेलफेयर डिपार्टमेंट-सह-प्रभारी सचिव,जिला किशनगंज श्री देवेश सेहरा ने क्षेत्र भ्रमण कर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो का लिया जायजा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ कृषि खरीफ फसल आच्छादन अन्य योजनाओं का किया निरीक्षण ,दिए कई अहम दिशा निर्देश
किशनगंज। सचिव, एससी– एसटी वेलफेयर डिपार्टमेंट,बिहार – सह – प्रभारी सचिव,जिला किशनगंज श्री देवेश सेहरा ने किशनगंज जिला के बाढ़ प्रवण क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।तटबंध मरम्मती, नदी कटाव, बाढ़ निरोधात्मक कार्रवाई,आपदा प्रबंधन की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।साथ ही,राज्य सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में विभिन्न योजनाओं,कृषि कार्य का निरीक्षण कर स्थानीय लोगो से फीडबैक लिया। खारीफ फसल रोपनी,वर्षमापक यंत्र क्रियाशीलता,राजकीय नलकूप संचालन,डीजल अनुदान, सिंचाई,कृषि फीडर को निर्बाध बिजली आपूर्ति,जले ट्रांसफार्मर बदलने आदि के बिंदु पर प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी से जायजा लिया और स्वयं क्षेत्र में इसका अवलोकन किए। तदनुसार दिशा निर्देश दिए गए।

## चतरा गोबरौरा दक्षिण पँचायत में शिविर का आयोजन

☒ पदाधिकारियों ने सुनीं आमजन की समस्याएं
☒ शिविर में 119 मामले किये गए निबंधित
☒ सबसे अधिक मामले राशन कार्ड से संबंधित

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ खजौली में जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार बुधवार को प्रखंड के चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत भवन में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जन वितरण प्रणाली, आवास, मनरेगा, स्वच्छता व अंचल से जुड़े कुल 119 मामले निबंधित किये गए। शिविर में आए अधिकांश मामले समान प्रकृति के थे। कुछ मामलों का अधिकारियों द्वारा ऑन स्पोट तत्क्षण निराकरण कर दिया गया। वहीं शेष निबंधित मामलों को सूचीबद्ध कर प्रखंड कार्यालय लाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि निबंधित सभी मामलों का शीघ्र निदान कर दिया जाएगा। शिविर में डीसीएलआर सह प्रखंड के प्रभारी पदाधिकारी राकेश कुमार, अंचलाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी हेम नारायण महतो, मनरेगा पीओ श्वेता कुमारी, कार्यपालक सहायक मो. अजीबुल हक, लेखापाल मो. अबुजर, मुखिया अनिता देवी सहित विभिन्न



विभाग के अधिकारी व पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्रभारी सचिव,किशनगंज श्री देवेश सेहरा ने संभावित बाढ़ से निपटने,कृषि समस्याओं विकासात्मक और लोक कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर की समीक्षा बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ डीएम और एसपी को दिए कई निर्देश
किशनगंज। श्री देवेश सेहरा (भा0प्र0से0)सचिव अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग,बिहार सह प्रभारी सचिव जिला किशनगंज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में संभावित बाढ़ 2022 से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक हुई। साथ ही,खरीफ फसल रोपनी, खाद उपलब्धता,लघु सिंचाई के कार्यों, भू अर्जन,राजस्व, एससी एसटी कल्याण,विधि व्यवस्था,उत्पाद, पुलिस,स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की मैराथन समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के प्रारंभ में प्रभारी जिलाधिकारी ने जिले में अब तक संभावित बाढ़ से संबंधित की गई तैयारियों के संबंध में फिडबैक दिये। तत्पश्चात प्रभारी सचिव श्री सेहरा ने बैठक में कृषि, पीएचईडी, लघु सिंचाई, आपदा,पशुपालन आदि विभागों की विस्तृत समीक्षा कर अबतक की तैयारियों और भावी कार्य योजना पर चर्चा किया।
सचिव महोदय ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में किसानों को किसी प्रकार की उर्वरक की कमी नहीं हो। निर्धारित दर और मात्रा के अनुसार सभी वांछित किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय–सीमा के अन्दर जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक बुलाना सुनिश्चित करें। प्रतिदिन कृषि टास्क फोर्स की बैठक कर खरीफ फसल रोपनी,वैकल्पिक फसल आच्छादन,डीजल अनुदान, सिंचाई के कार्यों का सतत अनुश्रवण का निर्देश दिया।प्रभारी सचिव के द्वारा निर्देश दिया गया कि डीजल पम्प से सिंचाई करने वाले किसानों को सरकार के द्वारा निर्धारित डीजल अनुदान देना सुनिश्चित करें। विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि कृषि फिडर से किसानों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करायी जा रही है। निर्देश दिया गया कि किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए कृषि फिडर में 16 घंटे लाईन देना सुनिश्चित करें और फॉल्ट आने पर यथाशीघ्र मरम्मत भी करें। प्रभारी सचिव के द्वारा उप विकास आयुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी और सभी प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी से धान आच्छादन के संबंध में उनके क्षेत्र



भ्रमण के आधार पर फिडबैक प्राप्त किये। बैठक में संभावित बाढ़ की तैयारियों पर पीपीटी प्रस्तुति द्वारा आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अमित कुमार ने विस्तार से जानकारी दी। बाढ़ संघर्षात्मक कार्य त्वरित गति से करने हेतु कार्यपालक अभियंता,बाढ़ नियंत्रण व जल निरूसरण को निर्देश दिया गया। नाव की उपलब्धता,आश्रय स्थल, वालनरेबल समूह की पहचान आदि के बिंदु पर निर्देश दिए गए।
उल्लेखनीय है कि प्रभारी सचिव ने क्षेत्र भ्रमण कर बाढ़ पूर्व तैयारियों और रोपनी,कृषि कार्य का जायजा भी लिया। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा बताया गया कि जिले में राजकीय नलकूप में जो बंद है,मरम्मती कार्य प्रस्तावित है। सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि बिजली के अभाव में बंद सभी नलकूपों को शीघ्र चालू करना सुनिश्चित करें।
इसी प्रकार, एससी एसटी मामले,उत्पाद,पुलिस,विधि व्यवस्था,वर्क्स डिपार्टमेंट, भू अर्जन कार्य की गहन समीक्षा देर संध्या तक की गई। प्रभारी सचिव ने सूक्ष्मता से समीक्षा कर विस्तृत निर्देश दिया गया। मालूम हो कि सभी वरीय पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर राज्य सरकार की योजनाओं का जायजा लिया जा रहा है। आज की बैठक में एसपी डॉ इनामुल हक मेंगनू, डीडीसी मनन राम, अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमिताभ गुप्ता ,सभी प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई के साथ–साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर दिनांक 03 अगस्त (बुधवार) को विश्वविद्यालय स्थित जुबली हॉल में 'सर्वभाषा कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया । इस कवि सम्मेलन की विधिवत शुरुआत कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रति–कुलपति प्रो. डॉली सिन्हा, कुलसचिव प्रो. कुलसचिव प्रो. मुश्ताक अहमद व अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। सर्वभाषा कवि सम्मेलन में काव्य रस फुहार में श्रोतागण गोते लगाते रहे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मुश्ताक अहमद ने कहा कि साहित्य के बिना इंसान की जिंदगी में रौनकता नहीं आती है। शायरी मरुभूमि में नाव खींचने के समान है। शायरी केवल तकनीक जानने का कार्य नहीं है। शायरी वक्त के साथ चलने का चीज नहीं है, ये तो वक्त के साथ मुकाबला करता है। शायरी का काम दिल की धड़कन को पहचानना है। शायरी फैशन का नाम नहीं है। प्रो. अहमद का कहना कि 'मेरा तो तूझ में टूटना, बिखरना, मुकद्दर रहा है...', पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक एवं संयोजक प्रो. अशोक कुमार मेहता ने मंच का संचालन करते हुए 'पिया चली झूला झुलाबी...' का सस्वर मैथिली में पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया। डॉ. सुकृति ने संस्कृत में 'पाठ्यपुस्तक पठनियम, समय पालन...' पर कविता पाठ की। डॉ. संजीत कुमार झा 'सरस' ने भी संस्कृत में 'विद्यालय किम् कृत्रम्, ज्ञान जीवन प्रकाशम्...' कविता पाठ किया। प्रो. आफताब अशरफ ने उर्दू में 'जान देता हैं अशरफ आप पर...', प्रो. मेहता को समर्पित करते हुए काव्य पाठ किया। शबाहत फातमा ने उर्दू में 'हिंदुस्तान की जमीन से आसमां की बेटी हूं...' पर कविता पाठ की। डॉ. अमरकांत कुंवर ने हिंदी में 'तुम होते ही सावन सलोने बन जाता है। पर कविता पाठ किया। डॉ. उपासना झा ने हिंदी में काव्य पाठ 'उससे दूर रहते हुए उसकी रोटी जोड़ रखा है मुझे...' को श्रोताओं ने खूब सराहा। पुतुल प्रियंवदा ने मैथिली में 'बेटिये क क्या निमय पढ़ाने छी...' पर काव्य पाठ किया। कविध्कवयित्रियों की ओर से किये गये काव्य पाठ का सभी ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह और प्रति–कुलपति प्रो. डॉली सिन्हा ने सभी कवि–कवयित्रियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। 'सर्वभाषा कवि सम्मेलन' में कला संकाय के डीन प्रो. जितेंद्र नारायण, कुलानु शासक डॉ. अजयनाथ झा, प्रो. चंद्रभानू सिंह, उप कुलसचिव प्रथम डॉ. कामेश्वर पासवान, उप–कुलसचिव द्वितीय डॉ. दिव्या रानी हंसदा, पेंशन पदाधिकारी डॉ. सुरेश पासवान, वाणिज्य डीन प्रो. बीबीएल दास, प्रो. अरुण कुमार सिंह. प्रो. अजीत कुमार सिंह व अन्य शिक्षक शिकेत्तरकर्मी तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित थे। जुबली हॉल श्रोताओं से खचाखच भरा था। वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वर्ण जयंती वर्ष



समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार तथा प्रमाण–पत्र वितरण किया गया। माननीय कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव और संकायों के डीन ने सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

## बराकर एक जहरीले सांप के डॉक्टर पर लगा मनमानी पैसे लेने का आरोप



बराकर। बराकर बस स्टैंड स्थित जहरीले साँप के डॉक्टर दिपांकर गोराई के ऊपर स्थानीय तृणमूल नेताओ एवं लोगो ने चिकित्सा को लेकर मनमानी का आरोप लगाया। डॉक्टर को नसीहत दी। घटना को लेकर तृणमूल के युवा नेता सुब्रतो भादुड़ी ने बताया कि मंगलवार की संध्या चुंनगड़ी निवाशी विभाष मंडल को साँप ने काटा । जहा स्थानीय लोगो की मदद से विभाष को डॉक्टर दिपांकर के पास लेकर पहुचे। जहा डॉक्टर ने विभाष को देखकर बताया कि किसी जहरीले सांप ने काटा है। यहां दो दाँत के काटने का निशान है। पूरा इलाज के लिए 25 हजार गारंटी ओर प्राथिमिकी जाच कर आसनसोल भेजने तक 10 हजार रुपया लगेगा। इस प्रकार जी जानकारी मिलने के बाद जब हमलोग डॉक्टर के चेम्बर पहुचे तो इस प्रकार का मामला को देखते हुए हमलोगों ने विभाष को फौरन आसनसोल जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज करवाया । जहा जिला अस्पताल में इलाज के बाद विभाष ठीक है। इसी मामले को लेकर तृणमूल नेता सुब्रतो भादुड़ी के नेतृत्व में पार्षद जोगा मंडल सहित स्थानीय लोगों ने डॉक्टर की मनमानी को लेकर बीरोध जताया। इन लोगो का कहना है कि डॉक्टर साँप के काटने का इलाज करने को लेकर मनमानी पैसा वशूली करता है जिसका हम विरोध करते है। इस अवस्था मे जब मरीज डॉक्टर के पास पहुचता है तो उसे इलाज के नाम पर इस प्रकार की मोटी रकम की बात की जाती है। जिसका हम बीरोध करते है। गरीब को देखने के लिए इलाज में रियायत की मांग की। वही इलाज को लेकर डॉक्टर गोराई ने कहा कि हमारे पास इलाज की जो दर निर्धारित है हम उसी दर पर इलाज करते है। जब मरीज हमारे पास आया तो हमने साफ कह दिया था। जहा तृणमूल नेता ने हमारे साथ अभद्रा ब्यवहार किया ओर मरीज को आसनसोल ले गए। वही तृणमूल नेता ने कहा कि हमने कोई अभद्रा ब्यवहार नही किया।

## विश्व आयुर्वेद परिषद मुजफ्फरपुर शाखा के द्वारा रामकृष्ण धाम मंदिर रामपुर जयपाल के प्रांगण में महर्षि चरक जयंति दीपप्रज्वलन कर धूमधाम से मनाई गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य का आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) श्रावण मास की पंचमी तिथि को विश्व आयुर्वेद परिषद मुजफ्फरपुर शाखा के द्वारा रामकृष्ण धाम मंदिर रामपुर जयपाल के प्रांगण में महर्षि चरक जयंति दीपप्रज्वलन कर धूमधाम से मनाई गई।
कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच महोदया संगीता देवी जी पत्नी संजीव बिहारी जी, विशिष्ट अतिथि वैद्य देवेंद्र प्रसाद सिंह (पूर्व प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष आयुर्वेद डी. एस. एस. महाविद्यालय, रामबाग, मुज) थे।द्य मंच संचालन डॉ विनोद कुमार चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रमुख ने की। गुरुजन सम्मान समारोह के आयोजन में वैद्य डॉ देवेन्द्र प्रसाद सिंह जी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज सावन महीने की पंचमी है। इस दिन लोग नाग देवता की पूजा कर नाग पंचमी मनाते हैं। लेकिन आयुर्वेद के ग्रंथ भावप्रकाश के अनुसार आज के ही दिन आयुर्वेद के महान आचार्य चरक का भी जन्म जम्मू कश्मीर के पास कपिस्थल नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता आचार्य विशुद्ध थे जो वेद के काफी जानकर थे। ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि आयुर्वेद का अध्ययन करने के लिए चरक तक्षशिला गए थे। वहां पर उन्होंने आचार्य आत्रेय से आयुर्वेद की दीक्षा ली। इससे यह कहा जा सकता है कि आत्रेय–पुनर्वसु संभवतरू आज से लगभग ढ़ाई हजार वर्ष पहले हुए। इसका तात्पर्य यह भी निकलता है कि चरक आज से लगभग ढ़ाई हजार वर्ष पूर्व हुए। आचार्य चरक ने अष्ठांग स्थान स्वरूप में चरक संहिता की रचना की थी। जो कि मूलरूप से कायचिकित्सा को समर्पित है। इस ग्रंथ में द्रव्यगुण के छः पदार्थों के द्वारा सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति को लिखा । आयुर्वेद के त्रि सूत्र का वर्णन इनके द्वारा रचित ग्रन्थ से ही हमें ज्ञात हुआ। त्रिसूत्र और त्रिदण्ड के आधार की रचना करने वाले आयुर्वेद के महान अचार्य थे महर्षि चरक।
पंच प्राण, पंच दोष, पंच दुष्य, पंच तत्व, पंच कषाय कल्पना, जीवन आधार, औषध गुण परिचय, त्रिकाष्ठम परचिय, का विस्तृत वर्णन केवल हमे चरक संहिता के द्वारा ही प्राप्त हुई। कहा जाता है कि आयुर्वेद को जानने और समझने के लिए आचार्य चरक के चिकित्सा सिद्धांतों को समझना बहुत जरूरी है। इसलिए आयुर्वेद के चिकित्सकों के बीच आचार्य



चरक के द्वारा रचित ग्रंथ चरक संहिता का महत्व सबसे ज्यादा है। कायचिकित्सा के विशेषज्ञों को श्चरकाःश या श्चरकश कहा जाता है। आचार्य चरक को वैशम्पायन मुनि का शिष्य माना गया है।महर्षि चरक आयुर्वेद विशारद के रूप में विख्यात कुषाण राज्य के राजवैद्य थे। आचार्य चरक ने आचार्य अग्निवेश के अग्निवेशतन्त्र में कुछ स्थान तथा अध्याय जोड्कर उसे नया रूप दिया जिसे आज चरक संहिता के नाम से जाना जाता है जो की वैद्यक का प्रसिद्ध अद्वितीय ग्रंथ है।
इस कार्यक्रम में डा0 रीतेश कु वर्मा (सचिन), डॉ पुष्पलता कुमारी (प्रान्तीय महिला प्रकोष्ठ प्रमुख), डॉ विकास शर्मा (मडिया प्रभारी), डॉ विपिन बिहारी (उपाध्यक्ष), डॉ अरुण कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ राधेश्याम, डॉ परमिला, डॉ सुधा, डॉ उषा, डॉ बलराम, डॉ मिथलेश सिंह, डॉ नीलू, डॉ सुरेश साह, श्री अनुराधा, डॉ प्रसांत, डॉ संध्या, डॉ दीपक दीपक सिद्धार्थ, डॉ अनुपम शुमन, डॉ हरि ओम शरण, डॉ मनोरमा भारती, डॉ अनिल कुमार, सरपंच संगीता कुमारी, संजीव कुमार (सह सरपंच संघ अध्यक्ष) आदि चिकित्सकों ने कार्यक्रम में भाग लिया । श्री धन्वन्तरि हर्बल, चरक, डाबर इंडिया के आयुर्वेदिक कम्पनियों के प्रतिनिधि ने सहभागिता दी। निःशुल्क स्वर्णप्राशन शिविर में 100 बच्चों को स्वर्णप्राशन की खुराक डॉ० विकास शर्मा के द्वारा दी गई। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 200 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श, जांच, व औषधि निःशुल्क प्रदान की गई।

# संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के बड़े पुत्र शैलेश सिन्हा का उपचार के क्रम में निधन,शोक, पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल के भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के बड़े पुत्र शैलेश कुमार सिन्हा (42 वर्ष )का बुधवार को निधन हो गया .वे विगत कुछ दिनों से बीमार थे और दिल्ली स्थित एक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था।इस बीच इलाज के दौरान उनका निधन



हो गया। यह खबर सुनते ही परिवार समेत रक्सौल वासियों का रो रो कर बुरा हाल है. इस खबर के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद डॉ संजय जायसवाल व स्थानीय गणमान्य लोगों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। दोपहर 4 बजे मृत शैलेश सिन्हा का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव हरैया पहुंचा, जहां पहले से ही भाजपा समर्थक सहित हजारों की संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे.तदोपरान्त रक्सौल के माननीय भाजपा विधायक प्रमोद सिंहा व स्थानीय सांसद संजय जयसवाल सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में अंत्येष्टि कार्यक्रम संपन्न हुअ।

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम फिरोजाबाद क्लब में होगा आयोजित

राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद। विश्व गीता संस्थान द्वारा आजादी का 75 वॉ अमृत महोत्सव के अपलक्ष्य में एक शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन चार अगस्त दिन गुरूवार को सांय चार बजे फिरोजाबाद क्लब में किया गया है।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर होंगे। संस्था के ब्रजप्रांत अध्यक्ष डा. मयंक भटनागर ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि एक शाम शहीदों के नाम एक कार्यक्रम का आयोजन चार अगस्त को फिरोजाबाद क्लब में सांय चार बजे से किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य शहीदों के परिजनों को सम्मानित करना है। कार्यक्रम में शहीद चंद्रशेखर आजाद के भतीजे सुजीत आजाद एवं शहीद सुखदेव के भतीजे अशोक थापर को सम्मानित किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए एक कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। वार्ता के दौरान विश्व गीता संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव डा. तुषा शर्मा, सौरभ लहरी, गौरव आदि मौजूद रहे।

### गायत्री परिवार महिला कमिटी नियामतपुर द्वारा रंगारंग श्रावण महोत्सव

नियामतपुर। कुल्टी अंतर्गत नियामतपुर सुर्य मंदिर के योगा भवन में संध्या 5:00 बजे श्रावण माह और 75 वीं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार महिला कमिटी नियामतपुर शाखा की ओर से किया गया। बच्चों और महिलाओं ने हरियाली श्रावन महोत्सव बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंच का



सुन्दर संचालन रागिनी बर्णवाल ने किया। इस अवसर पर रागिनी बर्णवाल ने बताया की श्रावन माह हम क्यों मनाते हैं। इसकी विशेषता क्या है। इसके बारे में विस्तार पुर्वक जानकारियां दिया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था श्रीमती तारीका बर्णवाल, श्रीमती रेखा बर्णवाल एल. आई.सी. श्रीमती ललिता बर्णवाल और सभी महिला सदस्यों के अलावा कार्तिक बर्णवाल, किशन सिंह, अजय साव और संजय साव ने सहयोग प्रदान किया।

### आशा कर्मियों ने की वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन

बाराबनी। पश्चिम बंगाल आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशा कर्मियों के वेतन बढ़ोतरी एंव इंसेंटिव के भुगतान को लेकर बुधवार राज्य भर में हड़ताल का आह्वान किया है। बुधवार सालानपुर एंव बाराबनी प्रखंड के आशा कर्मियों ने वेतन बढ़ोतरी एंव इंसेंटिव के भुगतान की मांग



करते हुये सालानपुर पीठाकेयरी एंव बाराबनी केलेजोरा स्वास्थ्य केंद्र के सामने प्रदर्शन किया, साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओएच को अपने मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस संदर्भ में आशा कर्मियों ने कहा कि हमारा वेतन बहुत कम है, हमारी मांग है की वेतन 21 हजार प्रति माह किया जाये। हमलोगों को अभी जितना वेतन मिलता है उसे कई ज्यादा कार्य करना पड़ता है। पिछले एक साल से इंसेंटिव राशि सही तरीके से नही मिल रही है। हमे नियमित कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य भी करना पड़ता है। जिसके बदले कोई राशी हमे नही दी जाती है। इन सभी मुद्दों को देखते हुए, आज हमने राज्य भर में प्रदर्शन कर जल्द हमारी मांगो को पूरा किया जाए इसके लिये ज्ञापन दिया है।

### आरपीएफ सीताराम ने वीडियो स्क्रीन द्वारा आजादी की अमृत महोत्सव की भावनाओ को बताया

नियामतपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आरपीएफ /पोस्ट/सीतारामपुर द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां एक सुसज्जित ट्रक में वीडियो वॉल स्क्रीन प्रदर्शन से उत्सव को सच्ची भावनाओं को बताया। कार्यक्रम 11.50 बजे शुरू हुआ और लगभग 12.40 बजे पीसी/एसटीएन की देखरेख में वीडियो फिट ट्रक को सीतारामपुर



रेलवे स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया में ले जाया गया जिसके बाद शानदार तरीके से कार्यक्रम समाप्त हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में आरपीएफ/पोस्ट/सीतारामपुर के 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### फेनहारा के कालूपाकर ग्राम के समर्पित कार्यकर्ता श्री उमाकांत तिवारी जी से मिलने उनके निवास स्थान पहुचे राणा रंजीत सिंह

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। फेनहारा के कालूपाकर ग्राम के समर्पित कार्यकर्ता श्री उमाकांत तिवारी जी से मिलने उनके निवास स्थान पहुंचे पूर्व मंत्री स्व सीताराम सिंह का पुत्र राणा रंजीत सिंह।



बताते हुए चलें कि कुछ दिन पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी मिली थी ।राणा रंजीत सिंह ने उन्हे ये विश्वास दिलाया की प्रशासन एवम हम सभी लोग आपके साथ है। राणा रंजीत सिंह ने कहा कि श्री उमाकांत तिवारी जी हमारे पिता पूर्व मंत्री स्व श्री सीताराम बाबु के जमाने से अब तक वफादारी एवम ईमानदारी से साथ निभाते हुए आ रहें है। उनकी ईमानदारी और वफादारी का अंदाजा उनके घर को देखकर लगाया जा सकता है। ऊमीद है कि पुनः उनका सक्रिय सहयोग हम सबो को मिलता रहेगा।

## नेहरू युवा केंद्र मथुरा द्वारा आयोजित पखवाड़ा 1-15 अगस्त 2022 युवा मंडल विकास अभियान

☒ हर घर तिरंगा जन्मोत्सव के दौरान गांव गांव में लोगों को 13 से 15 तक घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा







दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नेहरू युवा केंद्र मथुरा द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 1–15 अगस्त 2022, युवा मंडल विकास अभियान 04–08 अगस्त 2022 मथुरा बल्देव, फरह, छाता व चौमुहां में तथा हर घर तिरंगा महोत्सव के दौरान गांव गांव में लोगों को 13–15 तक घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा। केंद्र की नव आगन्तुक जिला युवा अधिकारी सुश्री दिव्या शर्मा के निर्देश में यह कार्यक्रम स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।

नेहरू युवा केंद्र मथुरा के कार्यालय पर दिनांक 03 अगस्त लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रामवीर शर्मा की अध्यक्षता में स्वयंसेवकों की बैठक की गई। शर्मा ने स्वयंसेवकों को बताया कि स्वच्छता अभियान में गांव की सफाई, चित्र कला प्रतियोगिता, नारे लेखान, शपथ दिलाई जाएगी। युवा मंडल विकास अभियान 04–08 अगस्त 2022 में नये युवा मंडल का गठन, पुनर्गठन, स्वतंत्रता आंदोलन में गुमनाम महापुरुषों के किस्से का डाटा एकत्रित करना तथा हर घर तिरंगा महोत्सव के दौरान ग्राम में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित करना है। बैठक में समस्त रा. युवा समन्वयक व युवा मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे। रामवीर शर्मा, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, नेहरू युवा केंद्र मथुरा।

## सीएमओ ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान किया शुरू

☒ तीन सितंबर तक चलने वाले में अभियान छह माह से पांच साल तक के बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन–ए की खुराक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। जनपद में बुधवार से विटामिन–ए सम्पूरन अभियान की शुरूआत हो गई।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। सीएमओ ने बताया कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रतौंधी सहित अन्य बीमारियों से बचाने के लिए अभियान के दौरान नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाए जाएगी। सीएमओ ने बताया कि विटामिन–ए वसा में घुलनशील विटामिन है,। जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अभियान के दौरान सभी अभिभावक अपने नौ माह से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को विटामिन–ए की खुराक अवश्य पिलाएं, जिससे कि वह पोषित रह सकें।

उन्होंने बताया कि बच्चों में विटामिन–ए की कमी को दूर करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हे। डीएचईआईओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चों को प्रत्येक बुधवार व शनिवार को नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन–ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन ए की खुराक देने के लिए हर बच्चे के लिए अलग डिस्पोजेबल चम्मच का प्रयोग किया जाएगा।

## मथुरा के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दिनेश पाठक शशि को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के सर्वोच्च बाल साहित्य पुरस्कार बाल साहित्यभारती पुरस्कार की हुई घोषणा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत, गत 46 वर्ष से हिन्दी साहित्य के सृजनधर्मी डॉ.दिनेश पाठक 'शशि' को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ ने वर्ष–2021 का सर्वोच्च बाल साहित्य पुरस्कार ष्बाल साहित्य भारती पुरस्कारष (राशि ढाई लाख रुपये) उनके सम्पूर्ण बाल साहित्य लेखन के लिए प्रदान करने की घोषणा की है।

डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' की अब तक 36 पुस्तकें मूल तथा 14 पुस्तकें उनके द्वारा सम्पादित, कुल पचास पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही इन्होंने हिन्दी साहित्य की 9 पत्र–पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया है। इनकी 20 पुस्तकें एमेजान एवं फिलपकार्ट पर भी पढ़ी जा सकती हैं। इनके साहित्य पर एक शोध कार्य हो चुका है तथा इनके बालसाहित्य पर अन्य 2 शोध कार्य हो रहे हैं। इनकी 3 बाल कहानियाँ कक्षा 1, 4 एवं 6 के हिन्दी पाठ्यक्रम में शामिल की जा चुकी हैं।

ये गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा सलाहकार समिति के लिए 5 वर्ष हेतु चयनित सदस्य हैं। इनकी बालकहानी 'भूल' पर शॉर्ट फिल्म का निर्माण हो चुका है। इन्हें भारत सरकार के प्रेमचंद पुरस्कार, भारत सरकार के लालबहादुरशास्त्री पुरस्कार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान का अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान का श्रीधर पाठक नामित पुरस्कार, नागरी प्रचारणी सभा आगरा का पुरस्कार, बाल पुस्तक न्यास दिल्ली सहित अब तक तीन दर्जन से अधिक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया



जा चुका हैं।

इनकी हिन्दी साहित्य की विविध विधाओं में लिखी गई सहस्राधिक रचनाएँ सन् 1975 से देश–विदेश की पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित तथा सन् 1980 से आकाशवाणी–दूरदर्शन के विभिन्न चौनलों से प्रसारित हो रही हैं।

# यूपी में ब्राह्मण बोर्ड गठन की मुहिम हुई तेज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन के लिए एक बार फिर मुहिम तेज हो गई है।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण मिश्र ने मंगलवार को लखनऊ में एक दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, चिकित्सा व शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन संबंधी विभिन्न मुद्दों को लेकर वार्ता की। इसकी जानकारी पूर्व ब्रज क्षेत्र मंत्री श्याम शर्मा दी कि राष्ट्रीय महामंत्री तरुण मिश्र ने अवगत कराया कि ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए संगठन स्तर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में आज ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की जरूरत है। जिसे लेकर पूर्व में भी कई बार पत्राचार और वार्ता की जा चुकी है। मगर अभी तक यूपी सरकार की ओर कोई सरात्मक पहल नही हुई है। कल्याण बोर्ड का गठन होने से ब्राह्मणों को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए दर–दर की ठोकर नही खानी पड़ेगी। बोर्ड के जरिए ज्वलंत समस्याओं का आसानी से समाधान हो सकेगा। उन्होंने अवगत कराया कि राजस्थान सरकार ने ब्राह्मण कल्याण बोर्ड गठित कर दिया है। राजस्थान में यह बोर्ड जल्द अपना काम शुरू कर देगा। मगर अभी तक यूपी में इसका गठन नही हुआ है। सभी ने इस मांग का समर्थन करते हुए समुचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने लखनऊ में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की।

उन्होंने कहा कि एससी/ एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर जिस तरह ब्राह्मण समाज का उत्पीडन किया जा रहा है, इसका मुकाबला ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन होने पर ही संभव है। ब्राह्मण समाज की एकजुटता बेहद जरूरी है। संगठित रहकर ही हम खुद की और समाज की रक्षा कर सकते है। तरुण मिश्र ने कहा कि आज जिस तरह से एससीध्एसटी एक्ट का दोहन हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो ब्राह्मण समाज खुद की रक्षा भी करने में असमर्थ हो जाएगा। एससी/एसटी एक्ट जवाब ब्राह्मण कल्याण बोर्ड ही दे पाएगा। क्योंकि ब्राह्मणों का काम लड़ाई और झगड़ा करना नही है। ब्राह्मणों इसका मुंहतोड़ जबाव देने और मुकबला करने में सक्षम होगा। हालांकि ब्राह्मणों का यह काम नहीं हैं कि वो किसी से लड़ाई करें या उन्हें तोड़ें बल्कि एकजुटा होनी चाहिए,



मगर एससीध्एसटी एक्ट के जरिए यदि कोई हमला किया जाएगा तो ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के जरिए मुकाबला किया जा सकेगा।

ब्राह्मण समाज की भावी पीढ़ी संस्कार और सभ्यता से भटक रही है। उसे सही राह दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि अब समाज के भी लोगों को एक छत के नीचे लाकर जागृति लाने का बीड़ा उठाया गया है। आदिकाल से ही ब्राह्मणों का दर्जा सबसे ऊपर माना जाता है वह वंदनीय और पूजनीय हैं। समाज को सही राह दिखाने का कार्य सदैव ब्राह्मण समाज ने किया है। ब्राह्मण समाज ने सदैव समाज के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। अब यूपी सरकार को भी जरुरत है कि ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करें, जिससे ब्राह्मण समाज और मजबूत बन सकें।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने 5 अगस्त 2022 को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन महंगाई बेरोजगारी अग्नीपथ योजना तथा आवश्यक वस्तुओं पर जी एस टी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया जा रहा



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष श्री चौधरी भगवान सिंह वर्मा जी ने बताया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा. माननीयश्रीमती सोनिया गांधी जी एवं पूर्व अध्यक्ष माननीय श्री राहुल गांधी जी व राष्ट्रीय महासचिव माननीय श्रीमती प्रियंका गांधी जी राष्ट्रीय सचिव मा तौकीर आलम ,प्रदेश महासचिव मा प्रकाश प्रधान, प्रदेश सचिव मा योगेश तालान के निर्देशन पर 5 अगस्त 2022 को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन महंगाई बेरोजगारी अग्नीपथ योजना तथा आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया जा रहा है । जिसमें प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राजभवन का घेराव किया जाएगा जिसमें पूर्व सांसद पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ कांग्रेसी जन भाग लेंगे व गिरफ्तारी भी देंगे लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदगण संसद से राष्ट्रपति भवन तक चलो राष्ट्रपति भवन मार्च करके महंगाई एवं बेरोजगारी के विरुद्ध विरोध दर्ज कराएंगे। माननीय सी डब्ल्यू सी के सदस्य गण एवं वरिष्ठ नेतागण प्रधानमंत्री आवास का घेराव करेंगे। जिला पदाधिकारी को सभी ब्लॉकों में प्रभारी बनाए गए है तथा प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्षओं के साथ बैठक कर राष्ट्रव्यापी आंदोलन को अभूतपूर्व बनाने के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

जनपद मथुरा के सभी पूर्व विधायक पूर्व जिला शहर अध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी ब्लॉक नगर अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कांग्रेसी सभी फ्रंटल अध्यक्ष ग्राम स्तर से लेकर के जिला स्तर तक के कांग्रेस पार्टी के सभी निर्वाचित प्रतिनिधि अपने ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे तथा सामूहिक गिरफ्तारी भी देंगे।

5 अगस्त को सुबह 11:00 बजे सिविल लाइन जिला मुख्यालय पेट्रोल पंप पर एकत्रित होकर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से दिया जाएगा तथा सामूहिक रूप से गिरफ्तारी दी जाएगी आप सभी साथी कांग्रेसी जनों के साथ सादर आमंत्रित हैं।

## मंगला हश्स्पिटल (कोसी) मथुरा के संचालक नरेश मंगला ने वादी को बदमाशों से डरा धमका कर किया फैसला

☒ कोसी स्थित मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश मंगला के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई और ना ही हॉस्पिटल पर कोई कार्यवाही हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा,कोसी। सूत्रों की माने तो मंगला हॉस्पिटल के मालिक नरेश मंगला ने वादी को बदमाशों से और दबंगई से डरा धमका कर राजीनामा किया जो कि एक मंगला हॉस्पिटल का मालिक एक रसूखदार है यदि रसूखदार नरेश मंगला की जगह पर आम आदमी होता तो अब तक कोसी पुलिस उसको अरिष्ट करके जेल भिजवा दिया होता मगर ऐसा नरेश मंगला हॉस्पिटल संचालक के साथ नहीं हो रहा है ऐसा प्रतीत होता है की नरेश मंगला कितना पावरफुल आदमी है नरेश मंगला के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है और ना ही हॉस्पिटल के ऊपर स्वास्थ्य विलता है कि मंगला हॉस्पिटल कोसी के संचालक कितने रसूखदार हैं कि उन पर कोसी पुलिस भी गिरफ्तारी करने से डरती है और स्वास्थ्य विभाग ऑफिस से भी नरेश मंगला के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है सूत्रों से पता चला है कि नरेश मंगला हॉस्पिटल का जो संचालक है काफी पावरफुल है कहता है कि मेरा कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता ऐसी खबरें तो चलती रहती हैं अखबारों में इन से कुछ नहीं होना और कोई ही फर्क नहीं पड़ने वाला है मैंने सिस्टम को अपने हाथों की मुट्ठी में बांध रखा है जो मामला है इस प्रकार है के दिनांक 2.11 .2021 को समय करीब 10रू20 बजे प्रातः को अपनी गर्भवती पत्नी श्रीमती जमुना देवी को डेंगू से बीमार होने पर मंगला हॉस्पिटल स्थित आर्य नगर कोसी स्थित के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया प्रार्थी की पत्नी को मंगला हॉस्पिटल ने करीब 9 दिन रखने के बाद दिनांक9.11.2021 को समय 1रू21 दोपहर को डिस्चार्ज कर दिया प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल से इलाज के बिल प्राप्त किए तथा उन्हें बीमा भुगतान के लिए बिल कोरियर से आईवसीवआईवसी०आई० लॉमबार्ड बीमा कंपनी के ऑफिस हैदराबाद भेज दिए बीमा कार्यालय ने जांच कर प्रार्थी को बताया कि आपके बिल में जिस डॉक्टर दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर वह मोहर सहित वो रजिस्ट्रेशन नंबर 2011ध020262 है उसकी मृत्यु सन 2020 में हो चुकी है यह बिल आपको मंगला हॉस्पिटल के संचालक ने डॉक्टर दीप्ति मंगला के फर्जी हस्ताक्षर व रजिस्ट्रेशन नंबर व मोहर लगाकर फर्जी बिल दे दिए हैं प्रार्थी ने उक्त घटना मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला को बतायी व कहां कि आपने मेरे साथ धोखाधड़ी की है एवं कूट रचना करके आपने डॉ दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर करके मुझे फर्जी बिल दे दिये हैं इस पर मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला ने गाली गलौज कर कहा के तुम पर जो करा जाए कर लेना मेरी ऊपर तक पहुंच है कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता हम अब तक ऐसे ही कार्य करते आए हैं और अगर तुमने कोई कानूनी कार्रवाई की यह पुलिस में शिकायत की तो हम तुझे छोड़ेंगे नहीं प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल में से जो बिल प्राप्त किए थे 45610 रुपए का इलाज वह प्लेट लेटस जाँच बिल 22000 टोटल अमाउंट 67610 रुपए ठग लिए गए व फर्जी डॉक्टर के कारण वह गलत इलाज करने की वजह से प्रार्थी के शिशु की मृत्युध हत्या हो गई प्रार्थी की पत्नी जमुना देवी की जान भी बड़ी मुश्किल से बची थी जिस के इलाज में प्रार्थी का सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद में सवा लाख रुपए खर्च हो गया और काफी मानसिक व आर्थिक क्षति हुई और न्यायालय के आदेश के बाद थाना कोसी में मंगला हॉस्पिटल व संचालक के नाम जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है वह इस प्रकार है 302. 420.467.468.471.504.506




विभिन्न धाराओं में मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश कुमार मंगला के खिलाफ पंजीकृत कर लिया गया है देखना अब यह है कि मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश मंगला के ऊपर कोसी पुलिस प्रशासन गिरफ्तार करते हैं या नहीं और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाएगा या नहीं पीड़ित परिवार का कहना है मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश मंगला के खिलाफ जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ हैं उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए और उसको सजा मिले व मंगला हॉस्पिटल को बंद कराया जाए असली न्याय तभी मिलेगा हमें।

## ब्रह्मकीर्ति रक्षक दल ने धूमधाम से मनाया आजादी का 75 वां वर्ष महोत्सव





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,वृन्दावन। दावनल कुंड स्थित उड़िया बाबा आश्रम में राष्ट्रीय ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल द्वारा आजादी का 75 वां वर्ष महोत्सव बड़ी धूमधाम से ब्रज एवं श्रीधाम वृन्दावन के संत महंत,विद्वत जनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विचार गोष्ठी का शुभारम्भ जगत सृष्टा ब्रह्मा एवं भारत माता के चित्रपट का पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जुगेंद्र भारद्वाज एवम नगर अध्यक्ष कुलदीप दुबे ने महोत्सव में पधारे महानुभावों का पटुका व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सांसद प्रतिनिधि पंडित जनार्दन शर्मा ने कहा कि आजादी का यह महोत्सव सभी को बड़ी धूमधाम से मनाना चाहिए। राष्ट्रीय संरक्षक पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि राष्ट्रीय ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल आजादी के 75 वें वर्ष में राष्ट्र को शक्तिशाली और एकता के सूत्र में बांधने का जो कार्य कर रहा है,वह अति प्रशंसनीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पर हम सभी मिलकर राष्ट्र को सुदृढ़ बना कर राष्ट्र की प्रगति और राष्ट्र की अखंडता के लिए कार्य करें।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मुन्ना लाल शर्मा ने कहा कि भारत एक दिन निश्चित ही हिन्दू राष्ट्र बन कर रहेगा,इसे कोई रोक नहीं सकता।

इस अवसर पर ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अविस्मरणीय कार्य करने वाली 75 से भी अधिक विभूतियों को ष्राष्ट्रीय गौरव सम्मानष की उपाधि से अलंकृत किया गया।साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला व शॉल आदि भेंट की गई। महोत्सव में भक्ति वेदांत मधुसूदन महाराज, महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज, लीला रसिक महाराज,रेवती पंडा, महंत महान आदित्यानंद महाराज ,आचार्य बलराम, महाराज,जगदीश सुपानिया, ब्रजवासी जगद्गुरु कृष्ण कन्हैया पदरेणु,आनंदकृष्ण शास्त्री, गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा,ईश्वरचंद्र रावत,खैमचंद्र मिश्र ,विष्णुकांत, पं बलवीर महाशय, जयनारायण शर्मा,राम अवतार, रूपकिशोर उपमन्यु,पंडित वीरपाल मिश्र,रामदेव भारद्वाज, रामजीत झा, तुलाराम सांडिल्य, पंडित ब्रजमोहन झा,धर्मवीर शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही। संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता रामदेव भारद्वाज व पं बदन मिश्र ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय संरक्षक पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## आजाद स्पोर्ट्स क्लब की जीत में बिपिन चमके

संवाददाताअयोध्या टाइम्स। सुरियावां क्षेत्र के मेढ़ी ग्राउंड पर आजाद स्पोर्ट्स क्लब व जीबी पंत फाउंडेशन क्लब परसीपुर के बीच एक



दोस्ताना मैच खेला गया जिसमें आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने जीबी पंत को 42 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने निर्धारित 35 ओवर के मैच 9 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए जिसमें अवनीश मिश्रा ने नाबाद 47 रन, दुर्गा चरण शुक्ला ने 37 रन, शिवम वर्मा ने 22 रन, प्रियांशु यादव ने 21 रन तथा मो साहिल ने 18 रनों का योगदान किया जी बी पंत की तरफ से गेंदबाजी में अवनीश यादव व सुन्दरम ने दो– दो विकेट लिए।

जवाब में उतरी जी बी पंत फेडरेशन की टीम 32वे ओवर में सभी विकेट खोकर 141 रन बना सकी। इस तरह से 42 से हार गई। जीबी पंत फाउंडेशन की तरफ से बल्लेबाजी में हेमंत ने 40 रन, अनूप ने21 रन व सुंदरम ने 18 रनो का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से विपिन पांडे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए इसके अलावा सोनू 2 विकेट,अंश यादव व शिवम वर्मा को एक–एक सफलता मिली। इस दौरान मैच को देखने के लिए दशक भी काफी संख्या में मौजूद रहे।मैच के निर्णायक गोविंद यादव ऋषभ मिश्रा,स्कोरर अभय बिंद रहे।

## इमाम बारगाह जैदीयान से बरामद किया गया 4 मोहर्रम का जलूस

अमरोहा दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी अकबर सैफी

फिजा में गूंजती है ये सदाये शाहे हुदा,= इमाम बारगाह जैदियान से अपनी पुरानी रिवायत के मुताबिक अंजुमन ए यादगार ए हुसैनी ने ठीक नमाज ए जोहर के बाद बरामद किया अपना मातमी जुलूस, सब से आगे जुलजना के साथ मर्सियेखान मौलाना नूरुल्ला,अबुजर, मौहम्मद जकी, अली महदी ष जब सिब्ते नबी मुस्तुफा ने वतन से सफर कियाष पढ़ते हुए चल रहे थे, उस के बाद नंगे पैर हजारों की तादाद में अजादार जुलूस की शक्ल में नंगे पैर अपने सीने पर मातम करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जुलूस में आगे आगे 14 अलम मुबारक, दो जुलजना, और एक जरी मुबारक लेकर नन्हे नन्हे बच्चे इमाम हुसैन को ये पैगाम दे रहे थे कि काश हम उस वक्त कर्बला में होते तो आप के साथ होते, धीरे धीरे ये जुलूस हफ्ता बाजार, कर्बला रोड, दौलत



शहीद, होता हुआ जब मजहरे कर्बला पहुंचा तब वहां पर मशहूर नौहेख ान ष मौहम्मद अयाजष ने ष राकिम नौगांवी का लिखा नौहाष आया है ख त ए सुगरा क्या जवाब दूं अकबर, ये बैन था शह का क्या जवाब दूं अकबर ष पढ़कर कर्बला के शहीदों को पुरसा पेश किया, मजहरे कर्बला पर नौहेख ानी करने के बाद जुलूस में नौजवान नौहेख ान मुर्कसल के नौहे ष बोले जैनब से शहे कर्बो बला , आओ जैनब मुझे सवार करोष मातम करते हुए कटकुई, फक रपुरा, फात्मा इण्टर कालेज, हुसैनी चौक होता हुआ जब शाहफरीद शिया जामा मस्जिद पर पहुँचे तब यहां पर अन्तरराष्ट्रीय नौहेख ान शोएब रजा व तक ी अब्बास ने अपना ही लिखा नौहा ष्फिजा में गूँजती है ये सदाये शाहे हुदा, मैं वो शहीद हूँ रुला रुला के जिसे जालिमों ने क त्ल किया मैं वो शहीद हूंष जिसे सुन कर अजादार जार क तार रोने लगे, यहां के बाद ये जुलूस मेन बाजार, ख ातून ए जन्नत हास्पिटल होता हुआ, नौगांवा सादात अमरोहा रोड , बुद्ध बाजार, गूला तालाब , होता हुआ में इमाम बारगाह जैदियान में पहुँच कर इक तेदाम पजीर हुआ जहां सभी अजादारों को एजाज हैदर ने जियारत ए इमाम हुसैन पढ़ाई जुलूस के बाद मे सभी को तबर्रुक तक सीम किया गया, जुलूस में मुख्य रूप से शीराज आब्दी, शजर अब्बास, आबिस इमाम, अली मंजर, वक्कार हैदर, फजल इमाम, तस्वीर इमाम शकील हैदर आदि मौजूद रह।

## लूट के सामान समेत पांच बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

☒ दो माह पहले नगला सिंघी में सुनार से लूटी गई थी पिस्टल और जेवर

रिपोर्ट– राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद। थाना नगला सिंघी क्षेत्र में दो माह पहले सुनार से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने सुनार से लूटी गई लाइसेंसी पिस्टल, और जेवर बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव के ही परिचित ने सुनार से लूट की पटकथा लिखी थी। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव बझेरा निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र शांति प्रसाद सोने चांदी का काम करते हैं। उनकी थाना डौकी आगरा के वाजिदपुर में दुकान है। पांच जून 2022 को वह दुकान बंद कर बाइक द्वारा घर वापस आ रहे थे। तभी गांव से पहले ग्वारई के जंगलों के पास अपाचे सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया था। बचाव में उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली चलाई, गोली एक बादमाश के हाथ में लगी थी लेकिन इसके बाद भी वह भागने में सफल हो गए थे। इस घटना के खुलासे के लिए एसएसपी आशीष तिवारी ने थाना पुलिस के साथ ही एसओजी को भी लगाया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बांस झरना और दारापुर जंगलों के पास से पांच बदमाशों को पकड़ लिया। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटी गई लाइसेंसी पिस्टल, ज्वैलरी, अपाचे बाइक, चार तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि सुनार वीरेंद्र कुमार के पड़ोसी गांव रामगढ़ में रहने वाले अमरचंद्र पुत्र रामवीर सिंह ने अपने एक रिश्तेदार विष्णु प्रताप सिंह निवासी शंकरपुरा थाना कोलारी धौलपुर राजस्थान से संपर्क कर वीरेंद्र से लूट की पटकथा तैयार की। विष्णु ने अपने परिचित श्यामवीर उर्फ रामौतार सिंह पुत्र रमेश चंद्र निवासी महुरी थाना मनिया धौलपुर राजस्थान, शिवा पुत्र रामलखन शर्मा निवासी डांगरपुर थाना सदर धौलपुर और दिनेश त्यागी उर्फ छोटा पुत्र अमर सिंह निवासी बदरपुरा थाना बागचीनी मुरैना मध्य प्रदेश से बात कर लूट की योजना तैयार की। वारदात से तीन दिन पहले सुनार के साथ लूट करने के लिए पूरा रास्ता देख लिया था। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार के इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। यह है आपराधिक रिकार्ड पुलिस के मुताबिक आरोपी श्यामवीर पर 10 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें धौलपुर राजस्थान के थाना मनिया, निहालगंज, मुरैना के जौरा समेत आगरा के बाह, एत्मादपुर फिरोजाबाद के नगला सिंघी थाने शामिल हैं। दिनेश त्यागी पर 3 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आगरा में एक और फिरोजाबाद के नगला सिंघी में दो मुकदमे हैं। विष्णु कुमार, शिवा कुमार और अमरचंद्र पर फिरोजाबाद के नगला सिंघी थाने में दो–दो मुकदमे पंजीकृत हैं।



वार्ता के समय एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्रा, सीओ सिटी अभिषेक श्रीवास्तव, सीओ टूंडला हरिमोहन सिंह, थानाध्यक्ष नगला सिंघी सचिन कुमार, एसओजी प्रभारी रवि त्यागी मौजूद रहे।

# MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm
B.C.A.
B.Pharm
M.C.A.
Diploma
M.B.A.
B.Tech
B.Ed.
L.L.B.
L.L.M

## 100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष जल्दी करें

श्री साई एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251